पत्र नहीं मित्र
# देशबन्धु
67 YEARS देशबन्धु
रायपुर, शुक्रवार, 25 अप्रैल 2025 | वर्ष – 67 | अंक –9 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु
प्रेस पंजीयन- 06072/59



■ रो रही है झेलम कश्मीरियत के क़त्ल पर
■ नरेंद्र मोदी के सामने पाकिस्तान की आईएसआई से ... पृष्ठ 6
■ गाजा पर इजरायली हमलों में 29 फिलिस्तीनियों की मौत
■ अमेरिका के 12 राज्यों ने अवैध टैरिफ को लेकर ट्रम्प प्रशासन... पृष्ठ 7
रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी : बोल्ट पृष्ठ 8

# पहलगाम हमले पर हुई सर्वदलीय बैठक

## राजनाथ, शाह, खड़गे व राहुल मौजूद रहे, बैठक में दो मिनट का मौन रखा गया

**नई दिल्ली**, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम हमले को लेकर पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक 2 घंटे चली। गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत कई नेता इसमें शामिल हुए। बैठक में पहलगाम हमले में मारे गए लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इससे पहले केंद्र सरकार ने पहलगाम आतंकी हमले के मद्देनजर गुरुवार को पाकिस्तानी नागरिकों के लिए वीजा सेवाओं को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि सभी पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ना होगा, क्योंकि 27 अप्रैल से उनके वीजा रद्द कर दिए गए हैं। जिन्हें मेडिकल वीजा मिला है, उन्हें 29 अप्रैल 2025 तक भारत छोड़ना होगा। विदेश मंत्रालय ने भारतीयों को पाकिस्तान की यात्रा न करने की भी सलाह दी है। आर्मी चीफ जनरल उपेंद्र द्विवेदी कल ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨



### पहलगाम हमले पर सरकार ने मानी सुरक्षा चूक

सर्वदलीय बैठक खत्म होने के बाद केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने माना कि सरकार से चूक हुई है। उन्होंने कहा, ये घटना कैसे हुई और कहां चूक हुई इसके बारे में बैठक में बताया गया। हमारे ऑफिशियल की तरफ से बताया गया घटना कैसे हुई।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, जहां ये घटना घटी वो मेन रोड पर नहीं है। सभी पार्टियों को बताया गया कि सबकुछ सही होते हुए भी एक चूक हुई है और इससे सभी दुखी हैं। हम पता लगाएंगे कि कहां चूक हुई। आगे ऐसी घटनाएं न हो उनके लिए प्रबंधन किया गया है। सभी पार्टी के नेताओं ने एक आवाज में कहा है कि सरकार जो भी कदम उठाएगी, हम उसमें साथ देंगे। कुछ मुद्दे भी सामने आए, जिनपर सफाई दी गई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, यह बहुत दुखद घटना है। पिछले कई सालों से कश्मीर में लोग शांति से अपना व्यापार कर रहे थे, टूरिस्ट आ रहे थे, गतिविधियां चल रही थी और सब बहुत अच्छा हो रहा था। सभी राजनैतिक दलों ने अपने-अपने विचारों को रखा और एक बात सामने आई कि देश को एकजुट होकर और एक आवाज में बोलना चाहिए। सभी पार्टियों ने कहा है कि वे सरकार के साथ हैं।

### कांग्रेस कार्यसमिति ने हुई बैठक, कहा-ये हमारे गणतंत्र पर सीधा हमला

■ भाजपा पर भेदभाव को बढ़ावा देने का लगाया आरोप

पहलगाम हमले को लेकर पूरे देश में गम और गुस्से का माहौल है। गुरुवार को कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक हुई। इस बैठक में कहा गया कि पहलगाम के कायराना हमले का मास्टरमाइंड पाकिस्तान है और यह हमला हमारे गणतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना भी की और आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी इस त्रासदी को भी तुष्टिकरण और भेदभाव को बढ़ावा देने के लिए इस्तेमाल कर रही है, जबकि इस समय एकता की सबसे ज्यादा जरूरत है। कांग्रेस पार्टी की फैसले लेने वाली सर्वोच्च निकाय कांग्रेस ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

# पहलगाम हमले में मृत दिनेश मिरानिया का अंतिम संस्कार

## मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री ने दिया कंधा

■ 15 साल के बड़े बेटे शौर्य ने दी मुखाग्नि
■ मुंबई दौरा छोड़कर लौटे सीएम भी शामिल



**रायपुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम में बुधवार को हुए हमले में आतंकवादियों की गोली से मृत रायपुर के कारोबारी दिनेश मिरानिया (अग्रवाल) का गुरुवार को सुबह मारवाड़ी श्मशान गृह में अंतिम संस्कार कर दिया गया। मिरानिया के पुत्र शौर्य ने मुखाग्नि दी। आतंकियों ने पहलगाम में जब मिरानिया को गोली मारी, शौर्य और भाई तथा मां भी उनके साथ थे। स्व. मिरानिया की शवयात्रा उनके निवास से निकली, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन तथा रायपुर के लोगों के साथ सीएम विष्णुदेव साय भी शामिल हुए। सीएम साय के आज रात तक मुंबई में कार्यक्रम निर्धारित थे, जिन्हें कैंसिल कर वे सुबह ही रायपुर लौट आए और अंतिम संस्कार में शामिल हुए। दिनेश मिरानिया चैंबर के सदस्य थे तथा जवाहर नगर में उनका मशीनरी का कारोबार है। उनकी शवयात्रा में चैंबर पदाधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में राजधानी के कारोबारी भी शामिल हुए। स्व. दिनेश मिरानिया का निवास गरबा मैदान, चौबे कालोनी में है। उनका शव कल रात रायपुर लाया ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### मिरानिया के नाम पर सड़क या चौक का नामकरण

सीएम साय ने शोकाकुल परिवारजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। सीएम ने कहा कि स्वर्गीय मिरानिया की स्मृतियों को चिरस्थायी बनाने लिए सरकार किसी सड़क या चौक का नामकरण उनके नाम पर करेगी।

## सार संक्षेप

### केंद्र ने लग्जरी आइटम्स पर 1 फीसदी टीसीएस किया लागू

**नई दिल्ली।** केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड ने 10 लाख रुपए से अधिक कीमत वाली लग्जरी वस्तुओं जैसे कलाई घड़ी, हैंडबैग, धूप का चश्मा, जूते और स्पोर्ट्सवियर पर 1 प्रतिशत टैक्स कलेक्शन एट सोर्स (टीसीएस) को तत्काल प्रभाव से लागू करने के लिए नए नियमों को अधिसूचित किया है। आर्ट से जुड़ी वस्तुएं जैसे पेंटिंग और मूर्तियां, नौकाएं, होम थिएटर सिस्टम और रेसिंग या पोलो के लिए घोड़े भी इस लिस्ट का हिस्सा हैं।

### बसंतगढ़ मुठभेड़ में जवान शहीद

**जम्मू।** पहलगांव हमले के बाद प्रदेश में कई जगह आतंकियों ने मोर्चे खोले हैं। अगर बसंतगढ़ में मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया तो कुलगाम में वे आतंकी भागने में कामयाब हो गए जिनके साथ कल रात से ही मुठभेड़ चल रही थी। पुंछ, किश्तवाड़ के बाद अब कठुआ के कई इलाकों में आतंकियों को देखे जाने की खबरों के बाद व्यापक तलाशी अभियान छेड़े गए हैं।

### टीम इंडिया के हेड कोच गौतम गंभीर को मिली धमकी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के हेड कोच और भाजपा के पूर्व सांसद गौतम गंभीर को धमकी मिली है। आतंकी संगठन आईएसआईएस की ओर से गौतम गंभीर को धमकी दी गई है। जानकारी के अनुसार, पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है। धमकी मिलने के बाद गंभीर के पर्सनल सेक्रेटरी गौरव अरोड़ा की ओर से दिल्ली पुलिस को शिकायत दी गई।

### पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के दिन शनिवार को राजकीय शोक

**नई दिल्ली।** ईसाई धर्म गुरू पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के दिन शनिवार को देश भर में राजकीय शोक रहेगा। राजकीय शोक के दिन शनिवार को पूरे देश में भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं होगा।

### पाकिस्तान की हिरासत में है बीएसएफ जवान

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में बुधवार को भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जीरो लाइन पार कर बीएसएफ का एक जवान सरहद लांघ कर पाकिस्तान चला गया था। जवान को पाकिस्तानी रेंजर्स ने हिरासत में लिया है। 24 घंटे के बाद भी रिहा नहीं किया है।

# पाकिस्तान ने पानी रोकने को 'युद्ध जैसी कार्रवाई' बताया

■ भारत के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने की घोषणा
■ भारतीय उड़ानों के लिए अपनी वायु सीमा बंद की

**नई दिल्ली**, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत के कड़े फैसले से बिलबिलाए पाकिस्तान ने भारत के साथ व्यापार खत्म करने का ऐलान किया है। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) की बैठक बुलाई।

इस बैठक में भारत सरकार के सख्त फैसलों पर करीब दो घंटे तक चर्चा की गई। बैठक में पाकिस्तान सरकार ने भारत के साथ व्यापारिक संबंध खत्म करने की घोषणा की। इसके साथ ही भारतीय विमानों के लिए पाकिस्तान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। भारत के सिंधु जल समझौते को निलंबित किए जाने पर पाकिस्तान ने कहा कि पानी रोकना युद्ध जैसी कार्रवाई है।

**भारत के आरोपों को निराधार बताया**

पाकिस्तान की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (एनएससी) ने भारत के आरोपों को खारिज करते हुए निराधार और मनगढ़ंत बताया है। एनएससी का कहना है कि पहलगाम हमले को लेकर नई दिल्ली ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### फिटजी कोचिंग संस्थान के खिलाफ ईडी की कार्रवाई

# दिल्ली में 8 ठिकानों पर तलाशी

**नई दिल्ली**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत बड़ी कार्रवाई की। ईडी की टीम दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम के आठ स्थानों पर छापेमारी कर रही है। जांच एजेंसी ईडी की ओर से की गई यह कार्रवाई एक प्रसिद्ध कोचिंग संस्थान 'फिटजी' के प्रमोटर्स और मालिकों के खिलाफ की गई है, जिन पर गंभीर वित्तीय अनियमितताओं का आरोप है। ईडी ने 'फिटजी' के प्रमोटर डीके गोयल सहित कुछ अन्य प्रमुख लोगों के आवासीय परिसरों और कार्यालयों की तलाशी ली। जांच एजेंसी को संदेह है कि इन लोगों ने कोचिंग सेंटर्स से प्राप्त फंड्स को निजी उपयोग या अन्य संस्थाओं में डायवर्ट किया है। इस कार्रवाई की जनवरी 2025 में फिटजी के कई केंद्रों के अचानक बंद हो जाने से जुड़ी हुई है। इसके बाद देश भर में सैकड़ों अभिभावकों ने आरोप लगाया था कि उन्होंने पूरे साल की फीस पहले ही जमा कर दी थी, लेकिन बिना किसी सूचना के सेंटर अचानक बंद कर दिए गए। इससे करीब 12 हजार छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया था। इस मामले में उत्तर प्रदेश और दिल्ली में कई प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई थीं, जिनके आधार पर ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की।

# मुठभेड़ में 5 नक्सली ढेर, सभी के शव बरामद

**बीजापुर**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इस ऑपरेशन में सुरक्षा बलों को सफलता मिली है। मुठभेड़ में ढेर नक्सलियों के आंकड़े आने चालू हो गए हैं। मुठभेड़ में जवानों ने पांच नक्सलियों को मार गिराया है। सूत्रों के मुताबिक, पांचों नक्सलियों का शव और हथियार बरामद कर लिया गया है। मुठभेड़ अभी भी जारी है। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।



बता दें कि बीजापुर और तेलंगाना की सीमा पर नक्सलियों के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा एंटी नक्सल ऑपरेशन चलाया गया है। बताया जा रहा है कि मंगलवार सुबह से करीब 5 हजार से अधिक की संख्या में नक्सल मोर्चे पर तैनात जवानों ने माओवादी संगठन के बटालियन नंबर-1 के नक्सलियों को घेर रखा है। लगातार दोनों ओर से गोलीबारी जारी है। यह मुठभेड़ कर्रेगट्टा, नडपल्ली, पुजारी कांकेर की पहाड़ी पर 30 घंटे से जारी है। इस मुठभेड़ में छत्तीसगढ़, तेलंगाना और महाराष्ट्र के जवानों ने मोर्चा संभाला है। अब तक 100 से अधिक आईईडी मिलने की बात सामने आई है, जिन्हें जवानों को निशाना बनाने के मकसद से बिछाया गया था। इस इलाके में नक्सलियों की बटालियन नंबर 1, 2, समेत अन्य कंपनियां सक्रिय हैं। बताया जा रहा है कि मौके पर 100 से अधिक संख्या में नक्सली मौजूद हैं। टॉप नक्सली लीडर हिड़मा, देवा, विकास समेत आंध्र-तेलंगाना-महाराष्ट्र के सेंट्रल कमेटी, दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी, डिविजनल कमेटी मेंबर, एरिया कमेटी मेंबर, ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

### प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकियों को दिया कड़ा संदेश

# आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी

**मधुबनी**, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहली बार प्रतिक्रिया दी है। पीएम मोदी ने बिहार के मधुबनी में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है। मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि जिन्होंने यह हमला किया है, उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी।



उन्होंने मंच से ऐलान किया, आज बिहार की धरती से मैं पूरी दुनिया से कहता हूं, भारत हर आतंकवादी और उसके सरगना की पहचान करेगा, उसे खोजेगा और उसे सजा देगा। हम उन्हें धरती के कोने-कोने तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवाद को सजा मिले, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। पूरा देश इस संकल्प पर अडिग है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और नेताओं का आभार व्यक्त करता हूं, जो इस मुश्किल समय में हमारे साथ खड़े हैं।' पीएम मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम देशवासियों को जिस बेरहमी से मारा है, उससे पूरा देश व्यथित है, कोटि-कोटि देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि यह हमला सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं हुआ है, देश के दुश्मनों ने भारत की आस्था पर हमला करने का दुस्साहस किया है।

# गुजरात में एक साथ उठीं पिता-पुत्र की अर्थियां

■ पुणे में बेटी ने दी पिता के शव को मुखाग्नि

**नई दिल्ली**, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले मृतकों की गुरुवार को आखिरी विदाई हुई। गुजरात के भावनगर में मृतक पिता यतीशभाई सुधीरभाई परमार और बेटे स्मित यतीशभाई परमार का अंतिम संस्कार किया गया।

सूरत में मृतक शैलेशभाई कलथिया को बेटे ने मुखाग्नि दी। बेटे ने हमले वाले दिन के बारे में बताया कि हम घुड़सवारी कर रहे थे, तभी आतंकवादी आ गए और उन्होंने गोली मार दी। इधर पुणे में मृतक संतोष जगदाले का बेटी असावरी ने अंतिम संस्कार किया। इनके अलावा, बेंगलुरु के मंजूनाथ और भारत भूषण, पुणे के कौस्तुभ गणबोटे, ओडिशा के प्रशांत सतपथी और आंध्र प्रदेश के मधुसूदन राव की अंतिम यात्रा में भारी भीड़ जुटी। वहीं, जयपुर में सीए नीरज उधवानी के पार्थिव शव के पास पत्नी आयुषी रोती रहीं। इंदौर के सुशील नथानियल को ईसाई रीति-रिवाज से अंतिम विदाई दी गई। कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर सीएम योगी पहुंचे। अंतिम संस्कार के समय लोगों की आंखें नम हो गई। नेवी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल की बहन सृष्टि का हरियाणा के सीएम नायब सैनी के सामने गुस्सा फूट पड़ा। सृष्टि ने सैनी को कहा कि डेढ़ घंटे तक कोई वहां नहीं आया।

# सीआरपीएफ जवान ने गोली मारकर की आत्महत्या

**सुकमा**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरुवार को सीआरपीएफ 159 बटालियन के एक जवान ने अपने हेड चार्टर में सुबह अपनी सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीआरपीएफ के आला अधिकारी और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गए और जवान को जिला अस्पताल लाया गया जब तक जवान की मृत्यु ही गई थी। घटना के बाद सीआरपीएफ के अलावा स्थानीय पुलिस भी मामले की जांच में जुट गए है। मिली जानकारी के सुकमा जिले के चिकपाल में स्थित सीआरपीएफ 159 बटालियन हेड चार्टर में पदस्थ मोहन शर्मा ने अज्ञात कारण से सुबह तकरीबन 08 बजे अपने सर्विस रायफल से खुद को पेट मे गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। जवान ने अपने पेट मे दो गोली दागी। जिसके बाद उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही सीआरपीएफ के आला अधिकारी और पुलिस भी मौके पर पहुंच गए। घटना के बाद सीआरपीएफ और पुलिस दोनों ही इस मामले की जांच में जुट गए है। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को देने के साथ ही सीआरपीएफ के अधिकारियों ने संवेदना व्यक्त की है। बताया गया कि मृतक जवान बिहार का रहने वाला था।



### दुश्मनों को भारत का सख्त संदेश

### मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली है मिसाइल

# नौसेना ने मिसाइल रक्षा प्रणाली का परीक्षण किया

**नई दिल्ली, 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के 48 घंटे के भीतर भारत ने दुश्मनों को कड़ा संदेश देते हुए गुरुवार को जंगी जहाज आईएनएस सूरत से मिसाइल परीक्षण किया।**

नौसेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल दागी है। नौसेना के मुताबिक, इस दौरान भारत के स्वदेशी मिसाइल विध्वंसक जहाज आईएनएस सूरत ने समुद्र में लक्ष्य को सफलतापूर्वक भेदने में कामयाबी हासिल की है। परीक्षण के दौरान भारतीय नौसेना के नवीनतम स्वदेश निर्मित निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस सूरत ने समुद्र में स्थित एक लक्ष्य पर सटीक हमला किया। यह देश की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह उपलब्धि स्वदेशी युद्धपोत डिजाइन, विकास और संचालन में देश की बढ़ती ताकत को दर्शाती है। इसके साथ ही यह रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता के लिए राष्ट्र की प्रतिबद्धता को रेखांकित भी करती है। यह देश के समुद्री हितों की रक्षा के लिए भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता और 'आत्मनिर्भर भारत' के प्रति समर्पण का प्रमाण है।

गौरतलब है कि इससे कुछ दिन पहले ही डीआरडीओ और भारतीय नौसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित वर्टिकल-लॉन्च्ड शॉर्ट-रेंज सरफेस-टू-एयर मिसाइल (वीएलएसआरएसएएम) का सफल परीक्षण किया था। ओडिशा तट पर चांदीपुर स्थित एकीकृत परीक्षण रेंज (आईटीआर) से 26 मार्च को दोपहर लगभग 12:00 बजे यह परीक्षण पूरा हुआ था। इस दौरान मिसाइल ने भूमि-आधारित वर्टिकल लॉन्चर से एक उच्च गति वाले हवाई लक्ष्य को बहुत नजदीकी रेंज और कम ऊंचाई पर नष्ट किया था।इस उड़ान परीक्षण के दौरान, मिसाइल ने लक्ष्य को पूरी तरह से नष्ट करने के लिए आवश्यक उच्च गति का प्रदर्शन किया था। वहीं, सैन्य शक्ति में जबरदस्त इजाफा करते हुए इसी माह भारत ने लड़ाकू विमान से दागे जाने वाले लंबी दूरी के ग्लाइड बम (एलआरजीबी) 'गौरव' का भी सफलतापूर्वक परीक्षण किया है।रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने 8 से 10 अप्रैल के बीच 'गौरव' लॉन्ग-रेंज ग्लाइड बम के सफल रिलीज ट्रायल्स को अंजाम दिया था। परीक्षण सुखोई-30 एमके-1 विमान से किए गए, जिसमें हथियार को विभिन्न वॉरहेड कॉन्फिगरेशन के साथ कई स्टेशनों पर एकीकृत किया गया था।

# देश

**उवाच** “ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने राष्ट्र की भावनाओं और अपेक्षाओं को ध्यान में रखते हुए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। सिंधु जल समझौता सहित पांच फैसले भविष्य में निर्णायक साबित होंगे: **अरुण साव, डिप्टी सीएम छत्तीसगढ़**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 41.2 | 20.0 |
| मुंबई | 33.7 | 23.5 |
| कोलकाता | 37.2 | 28.6 |
| चेन्नई | 35.5 | 29.1 |

### पहलगाम हमले पर कांग्रेस का सख्त रुख, कहा

# आतंक की जड़ पर करें वार : प्रमोद तिवारी



**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने कड़ा रुख अपनाते हुए पाकिस्तान के खिलाफ कई बड़े फैसले लिए। सरकार की ओर से लिए गए इस फैसले पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी और झारखंड के पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने टिप्पणी की। इसके साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार से सख्त और निर्णायक कदम उठाने की मांग की है। दोनों नेताओं ने आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर निर्णायक कार्रवाई की आवश्यकता पर बल दिया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि मैं साफ करना चाहता हूं कि आतंकवाद का जो क्रूर हमला हुआ है, वह अत्यंत निंदनीय है। जिस क्रूरता के साथ कैराना और बुझिलाना में आतंकवादियों ने घुसपैठ कर हमला किया है, वह देश की संप्रभुता पर सीधा हमला है। कांग्रेस पार्टी इस मामले में सरकार के साथ खड़ी है। हमने सरकार से कहा है कि देशहित में वह जो भी कदम उठाएगी, कांग्रेस पार्टी उसका समर्थन करेगी। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भी इस पर रुख स्पष्ट किया है।

पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के आतंकवाद के खिलाफ लिए गए कड़े निर्णयों की याद दिलाते हुए तिवारी ने कहा कि आज फिर उसी तरह की सख्ती की आवश्यकता है। आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाना चाहिए। आतंकवाद की जड़ पर वार होना चाहिए। किसी भी कीमत पर आतंकवाद बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए।

# हम एनडीए के साथ हैं और आगे भी रहेंगे : नीतीश कुमार



जनता दल (यूनाइटेड) 2005 में राजद के खिलाफ ही लड़ी थी और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी: नीतीश कुमार

**मधुबनी,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में एक बार फिर भरोसा दिया कि वह अब भाजपा को छोड़कर राजद के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने मधुबनी के झंझारपुर में पंचायती राज दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) 2005 में राजद के खिलाफ ही लड़ी थी और आगे भी मजबूती से लड़ती रहेगी। पंचायती राज दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 13,480 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने कई रेल परियोजनाओं की भी सौगात बिहारवासियों को दी।

इस मौके पर आयोजित रैली को संबोधित करते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बीच में गड़बड़ी हो गई थी, लेकिन अब कभी भी महागठबंधन में या राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख लालू यादव और कांग्रेस की टीम के साथ नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा, 'हमारी पार्टी वालों ने बीच में गड़बड़ कर दिया। अब हम लोग कभी उनके (महागठबंधन के) साथ नहीं जा सकते हैं क्योंकि सबने बहुत गड़बड़ किया है।' पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमलों पर दुख जताते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि दो दिन पहले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में कई लोगों की हत्या हुई। यह घटना काफी दुखद और निंदनीय है। उन्होंने शोकाकुल परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार में राजद और उनके सहयोगियों की सरकार थी तो जनता की भलाई के लिए उन लोगों ने कुछ नहीं किया। 2005 के नवंबर-दिसंबर में एनडीए की सरकार बनी। उससे पहले के पंचायतों में बहुत बुरा हाल था। कहीं काम नहीं होता था। जब एनडीए की सरकार बनी तो 2006 में हमने पंचायती राज और 2007 में नगर निकाय के कानून में संशोधन किया गया।

## सीएम सिद्दारमैया ने भारत भूषण के परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की, कहा- ऐसा नहीं होना चाहिए था

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में बेंगलुरु के निवासी भारत भूषण की पहलगाम में आतंकियों ने हत्या कर दी थी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मृतक के परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की और मृतक को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि मैं सरकार और सात करोड़ कन्नड़िगों की ओर से मृतक भारत भूषण के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। वह युवा थे और उन्होंने एमबीए किया था। ऐसा नहीं होना चाहिए था। मैं इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। आतंकवाद को खत्म करना सरकार का कर्तव्य है। हमारे देश में आतंकवाद को अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। हम केंद्र सरकार के साथ खड़े हैं। मैं केंद्र सरकार से सभी आतंकियों को खत्म करने का आग्रह करता हूं। उन्हें हमारा पूर्ण समर्थन है। उन्होंने आगे कहा कि बेगुनाह लोग कश्मीर गए थे।

## अब बर्दाश्त नहीं करना, पाकिस्तान पर चढ़ाई जरूरी, हम सरकार के साथः उदित राज



कांग्रेस प्रवक्ता उदित राज ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए कदमों को सही करार दिया। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सख्त कार्रवाई की भी मांग की। भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा सोशल मीडिया पर किए गए बयान पर टिप्पणी करने से बचे। दुबे ने सतलुज नदी के जल बंटवारे को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू पर तल्ख टिप्पणी की थी। उदित राज ने कहा कि यह दुख की घड़ी है और मैं इस पर कोई छिछली बात नहीं करूंगा। सरकार ने जो फैसले लिए हैं, उनका हम समर्थन करते हैं, और आगे जो कड़े फैसले लेना चाहती है, हमारी पार्टी उसका पूरा समर्थन करती है।

### सार संक्षेप

## कश्मीर और पीओके हमारा है और हमारा ही रहेगा : एमएस बिट्टा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद ऑल इंडिया एंटी-टेररिस्ट फ्रंट के चेयरमैन एमएस बिट्टा ने पाकिस्तान को करारा जवाब देते हुए कहा कि कश्मीर हमारा है और हमेशा हमारा ही रहेगा। इसी तरह पीओके हमारा था और हमारा ही रहेगा। एमएस बिट्टा ने पीएम मोदी की अध्यक्षता में हुई सीसीएस की बैठक में लिए गए पांच फैसलों पर कहा कि पीएम मोदी के आने के बाद यह ऐतिहासिक फैसले लिए गए हैं। पठानकोट में जब आतंकी हमले हुए तब से पाकिस्तान से बातचीत बंद है। गोली का जवाब गोली से दिया जा रहा है। अब जो कदम उठाए गए हैं, इससे पाकिस्तान को नुकसान होगा। पाकिस्तान की आवाम को मजबूरन सरकार के खिलाफ आना होगा। उन्होंने कहा कि भारत सरकार को और कदम उठाने की जरूरत है। ऐसे लोगों की पहचान भी होनी चाहिए जो पाकिस्तान के आईएसआई से जुड़े हुए हैं।


**MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR**
**OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in**
**1st call**

NIT NO: 599/PWD/Zone-9/2025 RAIPUR DATED: 24/04/2025

Online bids are invited for the following works of works up to Date 16/05/2025 at 17:30 hours.

| Sr. No | System Tender No. | Name of Work | Amount of the Estimate | Earnest Money Deposit | Eligible class of contractor /firm | Time allowed for Completion | SOR Applicable |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 167436 | जोन क्रमांक 9 के तहत् कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के खेमका बी.एस.यू.पी. में सीवर लाईन, वेस्ट पाईप लाईन मरम्मत एवं वाटर सप्लाई मरम्मत, सी.सी. नाली मरम्मत कार्य में शेष कार्य | 38.11.000/- | 29,000/- | Class-D & above | 06 Months | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर.दि. 01.01.20215 से प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधित |
| 02 | 167438 | जोन क्रमांक 9 के तहत् कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड के सीवर ईरानी लाइन डेरा वी.एस.यू.पी. पाईप में लाईन मरम्मत एवं वाटर सप्लाई मरम्मत, सी.सी. नाली मरम्मत कार्य में शेष कार्य | 25.33.000/- | 19.000/- | Class-D & above | 06 Months | लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर.दि. 01.01.2015 में प्रभावशील एवं निविदा दिनांक तक संशोधन |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 24/04/2024 17.30 Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal.
NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in
3. प्रत्येक कार्य के लिए निविदा शुल्क देना होगा। इस कार्य के लिए निविदा शुल्क राशि रु. 1,500/- मात्र देय डिमांड ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक, आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से होगा तथा वापसी अयोग्य होगी।

घरों से निकलने वाले सूखे एवं गीले कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Zone Commissioner
ZONE- MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)



**कार्यालय नगरपालिका परिषद गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 07701-233830, 234830 Emall-cmognawapara@gmail.com

क्रमांक/291/न.पा./2025 गोबरा नवापारा, दिनांक 24/4/2025

**बिड आधार तृतीय सूचना**

नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा अंतर्गत वार्ड कं. 21 में स्थित बैडमिंटन हॉल/इंडोर स्टेडियम हॉल के कुशल संचालन हेतु त्रि लिफाफा पद्धति से सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्म/ठेकेदार से बिड ऑफर सूचना दिनांक 13.05.2025 तक आमंत्रित की जाती है। बिड ऑफर में एक लिफाफा में अमानत राशि एफ.डी.आर, दूसरे लिफाफा में भवन के मासिक किराया दर एवं तृतीय लिफाफा में दोनों लिफाफा को सीलबंद कर बिड ऑफर आमंत्रित की जाती है जिसका शासकीय मासिक किराया दर 12000/-रू निर्धारित है अत: विस्तृत नियम एवं शर्त कार्यालय में कार्यालयीन समय में एवं वेबसाईट www.cguad.gov.in में डाउनलोड की जा सकती है।

| क्रं. | भवन का नाम | अमानत राशि | बिड ऑफर जमा हेतु अंतिम तिथि | बिड ऑफर खोलने की तिथि एवं समय | संचालन की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 21 गुलाब गार्डन में स्थित बैडमिंटन हॉल/इंडोर स्टेडियम हॉल | 1,20,000.00 | 13.05.2025 | 14.05.2025 समय-प्रात: 11.00 बजे | 03 वर्ष |

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गोबरा नवापारा



**Bandhan Bank** | रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छ: रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन : +91-79-26421671-75

**सांकेतिक आधिपत्य (कब्जा) सूचना**

एतदर्थ सूचना दी जाती है कि वित्तिय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पूर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित प्रर्वतन अधिनियम, 2002 कि धारा 13(12) एवं प्रतिभूतिहित प्रर्वतन नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढते हुए अधिनियम के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों के प्रयोग के तहत प्राधिकृत अधिकारी ने खाते(अकाउंट) के सामने उल्लेखित तिथि को डिमांड नोटिस (मांग पत्र) भेजा था व नोटिस प्राप्ति के 60 दिवस के अन्दर राशि की मांग की गई थी। ऋणी द्वारा भुगतान करने में असफल रहने पर कर्जदार और आम जनता को नोटिस द्वारा सूचित किया जाता है की अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उपरोक्त अधिनियम कि धारा 13 की उपधारा(4) सपठित नियम 8 के तहत नीचे लिखे लोन खातों में वर्णित बंधक सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है। अतः आप कर्जदार और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित संपत्तियों के बारे में कोई व्यवहार न करें और इन संपत्तियों के साथ किसी व्यवहार पर वह राशि, ब्याज, खर्च एवं शुल्क के साथ बैंक को चुकाना होगा। सुरक्षित सम्पत्ति को रिडीम/वापस लेने के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) में उपलब्ध प्रावधानों के तहत ऋणियों का ध्यान आमंत्रित किया जाता है।

| ऋणियों के नाम, गेरन्टर और ऋण खाता सं. | बंधक संपत्ति का विवरण (प्रतिभूती आस्तियां) | मांगपत्र की तिथि | सांकेतिक कब्जे की तिथि | कुल बकाया राशि, मांगपत्र की तारीख तक |
|---|---|---|---|---|
| जोगी राम साहू पुत्र रामदयाल साहू 20008560000171, | सभी अचल संपत्ति जो खसरा नंबर 162/1, शंकरपुर वार्ड नंबर 7, क्षेत्रफल 116 वर्ग मीटर, राजनांदगांव सीजी स्थित है और जो आवरित है: उत्तर की ओर- वर्मा की संपत्ति, पूर्व की ओर- मालिक और सोहन की संपत्ति, पश्चिम की ओर- मानसीराम की संपत्ति, दक्षिण की ओर- सड़क | 13.01.2025 | 22.04.2025 | रू.3,75,784.12 |
| सुरेश यादव शंभू यादव शिव कुमार यादव 20008530001140, 20008530001017 | सभी अचल संपत्ति जो मौजा सिकोला, प.ह.नं.17, आरएनएम: दुर्ग 2, वार्ड क्रमांक 18, खसरा क्रमांक 296/3, 450 वर्ग फीट, जिला: दुर्ग, छत्तीसगढ़ स्थित है और जो आवरित है: उत्तर की ओर- 15 फीट रोड, पूर्व की ओर- विक्रेता की बची हुई जमीन, पश्चिम की ओर- मानिकपुरी की जमीन, दक्षिण की ओर- विक्रेता की बची हुई जमीन | 13.01.2025 | 22.04.2025 | रू.7,83,859.31 |
| मैरी एंडरसन श्री टी जॉन एंडरसन टी.पी. मेबुल 20008530001764, 20008530001570 | सभी अचल संपत्ति जो एलआईजी 06, ब्लॉक नंबर 13, मानसरोवर, हुडको भवन, दुर्ग स्थित है और जो आवरित है: उत्तर की ओर- मकान नंबर 7, पूर्व की ओर- मकान नंबर 3, पश्चिम की ओर- सड़क, दक्षिण की ओर- मकान नंबर 5 | 13.01.2025 | 22.04.2025 | रू.8,05,016.52 |
| लाभ सिंह संधू जवंत कौर संधू गुरुदर्शन सिंह संधू 20008530001937 | सभी अचल संपत्ति जो मकान नंबर ई/1/542, आदित्य नगर, दुर्ग, क्षेत्रफल 11.91 वर्ग मीटर, छत्तीसगढ़ स्थित है और जो आवरित है: उत्तर की ओर- सड़क, पूर्व की ओर- ई/1/543, पश्चिम की ओर- ई/1/541, दक्षिण की ओर- ई/1/561 | 13.01.2025 | 23.04.2025 | रू.3,68,317.70 |
| लक्ष्मी पात्रो दसू पात्रो 20008610001230, 20008610001291 | सभी अचल संपत्ति जो सेक्टर 02, ब्लॉक 18, मकान नंबर 23, क्षेत्रफल 36 वर्ग मीटर, नगर पालिका -भिलाई, वार्ड नंबर 7, दुर्ग छत्तीसगढ़ स्थित है और जो आवरित है: उत्तर की ओर- सड़क, पूर्व की ओर- सड़क, पश्चिम की ओर- प्लॉट नंबर 22, दक्षिण की ओर- खुली जमीन | 13.01.2025 | 22.04.2025 | रू.11,57,810.21 |
| अश्वनी पांडे अंकिता पांडे 20008610001326, 20008610001085, | सभी अचल संपत्ति जो रिसाली, लक्ष्मी नगर सिटी, वार्ड नंबर 60, दुर्ग 1, प.ह.नं. 19/22, खसरा नं.1092/1, 1091, 1089, 1097/1, 1093, क्षेत्रफल 460 वर्ग फीट स्थित है और जो आवरित है: उत्तर की ओर- एलआईजी 106, पूर्व की ओर- एलआईजी 104, पश्चिम की ओर- खुली जगह, दक्षिण की ओर- खुली जगह, | 13.01.2025 | 22.04.2025 | रू.8,38,932.82 |

स्थान: दुर्ग-राजनांदगांव
तारीख: 25/04/2025

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड


## कार्यालय नगर पालिक निगम, रिसाली

क्र./चार/तीन/स.क.वि./2025/7/ रिसाली, दिनांक- 22/4/25

### अधिसूचना

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में सम्पत्तिकर के स्व निर्धारण हेतु वार्षिक भाड़ा मुल्य की दरें एवं जोनो का वर्गीकरण )**

छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 के अधीन वित्त वर्ष 2025-26 में संपत्तिकर के स्वनिर्धारण हेतु संकल्प का अंगीकरण महापौर परिषद् नगर पालिक निगम, रिसाली द्वारा प्रस्ताव क्र. 05 दिनांक 04.04.2025 में पारित किया गया, जिसकी अधिसूचना निगम क्षेत्र में स्थित समस्त प्रकार के भवन/भूमि के स्वामी के जानकारी के लिये प्रकाशित किया जाता है, विवरण निम्नानुसार है:-

1. **जोनवार भूमियों के लिए वार्षिक भाड़ा मूल्य की दरों प्रति वर्गमीटर में:-**

| जोन क्रमांक | आवासीय दरें | व्यवसायिक दरें |
|---|---|---|
| जोन-1 | रु. 108.46 प्रति वर्गमीटर | रू. 135.58 प्रति वर्गमीटर |
| जोन-2 | रू. 54.23 प्रति वर्गमीटर | रू. 67.79 प्रति वर्गमीटर |
| जोन-3 | रू. 27.12 प्रति वर्गमीटर | रू. 40.67 प्रति वर्गमीटर |
| जोन-4 (औद्यो.) | | रू. 33.79 प्रति वर्गमीटर |

2. सम्पत्तिकर निर्धारण के लिए जोन का वर्गीकरण वर्तमान में प्रचलित संपत्तिकर के लिए आवासीय, व्यवसायिक एवं औद्योगिक के अनुसार कुल 4 (चार) जोन में निर्धारित है। तद्नुसार जोन का वर्गीकरण निम्नानुसार है:-

**जोन-1 (आवासीय)**
वार्ड-01.02.03.04 में नवनिर्मित / निर्माणाधीन रुआबांधा कॉलोनी, तालपुरी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी बी.एस.पी. क्षेत्र के रूआबांधा सेक्टर, मरोदा सेक्टर, रिसाली सेक्टर आवासीय क्षेत्र वार्ड-22,23,24,25,26 एवं 27,28,29,30,31 रिसाली, मैत्रीकुंज, अवधपुरी, दयानगर, कल्पतरू, मधुरिसा हाईट्स, इस्पात नगर आकांक्षा कुंज, मैत्री प्लानिंग एवं डेवलपर्स, एन.एस.पी.सी.एल. कॉलोनी, प्रगति नगर, आशीष नगर पूर्व एवं पश्चिम, चन्द्रविहार, गांधीनगर, कुसुमनगर, हिन्द नगर, लक्ष्मी नगर एवं अन्य समान भूमि मूल्य के क्षेत्र।

**जोन-1 (व्यवसायिक)**
बी.एस.पी. क्षेत्र के रूआबांधा सेक्टर, मरोदा सेक्टर, रिसाली सेक्टर व्यावसायिक क्षेत्र कृष्णा टॉकिज रोड 80 फीट एवं 100 फीट रोड, बी.एस.पी. के समस्त सेक्टर, रिसाली सम्पूर्ण व्यावसायिक, आजाद मार्केट (वार्ड-22,23,24,25,26 एवं 27,28,29,30,31) एवं अन्य समान भूमि मूल्य के क्षेत्र।

**जोन-2 (आवासीय)**
रूआबांधा बस्ती मार्केट, स्टेशन मरोदा मार्केट, उतई रोड मरोदा पर स्थित व्यावसायिक भवन, श्रमिक बस्तियों के मध्य स्थित, व्यावसायिक भवन, रुआबांधा मार्केट, स्टेशन मरोदा, मार्केट उतई रोड पर स्थित व्यावसायिक भवन एवं अन्य समान भूमि मूल्य के क्षेत्र।

**जोन-2 (व्यवसायिक)**
रूआबांधा बस्ती मार्केट, स्टेशन मरोदा मार्केट, उतई रोड मरोदा पर स्थित व्यावसायिक भवन, श्रमिक बस्तियों के मध्य स्थित, व्यावसायिक भवन, रूआबांधा मार्केट, स्टेशन मरोदा, मार्केट उतई रोड पर स्थित व्यवसायकि भवन एवं अन्य समान भूमि मूल्य क्षेत्र।

**जोन-3 (आवासीय)**
वार्ड-02,03,04- रुआबांधा, वार्ड 13,14,15,16- टंकी मरोदा, वार्ड-17,18,19,20,21- स्टेशन मरोदा वार्ड 32,33,34- नेवई, वार्ड 35,36 डुण्डेरा, वार्ड-38,39,40-पुरैना, वार्ड- जोरातराई एवं अन्य समान भूमि मूल्य क्षेत्र।

**जोन-3 (व्यवसायिक)**
जोन-3 के अंतर्गत आने वाले आवासीय क्षेत्र के अंदर भाग में कर रहे व्यावसाय पर जोन-3 के अंतर्गत व्यावसायिक दर से गणना की जावेगी।

**जोन-4 (अद्योगिक):** नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित औद्योगिक संस्थान एवं अन्य समान भूमि मूल्य क्षेत्र।

**3- मोबाईल टावरों एवं भूमिगत केबल पर सम्पत्तिकर अवधारण के संबंध में-** भूमिगत केबल पर संबंधित जोन के अनुसार वार्षिक भाड़ा मूल्य की दर से सम्पत्तिकर का अधिरोपण किया जावेगा।

**1. भूमिगत केबल पर सम्पत्तिकर का अवधारण-** भूमिगत केबल क्षेत्रफल पर उक्त क्षेत्र के संबंधित व्यावसायिक जोन के भूमि के वार्षिक भाड़ा मूल्य की दर से सम्पत्तिकर का अवधारण किया जावेगा।

**2. मोबाईल टॉवर पर सम्पत्तिकर का अवधारण-** मोबाईल टावर पर प्रति टावर 50,000 अक्षरी- पचास हजार रू. वार्षिक सम्पत्तिकर का अधिरोपण निगम के सभी क्षेत्र में किया जाना प्रस्तावित है। आवासीय ऐसे भवन जिन पर मोबाईल टावर स्थापित है उक्त आवासीय भवन के स्वामी को स्वयं के रहवास के अंतर्गत मिलने वाली सम्पत्तिकर पर 50 प्रतिशत छुट की पात्रता नही होगी।

3. भवनों की छतो पर लगे हुए होर्डिंग्स पर संम्पत्तिकर का निर्धारण उक्त क्षेत्र के संबंधित व्यावसायिक जोन वार्षिक भाडा मूल्य की दर से सम्पत्तिकर देय होगा।

**4. शिक्षा उपकर:-** शिक्षा उपकर शुद्ध वार्षिक भाड़ा मूल्य पर 2 प्रतिशत की दर से अधिरोपित किया जावेगा।

**5. समेकित कर:** छत्तीसगढ़ राज्य पत्र रायपुर दिनांक 05.02.2010 के अनुसार नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, रायपुर की अधिसूचना क्रं. 633/7703/18/2009-छ.ग. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 (क्रं. 23 सन् 1956) की धारा 132 की उपधारा (1) के खण्ड (ग), (घ), (ङ) द्वारा पदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए राज्य सरकार एतद् द्वारा सामान्य स्वच्छता कर, सामान्य प्रकाश कर व सामान्य अग्नि कर की समेकित न्यूनतम दरों में निम्नानुसार संशोधन किया गया हैं। अर्थात सामान्य स्वच्छता कर, सामान्य प्रकाश कर, सामान्य अग्निकर की समेकित न्यूनतम दर सम्पत्तिकर दाता के लिये रू. 50/- प्रतिमाह एवं गैर सम्पत्तिकर दाता के लिये रू. 25/-प्रतिमाह किया गया है। तद्नुसार नगर निगम रिसाली में अवधारित किया जावेगा।

**6. सम्पत्तिकर निर्धारण हेतु भवन के निर्माण की गुणवत्ता के आधार पर भवन की वार्षिक भाडा मूल्य की दरें निम्नानुसार है:-**

**वार्षिक भाड़ा, मूल्य की दरे (दरें प्रति वर्गमीटर)**

| जोंन क्र. | आर.सी.सी./आर.बी.सी. या पत्थर की छत युक्त | | सीमेंट या लोहे की यादर या कवेलू (टाईल्स) की | | अन्य आंशिक पक्के या कच्चे भवन | | खुली भूमि | | मुख्य सड़क या बाजार में स्थित भूमि/भवन | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवा. | व्यव. | आवा. | व्यव. | आवा. | व्यव. | आवा. | व्यव. | आवा. | व्यव. |
| 1 | 257.59 | 569.42 | 216.92 | 521.86 | 142.25 | 182.92 | 108.46 | 135.58 | 447.40 | 596.53 |
| 2 | 176.25 | 521.86 | 142.25 | 474.52 | 108.46 | 142.25 | 54.23 | 67.79 | 352.50 | 569.42 |
| 3 | 149.13 | 176.25 | 108.46 | 149.13 | 88.02 | 108.46 | 27.12 | 40.67 | 284.71 | 352.50 |
| 4 औद्यो. जोन | - | 176.25 | - | 135.58 | - | 94.90 | - | 33.79 | - | - |

**7. अवधारित कर योग्य संपत्ति मूल्य पर वार्षिक सम्पत्तिकर की दरें निम्नानुसार है:**

| क्र. | अवधारित कर योग्य संपत्ति मूल्य | वार्षिक सम्पत्तिकर की दरें (प्रतिशत में) |
|---|---|---|
| 1 | कवेलू छत सहित कच्चे मकान जिनका क्षेत्रफल 500 वर्गफुट (46.46 वर्गमीटर) से अधिक न हो। | सम्पूर्ण छुट (नियमानुसार समेकित कर देय होगा) |
| 2 | ऐसे सभी भूमि और भवन, जिन पर स्वामित्व या कब्जा शहरी गरीबों का हो तथा जिनका निर्माण शहरी गरीबों के लिए भारत सरकार, राज्य सरकार, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल या नगर पालिक निकाय की किसी गृह निर्माण योजना के अंतर्गत हुआ हो। | सम्पूर्ण सम्पूर्ण छुट (नियमानुसार समेकित कर देय होगा) |
| 3 | वर्षिक भाड़ा मूल्य 12000/- तक | 6 प्रतिशत |
| 4 | वर्षिक भाड़ा मूल्य 12001/- से 20000/- तक | 8 प्रतिशत |
| 5 | वर्षिक भाड़ा मूल्य 20001/- से 30000/- तक | 10 प्रतिशत |
| 6 | वर्षिक भाड़ा मूल्य 30001/- से 50000/- तक | 12 प्रतिशत |
| 7 | वर्षिक भाड़ा मूल्य 50001/- से 75000/- तक | 15 प्रतिशत |
| 8 | वर्षिक भाड़ा मूल्य 75001/- से 100000/- तक | 18 प्रतिशत |
| 9 | वर्षिक भाड़ा मूल्य 100001/- से अधिक | 20 प्रतिशत |

**8. छुट-** वर्तमान में अवधारित वार्षिक भाड़ा मूल्य / देय सम्पत्तिकर पर छुट निम्नानुसार है:-

1. बहुमंजिला भवनों के वार्षिक भाड़ा मूल्य की दर में छूट-भूतल की निर्धारण दर में प्रथमतल की गणना हेतु 10 प्रतिशत कम, द्वितीयतल की गणना, हेतु हेतु 15 प्रतिशत कम, तृतीयतल की गणना हेतु 20 प्रतिशत कम, भूगत-तल की गणनना हेतु 10 प्रतिशत कम।
2. भवनों के रख-रखाव के प्रयोजन से कुल वार्षिक भाड़ा मूल्य में पूर्ववत् 10 प्रतिशत की छुट यथावत्।
3. भवन स्वामियों के स्वयं के निवास करने पर देय सम्पत्तिकर में से 50 प्रतिशत तक राशि की छुट देय होगी। परन्तु यदि उक्त, आवासीय भवन में मोबाईल टावर स्थापित है ऐसी दशा में भवन स्वामी को उक्त छूट की पात्रता नही रहेगी।

| | | |
|---|---|---|
| 4 | भारत सरकार, राज्य सरकार या नगर पालिक निकायों की शैक्षणिक संस्थानों, पंजीकृत धर्मार्थ न्यास, आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 12 की उप-धारा (1) के अंतर्गत पंजीकृत शैक्षणिक संस्थान। | सम्पूर्ण छूट |
| 5 | शैक्षणिक संस्थान जो उपरोक्त श्रेणी (4) के अधीन आच्छादित नही है। | नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (2009 35) के अनुपालन के अनुपात में, पचास प्रतिशत की अधिकतम सीमा के अध्यधीन रहते हुए, ऐसे अनुपालन की सीमा तक नि:शुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा प्रदान करना। |
| 6 | नि:शक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकार का संरक्षण तथा, पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 (1996 का 1) के अंतर्गत नि:शक्त व्यक्तियों के स्वामित्व के अधीन भूमि और भवन | पच्चीस प्रतिशत |
| 7 | नेत्रहीन व्यक्तियों, तथा तलाकशुदा /परित्यकता (निराश्रित) महिला के स्वामित्व वाली भूमि और भवन | पच्चीस प्रतिशत |

9. रिसाली क्षेत्रान्तर्गत भिलाई इस्पात संयंत्र के स्वामित्व के भूमियों एवं भवनों का भी वर्ष 2025-26 के लिये निर्धारित दर अनुसार सम्पत्तिकर पुर्ननिर्धारण किया जावेगा।
10. नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 137 के अंतर्गत छूट-वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सम्पत्तिकर निर्धारित अवधि के पूर्व राशि जमा करने वाले भवन / भूमि स्वामित्यों को निम्नानुसार छूट की पात्रता होगी:-
1. 01 अप्रैल 2025 से 31 मई 2025 के भीतर देय सम्पत्तिकर जमा करने पर 6.25 प्रतिशत की छूट।
2. 01 जून 2025 से 31 जुलाई 2025 के भीतर देय सम्पत्तिकर जमा कने पर 5 प्रतिशत की छूट।
3. 01 अगस्त 2025 से 30 सितम्बर 2025 के भीतर देय सम्पत्तिकर जमा करने पर 4 प्रतिशत की छुट ।
4. 01 अक्टूबर 2025 से 30 नवम्बर 2025 के भीतर देय सम्पत्तिकर जमा कने पर 2 प्रतिशत की छूट।

**11. अधिभार** - छ.ग. नगर पालिक अधिनियम 1956 की धारा 138 (2) की उपधारा (1) के अधीन निगम द्वारा अंगीकृत किये गये संकल्प के आधार पर भूमि या भवन का प्रत्येक स्वामी, अपनी भूमि या भवन का कर योग्य संपत्ति मूल्य, मूल्य निर्धारण करेगा तथा इस निमित्त विहित प्रारूप में एक विवरणी के साथ सम्पत्तिकर की रकम, निगम द्वारा नियत की गई तारीख को या उसके पूर्व जमा करेगा जिसमें असफल रहने पर, ऐसी दर से अधिभार जैसा कि निगम द्वारा अवधारित किया जाये, प्रभारित किया जायेगा। भवन स्वामी को वित्त वर्ष 2025-26 मे बिना अधिभार के स्व-विवरणी प्रस्तुत करने एवं देय राशि जमा करने की अंतिम अवधि 31 मार्च 2025 तक निर्धारित है। वित्त वर्ष 2025-26 के बाद अर्थात 31 मार्च 2026 के पश्चात कुल देय राशि पर 18 प्रतिशत की दर से अधिभार के अतिरिक्त (1) नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की उपधारा (2-क) के अंतर्गत यदि ऐसा व्यक्ति जिसका दायित्व था कि वह 31 मार्च के पूर्व स्वनिर्धारण पत्रक प्रस्तुत करे, के द्वारा यह पत्रक प्रस्तुत नही किया जाता है, तो उस पर चूक हेतु एक हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की जाएगी।

(2). नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की उपधारा (3) उपधारा (2) के अंतर्गत किये गये निर्धारण में निम्न स्तर पर 10 प्रतिशत तक का अंतर आता है, परन्तु कर देय होने की तिथि तथा अंतर की राशि जमा करने की तिथि के बीच (अंतर) के प्रत्येक माह के लिए दो प्रतिशत की दर से अधिभार के साथ निर्धारित निर्धारण आदेश के दो सप्ताह के भीतर कमी की राशि जमा करें, तो शास्ति के प्रयोजन पर ध्यान नही दिया जाएगा, तथा ऐसे मामलों में जहाँ अंतर दस प्रतिशत अधिक हो तो भूमि और/भवन का स्वामी, यथास्थिति, कर देय होने की तिथि तथा अंतर की रशि जमा करने की तिथि के बीच (अंतर) के प्रत्येक माह के लिए दो प्रतिशत की दर से अधिभार के अतिरिक्त उसके द्वारा किये गये स्व निर्धारण तथा निगम के द्वारा किये गये निर्धारण के अंतर के पांच गुणे के बराबर शास्ति भुगतान करने का दायी होगा।

(3) नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 138 की (4) उपधारा (3) के अधीन पारित किये गये आदेश के विरूद्ध अपील मेयर-इन कांउसिल में होगी।

परन्तु इस उपधारा के अंतर्गत कोई भी अपील तब तक ग्रहण नही की जाएगी जब तक कि उसके साथ उपधारा (3) के अंतर्गत जारी आदेश के अनुसार मांगी गई राशि के सविरोध भुगतान करने का प्रमाण संलग्न नही किया गया हो।

उपरोक्तानुसार 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक नगर पालिक निगम, रिसाली क्षेत्र में स्थित समस्त भवन/भू-स्वामी / दखलदार पर प्रभावशील होगी।

आयुक्त
नगर पालिक निगम, रिसाली




**वेव्स ओटीटी पर 'सरपंच साहब' का प्रीमियर करेंगे सोनाली-सोनू सूद**

**मुंबई।** अभिनेता से निर्माता बने सोनू सूद, निर्माता सोनाली सूद के साथ मिलकर ओटीटी स्पेस में 'सरपंच साहब' के साथ धूम मचाने को तैयार हैं। 'सरपंच साहब' 30 अप्रैल को वेव्स ओटीटी पर शुरू होने वाला एक मजेदार राजनीतिक ड्रामा है। ग्रामीण भारत की पृष्ठभूमि पर सेट 'सरपंच साहब' सात भाग में बनी सीरीज है, जो विरासत, विद्रोह और सुधार के विषयों पर आधारित है। इसका निर्देशन शाहिद खान ने किया है, जो सह-निर्माता भी हैं। सीरीज में अभिनेता विनीत कुमार, सुनीता राजवर, पंकज झा, अनुज सिंह ढाका, युक्ति कपूर, नीरज सूद और विजय पांडे जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं।

# गर्मी में नारियल पानी 'अमृत' समान

## शुद्ध नैचुरल प्रोडक्ट शरीर के जरूरी अंगों का रखता है खास ख्याल

- **नारियल पानी में अकार्बनिक आयन और विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व**
- **एंटीऑक्सीडेंट गुण से चेहरे को साफ और चमकदार करता है नारियल पानी**



**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। गर्मी का सितम जारी है और ऐसे में लोग शरीर को हाइड्रेट करने के लिए तरह-तरह के ड्रिंक्स भी लेते हैं, लेकिन हम आपको ऐसे ड्रिंक के बारे में बताएंगे, जिसे पीने से न केवल शरीर हाइड्रेटेड रहता है बल्कि पाचन, वजन पर कंट्रोल रखने और त्वचा की रौनक बढ़ाने में भी कारगर होता है। यहां बात नारियल पानी की हो रही है, जिसकी तुलना अगर 'अमृत' से की जाए तो गलत नहीं होगा, क्योंकि जब गर्मी के तपते दिनों में प्यास और थकान सताने लगती है, तब नारियल पानी को ही पीने के लिए सबसे अच्छा पेय पदार्थ माना जाता है। नारियल पानी पेट को शीतलता प्रदान करता है और यह शुद्ध होता है। नैचुरल प्रोडक्ट जिसमें मिलावट लेशमात्र की नहीं होती। पोषक तत्वों से भरपूर होता है। प्रकृति का यह अनमोल तोहफा शरीर को तरोताजा रखने के साथ ही अनगिनत फायदे भी पहुंचाता है। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन (दिसम्बर, 2009) में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, 1940 के दशक से नारियल पानी का व्यापक अध्ययन किया गया। जिसमें दावा किया गया कि यह एक ताजा और पौष्टिक पेय है और स्वास्थ्य लाभ के कारण बड़े पैमाने पर पिया जाता है। इसका सेवन दिल का ख्याल रखता है और हार्ट अटैक से बचाता है। एक अध्ययन में पाया गया कि नारियल पानी स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद हो सकता है। इसके अलावा, नारियल पानी में अकार्बनिक आयन और विटामिन जैसे सूक्ष्म पोषक तत्व इंसानी शरीर के एंटीऑक्सीडेंट सिस्टम को सहायता प्रदान करते हैं।

नारियल पानी से शरीर तो हाइड्रेट रहता है, साथ ही यह इम्युनिटी को बूस्ट करने का भी काम करता है। इतना ही नहीं, इसका सेवन करने से वजन कम करने में भी आसानी होती है।

इसके अलावा, नारियल पानी का सेवन दिल को दुरुस्त रखने का काम करता है। साथ ही यह बीपी को नॉर्मल करता है और ब्लड वेसल्स में रक्त प्रवाह को नॉर्मल करने का काम भी करता है। इसके साथ ही शरीर में कमजोरी होने पर भी नारियल पानी का सेवन काफी फायदेमंद है, इसमें कई पोषक तत्व होने की वजह से यह तुरंत ही शरीर से जुड़ी कमजोरी को दूर करने में कारगर माना जाता है।

यही नहीं, गर्मियों के दिनों में शरीर में पानी की कमी होने पर नारियल पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसका सेवन डायबिटीज रोगियों के लिए भी फायदेमंद होता है। इसके अलावा, नारियल पानी पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने में लाभदायक माना गया है।

## 'द भूतनी' में शानदार रहा संजय दत्त के साथ काम करने का अनुभव : मौनी रॉय



**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। अभिनेत्री मौनी रॉय अपनी अपकमिंग फिल्म 'द भूतनी' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। अभिनेत्री फिल्म में अहम भूमिका में नजर आएंगी। उन्होंने बताया कि अभिनेता संजय दत्त के साथ काम करने का उनका अनुभव कैसा रहा। मौनी ने बताया कि संजय दत्त एक बेहतरीन अभिनेता हैं, उन्होंने फिल्म के सेट पर यंग एक्टर्स को बेहतरीन तरीके से गाइड किया। 'द भूतनी' में मौनी रॉय, संजय दत्त के साथ अभिनेता सनी सिंह, पलक तिवारी, बेयूनिक, आसिफ खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में मौनी रॉय के किरदार का नाम 'मोहब्बत' है, जो एक भूतनी है। संजय के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में मौनी ने कहा कि मैं संजय सर की फैन हूं। भला कौन उनका फैन नहीं है? वह बहुत अनुभवी और टैलेंटेड अभिनेता हैं, लेकिन उन्होंने एक बार भी सेट पर यह नहीं दिखाया। वह हमेशा हमें गाइड करते रहे। मैं उनके बारे में सोचती थी कि वह गंभीर होंगे, मगर वह सहज इंसान हैं। उनसे मिलकर और काम करके लगा कि वह सरल और मददगार इंसान हैं, उनके साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा। इससे पहले संजय दत्त ने अपकमिंग फिल्म 'द भूतनी' में काम करने वाले अपने युवा पीढ़ी के सह-कलाकारों पर बात की और उन्हें प्रतिभाशाली बताया। अभिनेता का मानना है कि आज के एक्टर्स के लिए चीजें आसान हो गई हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म में सभी यंग एक्टर्स बेहद प्रतिभाशाली हैं और उन्हें इसलिए चुना गया है, क्योंकि उन्होंने ऑडिशन में अच्छा प्रदर्शन दिया। आज के सितारों को यह फायदा है कि उनके पास एक तैयार की गई स्क्रिप्ट होती है और उनके संवाद उन्हें पहले ही बता दिए जाते हैं। उन्होंने आगे बताया कि हमारे पास वह सुविधा नहीं थी। आज के समय में इंडस्ट्री बहुत अलग तरीके से काम करती है। आज के एक्टर्स के पास बहुत सी सुविधाएं हैं, चाहे वह शॉट्स के बीच वैनिटी वैन में आराम करना हो या कुछ और, हम अपने समय में बहुत अलग तरीके से काम करते थे।

## केंद्र ने 100 प्रतिशत मीजल्स-रूबेला टीकाकरण कवरेज हासिल करने के लिए शुरू किया अभियान

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में खसरा और रूबेला जैसी बीमारियों को खत्म करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को 'विश्व टीकाकरण सप्ताह' की शुरुआत के मौके पर एक ऑनलाइन कार्यक्रम के ज़रिए 'राष्ट्रीय शून्य खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26' की शुरुआत की। इस अभियान का लक्ष्य है कि साल 2026 तक देश से खसरा और रूबेला बीमारी पूरी तरह खत्म कर दी जाए। सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम (यूआईपी) के तहत सभी योग्य बच्चों को खसरा और रूबेला (एमआर) बीमारी से बचाने के लिए दो टीके नि:शुल्क लगाए जाते हैं। पहला टीका बच्चों को 9 से 12 महीने की उम्र में दिया जाता है, जबकि दूसरा टीका 16 से 24 महीने की उम्र में लगाया जाता है। वर्तमान में भारत में एमआर टीकाकरण की स्थिति अच्छी है। 2024-25 के एचएमआईएस डेटा के अनुसार, पहली खुराक 93.7 प्रतिशत बच्चों को मिल चुकी है और दूसरी खुराक 92.2 प्रतिशत बच्चों को दी जा चुकी है।

स्वास्थ्य मंत्री ने खसरा-रूबेला के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए कई भाषाओं में तैयार की गई सामग्री जैसे पोस्टर, रेडियो जिंगल, एमआर उन्मूलन पर फिल्म और यू-विन प्लेटफॉर्म की आधिकारिक लॉन्च फिल्म भी जारी की। ये सभी सामग्री एमआर उन्मूलन अभियान 2025-26 के दौरान इस्तेमाल करने के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ साझा की गई है।

नड्डा ने एक कार्यक्रम में कहा कि आज का दिन बहुत खास है, क्योंकि खसरा-रूबेला उन्मूलन अभियान 2025-26 की शुरुआत हो रही है। इस अभियान का मकसद है कि हर बच्चे को खसरा और रूबेला के दोनों टीके समय पर दिए जाएं, ताकि सभी बच्चों को अच्छी सेहत और बेहतर जीवन मिल सके। इसका लक्ष्य 100 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज हासिल करना है। मंत्री ने बताया कि खसरा और रूबेला बहुत तेजी से फैलने वाली बीमारियां हैं, जो बच्चों की सेहत को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ उनके माता-पिता के लिए भी चिंता और परेशानी का कारण बनती हैं, इसलिए यह ज़रूरी है कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रह जाए।

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि जनवरी से मार्च 2025 के बीच देश के 332 जिलों में खसरे का एक भी मामला सामने नहीं आया और 487 जिलों में रूबेला का कोई केस नहीं मिला। यह दिखाता है कि खसरा और रूबेला को खत्म करने के लक्ष्य की तरफ हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। नड्डा ने कहा कि बीमारियों पर नजर रखने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) को लगातार सक्रिय रखना और इसकी निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करना बहुत जरूरी है।

## स्वास्थ्य के लिए वरदान तो स्वाद बढ़ाने में लाजवाब, धनिया के अनगिनत फायदे



**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। स्वाद को बढ़ाने और स्वास्थ्य को संवारने वाली कोमल पत्तियां रसोई में न हों तो लाख मसाले डाल लें, खाने में जादुई स्वाद नहीं आ पाता। जी हां! हम बात कर रहे हैं खुशबू देने वाले धनिया की, जो औषधीय गुणों से भरपूर है। आयुर्वेदाचार्य बताते हैं कि धनिया की पत्ती हो या बीज, उसके सेवन से अनगिनत फायदे मिलते हैं।

दही बड़ा, चटनी या कोई और व्यंजन स्वाद बढ़ाने में धनिया का अहम रोल है। आयुर्वेदाचार्य और पंजाब स्थित 'बाबे के आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल' के डॉ. प्रमोद आनंद तिवारी ने बताया कि धनिया में औषधीय गुण होते हैं, जो कई तरह से सेहत को लाभ पहुंचाते हैं। इसके सेवन से माइग्रेन, सिरदर्द, अत्यधिक प्यास, थायराइड, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल, फैटी लीवर, अपच के साथ ही हार्मोनल असंतुलन जैसी समस्याओं में भी राहत मिलती है। आयुर्वेदाचार्य ने बताया कि धनिया शरीर के भीतरी अंगों की सफाई करता है यानी यह डिटॉक्स के रूप में काम करता है। धनिया के सेवन से कई रोगों का शमन होता है। इसके सेवन से वात, पित्त और कफ दोष भी खत्म होते हैं और रोगी को राहत मिलती है।

उन्होंने बताया कि धनिया के सेवन से मधुमेह और पाचन संबंधी समस्याओं में राहत मिलती है। धनिया की चाय भी बनाकर पी सकते हैं। इसमें सौंफ और भूना जीरा डालकर पकाने और उसके सेवन से यह आराम देता है। थायराइड में भी धनिया का सेवन लाभकारी होता है। इसके लिए पिसा हुआ धनिया एक गिलास पानी में रात भर के लिए भिगोकर रख दें और सुबह इसे तब तक उबालें, जब तक यह आधा न हो जाए। इसके बाद छानकर पी लें।

आयुर्वेदाचार्य ने यह भी बताया कि धनिया पाचन तंत्र के लिए लाभकारी है और उसे भला चंगा रखता है। अपच, एसिडिटी, जलन और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत पाने के लिए धनिया को पीसकर पानी में मिला लें और रात भर के लिए रख दें। अगली सुबह इसे छानकर थोड़ी सी मिश्री मिला लें और खाली पेट इसका सेवन करें।

## पाकिस्तानी पत्रकार के बयान पर भड़कीं भाग्यश्री, बताया 'ब्रेनलेस इडियट'



**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर आम जन के साथ ही एक्टर्स का गुस्सा भी हाई है। सोशल मीडिया पर सेलेब्स के रिएक्शंस सामने आ रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के बचाव में उतरे वहां के एक पत्रकार के बयान पर अभिनेत्री भाग्यश्री क्रोधित नजर आईं। उन्होंने शेयर किए गए पोस्ट में शख्स को 'ब्रेनलेस इडियट' तक कह दिया।

इंस्टाग्राम के स्टोरीज सेक्शन पर पाकिस्तानी पत्रकार के पोस्ट के स्क्रीनशॉट को शेयर करते हुए भाग्यश्री ने लिखा कि यह ब्रेनलेस इडियट (मूर्ख) कौन है और इसकी हिम्मत कैसे हुई? अभिनेत्री ने आगे लिखा कि कश्मीर के इतिहास में लंबे समय के बाद खुशहाली आ रही थी, स्थानीय लोग वास्तव में खुश थे कि वे शांति से रह रहे और पैसा कमा रहे थे, लोग बिना किसी डर के बाहर निकल रहे थे और वे दूसरी जगहों पर रहने वाले भारतीयों की तरह सुरक्षित महसूस कर रहे थे। उन्हें फिर से यह महसूस कराने की जरूरत है। उन्हें खत्म कर दो, जिन्होंने वहां की शांति को भंग करने की कोशिश की। वहीं, शेयर की गई तस्वीर की स्क्रीनशॉट में लिखा है, 'पहलगाम हमला उत्तरों से अधिक प्रश्न उठाता है। पाकिस्तान को इस तरह की हरकत से सैन्य, क्षेत्रीय, कूटनीतिक या रणनीतिक रूप से कुछ भी हासिल नहीं होने वाला है। वहां पर पीड़ित निहत्थे नागरिक थे, सैनिक नहीं थे, जिससे किसी भी सामरिक लाभ की संभावना समाप्त हो जाती है। इसके बजाय यह घटना सीधे तौर पर पाकिस्तान के खिलाफ भारत के लंबे समय से चले आ रहे कथन का समर्थन करती है और आतंकवाद के नाम पर कश्मीर में दमन को बढ़ाने के लिए दिल्ली को नया औचित्य प्रदान करती है।'

## नोएडा में 57 साल की महिला की गई रोबोटिक सर्जरी

**योनी प्रोलैप्स से थी पीड़ित, 2 घंटे तक चली सर्जरी, पेट में किए गए चार छेद**



**नोएडा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। फोर्टिस हॉस्पीटल नोएडा ने गंभीर योनि प्रोलैप्स से पीड़ित 57 साल की महिला की रोबोटिक सर्जरी की गई। मरीज पिछले करीब 20 सालों से योनि प्रोलैप्स से ग्रस्त थीं। उन्हें गर्भाशय हटाने (यूटरल रिमूवल सर्जरी) के बाद यह शिकायत हुई थी। वैजाइनल प्रोलैप्स में योनि का ऊपरी हिस्सा (जिसे वैजाइनल वॉल्ट कहते हैं) लटकने लगता है और नीचे की ओर गिरकर वैजाइनल कैनाल तक पहुंच जाता है। यह कंडीशन पेल्विक फ्लोर की मांसपेशियों, टिश्यूज़ और लिगामेंट्स में कमजोरी की वजह से पैदा होती है।

### दो घंटे तक चली सर्जरी

इस जटिल प्रक्रिया को रोबोट-असिस्टेड सर्जरी की मदद से डॉ. शैलेन्द्र गोयल, डायरेक्टर, यूरो-गाइनीकोलॉजी एंड रोबोटिक सर्जरी ने सफलतापूर्वक पूरा किया। यह सर्जरी करीब दो घंटे चली। दो ही दिन बाद मरीज को स्थिर अवस्था में अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई। अस्पताल में भर्ती के समय, मरीज काफी तकलीफ में थी। उनकी प्रोलैप्स्ड (फैली हुई या आगे की ओर निकली हुई) योनि में से रक्त-मिश्रित मवाद जैसा निकल रहा था। उन्हें इस प्रोलैप्स्ड योनि की वजह से पेशाब करने और चलने-फिरने में भी काफी परेशानी हो रही थी।


### जांच में मल्टीपल बीमारी का पता चला

मरीज की एमआरआई जांच से स्टेज 4 वैजाइनल वॉल्ट प्रोलैप्स का पता चला और साथ ही योनि के जरिए मूत्राशय, छोटी आंत व मलाशय (रेक्टम) में हर्निया का भी पता चला। उनकी कंडीशन को देखते हुए, डॉक्टरों की टीम ने रोबोट की मदद से सैक्रो-कोलपोपेक्सी सर्जरी करने का फैसला किया, इस मिनीमॅली इन्वेसिव वैजाइनल लिफ्ट सर्जरी में एक खास किस्म के मेडिकल नेट (सर्जिकल मैश) की मदद से वैजाइनल वॉल्ट को सैकरम (रीढ़ की हड्डी का निचला सिरा) से जोड़ा जाता है।

### पेट में किए गए चार छेद

इस सर्जरी के लिए पेट में चार मामूली आकार के छेद किए गए और मरीज की नाजुक हालत के बावजूद इस प्रक्रिया को सफलतापूर्वक पूरा किया गया। मरीज को अन्य कई परेशानियां भी थीं जिसमें प्रोलैप्स्ड वैजाइनल टिश्यू और छोटी आंत, मूत्राशय, मलाशय के जोड़ों पर अल्सर (घाव) के अलावा सीओपीडी तथा अस्थमा की वजह से भी जटिलताएं बढ़ गई थी। डॉ शैलेन्द्र गोयल ने बताया कि वैजाइनल प्रोलैप्स ऐसी कंडीशन है जो प्रौढ़ एवं बुजुर्ग महिलाओं को, खासतौर से गर्भाशय हटने के बाद प्रभावित करती है। यह आमतौर पर पेल्विक फ्लोर मांसपेशियों की कमजोरी की वजह से पैदा होने वाली समस्या है।

## सिंधु जल संधि को पूरी तरह से तोड़ पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने में बरसों लगेंगे




- **1960 से जारी सिंधु जल संधि को फिलहाल 'स्थगित' करने की घोषणा**

**जम्मू,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कल देर रात सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान के साथ पानी के बंटवारे को लेकर 1960 से जारी सिंधु जल संधि को फिलहाल 'स्थगित' करने की घोषणा से भारतीय जनता में खुशी का माहौल तो है पर इस घोषणा के प्रति एक कड़वी सच्चाई यह है कि पाकिस्तान जा रहे अपने हिस्से के पानी को रोकने में बरसों लगेगें। ऐसे में अगर सिंधु जलसंधि तोड़ भी जाती है तो जम्मू कश्मीर के दरियाओं के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकना खाला जी का घर नहीं होगा। इसे इस तरह समझें कि इस संधिके तहत 30 परसेंट पानी भारत को, और 70 परसेंट पाकिस्तान को दिए जाने की व्यवस्था थी। यह बाई लैटरल ट्रीटी नहीं है। अंतरास्ट्रीय पंचाट द्वारा गणना के तहत की गई ट्रीटी थी। यूं समझिए कि नदी के वाटरशेड इलाके का 30 परसेंट हमारे देश मे है और 70 परसेंट अन्य देश मे, इस आधार पर जल बंटवारा हुआ है।

वास्तविकता यह है कि भारत अपने हिस्से का 5-6 परसेंट ही इस्तेमाल कर पाता है। अपने ही हिस्से का पूरा इस्तेमाल करने को जितने डैम बनाने होंगे, उनका इन्वेस्टमेंट ही अरबों करोड़ का होगा और उन्हें बनाने में बरसों लगेंगें।

हालांकि यह पहली बार है कि हाल ही में पहलगांव आतंकी हमले के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को स्थगित करने का ऐतिहासिक फैसला लिया है। पाकिस्तान के साथ तीन युद्धों के दौरान भी यह संधि अछूती रही थी। इस संधि के तहत सिंधु, झेलम और चिनाब नदियों का पानी पाकिस्तान को आवंटित था, जो उसकी 80 परसेंट सिंचाई और जल आपूर्ति का आधार है। यह सच है कि इस निलंबन से पाकिस्तान को गंभीर नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। यह उसी स्थिति में होगा अगर भारत पूरे मन से पाकिस्तान जाने वाले पानी कोरोकने में कामयाब होता है तो।

अगर इस संधि को पूरी तरह से खत्म कर दिया जाए तो पाकिस्तान में सबसे बड़ा प्रभाव कृषि क्षेत्र पर होगा। पाकिस्तान की 47 मिलियन एकड़ कृषि भूमि इन नदियों पर निर्भर है। पानी की कमी से गेहूं, चावल, गन्ना और कपास की फसलों की पैदावार घटेगी, जिससे खाद्य सुरक्षा खतरे में पड़ सकती है। इससे खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ेंगी और आयात पर निर्भरता बढ़ेगी, जो पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार को और कमजोर करेगा।

आर्थिक रूप से, कृषि क्षेत्र, जो पाकिस्तान के जीडीपी का 25 परसेंट हिस्सा है, प्रभावित होगा। कपड़ा और खाद्य प्रसंस्करण जैसे उद्योग भी ठप हो सकते हैं। जलविद्युत उत्पादन में कमी से बिजली संकट गहराएगा। इसके अलावा, पंजाब और सिंध में पेयजल की कमी से सामाजिक अस्थिरता बढ़ सकती है। यही कारण है कि पाकिस्तान ने विश्व बैंक में अपील की मांग की है, लेकिन भारत का यह कदम पड़ोसी देश को आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर कर सकता है। दरअसल इस जल संधि में विश्व बैंक गारंटर के तौर पर शामिल है। वैसे पुलवामा हमले के उपरांत पंजाब में बहने वाली तीन दरियाओं के पानी को पाकिस्तान जाने से रोकने का फैसला भारत सरकार ने लिया था। और इस फैसले ने उस नाकामी को दर्शाया था कि इतने सालों से वह उस पानी को रोक हीं नहीं सकी जो उसके हिस्से का था। फिर पुलवामा हमले के बाद इस दिशा में जो घोषणा की गई थी वे कोई नई नहीं थी क्योंकि शाहपुर कंडी बांध और उझ बांध की मंजूरी पुलवामा हमले के एक साल पहले ही दी जा चुकी है। सच्चाई तो यह है कि कश्मीर की हालत यह है कि वह पानी पाने तथा उसके इस्तेमाल के लिए लड़ाई भी नहीं कर सकता क्योंकि उसका सही झगड़ा तो पाकिस्तान के साथ है जिस कारण न ही वह खेतों की सिंचाई के लिए पानी रोक सकता है और न ही अतिरिक्त बिजली घरों की स्थापना कर सकता है।

## कश्मीर में पर्यटकों का आना जारी क्योंकि अभी भी वे इसे मानते हैं जन्नत

### पहलगाम हमले के बाद दो दिनों में गुलमर्ग में 10 हजार से ज्यादा ने की गंडोला की सवारी

**जम्मू,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। माना कि पहलगांव में हुए दुखद हमले ने भले ही पूरे देश को झकझोर कर रख दिया हो, लेकिन कश्मीर के पर्यटन क्षेत्र ने उल्लेखनीय लचीलापन दिखाया है, जिसमें हजारों पर्यटक कश्मीर के प्रसिद्ध टूरिस्ट स्पाट को देखने के लिए आते रहे हैं। सोनमर्ग से लेकर दूधपथरी और गुलमर्ग की बर्फ से ढकी ढलानों तक, पर्यटकों की आवाजाही मजबूत बनी हुई है, जो बड़े पैमाने पर पलायन की चिंताओं को झुठला रही हैं।

पर्यटन निदेशक राजा याकूब ने पत्रकारों को बताया कि जमीनी हकीकत कुछ मीडिया रिपोर्ट के बिल्कुल उलट है, जिसमें बड़े पैमाने पर पलायन का सुझाव दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास अभी श्रीनगर में 1,300 से ज्यादा पर्यटक हैं। कल, गुलमर्ग में 5,000 से ज्यादा लोगों ने गंडोला की सवारी की। आज, 4,683 पर्यटकों ने सवारी के लिए टिकट बुक किए। इससे पता चलता है कि कश्मीर के पर्यटन सर्किट में लोगों का भरोसा बरकरार है।

टूर आपरेटरों ने भी पुष्टि की है कि हमले के बाद बुकिंग स्थिर रही है। एक प्रमुख पर्यटन हितधारक ने कहा कि कैब अभी भी पर्यटकों को लोकप्रिय स्थलों पर ले जा रही हैं। पर्यटक हमेशा की तरह सोनमर्ग, दूधपथरी और गुलमर्ग जा रहे हैं। वे कहते थे कि बड़े पैमाने पर पर्यटकों द्वारा विमान के रास्ते घरों की वापसी की बात को बढ़ा चढ़ा कर पेश किया जा रहा है। उनका कहना था कि एयरपोर्ट पर दिखने वाली भीड़ राजमार्ग के बंद होने के कारण थी।

हालांकि, सबसे खास बात यह है कि स्थानीय लोगों ने टूरिस्टों को आश्वस्त करने के लिए बहुत ज्यादा समर्थन दिखाया है। त्रासदी के सामने, कश्मीरियों ने पर्यटकों को अतिरिक्त देखभाल के साथ गले लगाया है, जिससे उन्हें सुरक्षा और एकजुटता का एहसास हुआ है। सोनमर्ग में बर्फ का आनंद ले रही पुणे की एक पर्यटक प्रेरणा राजपूत ने कहा कि मैंने कभी किसी पर्यटन स्थल पर इतना ख्याल रखना नहीं देखा। स्थानीय लोग लगातार यह देखते रहते हैं कि हम ठीक हैं या नहीं, हमें किसी चीज की जरूरत तो नहीं है। यह वाकई बहुत अच्छा है। घटना के बाद गुलमर्ग में रुके राहुल शर्मा ने भी इसी तरह की राय दोहराई। वे कहते थे कि हां, पहलगांव हमले ने सभी को चौंका दिया, लेकिन यहां के लोगों ने जिस तरह से हमारा ख्याल रखा, उससे बहुत फर्क पड़ा। हमें कभी भी असुरक्षित महसूस नहीं हुआ। कई अन्य पर्यटकों ने स्थानीय दुकानदारों, होटल मालिकों और गाइडों द्वारा उन्हें आराम और आश्वासन प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास करने की कहानियां साझा कीं। श्रीनगर में छुट्टियां मना रहे करण मेहता ने कहा कि हमें होटल के कर्मचारियों से सिर्फ हमारा हालचाल जानने के लिए काल आए। इससे आपको कश्मीर की भावना के बारे में सब कुछ पता चल जाता है। अधिकारियों का मानना है कि जिस तरह से स्थानीय लोग संकट के समय अपने मेहमानों के पीछे मजबूती से खड़े रहे, उसने बाकी दुनिया को एक शक्तिशाली संदेश दिया है। पर्यटन विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि यहां पर्यटक सिर्फ सुरक्षित ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें गले भी लगाया जा रहा है। यही कश्मीर की पहचान है।

देशबन्धु

रायपुर, शुक्रवार 25 अप्रैल 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## पहलगाम त्रासदी को भुनाने की कवायद शुरू

27 लोगों की जान लेने वाले जम्मू-कश्मीर के पहलगाम आतंकी हमले को अभी 48 घंटे भी नहीं हुए हैं लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसका लाभ लेने की कवायद प्रारम्भ कर दी। बिहार के मधुबनी के झंझारपुर की लोहना पंचायत में 'पंचायती राज दिवस' पर आयोजित आम सभा को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आतंकियों को यह कहकर 'मिट्टी में मिलाने' की धमकी दी कि 'उन्होंने सिर्फ निहत्थे पर्यटकों पर नहीं वरन भारत पर हमला किया है।' इस राज्य में इसी साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं इसलिये मोदी की इस सभा को चुनावी प्रचार का आगाज़ भी माना जा रहा है। मोदी ने इस सभा से बिहार की 13,480 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

बेशक यह सभा विकास कार्यों के शिलान्यास-उद्घाटन के लिये आयोजित की गयी थी परन्तु पहलगाम हादसे के बाद भी इसे रद्द न करने से बात साफ हो गयी थी कि इसका लाभ लेने की कोशिश होगी। सऊदी अरब का दौरा बीच में छोड़कर लौटे प्रधानमंत्री मोदी ने दिल्ली हवाईअड्डे पर ही बैठक की और पाकिस्तान के खिलाफ़ कई फैसले लिये लेकिन इसे लेकर न तो कोई अधिकृत बयान दिया, न कोई जनता को संदेश। सत्ता समर्थक मीडिया तथा सोशल मीडिया में बुधवार से ही यह बात घूमने लगी थी कि 'प्रधानमंत्री पाकिस्तान को कड़ा संदेश बिहार की धरती से देंगे।' यह सचमुच आश्चर्यजनक था कि अंतरराष्ट्रीय महत्व की इस बड़ी घटना के बारे में कुछ कहने के लिये उन्होंने देश की राजधानी दिल्ली को नहीं चुना, न ही संसद में या सर्वदलीय बैठक में चेतावनी देनी पसंद की। रेडियो-टीवी पर वे देशवासियों को सम्बोधित कर सकते थे। साफ है कि वे इसका लाभ लेने की पहले से ठान चुके थे।

इन अनुमानों को मोदी ने गलत साबित नहीं होने दिया। सभा में उन्होंने आतंकियों के हाथों मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिये सभी से दो मिनट का मौन धारण कराया तथा उनके परिजनों को यह कहकर सांत्वना दी कि 'देश उनके साथ है।' फिर इस घटना का ज़िक्र करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी कि 'उनकी बची-खुची जमीन भी खत्म कर दी जायेगी।' उन्होंने ऐलान किया कि 'अब उन्हें मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। जिन आतंकियों ने देश की आत्मा को चोट पहुंचाई है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।'

देश भर से इस घटना को लेकर समर्थन मांगने की कोशिश में मोदी ने इस बात को रेखांकित किया कि 'हमले में किसी ने बेटा खोया, तो किसी ने भाई। किसी ने अपना जीवन साथी खोया है। उनमें कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़ बोलता था, कोई मराठी था, कोई ओड़िया था, कोई गुजराती था तो कोई यहां बिहार का लाल था।' भावुकता की रौ में बहे मोदी दुख और गुस्सा दोनों का इज़हार करते नज़र आये। उन्होंने कहा कि 'पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे करोड़ों देशवासी दुखी हैं। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ है। सरकार इसके भी प्रयास कर रही है कि जिन घायलों का इलाज जारी है वे जल्द स्वस्थ हों।' प्रधानमंत्री ने दावा किया कि 'पर्यटकों को मारने वाले आतंकियों को 'उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा' दी जाएगी।' उन्होंने कहा-'मैं बिहार की धरती से पूरी दुनिया को कहना चाहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। इस तरह के हमले से आतंकी देश के मनोबल को नहीं तोड़ सकेंगे। आतंकी हमले के बाद अब न्याय दिलाने के लिए भारत सब कुछ करेगा। जो लोग मानवता में विश्वास करते हैं वे हमारे साथ हैं।'

मोदी ने आतंकी घटना के लिये सीधे-सीधे पाकिस्तान का नाम तो नहीं लिया लेकिन यह ज़रूर कहा कि '140 करोड़ भारतीयों की इच्छा शक्ति 'आतंक के आकाओं' की कमर तोड़ देगी।' फिर भी, उनकी रैली में 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए गए जो इस बात का इशारा है कि हमलावरों का मददगार कौन है; या कम से कम किसे समझा जा रहा है। यह समझ से परे हैं कि आखिर पाकिस्तान का नाम लेने में दिक्कत क्या है जबकि वे सिंधु जल बंटवारा संधि तोड़ चुके हैं, पाक उच्चायुक्त के कुछ लोगों को वापस जाने के लिये कह चुके हैं, पाकिस्तान से अपने कुछ अधिकारियों को बुला रहे हैं तथा देश में रहने वाले पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में लौट जाने का हुक्म दे चुके हैं।

मधुबनी की सभा से यह संकेत निकला है कि भारतीय जनता पार्टी को बिहार चुनाव के लिये एक मुद्दा मिल गया है। यदि वह विकास की बात करेगी तो श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ले जायेंगे। वैसे यह मुद्दा इसके बाद होने वाले पश्चिम बंगाल चुनाव के लिये कारगर होगा या नहीं, कहना मुश्किल है क्योंकि तब तक यह पुराना पड़ चुका रहेगा तथा वहां के मतदाता इससे शायद ही प्रभावित हों। बिहार में इसका असर पड़ा तो खतरा भाजपा के सहयोगी दल तथा नीतीश बाबू की पार्टी जनता दल यूनाइटेड को होगा। वहां भाजपा अगली बार अपना मुख्यमंत्री देखना चाहती है। राज्य इकाई कह चुकी है कि 'ऐसा होने पर ही अटल बिहारी वाजपेयी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।' नीतीश के कथित सुशासन के मुकाबले भाजपा इस मुद्दे को आगे बढ़ाती है तो वह कोशिश करेगी कि जेडीयू से ज्यादा सीटें या बेहतर स्ट्राइक रेट लाकर सीएम पद पर दावा करे। हालांकि सीट बंटवारे पर भी काफी कुछ निर्भर करेगा। फिर, इस मसले को छह माह तक जीवित रखना आसान नहीं रहेगा।

# रो रही है झेलम कश्मीरियत के क़त्ल पर

हां, झेलम मंगलवार की रात से ही रो रही है कश्मीरियत के क़त्ल पर क्योंकि यही वह नदी है जो कश्मीर की जीवन रेखा है; और गवाह है धरती के इस ख़ूबसूरत हिस्से की भोगी हुई पीड़ाओं की। इसने जाना है कि 'धरती का स्वर्ग' कहलाने के बाद आततायी किस तरह पहले लालची नज़रों से देखते हैं और फिर खूनी वार करते हैं। इसने देखा है कि शातिरों ने इसके अपने बच्चों के हाथों में कैसे बंदूकें थमा दीं, लेकिन अब इसने चाहा है कि इस बेहद सुन्दर जगह को जिन बुरी नज़रों ने घेर रखा है उनकी शिनाख्त ज़रूरी है। झेलम का ज़ार-ज़ार रोना जारी है क्योंकि जिन मासूम बेगुनाहों का खून उसने देखा है, वह उसे भीतर से सुखा दे रहा है। वह नई नवेली दुल्हन जो अपने पति के शव के पास बिलख रही है, झेलम उसके दु:ख को झेल पाने में नाकाम है। इसे कश्मीरी अवाम ने भी उसी तरह महसूस किया है और यही वजह है कि ग़मज़दा होकर वह सड़कों पर हैं, मशालें लेकर विरोध-प्रदर्शन कर रही है। अपने शहर बंद कर रही है। जम्मू से श्रीनगर तक यही भावना है, जैसे अभी चुप रहेंगे तो आगे और बड़े गुनाहों के भागी होंगे। वह गुहार लगा रही है 'बंद करो, बंद करो यह खूनी हिंसा बंद करो !ज्वह शर्मिंदा भी है कि अपने मेहमानों को नहीं बचा सकी। वे लगातार बोल रहे हैं, लिख रहे हैं कि हम शर्मिंदा हैं और इस कुकृत्य पर हमारा सर शर्म से झुका हुआ है। हिंदी पट्टी का सोशल मीडिया अगर बहस कर रहा है कि धर्म पूछ कर मारा या सरकार के इंटेलिजेंस की नाकामी है या बिना फ़ोर्स के उस जगह तक पर्यटकों को जाने की अनुमति क्यों थी, तो कश्मीर के लोग लिख रहे हैं कि कोई भी कहानी ऐसे अंत के लिए नहीं बनी है। यह तस्वीर हमेशा-हमेशा के लिए कश्मीर को दर्द देती रहेगी।

आतंकियों ने धर्म पूछा फिर मारा यह बात हरेक के दिल में घर कर गई है। जो केवल यही सच है तो फिर अनंतनाग के सय्यद हुसैन शाह को किसने मारा? मृतकों में उनका नाम क्यों है? वह घायलों को बचाते हुए कुर्बान हुआ। लेखक आशुतोष कुमार लिखते हैं कि अगर आप इतना ही याद रखेंगे और यह भूल जाएंगे कि हमले के दौरान और उसके ठीक बाद घायलों को अपने कंधों पर या घोड़ों से अस्पताल पहुंचाने वालों ने न धर्म पूछा न जाति, तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं। अस्पतालों में डाक्टरों और नर्सों ने बहुत कम सुविधाओं के साथ अपनी भूख, प्यास और नींद सब भूलकर घायलों का इलाज किया, जिससे मृतक संख्या को नियंत्रित किया जा सका। अगर आप इसे भूल जाएंगे तो आतंकवादियों की ही मदद कर रहे होंगे। बहुत देर तक कोई सरकारी सहायता नहीं पहुंच पाई थी, कोई वाहन नहीं थे, तब स्थानीय लोग घरों से बाहर निकले और अपनी जान की बाजी लगाकर उन लोगों को रेस्क्यू किया जो हमले की ज़द में थे। अगर आप यह भी भूल जाएंगे तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं। सारा का सारा जम्मू-कश्मीर इस जघन्य हत्याकांड के विरोध में उठ खड़ा हुआ है। बिना किसी भय और हिचक के उन्हें संदेश दिया कि कश्मीर का बच्चा-बच्चा उनके खिलाफ़ तनकर खड़ा है। अगर आप यह भूल जाएंगे और केवल हिंदू-मुस्लिम नफ़रती पोस्टर बनाने वालों को याद रखेंगे तो आप आतंकवादियों की ही मदद कर रहे हैं।

पोस्टर की बात करें तो छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी का ही एक पोस्टर सोशल मीडिया में खूब प्रचार पा रहा है। पोस्टर में पत्नी का पति के शव के साथ स्केच है और उस पर लिखा है - 'धर्म पूछा जाति नहीं... याद रखेंगे।' इसे क्या कहा जाए कि पार्टी बेहतर महसूस कर रही है कि जाति नहीं पूछी क्योंकि वे खुद धर्म की सियासत करते हैं और उनके विरोधी जाति की। आपदा में अवसर शायद इसे ही कहा जाता है कि भीषण दु:ख और अपरिहार्य परिस्थिति में भी दलों से सियासत नहीं भूली जाती। किसी को भी यह समझने में क्यों भूल करनी चाहिए कि आतंक का कोई धर्म नहीं होता। वे अपने हिंसक आक़ाओं की हसरतों के मोहरे भर होते हैं। अगर जो होता तो श्रीलंका में लिट्टे यानी लिबरेशन टायगर्स ऑफ़ तमिल ईलम नहीं होता जिसने भारत के एक युवा प्रधानमंत्री (राजीव गांधी) की जान ली थी। धर्म देखकर फ्रिज खोलकर मीट चेक करने के बाद हत्या को अंजाम तो कुछ और भी लोगों ने दिया है। बेहतर है कि पहलगाम में 27 निर्दोषों की हत्या को इस तंग नैरेटिव के बीच न सीमित कर दिया जाए। सरकार को इस घटना से ऐसा सबक लेना चाहिए कि कश्मीर में फिर कभी ऐसी विभीषिका न हो। सरकार ने ही संसद में अपनी बात कहकर लोगों को यकीन दिलाया था कि कश्मीर में सब कुछ सामान्य है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा था कि- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह सरकार चुप बैठने वाली नहीं है, घर में घुसकर मारती है। अब जो हुआ है, यह उन सैलानियों के यकीन का क़त्ल है। उन्हें भरोसा दिलाया गया था कि आप यहां आएं, आप सुरक्षित हैं। नतीजतन 2023 में दो करोड़ दस लाख से ज़्यादा सैलानी यहां आए जो साल 2020 में 35 लाख से भी कम थे। अभी तो सीजन शुरू ही हुआ था और अगले तीन महीनों तक यह सिलसिला जारी रहना था लेकिन पहलगाम की घटना ने कश्मीर को फिर पीछे पंहुचा दिया है।



वर्षा भम्भाणी मिर्जा

श्रीनगर में जहां कदम-कदम पर फौजी नंगी स्टैनगनों के साथ मुस्तैद नज़र आए थे, वैसा पहलगाम में नहीं दिखा था। पहलगाम यानी चरवाहों का गांव और वाकई लिद्दर नदी के हमराह यहां सिर्फ घोड़े ही घोड़े नज़र आते हैं। ऊपर के गांवों से नीचे आते हुए घोड़े और फिर इन्हीं रास्तों से लौटते हुए, मानों पहाड़ों के साथ सड़कों पर भी इन्हीं का राज हो। वहां के गुर्जर चरवाहों की यही रोज़ी है।

इसी यकीन के भरोसे सपरिवार पिछले बरस आठ दिन कश्मीर में और दो दिन पहलगाम में बिताए थे। सब खुश थे। घोड़े वाले, टैक्सी वाले, होटल वाले, कॉफ़ी शॉप वाले कि घाटी में बहार आई है और सैलानी लगातार आ रहे हैं। ऑटो और शिकारा चलाने वाले भी बेहद खुश थे कि इस बार टूरिस्टों की संख्या ने उनके घर, दुकान, गाड़ियों के लोन अदा करवा दिए। खूब तो ऊनी कपड़े पसंद किये गए, खूब मखमली केसर और अखरोट सैलानी अपने घर ले गए। उनका बस चलता तो घाटी का बेमिसाल मौसम भी साथ ले आते। वह आता भी है तस्वीरों में कैद होकर, लेकिन पहलगाम के इन पर्यटकों के साथ ऐसा नहीं हुआ।

श्रीनगर में जहां कदम-कदम पर फौजी नंगी स्टैनगनों के साथ मुस्तैद नज़र आए थे, वैसा पहलगाम में नहीं दिखा था। पहलगाम यानी चरवाहों का गांव और वाकई लिद्दर नदी के हमराह यहां सिर्फ घोड़े ही घोड़े नज़र आते हैं। ऊपर के गांवों से नीचे आते हुए घोड़े और फिर इन्हीं रास्तों से लौटते हुए, मानों पहाड़ों के साथ सड़कों पर भी इन्हीं का राज हो। वहां के गुर्जर चरवाहों की यही रोज़ी है। सर्दियों में वे अपने बनाए गर्म कपड़ों को लेकर भारत के मैदानों में आ जाते हैं। टूरिस्ट पहलगाम से टैक्सी लेकर आस-पास के स्थानों पर दिन भर में घूमकर पहलगाम लौट आते हैं। आरु वैली, बेताब वैली, चन्दन बाड़ी (जो अमरनाथ यात्रा का बेस पॉइंट है), बैसरन घाटी जैसे कई पिकनिक स्पॉट्स तक सैलानी जाते हैं।

इस यात्रा ने जिस बात ने अभिभूत किया वह थी कश्मीरियों की मेज़बानी। वे सैलानी को बहुत सम्मान देते हैं। ग़लती से आप किसी ऐसी जगह पहुंच जाते हैं जो टूरिस्ट के लिए नहीं, तब भी वे आपकी आवाभगत करते हैं। पहलगाम के आतंक ने उन्हें भीतर तक हिला दिया है। वे सड़कों पर निकल पड़े हैं। उनका विरोध और भारत सरकार के पाकिस्तान को मज़बूत जवाब देने की नीयत, दोनों का एक साथ आना कश्मीर के हालात को बदल सकता है। फ़िलहाल जवाब तो इस बात के भी ढूंढने होंगे कि इन सैलानियों की सुरक्षा के लिए क्यों कोई जवाबी कार्रवाई नहीं देखी गई? सुरक्षा बल वहां क्यों नहीं थे? यह चूक क्यों थी? बैसरन घाटी का हमला पुलवामा के बाद सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है। इतना बड़ा इंटेलिजेंस फेलियर कैसे हुआ? जो कोई इनपुट मिले थे तो सुरक्षा क्यों नहीं बरती गई और जो नहीं मिले तो यह कैसे संभव हुआ?

मुख्यधारा का मीडिया और हिंदी के ज़्यादातर अख़बार धर्म के नैरेटिव को सेट करने में लगे हैं? ज़िम्मेदार देश को यूं बांटने और अस्थिर करने की साज़िश पर क्यों मौन हैं? कश्मीर के अख़बारों ने काली जगह छोड़कर विरोध जताया है। कश्मीर टाइम्स ने अपनी एक स्टोरी में बताया है कि पहलगाम की किशोरी रूबीना, जो वहां पर्यटकों को नन्हें ख़रगोश बेचती है, उसने अपने छोटे से घर को सैलानियों के लिए सुरक्षित आवास में बदल दिया। वह और उसकी बहन मुमताज़ तीन बार पार्क में गए और घायलों को सुरक्षित नीचे अपने घर ले लाए। आज रूबीना है और सोलहवीं सदी में शायरा हब्बा ख़ातून थीं जिनका संदेश केवल मोहब्बत रहा है। दोनों ने हर बार, हर हाल में कश्मीरियत को ज़िंदा रखा। हब्बा ख़ातून (जूनी) जिनके प्रेम में पगे लोकगीत आज भी गाए जाते हैं। यह शायरी जैसे उन्होंने अपने साथ उन जोड़ों के लिए भी लिखी थी जो इस दुर्दांत आतंकी घटना में बिछड़ गए। उनकी इस रचना 'तुम बिन' का अनुवाद सुरेश सलिल ने किया है-

अनुपम छवि वाले,ओ मेरे प्यारे,  
ललक रहे हैं  
मेंहदी-रचे मेरे हाथ  
तुम्हें सहलाने को,  
तड़प रही हूं  
तुम्हारी रतनारी झलक  
एक पाने को!  
आओ, बुझाओ प्यारे, मेरी अबूझ प्यास  
कैसे कटें तुम बिन ये बंजर दिवस-मास!

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# नरेंद्र मोदी के सामने पाकिस्तान की आईएसआई से निपटने का यक्ष प्रश्न

■ सुशील कुट्टी

पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से प्रेरित 'मुस्लिम आतंकवादियों' द्वारा कश्मीर के दर्शनीय 'पहलगाम' में 'पर्यटक' हिंदू भारतीय पुरुषों की गोली मारकर हत्या करने के एक दिन बाद बुधवार को पाकिस्तान ने भारत में हुई त्रासदी के लिए सहानुभूति जताते हुए 'पर्यटकों की जान जाने पर चिंता' व्यक्त की, एक पाकिस्तानी अखबार ने रिपोर्ट की।

जनरल असीम मुनीर की संक्षिप्त जीवनी में कहा गया है कि वे 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' के पक्षधर हैं। 10 दिन पहले ही जनरल मुनीर ने 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' और हिंदू-मुस्लिम अलगाव की बात की थी और 22 अप्रैल को पहलगाम की घटना हुई। मुनीर को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से परेशानी है। इसके अलावा, अमेरिकी मीडिया में कुछ समय पहले आयी खबरों में बताया गया था कि पाक कॉकस से जुड़े कुछ कांग्रेसियों ने मुनीर को संवेदनशील पद से हटाने की मांग की थी। कई विशेषज्ञों का कहना है कि क्या पहलगाम में हत्याएं उनकी सत्ता के दावे का हिस्सा थी?

आतंकवादियों ने 26 हिंदू पुरुषों को उनकी स्तब्ध पत्नियों के सामने पैंट नीचे करने का आदेश देने के बाद गोली मारने से पहले हिंदू चमड़ी की जांच की। इसे पुष्टि, तथ्य-जांच कहते हैं!

पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक 'अभिन्न अंग' है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें 'दो-राष्ट्रसिद्धांत' गहराई से समाया हुआ है। पाकिस्तानी अखबार ने पहलगाम को 'पर्यटक आकर्षण का केंद्र' और '2000 के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला' कहा। मारे गये लोगों में एक भारतीय नौसेना अधिकारी और भारतीय सेना का एक अरुणाचली सैनिक शामिल था।

पाकिस्तानी अखबार ने पीड़ितों को 'भारत-अधिकृत कश्मीर में लोकप्रिय गंतव्य के आगंतुक' कहा। अखबार,अनेक अन्य पाकिस्तारनियों की तरह मानता है कि मुस्लिम बहुल जम्मू और कश्मीर एक नासूर 'विवाद' है जबकि भारत कश्मीर को 'अभिन्न अंग' कहता है।

पाकिस्तानी सेना उस धार्मिक व्यवस्था का एक 'अभिन्न अंग' है जो पाकिस्तानी दिमाग पर राज करती है, जिसमें 'दो-राष्ट्र सिद्धांत' गहराई से समाया हुआ है। पाकिस्तानी अखबार ने पहलगाम को 'पर्यटक आकर्षण का केंद्र' और '2000 के बाद से नागरिकों पर सबसे घातक हमला' कहा। मारे गये लोगों में एक भारतीय नौसेना अधिकारी और भारतीय सेना का एक अरुणाचली सैनिक शामिल था।

पाकिस्तान ने संवेदना व्यक्त की। क्या पाकिस्तान चीफ जनरल असीम मुनीर का सिर थाली में परोस कर देगा? ध्यान रहे, 'बदला' अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सबसे बड़ी समस्या है। मोदी ने अपनी सऊदी अरब यात्रा को बीच में ही रोक दिया और भारत के मुख्यधारा के टेलीविजन मीडिया ने इसे मोदी के इतिहास का सबसे बड़ा बलिदान करार दिया।

प्रधानमंत्री मोदी के पास भागने के लिए कोई जगह नहीं है। अगर वे सऊदी अरब की यात्रा पर पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्ष होते और पहलगाम में कोई घटना होती, तो उन्हें सऊदी अरब में शरण मिल सकती थी। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा को बीच में ही रोककर वापस भारत आने का फैसला किया और गृह मंत्री अमित शाह को जम्मू-कश्मीर जाने का निर्देश दिया। प्रधानमंत्री मोदी के पास बचने का कोई रास्ता नहीं है।

अमित शाह को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। एक हफ़्ते पहले ही शाह सुरक्षा समीक्षा के लिए जम्मू-कश्मीर में थे और फिर सुरक्षा भंग हो गई! सवाल पूछे जाएंगे, लेकिन सवालों को 'गोदी मीडिया' की सुरक्षा से परे जाना होगा। यह एक बार फिर पुलवामा जैसा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उस समय फिल्म की शूटिंग के लिए उतने ही दूर थे।

26 मई, 2014 से ही प्रधानमंत्री के कंधे पर एक अपशकुन सवार है। क्या किसी ने इसे 'पनौती' नहीं कहा? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'मोदी है तो मुमकिन है' की किंवदंती के सामने खड़ा होना होगा। आतंकवादियों ने मारे गये लोगों की 'पत्नियों' से कहा कि 'जाओ मोदी से कहो', यह खून जमा देने वाला संदेश मोदी के लिए माहौल तैयार करता है।

तो, प्रधानमंत्री मोदी को बता दिया गया है। अब क्या? यह भारतीय रक्षा प्रतिष्ठान के लिए चुनौती है, जिसके मोदी बहुत करीब हैं। मोदी को अपने मन में सीमा पार करनी है और मोदी 'भारत द्वारा चुनी गयी जगह और समय' के पीछे छिप नहीं सकते। वह बहाना अब खत्म हो चुका है। यह समय 'विशेष' है। यहां तक कि सबसे ज़्यादा चापलूसी करने वाला 'मोदी भक्त' भी बदला मांग रहा है।

क्या प्रधानमंत्री मोदी एक बार फिर साबित कर देंगे कि वे सिर्फ़ बकवास करने वाले नहीं हैं; कि वे वाघा के इस तरफ़ से सुनी जाने वाली पाकिस्तानी बातों से मूर्ख नहीं बनते, जब भी पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादी कश्मीर में घुसते हैं?

पहलगाम श्रीनगर से 90 किलोमीटर दूर है और हिंदू पर्यटकों की आतंकवादी हत्याओं के एक घंटे के भीतर पहलगाम 'पर्यटक-मुक्त' हो गया था। एक पल में हज़ारों हिंदू पर्यटक मौज-मस्ती कर रहे थे और आतंकवादी हमले के तुरंत बाद हज़ारों की संख्या में 'पलायन' हो गया, ठीक वैसे ही जैसे 1989-90 में हुआ था, जब 'कश्मीरी पंडित' सुरंग के अंत की रोशनी की तरफ पलायन कर गये थे!

भारत के संविधान के अनुच्छेद 370 के निरस्तीकरण का क्या हुआ? पहलगाम 2025, 5 अगस्त, 2019 पर एक काला धब्बा है। पर्यटकों की संख्या स्टेरॉयड पर एड्रेनालाईन की तरह बढ़ गयी थी, और सुरक्षा का स्तर एक नयी ऊंचाई पर पहुंच गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्रीनगर के लाल चौक पर 'स्नोबॉल' खेला!

सारी मेहनत पहलगाम में बेकार चली गयी। कश्मीर फिर से पहले जैसी स्थिति में आ गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कुछ भी कहते हैं, उससे कश्मीर को उस रसातल से बाहर निकालने में मदद नहीं मिलेगी, जिसमें वह गिर गया है। अनेक सवाल हैं, और सबसे असहज सवाल भी। मोदी समर्थक मीडिया को 'मोदी महिमा मंडन' तुरंत बंद कर देना चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी को काम करना होगा या फिर पीछे हटना होगा। 'मोदी है तो मुमकिन है' की टैगलाइन धराशायी हो गयी है। अपने मारे गये पति के शव के बगल में बुद्ध की तरह बैठी नई युवा विधवा की तस्वीर, सड़ांध का प्रतीक और प्रतीकात्मक है। 'मोदी को यह बताओ' कहा गया। वह आतंकवादी है और मोदी को बता दिया गया है कि वह क्या करने जा रहा है; क्या वह कुछ करेगा?

## आपके पत्र

### इंसानियत पर काला धब्बा है पहलगाम का आतंकी हमला

पहलगाम का आतंकी हमला मानवता पर काला कलंक है। पुलवामा अटैक में 47 जवान शहीद हुए थे। उसके बाद की यह सबसे बड़ी घटना है। नाम और धर्म पूछकर आतंकियों ने गोली मारी थी। जो यह कहते थे कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता है। उस कहावत को गलत ठहराते हुए आतंकियों ने 26 पर्यटकों को मौत के घाट उतार दिया जिसमें विदेशी सैलानी भी शामिल थे। आतंकियों का लक्ष्य कश्मीर नहीं होकर अन्य शहर को टारगेट करना है और आतंकियों को अभ्यास कराया जा रहा है। यह हिन्दू-मुस्लिम के बीच बढ़ रही खाई का ही परिणाम है कि आतंकवादियों ने निर्दोष व्यक्तियों पर हमले करने का सीधा मार्ग प्रशस्त कर दिया है। कश्मीर की वादियों में अमन-चैन और जवानों की चाकचौबंद व्यवस्था को देखते हुए आतंकवादियों ने हमला करने का रास्ता ही बदल दिया है। प्रशिक्षित आतंकियों के पनाहगार पाकिस्तान ने सांत्वना के दो शब्द भी नहीं कहे हैं। जबकि सारा किया धरा पाकिस्तान का ही है। हिंदुओं को भारत भूमि पर ही निशाना बनाया जाता है तो विदेश में उन अल्पसंख्यक हिंदुओं की क्या दशा होती होगी, जहा सरकार भी हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान नहीं कर रही है। आतंकवाद का जड़मूल से सफाया करने और जीरो टॉलरेंस की नीति पर हम भरोसा कर सरकार के हाथ मजबूत करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सवाल यह है कि इस तरह से निर्दोष लोगों को आए दिन मौत के घाट उतार रहे हैं तो फिर और क्या कहा जाए? देश सबका है फिर भी हम खुद असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सरकार ने जिस कश्मीर में चाकचौबंद व्यवस्था की है, वहां पर आतंकी घुस भी नहीं सकते हैं। इसलिए आतंकवादी पर्यटन स्थलों पर हमला कर रहे हैं। इस घटना के बाद तो पर्यटकों का आना-जाना ही बन्द हो जाएगा। दरअसल, जब से जम्मू कश्मीर में प्रादेशिक पार्टी की सरकार बनी है, उसके बाद आतंकियों के हौसले बुलंद है। आतंकवाद को कुचलने की मंशा पर सरकार की नीतियों पर पहलगाम की घटना ने पानी फेर दिया है। आतंकियों का लक्ष्य हिंदुओं को टारगेट करना है। जिस तरह से कश्मीरी पंडितों ने पलायन शुरू किया था उसी की तर्ज पर पहलगाम और जम्मू तक आतंकियों के हमले का मुख्य लक्ष्य दहशतगर्दी फैलाना है। पाकिस्तान के प्रतिबंधित संगठन लश्कर ए तैयबा के आतंकी संगठन द रेजिस्टेंस फ्रंट ने हमले की जिम्मेदारी ली है। 2019 के बाद बनाया गया द रेजिस्टेंस फ्रंट आतंकवाद को एक स्वदेशी प्रतिरोध आंदोलन के रूप में चित्रित करना था। आतंकवाद की जड़ें हिलाने के लिए सरकार के पास विकल्प के तौर पर क्या है? पुलवामा हमले का बदला हवाई हमले से लिया गया था। पाकिस्तान के आतंकियों ने टूरिस्ट पैलेस की अप्रैल में रेकी करवाई गई जिसमें पहलगाम की होटलें एवं तीन-चार आतंकियों ने अंजाम दिया था। मोदी सऊदी की यात्रा छोड़ लौटे हैं और सीवीसी की बैठक आयोजित करने की पूरी संभावना है। मनीष को उनके बच्चों के सामने मारा तो कांकेर निवासी मयंक को मौत खींच लाई, वे थोड़े समय पहले ही पहाड़ी से नीचे उतरे थे। खास बात तो यह है कि नौसेना अध्यक्ष की शादी छह दिन पूर्व ही हुई थी। उसके पति को पत्नी के समक्ष गोली मार दी। आतंकवाद और सरकार के बीच की दूरियां कम नहीं हुई तो इसी तरह पहलगाम जैसे हमले के लिए तैयार रहना होगा। आतंकी हमला निंदनीय और मानवता पर कलंक समान है। आतंकी जैसे क्रूर पौराणिक काल के राक्षस भी ऐसी हरकत नहीं करते रहे होंगे। ईश्वर मृत आत्माओं को शांति प्रदान करें।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**



## ललित सुरजन की कलम से

### भारत-पाकिस्तान-बांग्लादेश

*'अभी मेरा मानना है कि भारत की जनता को अपने पूर्वाग्रह छोड़कर, नेताओं की बयानबाजी से प्रभावित हुए बिना, खुद अपने विवेक का इस्तेमाल कर, खुले मन से विचार करना चाहिए कि हमारे दीर्घकालीन हित में क्या है और वह कैसे संभव होगा? यदि हम नफरत और अविश्वास की भावना को अपने ऊपर हावी होने देंगे तो उस आंच में झुलसे बिना नहीं रह सकते। हमें यह सच्चाई स्वीकार करना चाहिए कि बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, म्यांमार- ये सब हमारे पड़ोसी देश हैं। जिस तरह से यहां अच्छे या बुरे, जिम्मेदार या गैरजिम्मेदार, समझदार या सनकी लोग बसते हैं वैसे ही इन देशों में भी बसते हैं। हम अपने पड़ोसियों को नहीं बदल सकते, राजनैतिक सीमाओं को भी मिटा नहीं सकते, लेकिन रहना तो साथ-साथ है। लड़ें-झगड़ें, मारकाट करें, उससे अंततः क्या मिलना है। दंगों में आम लोग मारे जाते हैं, लड़ाइयों में सैनिक मरते हैं, लेकिन एक मौत भी अपने आप में एक त्रासदी होती है। एक व्यक्ति के साथ उसका घर-परिवार, नाते-रिश्तेदार, दोस्त, पड़ोसी सब होते हैं। जब अकाल मृत्यु होती है तो वह इन सबको जो न भरने वाले जख्म दे जाती है। जो पीड़ा औरतों और बच्चों को झेलना पड़ती है उसकी कल्पना ही की जा सकती है। क्या हम इस सबसे बच नहीं सकते?'*

**(देशबंधु में 15 अगस्त 2018 को प्रकाशित विशेष सम्पादकीय)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2018/08/blog-post_14.html

## पावन प्रसंग

### वर्तमान में जीने का अभ्यास करें

वर्तमान के कड़वाहट भरे पल हमारा पीछा नहीं छोड़ते। हमारा जीवन वर्तमान की धरातल पर रहता है। हम तमाम प्रयास करते हैं लेकिन ये यादें हमें पीछे खींचती रहती हैं। हम जीते उस अतीत के साथ हैं जिनकी यादें हमारे मन मस्तिष्क को कुरेदती रहती हैं। इस कशमकश में हम तनाव, ग्लानि एवं विषाद से घिरे रहते हैं, जिससे हमारे संबंध एवं कार्यक्षमता दोनों प्रभावित होते हैं। मनोवैज्ञानिक कहते हैं इंसान अपने अतीत की सुनहरी एवं सुखद घटनाओं के स्थान पर दुखद एवं पीड़ित करने वाले क्षणों को अधिक याद करते हैं, अर्थात व्यक्ति सहज ही दुखों से आसक्त होता और उन्हें भूल नहीं पाता है। मन सदा पीड़ा देने वाले क्षणों के साथ इतना तारतम्य स्थापित कर लेता है कि वह उन्हें छोड़ता ही नहीं, बारंबार याद करता रहता है। हमारे साथ किसने अच्छा किया है यह याद नहीं रहता है हमारे साथ बुरा हुआ यह याद रहता है। नकारात्मक चिंतन एवं स्मृतियों से तनाव बढ़ता है और तनाव बढ़ने से शरीर में कार्टीसोल नामक हार्मोन का स्राव बढ़ जाता है। इससे प्रतिरक्षा शक्ति घट जाती है। परिणामस्वरूप शरीर में संक्रामक रोग सरदी- जुकाम का खतरा बढ़ जाता है। यह नियति लंबे समय तक चलती रहती है।

मनोवैज्ञानिक का कहना है कि अतीत की सारी बातें अपने आप में पीड़ित करने वाली नहीं होती हैं। परेशानी तो तब होती है जब यह बोझ बनकर हमारे मनोमस्तिष्क को झकझोरने लगे। हमारे व्यक्तित्व को प्रभावित करने लगे। इसके लिए हम स्वयं जिम्मेदार होते हैं। जबकि ढेर सारी बेकार बातों को, तथ्यों एवं घटनाओं को हम अपने मन में अनावश्यक ही बनाए रखते हैं। इन बातों पर विफलता, गुस्सा, दुश्मनी, पश्चाताप, अपराधबोध, अतृप्ति, असंतोष आदि की परत चढ़ी रहती है।

इससे बचने के लिए हमें सर्वप्रथम यादों एवं विचारों से बचना चाहिए जो हमें नकारात्मकता से भर देते हैं। बुरी आदतों सें बचने के लिए हमें किसी श्रेष्ठ कार्य को मन लगाकर करना चाहिए, जिसमें हमारी रुचि हो। हमें अपने दैनिक क्रियाकलाप में वांछित परिवर्तन लाना चाहिए जैसे भोजन एवं निंद्रा के समय निर्धारित करना चाहिए जिससे मन शांत एवं स्थिर रहता है तथा अनावश्यक तनाव देने वाला चिंतन मन का साथी नहीं बन पाता। सही दिनचर्या के साथ ही श्रेष्ठ साहित्य का अध्ययन भी करना चाहिए ताकि हमारा मन सकारात्मक सोच से सराबोर रहे। अतीत की कड़ुआहट से बचने के लिए हमें वर्तमान में जीने का अभ्यास जालना चाहिए। जो अतीत की भूलों में सुधार करक भावी भविष्य को उज्जवल,सुनहरा बना लेता है। जीवन बड़ा बहुमूल्य एवं बेहद खूबसूरत है, उसे केवल वर्तमान के पलों से सजाया एवं संभाला जा सकता है। अत: हमें अपनी समस्त ऊर्जा वर्तमान में ही खपाना चाहिए यही सुखी जीवन का रहस्य है।

**-युग निर्माण योजना**

# देश विदेश

## हूतियों के खिलाफ अमेरिकी हवाई हमले में कई घायल

**सना,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। यमन की हूतियों के कब्जे वाली राजधानी सना पर गुरुवार को हुए नवीन अमेरिकी हवाई हमलों में कम से कम एक व्यक्ति घायल हो गया और कई घर क्षतिग्रस्त हो गए। यह जानकारी प्रत्यक्षदर्शियों और हूती संचालित अल-मसीरा टीवी ने दी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक हवाई हमला उत्तरी सना में अल-जिराफ अल-शर्की के आवासीय इलाके में एक घर के सामने के यार्ड पर हुआ जिससे घर के अंदर मौजूद व्यक्ति घायल हो गया और आस-पास के कई घरों को नुकसान पहुंचा। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने भी इन हवाई हमलों की पुष्टि करते हुए सोशल मीडिया पर बताया कि ईरान समर्थित हूतियों के खिलाफ अमेरिकी विमानवाहक पोतों से लगातार अभियान शुरू किए गए हैं।

# गाजा पर इजरायली हमलों में 29 फिलिस्तीनियों की मौत



■ उपकरणों की कमी के कारण पीड़ितों को निकालने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा

**गाजा,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। गाजा पट्टी में गुरुवार को कई इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 29 फिलिस्तीनी मारे गए और कुछ अन्य घायल हो गए।

गाजा के सिविल डिफेंस ने यह जानकारी दी। सिविल डिफेंस के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि पीड़ितों में 10 पुलिस अधिकारी भी शामिल हैं, जो गाजा के उत्तरी हिस्से में जबालिया शरणार्थी शिविर में एक पुलिस स्टेशन को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में मारे गए। उन्होंने बताया कि हमले में कुछ फिलिस्तीनी घायल भी हुए हैं और घरों को भी नुकसान पहुंचा है।

प्रवक्ता ने कहा कि घायलों को गाजा शहर के अल-शिफा अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया है। उपकरणों की कमी के कारण नागरिक सुरक्षा टीमों को पीड़ितों को निकालने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बीच, इजरायली सेना ने एक प्रेस बयान में कहा कि उसने हमास और फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद (पीआईजे) के लिए कमांड-एंड-कंट्रोल सेंटर के रूप में काम करने वाली एक सुविधा को निशाना बनाया। इजरायली सेना के प्रवक्ता अविचाय आद्राई ने कहा कि परिसर का इस्तेमाल इजरायली नागरिकों और सैन्य कर्मियों के खिलाफ हमलों का समन्वय करने के लिए किया गया था। उन्होंने कहा कि नागरिक कम से कम हताहत हों, इसके लिए कदम उठाए गए थे, जिनमें सटीक-निर्देशित युद्ध सामग्री और हवाई निगरानी का उपयोग शामिल है।

हमास या पीआईजे ने अभी तक हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की है। दक्षिणी शहर खान यूनिस, गाजा शहर के आसपास और मध्य गाजा पट्टी के दीर अल-बलाह क्षेत्र में अन्य इजरायली हमलों की सूचना मिली है।

गाजा स्थित स्वास्थ्य अधिकारियों ने आज बताया कि इजरायल की ओर से 18 मार्च को गाजा पट्टी में अपने गहन हमलों को फिर से शुरू करने के बाद से कम से कम 1,978 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 5,207 अन्य घायल हुए हैं, जबकि अक्टूबर 2023 से कुल फिलिस्तीनी मौतों की संख्या बढ़कर 51,355 हो गई है।

## हमास के आतंकवादियों को पाकिस्तान में आमंत्रित किया जाना बुरा संकेत : इजरायल



**नई दिल्ली।** भारत में इजरायल के राजदूत रुवेन अजार ने गुरुवार को कहा कि कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले और उनके अपने देश में 2023 में हुए हमले एक जैसे थे जिनमें निर्दोष निहत्थे लोगों की हत्या कर दी गई। उन्होंने पहलगाम हमले को बर्बर और क्रूर करार देते हुए कहा कि हमास के आतंकवादियों को पाकिस्तान में आमंत्रित किया जाना भविष्य के लिए बुरा संकेत है। अजार ने कहा कि यह एक क्रूर और बर्बर हमला है। लोगों को इस तरह के भयानक हमले से सुरक्षित रहते हुए छुट्टी मनाने का अधिकार है। यह चौंकाने वाला है। यह बिल्कुल अस्वीकार्य है। हमें जो भी करना है, करना चाहिए, न केवल अपराधियों को पकड़ना चाहिए, बल्कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकनी चाहिए। पहलगाम की घटना से बहुत पहले, राजनयिक ने फिलिस्तीनी आतंकवादी संगठन हमास के आकाओं द्वारा पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों के साथ मिलकर काम करने की खबरों पर चिंता व्यक्त की थी।

## इजरायली बंधक ने की हमास के नए वीडियो में कैदियों की अदला-बदली की मांग



**गाजा।** हमास की सशस्त्र शाखा, अल-क़स्साम ब्रिगेड ने बुधवार को एक वीडियो जारी किया, जिसमें एक इज़रायली बंधक को तत्काल कैदियों की अदला-बदली की मांग करते हुए दिखाया गया है। इसे दोनो पक्षों में शत्रुता के बीच बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए एक नया प्रयास माना जा रहा है। वीडियो फुटेज में बंधक ने खुद की पहचान ओमरी मीरान के रूप में बतायी और कहा कि उसे डेढ़ साल से गाजा पट्टी में रखा गया था। मीरान को 7 अक्टूबर, 2023 को दक्षिणी इज़राइल में हमास के सीमा पार हमले के दौरान किबुत्ज़ नाहल ओज़ से अगवा किया गया था। वह हाल ही में 48 साल का हुआ, उसने अपना दूसरा जन्मदिन कैद में बिताया। मीरान ने अस्पष्ट परिस्थितियों में रिकॉर्ड किए गए वीडियो में कहा कि मैंने अपना दूसरा जन्मदिन यहां बिताया और जश्न नहीं मना सका। कोई खुशी नहीं है, केवल डर है। उन्होंने इज़रायली अधिकारियों से कैदियों की अदला-बदली के लिए एक त्वरित समझौता करने का आग्रह किया, साथ ही चेतावनी दी कि बंधकों को इज़रायली हवाई हमलों में मारे जाने का जोखिम है।

## सुडोकू 6893

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 3 | 2 | | |
| 4 | 8 | 1 | | | | | 7 | |
| 2 | | | 5 | 1 | | | 6 | |
| | | | 4 | | | | | 2 |
| | | 5 | | | | 6 | | |
| 6 | | | | | 2 | | | |
| | 9 | | | 3 | 1 | | | 7 |
| | 7 | | | | | 9 | 8 | 3 |
| | | 2 | 8 | | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 23 अप्रैल, 2025 बैशाख कृष्ण पक्ष 13

### राशिफल

मेष - शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा। सर्दी, कफ, बुखार की पीड़ा सता सकती है। धर्म का काम करने में धन खर्च होने की स्थिति होगी। खर्च बढ़ेगा। लुभावने ऑफरों में न पड़ें।

वृषभ - आज का दिन आपके लिए आनंद से भरा है। व्यापार के साथ ही आय वृद्धि भी बेहतर रहेगी। परिजनों और मित्रों के साथ वातावरण आनंदमय रहेगा। नए संपर्क और परिचय व्यापार के क्षेत्र में लाभप्रद रहेंगे।

मिथुन - शारीरिक और मानसिक रूप से आज दिनभर प्रसन्न रहेंगे। व्यवसायिक क्षेत्र में काम की प्रशंसा होने से उत्साह भी बढ़ेगा। सहकर्मियों का भी सहयोग प्राप्त होगा। सामाजिक क्षेत्र में भी मान-सम्मान मिलेगा।

कर्क - आज का दिन आप धर्म, ध्यान तथा देवदर्शन में व्यतीत करेंगे। किसी तीर्थ स्थान पर जा सकते हैं। शारीरिक और मानसिक रूप से खुश रहेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर मिलेंगे। परिवार में भाई-बहनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा।

सिंह - आज का दिन थोड़ी सी प्रतिकूलताओं रहेगा। स्वास्थ्य के संबंध में आपको विशेष ध्यान रखना होगा। बाहर खाने- पीने से बचें। बीमारी के पीछे धन खर्च होगा। नकारात्मक विचार मन पर हावी होंगे।

कन्या - सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में लाभ मिलेगा। मित्रों से विशेष लाभ होगा। दांपत्यजीवन में परमसुख के पलों का अनुभव होगा। नए वस्त्र और आभूषणों की खरीदारी तथा पहनने का अवसर मिलेगा।

तुला - आज नौकरीपेशा लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक दिन है। नौकरीवालों को उनके काम में यश और सफलता मिलेगी। पारिवारिक वातावरण अच्छा रहेगा। विरोधियों के समक्ष विजय मिलेगी।

वृश्चिक - साहित्यिक गतिविधियों के लिए आज का दिन शुभ फलदायक है। आप कोई कहानी-कविता लिखने के लिए योजना बना सकते हैं। आज किसी सामाजिक या राजनीतिक चर्चा में भाग ले सकते हैं।

धनु - आज आप यात्रा प्रवास टालें, क्योंकि पेट संबंधी बीमारी और समस्या हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी। किसी काम में सफलता नहीं मिलने से मन व्याकुल रहेगा।

मकर - आपका आज का पूरा दिन सुखमय गुजरेगा। अनुकूल परिस्थिति निर्मित होने पर आप सभी काम आज सरलतापूर्वक पूरा कर सकेंगे। मन में प्रसन्नता रहेगी। व्यापार- धंधे में आर्थिक लाभ प्राप्त कर सकेंगे। भागीदारी में लाभ होगा।

कुंभ - मन की दुविधाओं से आप में निर्णयशक्ति का अभाव होगा। परिणाम स्वरूप उलझन का अनुभव होगा। तबीयत थोड़ी नरम-गरम रहेगी। वाणी पर संयम बरतें, अन्यथा वाद-विवाद के कारण स्वजनों के साथ मनमुटाव होगा।


मीन - आज आप आनंद, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। नए काम की शुरुआत लाभदायक साबित होगी। मित्रों, स्वजनों के साथ भोजन का आनंद उठाने का अवसर प्राप्त होगा। यात्रा के योग हैं।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## आज का इतिहास

1678- फ्रांसीसी सेना ने वाइप्रेस शहर पर कब्जा किया।
1809- ब्रिटिश ईस्ट इंडिया कंपनी और पंजाब के सिख शासक रणजीत सिंह के बीच अमृतसर संधि पर हस्ताक्षर किए गए।
1867- जापान की राजधानी टोक्यो में विदेशी व्यापार की अनुमति दी गई।
1954- बेल लैब्स ने न्यूयार्क में पहली बार सोलर बैटरी बनाने की घोषणा की।
1957- सोडियम परमाणु रिएक्टर पहली बार संचालित किया गया।
1960- अफगानिस्तान के नरेश अमानुल्लाह खान का निधन।
1968- 20वीं सदी के महान शास्त्रीय गायक और 'तानसेन' के नाम से मशहूर बड़े गुलाम अली का निधन।
1975- सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
1981- जापान के सुरूगा में परमाणु संयंत्र में मरम्मत कार्य के दौरान 100 से अधिक मजदूर परमाणु विकिरण का शिकार हुए।
1982- दिल्ली में टेलिविजन पर पहली बार रंगीन प्रसारण की शुरु हुआ।
1983- जर्मनी की पत्रिका 'स्टर्न' ने हिटलर की उस विवादास्पद डायरी को छापना शुरू किया।
1989- इथियोपिया में दिमागी बुखार से 20 हजार से ज्यादा लोगों की मौत। यह बीमारी सूडान तक फैली और वहां भी कम से कम 400 लोगों की मौत।
1969- भारत के प्रसिद्ध फुटबॉल खिलाड़ी आई. एम. विजयन का जन्म।
1999- वेस्टइंडीज के आल राउंडर खिलाड़ी कार्ल हूपर ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया।
2010- भारतीय नौसेना ने पुराने हो चुके चेतक हेलीकॉप्टरों की जगह लाइट यूटिलिटी हेलीकॉप्टर खरीदने की प्रक्रिया शुरू की।
2013- ब्रिटेन ने सोमालिया में अपना दूतावास 27 वर्ष के बाद दोबारा खोला।
2015- नेपाल में भीषण भूकंप से जानमाल का बड़ा नुकसान हुआ।

## अमेरिका के 12 राज्यों ने अवैध टैरिफ को लेकर ट्रम्प प्रशासन पर किया मुकदमा



■ अदालत से टैरिफ को अवैध घोषित करने व सरकारी एजेंसियों को लागू करने से रोकने की मांग

**सैन फैनसिस्को,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। अमेरिका के 12 राज्यों के गठबंधन ने बुधवार को न्यूयॉर्क में यू.एस. कोर्ट ऑफ इंटरनेशनल ट्रेड में अवैध टैरिफ को लेकर यू.एस. राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन पर मुकदमा दायर किया।

एरिज़ोना, कोलोराडो, कनेक्टिकट, डेलावेयर, इलिनोइस, मेन, मिनेसोटा, नेवादा, न्यू मैक्सिको, न्यूयॉर्क, ओरेगन और वर्मोंट के अटॉर्नी जनरल ने ट्रम्प प्रशासन को टैरिफ लागू करने से रोकने के लिए अदालती आदेश की मांग करते हुए मुकदमा दायर किया। मुकदमे में कहा गया है कि नीति ने राष्ट्रीय व्यापार नीति को ट्रम्प की वैध प्राधिकार के उचित प्रयोग के बजाय सनक के अधीन छोड़ दिया है, अदालत से टैरिफ को अवैध घोषित करने और सरकारी एजेंसियों और अधिकारियों को उन्हें लागू करने से रोकने के लिए कहा। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति केवल तभी आपातकालीन अधिनियम लागू कर सकते हैं जब विदेश से असामान्य और असाधारण खतरा हो।

**ट्रम्प विकासशील देशों को वित्त पोषण देने वाली एजेंसी करेंगे बंद**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रशासन ने बुधवार को घोषणा की कि वह मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन को बंद कर देगा, जो एक विदेशी सहायता एजेंसी है। यह एजेंसी विकासशील देशों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए जानी जाती है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, कर्मचारियों को एक स्टाफ मीटिंग के दौरान बताया गया कि एजेंसी व्यवस्थित रूप से बंद होने जा रही है और सभी चल रहे कार्यक्रम बंद कर दिए जाएंगे। यह घोषणा एक कर्मचारी-व्यापी ज्ञापन के बाद की गई जिसमें कहा गया था कि एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग ने एमसीसी में महत्वपूर्ण कटौती का आदेश दिया था। उल्लेखनीय है कि 2004 में स्थापित एमसीसी ने विकासशील देशों में विकास सहायता में लगभग 17 अरब अमेरिकी डॉलर का निवेश किया है जो प्रशासनिक मानदंडों को पूरा करते हैं।

## यूनुस के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप खारिज

**ढाका,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। बंगलादेश उच्चतम न्यायालय ने मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस के खिलाफ भ्रष्टाचार के सभी आरोप खारिज कर दिए हैं, जो भ्रष्टाचार निरोधक आयोग की ओर से दायर किए गए थे।

'डेली स्टार' के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय के अपीलीय प्रभाग ने श्री यूनुस के विरुद्ध भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) के मामले को खारिज कर दिया। उन पर ग्रामीण दूरसंचार श्रमिकों के लाभ भागीदारी कोष से 25.22 करोड़ टका की हेराफेरी करने तथा धन शोधन विरोधी कानूनों का उल्लंघन करते हुए अवैध रूप से धन हस्तांतरित करने का आरोप लगाया गया था। ढाका की एक विशेष अदालत में 12 जून 2023 को श्री यूनुस और अन्य के खिलाफ औपचारिक आरोप दायर किए गए थे। श्री यूनुस के वकील बैरिस्टर अब्दुल्ला-अल-मामून ने कहा कि अपीलीय अदालत के फैसले के बाद सभी आरोप झूठे और बेबुनियाद साबित हुए। यह पहली बार नहीं है जब अंतरिम सरकार के प्रमुख बनने के बाद श्री यूनुस पर लगे आरोप कानूनी रूप से खारिज किए गए हों।

## इस्तांबुल में भूकंप से 151 लोग घायल

**इस्तांबुल,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। इस्तांबुल के गवर्नर कार्यालय ने बताया कि 6.2 तीव्रता के भूकंप के दौरान घबराहट और बिल्डिंग से कूदने की घटनाओं के कारण 151 लोग घायल हो गए। कार्यालय ने बताया कि घायल व्यक्तियों का फिलहाल अस्पतालों में इलाज चल रहा है और उनकी स्थिति ठीक है।



समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार स्थानीय समयानुसार अपराह्न 3:30 बजे तक किसी के मरने की खबर नहीं है। गवर्नर कार्यालय ने पुष्टि की है कि फतिह जिले में एक इमारत को छोड़कर, पूरे शहर में कोई भी आवासीय इमारत नहीं गिरी है।

## रूस ने कीव पर किया हवाई हमला, 12 लोग घायल



हमले से स्वियातोशिन्स्की जिले को सबसे अधिक हुआ

**कीव,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि गुरुवार सुबह यूक्रेन की राजधानी कीव पर रूस के हवाई हमले में 12 लोग घायल हो गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कीव के सैन्य अधिकारियों ने हमले की पुष्टि की। इसके साथ ही दो जिलों में हुए नुकसान का हवाला देते हुए नागरिकों से तुरंत आश्रय लेने का आग्रह किया।

मेयर ने टेलीग्राम पर कहा कि रूस के हमले से स्वियातोशिन्स्की जिले को सबसे अधिक नुकसान हुआ है। हमले में सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेयर ने बताया कि इंटरसेप्ट किए गए प्रोजेक्टाइल के टुकड़ों ने मध्य शेवचेन्कीव्स्की जिले और पश्चिमी स्वीयातोशिन्की जिले में गैर-आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त कर दीं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**पहलगाम हमले पर...**

श्रीनगर जा रहे हैं।

राष्ट्रपति मुर्मु से मिले अमित शाह व जयशंकर, पहलगाम आतंकी हमले पर दिया अपडेट-सर्वदलीय बैठक से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की है। सर्वदलीय बैठक से पहले अमित शाह और विदेश मंत्री जयशंकर इस मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उनको पहलगाम आतंकी हमले की जानकारी दी है।

पाकिस्तान में रह रहे भारतीय लौटे स्वदेश-पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की तरफ से वर्तमान में पाकिस्तान में रह रहे भारतीयों को स्वदेश लौटने की सलाह दी गई है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने बयान में कहा- भारत के नागरिकों को भी जल्द से जल्द भारत लौटने की सलाह दी जाती है।

साउथ ब्लॉक पहुंचे कई देशों के राजदूत-जर्मनी, जापान, पोलैंड, ब्रिटेन और रूस समेत कई देशों के राजदूत विदेश मंत्रालय के साउथ ब्लॉक स्थित कार्यालय पहुंचे।

सूत्रों के अनुसार, विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने चुनिंदा देशों के राजदूतों को पहलगाम हमले के बारे में जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने जी-20 देशों के चुनिंदा राजदूतों को पहलगाम आतंकी हमले के बारे में जानकारी दी, जिनमें चीन और कनाडा भी शामिल हैं। यह बैठक करीब 30 मिनट तक चली।

**कांग्रेस कार्यसमिति ने ...**

कार्यसमिति की बैठक में पहलगाम हमले की निंदा करते हुए प्रस्ताव लाया गया। प्रस्ताव में कहा गया है कि यह हमला कायराना और पूरी तरह से सोची समझी रणनीति के तहत किया गया, जिसका मास्टरमाइंड पाकिस्तान है। यह हमारे गणतांत्रिक मूल्यों पर सीधा हमला है। जानबूझकर हिंदुओं को निशाना बनाया गया ताकि पूरे देश की भावनाओं को भड़काया जा सके।

**पाकिस्तान ने पानी रोकने ...**

की ओर से पाकिस्तान को निशाना बनाने का अभियान पूरी तरह झूठ पर आधारित है। इस सिलसिले में एनएससी ने इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग में तैनात भारतीय रक्षा, नौसेना और वायु सेना के सलाहकारों को निष्कासित करने का फैसला किया है और उन्हें तथा उनके सहायक कर्मचारियों को 30 अप्रैल तक पाकिस्तान छोड़ने का आदेश दिया गया है। इसके साथ ही निर्णय लिया गया है कि भारतीय उच्चायोग में राजनयिक कर्मचारियों की संख्या 30 अधिकारियों तक सीमित रहेगी और यही नियम भारत में स्थित पाकिस्तान उच्चायोग पर भी समान रूप से लागू होगा।

भारत के एकतरफा निर्णय का कड़ा विरोध

एनएससी ने भारत के सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को एकतरफा रूप से निलंबित करने के निर्णय का कड़ा विरोध किया है और इस मुद्दे को विश्व बैंक तथा अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उठाने की घोषणा की है। समिति का कहना है कि विश्व बैंक इस संधि का एक पक्ष है, इसीलिए भारत को इस पर कोई भी एकतरफा निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। इसके अलावा एनएससी ने भारत द्वारा सीमा बंद करने के जवाब में वाघा-अटारी बॉर्डर को बंद करने का फैसला भी किया है। पाकिस्तान ने भारत पर पलटवार करते हुए उस पर देश में अशांति फैलाने का आरोप लगाया है और कहा है कि भारतीय जासूस कुलभूषण जाधव पाकिस्तान में पकड़ा गया था।

**पहलगाम हमले में ...**

गया और अंतिम दर्शन के लिए निवास पर ही रखा गया। श्रद्धांजलि देने के लिए उनके निवास पर रातभर बड़ी संख्या में लोग जुटे रहे। शवयात्रा सुबह निवास से ही मारवाड़ी श्मशान के लिए निकली। इसमें सीएम साय के अलावा भाजपाध्यक्ष किरण देव, मंत्री विजय शर्मा और ओपी चौधरी, केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, वरिष्ठ विधायक राजेश मूणत, नान चेयरमैन संजय श्रीवास्तव और समाजसेवी योगेश अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में भाजपा नेता तथा परिजन मौजूद थे और सबने अर्थी को कंधा दिया। बेटे शौर्य ने चिता को मुखाग्नि दी।

**करदाता ने गलती ...**


जानबूझकर कर से बचने का प्रयास किया है।कर निर्धारण अधिकारी के इस आदेश को चुनौती देते हुए कंपनी ने सीआइटी के समक्ष अपील पेश की। मामले की सुनवाई के बाद अपीलीय अधिकारी ने इसे मानवीय त्रुटि मानते हुए कर निर्धारण अधिकारी द्वारा लगाए गए जुर्माना को खारिज कर दिया।

अपीलीय अधिकारी के आदेश को राजस्व विभाग ने चुनौती देते हुए आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के समक्ष अपील पेश की। अपील की सुनवाई के बाद अपीलीय न्यायाधिकरण ने अपीलीय अधिकारी के आदेश को रद्द करते हुए बिजली कंपनी को आयकर अधिकारी द्वारा लगाए गए जुर्माने को पटाने का आदेश दिया। इस आदेश को चुनौती देते हुए बिजली कंपनी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर की।मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने अपने आदेश में लिखा है कि जब करदाता स्वयं अपनी गलती स्वीकार करता है और उसमें कोई धोखाधड़ी या छिपाने का इरादा नहीं पाया जाता है तब ऐसी स्थिति में उस पर दंडात्मक कार्रवाई उचित नहीं है।

**मुठभेड़ में 5 नक्सली...**

संगठन सचिव जैसे बड़े कैडर्स के नक्सली भी यहां मौजूद हैं।सुरक्षा बलों का मानना है कि मोस्ट वांटेड माओवादी नेता हिडमा कर्रेगुट्टालू के एक बंकर में छिपा हुआ है। हिडमा के नेतृत्व में पीपुल्स लिबरेशन गुरिल्ला आर्मी (पीएलजीए) की कंपनी-1 ने अन्य शीर्ष माओवादी नेताओं दामदोदर और आज़ाद के साथ मिलकर इलाके को मजबूत कर दिया है। बारूदी सुरंगों और अन्य जालों की मौजूदगी के संदेह में सुरक्षा बल अत्यधिक सावधानी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इस स्थिति ने पेनुगोलू, कोंगाला, अरुणाचलपुरम और बोलारम सहित आसपास के गांवों के साथ-साथ मलप्पुरम, लक्ष्मीपुरम, मुथारम और सीतारामपुरम जैसे सीमावर्ती गांवों में उच्च तनाव का माहौल बना दिया है। ग्रामीणों से इन क्षेत्रों से दूर रहने का आग्रह किया गया है क्योंकि लगभग 280 वर्ग किलोमीटर में फैली कर्रेगुट्टालू की जंगली पहाड़ियाँ इस उच्च-दांव वाले ऑपरेशन का केंद्र बिंदु बनी हुई हैं।

## वर्ग पहेली 6893



**बायें से दायें:-**

१. गुरु या आचार्य का वास स्थान जहां रहकर छात्र विद्याध्ययन करते हैं, प्राचीनकालीन विद्यापद्धति
३. दोष, ऐब, बुराई
५. विच्छेद
६. अंतिम सीमा
७. मन की हालत
८. अचानक, एकाएक (उर्दू)
१३. मेहनत
१५. कठिनाई, असुविधा(उर्दू)
१६. अंधकार में विचरण करने वाला
१७. जिनकी मृत्यु हो चुकी हो
१८. पैर, पद
२०. हुक्म की तामील करने वाला
२२. मुंह तक या पूरी तरह भरा हुआ (उर्दू)
२३. एक प्रकार का धार्मिक कृत्य जिसमें हिंदू मृतक के नाम तिल मिश्रित जल की अंजलि देते हैं

**ऊपर से नीचे:-**

१. जासूस, भेदिया
२. बुरा वक्त, बुरा समय
३. जड़मति, मूर्ख, नासमझ
४. फूलों का गुच्छा
५. देर, देरी
९. प्रलय (उर्दू)
१०. पहचान का
११. प्रथम, मूल, प्रधान, आरंभ
१२. बांटना
१४. कोई खास कार्य न करने या नियत तिथि पर उपस्थित होने का प्रतिज्ञा पत्र जिसका उल्लंघन करने पर प्रतिज्ञाकर्ता अर्थदंड स्वीकार करता है (उर्दू)
१७. कमल
१९. सूर्य से उत्पन्न, कर्ण
२०. पानी, जल (उर्दू)
२१. तरीका, प्रणाली

### वर्ग पहेली-6892

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बु | द्धि | म | ता | ■ | ■ | त | र | स | ना |
| रा | ■ | नो | ■ | कि | ता | ब | ■ | र | ■ |
| भ | वा | नी | ■ | र | ■ | दी | प | का | ल |
| ला | ■ | त | र | ण | ता | ल | ■ | र | ■ |
| ■ | वे | ■ | वा | ■ | ■ | ■ | स्वा | ■ | द |
| अ | स | हा | य | ■ | ट | ■ | ति | मि | र |
| ■ | ब | ■ | त | र | क | श | ■ | ■ | खा |
| आ | ब | रू | ■ | ■ | सा | ■ | स | म | स्त |
| प | ■ | ■ | हि | मा | ल | य | ■ | र्या | ■ |
| स | म्मि | लि | त | ■ | ■ | था | ने | दा | र |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### शनचो 20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान का प्रक्षेपण पूर्णतः सफल रहा

**बीजिंग,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। चीनी मानवयुक्त अंतरिक्ष इंजीनियरिंग कार्यालय के अनुसार, पेइचिंग समयानुसार गुरुवार की शाम को 5 बजकर 17 मिनट पर, शनचो 20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान को ले जाने वाले लॉन्ग मार्च 2एफ याओ-20 वाहक रॉकेट को प्रज्वलित किया गया और चिउछ्वान उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र में लॉन्च किया गया। क्रू दल छन तुंग, छन चोंगरुइ और वांग च्ये से गठित है। छन तुंग कमांडर रहे।



छन तुंग ने शनचो-11 और शनचो-14 समानव अंतरिक्ष उड़ान कार्य में भाग लिया था। लगभग 10 मिनट बाद, शनचो 20 मानवयुक्त अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक रॉकेट से अलग हो गया और पूर्व निर्धारित कक्षा में प्रवेश कर गया। फिलहाल अंतरिक्ष यात्री दल अच्छी स्थिति में हैं और प्रक्षेपण पूरी तरह सफल रहा। चीन की समानव अंतरिक्ष उड़ान परियोजना में यह 35वां उड़ान कार्य है। क्रू के सदस्य स्पेस स्टेशन में लगभग 6 महीने ठहरेंगे और कई वैज्ञानिक परीक्षाएं करेंगे और स्पेस वॉक भी करेंगे।


# खेल जगत

## डिजिलॉकर से खिलाड़ियों को मिलेगी बड़ी राहत: मीरा बाई चानू

**नई दिल्ली।** ओलंपिक पदक विजेता मीरा बाई चानू ने गुरुवार को दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में डिजिलॉकर सुविधा की सराहना की और इसे खिलाड़ियों के लिए बेहद उपयोगी कदम बताया। उन्होंने कहा कि डिजिलॉकर एक ऐसी सुविधा है जिससे खिलाड़ियों को अपने दस्तावेजों को सुरक्षित रखने और समय पर अपडेट करने में आसानी होगी। मीरा बाई ने कहा कि इससे खिलाड़ियों को बार-बार प्रशासनिक कार्यों के लिए दौड़ने की आवश्यकता नहीं होगी और वे अपने प्रशिक्षण पर ज्यादा ध्यान केंद्रित कर सकेंगे। चानू ने कहा कि यह सुविधा खिलाड़ियों को आत्मनिर्भर बनाएगी और स्पोर्ट्स फेडरेशनों के साथ उनके संवाद को भी सरल और पारदर्शी बनाएगी। इससे आम लोगों को बहुत फायदा होगा। हम खिलाड़ी भी दस्तावेजों की चिंता छोड़कर अपनी ट्रेनिंग पर फोकस कर पाएंगे।



# चेन्नई व हैदराबाद का जीत की राह पर लौटने के लिए होगा आमना-सामना



## मुंबई इंडियंस ने डेथ ओवर वाली गेंदबाजी समय से पहले ही शुरू कर दी: धोनी

हमने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुंबई मे घटिया प्रदर्शन किया। हमें मालूम था कि बाद में पिच पर औस आएगी। मुंबई इंडियंस के पास जसप्रीत बुमराह के रूप में आखिर के मारधाड़ वाले ओवरों के दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज थे। मुंबई इंडियंस ने डेथ ओवर वाली गेंदबाजी समय से पहले ही शुरु कर दी। हमें इसका लाभ उठा कर रन बनाने चाहिए थे। नौजवान आयुष म्हात्रे ने अच्छी



बल्लेबाजी की और बढ़िया ढंग से शॉट खेले। आयुष को हमने भी बल्लेबाजी करते बहुत नहीं देखा है लेकिन मुझे उनकी बल्लेबाजी देख कर लगा कि वह अपने शॉट खेलना पसंद करते हैं। वानखेड़े की पिच पर कोई कोई गेंद रुक कर आ रही थी और मुंबई के बल्लेबाजों ने स्पिन गेंदबाजी को बढ़िया ढंग से खेला। हम अच्छा स्कोर बना नहीं पाए। आप यदि शुरु के छह ओवर में बहुत ज्यादा रन दे देते हं तो फिर मुश्किल हा जाता है। हमें यह बात समझनी होगी कि अतीत में बढ़िया क्रिकेट खेल कर हमने कामयाबी हासिल की है। हमें बहुत भावुक होने की जरूरत नहीं है। हम सही क्रिकेट खेलने और बढ़िया स्कोर खड़ा करने की जरूरत है। हमें कैच लपकने होंगे। हमें एक समय केवल एक मैच की बाबत सोचना होगा। हमें हम यदि प्ले ऑफ के लिए क्वॉलिफाई नहीं करते तो अगले सीजन के लिए संयोजन को देखना होगा।

## शुरू में लड़खड़ाने के बाद हम संभल नहीं पाए : कमिंस



'क्लासेन और अभिनव मनोहर ने बढ़िया बल्लेबाजी कर हमें मुंबई के खिलाफ एक सम्मानजक स्कोर तक पहुंचाया। शुरू में विकेट गंवाने के बाद जरूरत अपनी पारी संभालने की थी लेकिन हम ऐसा नहीं कर पाए। हमने मैच से पहले हैदराबाद की पिच की बाबत चर्चा की थी। आपको हर बाद जरूरत पिच के मिजाज को भांपने की होती है। पहले मैच में हमने है राबाद में 280 से ज्यादा का स्कोर बनाया लेकिन अगले में हम इस पर सस्ते में सिमट गए। यही टी 20 क्रिकेट है आपको मालूम नहीं होता कि क्या होने वाला है। हमें अब अपने घर से बाहर कुछ मैच खेलते हैं। वहां भी हमें पिच को जल्द भांपना होगाँ कई बार शुरू से दे दनादन की रणनीति कारगर रहती है और और कई बार आपको धीहम धळीमे अपनी पारी आगे बढ़ानी पड़ती है।

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। अपना -अपना पिछला मैच मुंबई इंडियंस से हारने वाली दो फिसड्डी टीमें पांच बार की चैंपियन चेन्नै सुपर किंग्स (सीएसके) और पिछली उपविजेता सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच)आईपीएल 2025 में जीत की राह पर वापस लौटने के लिए चेन्नै के चिदाम्बरम स्टेडियम में शुक्रवार को आमने- सामने होंगी। नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोट के चलते बाहर होने से फिर से कप्तानी की जिम्मेदारी संभाल रहे महेंद्र सिंह धोनी को अब मान लेना चाहिए कि वह बतौर बल्लेबाज वह अपना करिश्मा गंवा चुके हैं। 43 बरस के धोनी बतौर बल्लेबाज खुद अपनी छाया ही नजर आ रहे हैं। ऋतुराज गायकवाड़ के आईपीएल से बाहर होने से सीएसके ने मुंबई के आयुष म्हात्रे को अपनी टीम में शामिल किया है

■ ऋतुराज गायकवाड़ के आईपीएल से बाहर होने से सीएसके ने मुंबई के आयुष म्हात्रे को अपनी टीम में शामिल किया है

और उन्होंने अपने घरेलू मैदान मुंबई में अपनी टीम की मुंबई इंडियंस से नौ विकेट से करारी हार के बावजूद शिवम दुबे और रवींद्र जडेजा के अर्द्धशतकों के साथ मात्र 15 गेंदों पर दो छक्कों और चार चौकों की मदद से 32 रन की आकर्षक पारी खेली और इससे उनके राज्य मुंबई के साथी 360 डिग्री सूर्य कुमार यादव ने उनकी पीठ थपथपाई थी। चेन्नै सुपर किंग्स ने सनराइजर्स हैदराबाद से पिछले पांच में से तीन मैच जीते हैं और वह अपने घर मे जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाने उतरेगी।

चेन्नै के लिए न्यूजीलैंड के नौजवान सलामी बल्लेबाज रचिन रवींद्र और डेवॉन कॉनवे ने अच्छे आगाज को जारी नहीं रख पाए। मौजूदा आईपीएल के अपना आधा सफर पूरा करने के बाद पिच पर बराबर मैचों से पिचों के टूटने से अब चेन्नै सुपर किंग्स का अपने घर चेन्नै में स्पिन टू विन का मंत्र कारगर हो सकता है। चेन्नै के पास अपनी चेन्नै की स्पिन होती पिच पर बाए हाथ के कलाई के स्पनिर नूर अहमद(8 मैच, 12 विकेट),रवींद्र जडेजा ( 8 मैच, 5 विकेट), ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन( 7 मैच ,5 विकेट) के रूप में मजबूत स्पिन त्रिमूर्ति है। साथ ही बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील मैच (8 मैच, 11 विकेट), मतीशा पथिराना ( छह मैचों में सात विकेट) के रूप में शुरू और खासतौर पर डेथ ओवर में गेदबाजी करने में माहिर गेंदबाज हैं। चेन्नै के नूर, जडेजा और अश्विन की स्पिन त्रिमूर्ति सनराइजर्स हैदराबाद के ट्रेविज हेड, अभिषेक शर्मा और इशान किशन के रूप में उसके विस्फोटक बल्लेबाजों की त्रिमूर्ति पर लगाम लगा उसे तेज आगाज करन से रोक उसका पूरा गणित बिगाड़ सकती है।

चेन्नै सुपर किंग्स के लिए शिवम दुबे ने एक अर्द्धशतक सहित सबसे ज्यादा 230 रन, रचिन रवींद्र ने एक अर्द्धशतक सहित 191 रन, रवींद्र जडेजा ने एक अर्द्धशतक सहित 145 रन, विजय शंकर ने एक अर्द्धशतक सहित 118 रन, धोनी ने आठ मैचों में 131 रन, डेवॉन कॉनवे ने एक अर्द्धशतक सहित तीन मैचों में 94, राहुल त्रिपाठी ने पाच मैचो मे 55 रन बनाए। सच तो है चेन्नै की मौजूदा सीजन में नाकामी का सबसे बड़ा कारण बल्लेबाजी इकाई के रूप में उसकी नाकामी है। चे्न्नै को जीत की राह पर लौटना है तो उसे खासतौर बल्लेबाजी में एक इकाई के रूप में दमदार बल्लेबाजी की जरुरत होगी। सनराइजर्स हैदराबाद के पास लेग स्पिनर जीशान अंसारी के साथ बाएं हाथ उपयोगी स्पिनर के रूप मे विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और ट्रेविज हेड हैं।

## एसआरएच ने एमआई से हार में परिस्थितियों को गलत समझा : विटोरी



**हैदराबाद।** सनराइजर्स हैदराबाद का आईपीएल 2025 अभियान बुधवार रात को बद से बदतर हो गया, क्योंकि उन्हें सीजन की छठी हार का सामना करना पड़ा – इस बार मुंबई इंडियंस के हाथों। शुरुआती मूवमेंट वाली सतह पर बराबर स्कोर का पीछा करते हुए, स्क्रा। पहले पांच ओवरों में 13/4 पर लड़खड़ा गया। मैच के बाद हेड कोच डेनियल विटोरी ने स्वीकार किया कि पावरप्ले का अधिकतम इस्तेमाल करने की टीम की रणनीति पूरी तरह से विफल रही। मुझे लगता है कि टॉस महत्वपूर्ण था। हम पहले गेंदबाजी करना चाहते थे क्योंकि परिस्थितियां बहुत अलग थीं, (यह पिछले विकेटों से अलग) विकेट था। मेरा मतलब है, हमने चर्चा की थी कि यह 280, 250 रन का विकेट है। इसलिए परिस्थितियां नाटकीय रूप से बदल गईं। इसलिए पहले से ही यह आकलन कर पाना कि बराबर स्कोर क्या था, जाहिर तौर पर मुश्किल है। जब आप शुरुआत में ही वहां जाते हैं, तो आप स्पष्ट रूप से पावर प्ले को अधिकतम करने की कोशिश करते हैं। और दुर्भाग्य से, हम ऐसा करने में सक्षम नहीं थे, और हम लगातार विकेट खोते रहे। एक बार जब हमें एहसास हुआ कि सतह वैसी नहीं थी जैसी हमने उम्मीद की थी, तो हमें उस तरह के 180 के स्कोर की ओर बढ़ना था। दुर्भाग्य से, ऐसा करना मुश्किल है जब पावर प्ले के बाद आपका स्कोर 24/4 हो। पावरप्ले में एसआरएच का अत्यधिक आक्रामक इरादा, जिसने उन्हें सीजन की शुरुआत में सफलता दिलाई थी, तेज गेंदबाजों के लिए अनुकूल विकेट पर उनकी हार का कारण बना। दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट ने नई गेंद से परिस्थितियों का फायदा उठाया और विटोरी ने टीम की जल्दी से खुद को ढालने में विफलता को स्वीकार किया।

## केंद्रीय खेल मंत्री मंडाविया ने एनसीएसएसआर का किया उदघाटन

### बोले, हमें 2036 ओलंपिक को भारत में लाने के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होगा

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। केंद्रीय युवा मामलों एवं खेल तथा श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने नैशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एवं रिसर्च (एनसीएसएसआर) का नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में बृहस्पतिवार को यहां उदघाटन किया। केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया ने इसके बाद यहीं डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा की भी शुरुआत की। डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी से खिलाड़ियों के साथ उनके प्रमाणपत्रों को लेकर किसी भी तरह धोखाधड़ी और गड़बड़ी को रोका जा सकेगा।

डिजिलॉकर, दस्तावेजों और प्रमाण पत्रों के भंडारण, आसान साझाकरण और सत्यापन के लिए एक क्लाउड-आधारित मंच है। नैशनल सेंटर फॉर स्पोर्ट्स साइंस एवं रिसर्च यानी राष्ट्रीय खेल विज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र की खेल प्रकोष्ठ में वापसी खिलाड़ियों के लिए बेहद कारगर होगी। खेल मंत्री मंडाविया ने कहा, मै बेशक राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ)में दखल पसंद नहीं करता। लेकिन खेल संघों को सरकार की 'एथलीट-केंद्रित नीति से भटकने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होने कहा कि मोदी सरकार



■ डिजिलॉकर के माध्यम से खेल प्रमाण पत्र जारी करने की सुविधा की भी शुरुआत

■ मोदी सरकार द्वारा शुरू की गई सभी खेल पहल एथलीट-केंद्रित है

द्वारा शुरू की गई सभी खेल पहल एथलीट-केंद्रित हैं । मंडाविया ने मसौदा राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2024, मसौदा राष्ट्रीय खेल नीति 2024 और खेलों में आयु धोखाधड़ी के खिलाफ मसौदा राष्ट्रीय संहिता (एनसीएएएफएसएस) 2025 का उदाहरण देते हुए ये भारतीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुशासन सुनिश्चित करने के सरकार के संकल्प को दर्शाते हैं।उन्होंने घोषणा की कि डिजी लॉकर के माध्यम से जारी किए गए खेल प्रमाण-पत्रों को जल्द ही राष्ट्रीय खेल रिपोजिटरी प्रणाली (एनएसआरएस) के साथ एकीकृत किया जाएगा, जिससे प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से सरकारी नकद पुरस्कारों का स्वतःवितरण सीधे एथलीटों के बैंक खातों में हो सकेगा और कागजी आवेदन की जरूरत खत्म हो जाएगी। सरकार की पहल को सराहते हुए ओलंपिक रजत पदक पदक विजेता व मेजर ध्यान चंद खेल रत्न विजेता मीराबाई चानू ने कहा, 'डिजिलॉकर वाकई खिलाड़ियों के लिए बढ़िया योजना है। डिजिलॉकर के जरिए खेल प्रमाण पत्र जारी किए जाने से मुझ जैसी सभी खिलाड़ियों का तनाव खत्म हो जाएगा। अक्सर खिलाड़ियों को कुछ दस्तावेजों के लिए घर वापस लौटना पड़ता है – जैसे सरकारी नौकरी, वीजा आदि – क्योंकि हम उन्हें हमेशा अपने साथ नहीं रखते हैं। मैं इस पहल के लिए सभी खिलाड़ियों की ओर से केंद्रीय खेल मंत्री का आभार जताना चाहूंगी।' मंडाविया ने भारत की 2036 ओलंपिक की दावेदारी को सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय खेल संघों में गुटबाजी और भाई-भतीजावाद को समाप्त करने को कहा। उन्होंने कहा, ' हमें 2036 ओलंपिक को भारत में लाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करना होगा।

## गौरव प्रताप सिंह ने 63 का कोर्स रिकॉर्ड बनाकर बढ़त हासिल की

**बेंगलुरु,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। नोएडा के गौरव प्रताप सिंह ने नौ-अंडर 63 का कोर्स रिकॉर्ड स्कोर बनाया और बेंगलुरु के प्रेस्टीज गोल्फशायर क्लब में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये इनामी कपिल देव ग्रांट थॉर्नटन आमंत्रण 2025 में पहले दौर की बढ़त हासिल की। गौरव के शानदार प्रदर्शन ने राशिद खान द्वारा 2012 में बनाए गए पांच-अंडर 67 के पिछले कोर्स रिकॉर्ड को तोड़ दिया। दिल्ली के अर्जुन प्रसाद, जो पिछले सप्ताह दिल्ली में दूसरे स्थान पर रहे, ने आठ-अंडर 64 के साथ अपनी शानदार फॉर्म जारी रखी और पहले दिन दूसरे स्थान पर रहे। बेंगलुरु के खलिन जोशी ने 65 का स्कोर बनाया और पुरुष और महिला पेशेवरों के मिश्रित क्षेत्र वाले अपनी तरह के पहले पीजीटीआई इवेंट में तीसरे स्थान पर रहे। गगनजीत भुल्लर, ओम प्रकाश चौहान और युवराज संधू 67 के स्कोर के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। महिला गोल्फरों में हिताशी बक्शी का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा, उन्होंने 69 का स्कोर किया और संयुक्त 19वें स्थान पर रहीं। गौरव प्रताप सिंह ने अपने दिन



की शुरुआत पहले होल पर टैप-इन बर्डी से की और उसके बाद पांचवें होल पर 20-फीट ईगल कन्वर्जन किया। 3-वुड के साथ कुछ बेहतरीन टी शॉट और शानदार वेज-प्ले की मदद से गौरव, जो पीजीटीआई मुख्य टूर पर दो सहित चार प्रो खिताब जीत चुके हैं, ने आठवें और 16वें होल के बीच पांच और बर्डी हासिल कीं। 40 वर्षीय खिलाड़ी ने आखिरकार 17वें होल पर बर्डी के लिए 15-फुटर लगाया और दिन का अंत 63 के शानदार स्कोर के साथ किया। इस सत्र में पांच शीर्ष-10 के साथ पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में दूसरे स्थान पर मौजूद अर्जुन प्रसाद ने गुरुवार को नौ बर्डी और एक बोगी लगाई।

## सार संक्षेप

### अलकाराज ने चोट के कारण मैड्रिड ओपन से नाम वापस लिया

**मैड्रिड।** दो बार के चैंपियन कार्लोस अलकाराज ने बार्सिलोना में लगी एडक्टर चोट और बाएं पैर में एक अलग चोट के कारण मैड्रिड ओपन, एटीपी 1000 मास्टर्स इवेंट से नाम वापस ले लिया है। 21 वर्षीय खिलाड़ी ने गुरुवार को टूर्नामेंट से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस फैसले की घोषणा की। अलकाराज ने कहा कि हमने जोखिम नहीं लेने, भविष्य के लिए स्थिति को और खराब नहीं करने और अपने शरीर की बात सुनने का फैसला किया है। हमें कठिन निर्णय लेने होंगे, लेकिन हमने सही निर्णय लिया है। मैं आराम करने, ठीक होने और जल्द से जल्द कोर्ट पर वापस आने की कोशिश करूंगा। पिछले हफ्ते बार्सिलोना फाइनलल में होल्गर रून से हारने के दौरान स्पैनियार्ड ने अपने ऊपरी दाएं पैर का उपचार करवाया था। अलकाराज को उम्मीद थी कि वह एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में खेलने के लिए फिट हो जाएंगे, लेकिन उन्हें लगता है कि टूर्नामेंट बहुत जल्दी आ गया है। अलकाराज ने कहा कि बार्सिलोना फाइनल में मुझे पैर में कुछ महसूस हुआ, लेकिन मुझे नहीं लगा कि यह इतना गंभीर है।

### रॉयल रेंजर्स, ड्रीम एफसी और एमिटी की रोमांचक जीत

**नई दिल्ली।** अनीता की शानदार हैट्रिक की मदद से रॉयल रेंजर्स ने सिटी एफसी को 3-0 से हरा कर डीएसए महिला प्रीमियर लीग में शानदार जीत दर्ज की। नेहरू स्टेडियम में खेले गए दिन के पहले मैच में हंस कैपिटल फुटबाल क्लब ने ईव्स स्पोर्ट्स क्लब पर 4-2 की जीत दर्ज की। विजेता के लिए दो शानदार गोल करने वाली सृष्टि कुमार को 'प्लेयर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। वी चिंग और पायल ने एक-एक गोल बांटे। वहीं ईव्स के लिए नैंसी और नेहा ने एक-एक गोल किये। पुरुषों की ए डिवीजन के एक मैच में आशुतोष के दो दर्शनीय गोलों से द ड्रीम टीम ने उत्तराखंड फुटबाल क्लब को 2-0 से पराजित किया।

## कमिंस ने एसआरएच की हार के लिए एंकर की कमी को जिम्मेदार ठहराया

**हैदराबाद,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने स्वीकार किया कि उनकी टीम की पारी में स्थिरता की कमी थी, क्योंकि वे आईपीएल 2025 के 41वें मैच में राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में मुंबई इंडियंस के खिलाफ सात विकेट से हार गए। मैच के बाद, कमिंस ने हेनरिक क्लासेन और अभिनव मनोहर को एसआरएच को गेंदबाजी करने के लिए कुछ देने का श्रेय दिया, लेकिन स्वीकार किया कि यह पर्याप्त नहीं था। एसआरएच के 35 रन पर 5 विकेट जल्दी गिरने का जिक्र करते हुए कमिंस ने कहा कि अभिनव और क्लासी ने हमें अच्छे स्कोर तक पहुंचाया, लेकिन हम इस



पारी को आगे नहीं बढ़ा सके। पारी को वास्तव में स्थिर करने के लिए एक खिलाड़ी की जरूरत थी। मैच की शुरुआत में चिपचिपा और धीमा दिखाई देने वाली सतह पर, एसआरएच ने पावरप्ले में चार विकेट खो दिए – सीजन का सबसे कम पावरप्ले स्कोर – क्योंकि मुंबई की नई गेंद की जोड़ी, ट्रेंट बोल्ट और दीपक चाहर ने कमाल कर दिया। क्लासेन की 44 गेंदों पर 71 रनों की जुझारू पारी और अभिनव मनोहर के धैर्यपूर्ण 43 रनों की बदौलत एसआरएच ने 8 विकेट पर 143 रन बनाए। कमिंस ने सतह की प्रकृति और टी20 क्रिकेट में बढ़िया मार्जिन पर विचार किया। उन्होंने कहा कि आपको यहां अपनी पारी बनानी होगी।

## नदीम ने नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने से किया इंकार

**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। पाकिस्तान के मौजूदा ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन अरशद नदीम ने बेंगलुरू में होने वाली आगामी नीरज चोपड़ा क्लासिक भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेने के निमंत्रण को अस्वीकार कर दिया है। यह जानकारी पाकिस्तानी मीडिया में आई है। अरशद नदीम ने अपने मौजूदा कार्यक्रम के साथ टकराव को नीरज चोपड़ा क्लासिक में भाग न लेने का कारण बताया है। यह एक दिवसीय प्रतियोगिता है जिसका आयोजन 24 मई को बेंगलुरू के श्री कांतीरवा स्टेडियम में किया जाएगा। टेलीकॉम एशिया स्पोर्ट ने अरशद के हवाले से कहा कि मैंने निमंत्रण अस्वीकार कर दिया है क्योंकि मेरा कार्यक्रम एक साल पहले ही तय हो चुका था और मैं 27 मई से दक्षिण कोरिया में होने वाली एशियाई प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहा हूं। अरशद फिलहाल अपने गृहनगर मियां चन्नू में छुट्टियां मना रहे हैं।

## रोहित विश्व स्तरीय खिलाड़ी : बोल्ट



**हैदराबाद,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। मुंबई इंडियंस के तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट ने अनुभवी सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की प्रशंसा की है, जिन्होंने लगातार दो अर्द्धशतक जड़कर पांच बार की चैंपियन टीम को आईपीएल 2025 में प्लेऑफ की दौड़ में वापस ला दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद पर मुंबई इंडियंस की सात विकेट की शानदार जीत के बाद, बोल्ट ने रोहित को 'विश्व स्तरीय' खिलाड़ी बताया, जिसका फॉर्म टीम के रिकॉर्ड छठे खिताब की तलाश में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। मैच के बाद मीडिया से बातचीत में बोल्ट ने कहा कि मुझे लगता है कि पूरी मुंबई इंडियंस टीम में कुछ विश्व स्तरीय खिलाड़ी हैं और जाहिर तौर पर रोहित को इस संबंध में किसी परिचय की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि हर कोई किसी न किसी मौके पर योगदान देना चाहता है, लेकिन रोहित हाल ही में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं और सही समय पर अच्छा खेल रहे हैं। इसलिए वह



सीजन के बाकी बचे हिस्से में हमारे लिए बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। मुझे लगता है कि आपको किसी भी भूमिका के लिए तैयार रहने की जरूरत है। रोहित ने 46 गेंदों पर 70 रन की शानदार पारी खेली, जिससे मुंबई ने 15.4 ओवर में 144 रनों का मामूली लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले बोल्ट ने नई गेंद से 4-26 विकेट लिए थे, जिससे एसआरएच का शीर्ष क्रम ध्वस्त हो गया था। इस जीत ने न केवल मुंबई की प्लेऑफ की उम्मीदों को जिंदा रखा, बल्कि उनके नेट रन रेट को भी काफी हद तक बढ़ाया, जिससे वे अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गए। बोल्ट ने कहा कि वह नए कप्तान हार्दिक पांड्या के नेतृत्व में अपने समय का आनंद ले रहे हैं। हार्दिक एक जोशीले क्रिकेटर हैं। वह आगे बढ़कर नेतृत्व करते हैं और अच्छी तरह से संवाद करते हैं। वह मेरे पसंदीदा भारतीय क्रिकेटरों में से एक हैं और उनके नेतृत्व में खेलना एक ताजा अनुभव है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में मैं मैच के किसी भी चरण में गेंदबाजी करने के लिए तैयार था। मैं 10 आईपीएल सीजन खेलने के लिए काफी भाग्यशाली रहा हूं, जहां हर बार एक ही तरह की रेसिपी नहीं रही।


**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, CHHAMMAN LAL S/O PUNA RAM SAHU resident of WARD NO. 17, RAVAN BHATHA, SHEETLA PARA, GOBRA NAVAPARA, NAWA-PARA RAJIM, RAIPUR (C.G.) 493881 have changed my old name CHHAMMAN LAL S/O PUNA RAM SAHU so in future I should be recognized by my new name that is CHHAMMAN LAL SAHU S/O PUNA RAM SAHU in all Government and other documents.

**CHHAMMAN LAL SAHU**

WARD NO. 17, RAVAN BHATHA, SHEETLA PARA, GOBRA NAVAPARA, NAWAPARA RAJIM, RAIPUR (C.G.) 493881


## हॉकी इंडिया ने की राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय दल की घोषणा

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। हॉकी इंडिया ने आगामी सीनियर पुरुष राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 54 सदस्यीय संभावित खिलाड़ियों की सूची घोषित की है। यह शिविर 25 अप्रैल 2025 को बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होगा। उत्तर प्रदेश के झांसी में आयोजित 15वीं सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 में उनके प्रदर्शन के आधार पर हॉकी इंडिया ने आगामी राष्ट्रीय शिविर के लिए 54 खिलाड़ियों के एक कोर ग्रुप का चयन

■ यह शिविर 25 अप्रैल 2025 को बेंगलुरु के साई सेंटर में शुरू होगा

■ 54 खिलाड़ियों में से 38 को मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखा गया है

किया है। यह शिविर 25 से 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसके दौरान समूह का मूल्यांकन किया जाएगा और उसके बाद खिलाड़ियों की सूची को 40 तक लाया जाएगा। चयनित 40 खिलाड़ी 1 से 25 मई तक



निर्धारित शिविर के अगले चरण में प्रशिक्षण जारी रखेंगे। 54 खिलाड़ियों में से 38 को मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखा गया है। बाकी खिलाड़ियों को हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर उनके प्रभावशाली प्रदर्शन के आधार पर चुना गया है, जिसमें हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी पंजाब, यूपी हॉकी, हॉकी बंगाल और मणिपुर हॉकी के खिलाड़ी शामिल हैं। मौजूदा कोर ग्रुप से बरकरार रखे गए खिलाड़ियों में कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, पवन, मोहित होनेनहल्ली शशिकुमार, अमित रोहिदास, वरुण कुमार, जुगराज सिंह, नीलम संजीप जेस, अमनदीप लाकड़ा, हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, संजय, यशदीप सिवाच, मोहम्मद राहील मौसीन, राज कुमार पाल, नीलकांत शर्मा, हार्दिक सिंह, सुमित, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह, पूवन्ना चंदुरा बॉबी, राजिंदर सिंह, विष्णु कांत सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, गुरजंत सिंह, अभिषेक, शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे, बॉबी सिंह धामी, सेल्वम कार्थी, सुनील जोजो, मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, सुदीप चिरमाको और अंगद बीर सिंह शामिल हैं।

### सुडोकू 6893 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 6 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 | 1 | 8 |
| 4 | 8 | 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 5 |
| 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 7 | 1 | 3 | 4 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 2 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 3 | 4 |
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 7 | 5 | 1 |
| 8 | 9 | 4 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 7 |
| 1 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 2 | 8 | 7 | 9 | 1 | 4 | 6 |

| सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर | |
|---|---|
| इंडसइंड बैंक | 3.24 प्रतिशत |
| अल्ट्रासिम्को | 1.77 प्रतिशत |
| टाटा मोटर्स | 1.26 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 0.94 प्रतिशत |
| सन फार्मा | 0.87 प्रतिशत |

| सर्वाधिक घटने वाले शेयर | |
|---|---|
| हिंदुस्तान यूनिलीवर | 4.00 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 1.96 प्रतिशत |
| आईसीआईसीआई बैंक | 1.53 प्रतिशत |
| इटरनल | 1.17 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.57 प्रतिशत |

## सर्राफा

| दिल्ली | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 96,188 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 39,795 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 97,685 |
| वायदा | 70,857 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 900 |
| बिकवाली | 880 |

## मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 77.40 | 89.74 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.52 | 120.08 |
| यूरो | 89.12 | 103.36 |
| चीन युआन | 8.26 | 13.39 |

## अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दड़ा | 3100-3200 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

## मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

## शुगर

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 4280-4380 |
| चीनी एम | 4500-4600 |
| मिल डिलीवरी | 3620-3720 |
| गुड़ | 4400-4500 |

## दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 5850-5950 |
| दाल चना | 6850-6950 |
| मसूर काली | 7550-7650 |
| उड़द दाल | 9000-9100 |
| मूंग दाल | 9550-9650 |
| अरहर दाल | 8500-8600 |

# [अर्थ जगत]

### पेट्रोल और डीजल की कीमतें अपरिवर्तित

**नई दिल्ली।** अंतराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी जारी रहने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम अपरिवर्तित रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपए प्रति लीटर पर रहा।



# भारत में वर्ष 2026 तक 120 से ज्यादा नए मिड-साइज जीसीसी होंगे स्थापित

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत में मिड-साइज वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) का तेजी से विकास हो रहा है, जिसने समग्र जीसीसी मार्केट को पीछे छोड़ते हुए बाजार औसत 4.5 प्रतिशत के मुकाबले 6.2 प्रतिशत सीएजीआर वृद्धि दर्ज करवाई है। यह जानकारी गुरुवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। इंडक्स जीसीसी सर्वे के अनुसार, भारत में 2026 तक 120 से ज्यादा नए मिड-साइज जीसीसी की स्थापना के साथ 40,000 नई नौकरियों के अवसर मिलेंगे। वर्तमान में 800 से अधिक केंद्रों के मौजूदा आधार पर 2,20,000 पेशेवर काम कर रहे हैं।

देश में मिड-मार्केट जीसीसी सेगमेंट में 2024-2026 के बीच 15-20 प्रतिशत राजस्व वृद्धि देखे जाने की उम्मीद है, जो वैश्विक कंपनियों द्वारा इन परिचालनों में मजबूत विश्वास को दर्शाता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 200 से 1,000 पेशेवरों को रोजगार देने वाले मिड-साइज कॉरपोरेशन तेजी से ऐसी ग्लोबल कंपनियों के लिए रणनीतिक प्राथमिकता बन रहे हैं, जो



- 40 हजार नई नौकरियों के मिलेंगे अवसर
- वर्तमान में 800 से अधिक केंद्रों पर 2,20,000 पेशेवर कर रहे काम

स्पेशल एक्सपर्टाइज और ऑपरेशनल फ्लेक्सिबिलिटी की तलाश कर रही हैं।

रिपोर्ट में बताया गया है कि 65 प्रतिशत मिड-साइज कॉरपोरेशन अगले दो वर्षों में अपने जीसीसी निवेश को बढ़ाने की योजना बना रहे हैं, क्योंकि वे अपने इनोवेशन एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए अपने भारतीय परिचालन को महत्वपूर्ण मानते हैं।

कंपनियों ने दूसरे ग्लोबल लोकेशन की तुलना में भारतीय जीसीसी का लाभ उठाकर 30-40 प्रतिशत की कटौती के साथ पर्याप्त लागत लाभ की रिपोर्ट की है। इससे संगठनों को इनोवेशन और दूसरी रणनीतिक पहलों के लिए बचत को फिर से आवंटित करने की सुविधा मिलती है।

## असम की बॉयो रिफाइनरी में बांस से बनेगा इथेनॉल



**उत्तर-पूर्व के किसानों की बढ़ेगी आय**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की ओर से भारत की बढ़ती ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और किसानों की आय को बढ़ाने के लिए इथेनॉल को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में अब असम में भी बॉयो-इथेनॉल प्लांट करीब तैयार हो गया है। असम बॉयो-इथेनॉल प्लांट की क्षमता 49 किलो टन प्रति वर्ष (केटीपीए) होगी। इस प्लांट में बांस से इथेनॉल का उत्पादन किया जाएगा और इससे उत्तर-पूर्व के करीब 30,000 ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाने में मदद मिलेगी। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर गुरुवार को कहा कि पर्यावरण और हमारी आर्थिक उन्नति के बीच बेहतर तालमेल को दर्शाती ये तस्वीरें असम बॉयो-इथेनॉल प्लांट की हैं, जहां ग्रीन गोल्ड यानि बांस से इथेनॉल का उत्पादन होने जा रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि 49 केटीपीए उत्पादन क्षमता वाली इस बॉयो रिफाइनरी से 30,000 ग्रामीण परिवारों के जीवन में नया सूर्योदय होगा। यह असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय और नागालैंड के बांस किसानों के आर्थिक जीवन को और समृद्ध करने के लिए लगभग तैयार है। पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अन्नदाता से ऊर्जादाता का मंत्र किसानों की आय बढ़ाता है। साथ ही रोजगार के नए अवसर पैदा करता है और देश का धन बचाने के

## ग्लोबल ट्रेड वार के बीच यूबीएस ने भारत को किया अपग्रेड

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म यूबीएस ग्रुप एजी ने भारत को अंडरवेट से अपग्रेड कर न्यूट्रल कर दिया है। यह अपग्रेड ऐसे समय पर आया है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से टैरिफ में बढ़ोतरी के कारण अंतरराष्ट्रीय व्यापार अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूबीएस कहा कि भारत की घरेलू अर्थव्यवस्था मजबूत है और प्रतिकूल परिस्थितियों में भी प्रति शेयर आय (ईपीएस) में बढ़त बनी हुई है। वहीं, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से भी देश की अर्थव्यवस्था को फायदा होगा।

ब्रोकरेज फर्म ने आगे कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था के सकारात्मक पहलुओं में से एक यह है कि जमा वृद्धि में सुस्ती के बावजूद बैंकों द्वारा जमा दरों को कम करने की बढ़ती इच्छा और सरकार द्वारा खपत को बढ़ाने के उपाय शामिल हैं।

यूबीएस के रणनीतिकार सुनील तिरुमलाई ने गुरुवार को



- कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट से देश को होगा फायदा

जारी एक नोट में लिखा है कि डिफेंसिव और घरेलू अर्थव्यवस्था पर केंद्रित शेयरों के प्रति बढ़ती प्राथमिकता के बीच वैश्विक ब्रोकरेज भारतीय बाजार के प्रति अधिक आशावादी हो रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि हालांकि, कंपनियों के सामान्य प्रदर्शन के मुकाबले वैल्यूएशन अभी भी महंगे लग रहे हैं, लेकिन भारत अपनी घरेलू केंद्रित अर्थव्यवस्था के कारण व्यापार अनिश्चितता के बीच रक्षात्मक दिख रहा है। साथ ही कच्चे तेल की कीमत में कमी का फायदा देश को मिल रहा है।

## भारत में एक करोड़ रुपए की कीमत वाले घरों की मांग बढ़ी

**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। इस साल की पहली तिमाही में एक करोड़ रुपए और उससे अधिक के घरों की मांग में बढ़ोतरी हुई है, जिससे देश में कुल घरों की बिक्री का आंकड़ा 65 हजार से अधिक हो गया है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

जेएलएल की रिपोर्ट में बताया गया कि जनवरी-मार्च अवधि में घरों की बिक्री में मामूली गिरावट दर्ज की गई है और कुल 65,246 यूनिट्स की बिक्री हुई है। इस गिरावट के सीमित होने की वजह 3-5 करोड़ रुपए और 1.5-3 करोड़ रुपए के घरों की मांग में बढ़ोतरी होना है।

रिपोर्ट में बताया गया कि अधिक कीमत वाले घरों की मांग



में लगातार वृद्धि से घर खरीदने वालों के बीच बढ़ती समृद्धि, बदलती जीवनशैली प्राथमिकताओं और बड़ी एवं प्रीमियम एसेट्स को प्राथमिकता देने का संकेत मिलता है। रिपोर्ट के अनुसार, देश की शीर्ष सात शहरों में घरों की बिक्री में बेंगलुरु, मुंबई और पुणे का वर्चस्व रहा है और इन शहरों की कुल बिक्री में हिस्सेदारी 66 प्रतिशत की रही है।

## भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा दे रही सरकार

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। कोयला मंत्रालय ने गुरुवार को भूमिगत कोयला खनन को बढ़ावा देने के लिए, नए सुधारों का ऐलान किया। नए सुधार पर्यावरण के लिए अधिक अनुकूल हैं, क्योंकि भूमिगत कोयला खनन से खुले खदानों में खनन की तुलना में सतह पर काफी कम बाधाएं उत्पन्न होती हैं।

एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि मंत्रालय ने एडवांस टेक्नोलॉजी को अपनाने को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से परिवर्तनकारी नीतिगत उपायों की एक सीरिज शुरू की है, जिसमें निरंतर माइनर्स, लॉन्गवॉल सिस्टम, रिमोट सेंसिंग टूल्स और एआई-आधारित सुरक्षा तंत्र शामिल हैं, जो इकोसिस्टम संतुलन सुनिश्चित करते हुए उत्पादकता को बढ़ावा देंगे।

मंत्रालय ने बताया कि यह बड़े सुधार उच्च पूंजी निवेश और लंबी



**सरकार ने नए सुधारों का किया ऐलान**

निर्माण अवधि जैसी पारंपरिक चुनौतियों का समाधान करेंगे। नए सुधार सतत विकास के व्यापक दृष्टिकोण के साथ तालमेल बिठाते हुए कोयला इकोसिस्टम को आधुनिक बनाने के सरकार के संकल्प की पुष्टि करते हैं। इन सुधारों के तहत भूमिगत कोयला खनन के विकास को गति देने के लिए प्रोत्साहनों का एक मजबूत पैकेज शुरू किया गया है। इसमें भूमिगत कोयला खदानों के लिए राजस्व हिस्सेदारी के न्यूनतम प्रतिशत को 4 प्रतिशत से घटाकर 2 प्रतिशत करना शामिल है। यह टारगेटेड कटौती पर्याप्त राजकोषीय राहत प्रदान करती है और भूमिगत परियोजनाओं की वित्तीय व्यवहार्यता को बढ़ाती है। इसके अतिरिक्त भूमिगत खनन के लिए अनिवार्य एडवांस पेमेंट की आवश्यकता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है। यह उपाय एक बड़ी वित्तीय बाधा को दूर करता है और निजी क्षेत्र से व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करता है और परियोजना के तेजी से क्रियान्वयन की सुविधा प्रदान करता है। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि यह सुधार निवेश-अनुकूल और नवाचार-संचालित कोयला क्षेत्र को बढ़ावा देने की सरकार की प्रतिबद्धता को दिखाते हैं।


# दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से बाजार ढेर

**मुंबई,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और इटरनल समेत 16 दिग्गज कंपनियों में हुई मुनाफावसूली से शेयर बाजार पिछले लगातार सात कारोबारी सत्र की तेजी गंवाकर आज गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 80 हजार के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 79,801.43 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.16 प्रतिशत उतरकर 43,590.49 अंक और स्मॉलकैप 0.01 प्रतिशत टूटकर 49,267.43 अंक पर रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4086 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1920 में लिवाली जबकि 2015 में बिकवाली हुई वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2930 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1441 में गिरावट जबकि 1404 में तेजी रही वहीं 85 में टिकाव रहा।

बीएसई में सर्विसेज, धातु, हेल्थकेयर और कमोडिटीज में 0.63 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर अन्य 17 समूहों में मुनाफावसूली का दबाव रहा। इस दौरान सीडी 0.33, ऊर्जा 0.06, एफएमसीजी 0.82, वित्तीय सेवाएं 0.40, इंडस्ट्रियल्स 0.18, आईटी 0.11, दूरसंचार 0.28, यूटिलिटीज 0.28, ऑटो 0.22, बैंकिंग 0.31, कैपिटल गुड्स 0.04, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.19, तेल एवं गैस 0.17, पावर 0.17, रियल्टी 1.39, टेक 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.24 प्रतिशत लुढ़क गए।




- सेंसेक्स 315.06 अंक लुढ़ककर 79,801.43 अंक पर रहा
- निफ्टी 82.25 अंक फिसलकर 24246.70 अंक पर बंद

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इससे ब्रिटेन का एफटीएसई 0.10, जर्मनी का डैक्स 0.36 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.74 प्रतिशत गिर गया जबकि जापान का निक्केई 0.49 और चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.03 प्रतिशत की तेजी रही।

शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 58 अंक की गिरावट लेकर 80,058.43 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 80,173.92 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, मुनाफावसूली होने से यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 79,724.55 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 80,116.49 अंक के मुकाबले 0.39 प्रतिशत गिरकर 79,801.43 अंक पर आ गया।

इस दौरान सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली कंपनियों में हिंदुस्तान यूनिलीवर 4.00, भारती एयरटेल 1.96, आईसीआईसीआई बैंक 1.53, इटरनल 1.17, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.57, एचसीएल टेक 0.46, एचडीएफसी बैंक 0.35, कोटक बैंक 0.35, टीसीएस 0.32, बजाज फाइनेंस 0.30, इंफोसिस 0.24, एनटीपीसी 0.19, पावरग्रिड 0.19, अदानी पोर्ट्स 0.17, आईटीसी 0.15, मारुति 0.09 और एसबीआई 0.01 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, इंडसइंड बैंक 3.24, अल्ट्रासिम्को 1.77, टाटा मोटर्स 1.26, टेक महिंद्रा 0.94, सन फार्मा 0.87, टाइटन 0.83, एशियन पेंट 0.47, बजाज फिनसर्व 0.29, टाटा स्टील 0.28, रिलायंस 0.13, एक्सिस बैंक 0.07, एलटी 0.03 और नेस्ले इंडिया के शेयर 0.03 प्रतिशत लाभ में रहे।

## क्रेडिफिन लिमिटेड ने 213.6 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई : गुप्ता

**जालंधर,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। अचल संपत्ति के बदले बंधक ऋण (संपत्ति के बदले ऋण या एलएपी) और ई-वाहनों, मुख्य रूप से ई-रिक्शा, ई-लोडर और ईवी दुपहिया वाहन को वित्तपोषण प्रदान करने वाली गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनी क्रेडिफिन लिमिटेड (पहले पीएचएफ लीजिंग लिमिटेड) ने इक्विटी और ऋण के रूप में 213.6 करोड़ रुपए की पूंजी जुटाई है।

क्रेडिफिन लिमिटेड के सीईओ शल्य गुप्ता ने गुरुवार को बताया कि कंपनी भारत के मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध एनबीएफसी है। इसका मुख्यालय जालंधर और इसका कॉर्पोरेट कार्यालय दिल्ली-एनसीआर में है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने इक्विटी और ऋण के रूप में 2.49 करोड़ अमेरिकी डॉलर की पूंजी जुटाई है। इसमें लगभग 6.7 प्रतिशत इक्विटी और 93.3 प्रतिशत ऋण शामिल है। इस पैसे का इस्तेमाल कंपनी द्वारा अपने परिचालन वाले क्षेत्रों में देखी जा रही जोरदार वृद्धि की निधि देने के लिए किया जाएगा। गुप्ता ने कहा कि क्रेडिफिन ने पिछले चार वर्षों में प्रभावशाली वृद्धि दर्ज करते हुए विकास की गति को तेज कर दिया है। यह मौजूदा कार्यालयों को मजबूत कर रहा है, तेजी से नए भौगोलिक क्षेत्र खोल रहा है और पारंपरिक ऋण चैनलों से पीछे छूट गए लोगों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए नए उत्पाद पेश कर रहा है।

## सार संक्षेप

### ग्रीनलाइन की ग्लोबल लीडर बेकर्ट के साथ साझेदारी

**मुंबई।** भारत के गैस-बेस्ड इकोनॉमी के विजन के तहत एस्सार वेंचर ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड ने टायर रीइन्फोर्समेंट टेक्नोलॉजी में ग्लोबल लीडर बेकर्ट के साथ साझेदारी का हाथ बढ़ाया है। यह साझेदारी रोड लॉजिस्टिक्स को डीकार्बोनाइज करने से जुड़ी है। ग्रीनलाइन मोबिलिटी सॉल्यूशंस लिमिटेड भारत में एलएनजी और इलेक्ट्रिक-पावर्ड हैवी कमर्शियल ट्रकों का एकमात्र ग्रीन लॉजिस्टिक्स ऑपरेटर है। इस साझेदारी की शुरुआत ग्रीनलाइन के एलएनजी-पावर्ड ट्रक को बेकर्ट के रंजनगांव प्लांट में लाने के साथ की गई है, जो एक पायलट फेज की शुरुआत है। इसका उद्देश्य बेकर्ट के लॉजिस्टिक्स ऑपरेशन के कार्बन फुटप्रिंट को कम करना है। प्रत्येक ग्रीनलाइन एलएनजी ट्रक से सालाना 24 टन तक सीओ2 उत्सर्जन कम होने की उम्मीद है, जिससे बेकर्ट के वर्ष 2050 तक कार्बन नेट-जीरो बनने और सस्टेनेबल सॉल्यूशन से 65 प्रतिशत बिक्री लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

### अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस का मुनाफा बढ़ा


**अहमदाबाद।** अडाणी एनर्जी सॉल्यूशंस लिमिटेड (एईएसएल) ने गुरुवार को कहा कि वित्त वर्ष 25 में कंपनी का शुद्ध मुनाफा 103 प्रतिशत बढ़कर ऑल-टाइम हाई 2,427 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है। इसके साथ ही, जनवरी-मार्च अवधि में कंपनी का मुनाफा 87 प्रतिशत बढ़कर 714 करोड़ रुपए हो गया है। वित्त वर्ष 25 में अडाणी ग्रुप की कंपनी की कुल आय सालाना आधार पर 42 प्रतिशत बढ़कर 24,447 करोड़ रुपए हो गई है। इसकी वजह ट्रांसमिशन प्रोजेक्ट्स से आय में इजाफा, मुंबई एवं मुंद्रा में बिजली की रिकॉर्ड बिक्री और स्मार्ट मीटर बिजनेस का अच्छा प्रदर्शन करना है। कंपनी ने कहा कि वित्त वर्ष 25 में 24,447 करोड़ रुपए की आय में से 5,064 करोड़ रुपए आईएनडी-एएस 115 के तहत सर्विस कंसेशन एग्रीमेंट (एससीए) के तहत आए हैं। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 24 में 858 करोड़ रुपए था।

### रेनो का भारत में नया डिजाइन सेंटर

**चेन्नई।** फ्रांस के रेनो समूह के पूर्ण स्वामित्व वाली भारतीय कंपनी रेनो इंडिया ने रेनो डिजाइन सेंटर चेन्नई का उद्घाटन करते हुए भारत पर केंद्रित अपनी नई रणनीति रेनॉटरेशन पेश की है। कंपनी ने गुरुवार को यहां कहा कि इस रणनीति का मकसद बदलाव लाना है। चेन्नई में नए रेनो डिजाइन सेंटर का उद्घाटन हुआ है, जो बदलाव लाने और 'भारत में डिजाइन' के रेनो के सपने को आगे बढ़ाएगा। यह 'भारत में निर्माण' के मजबूत आधार पर काम करेगा। खासकर रेनो निसान टेक्नोलॉजी एंड बिजनेस सेंटर इंडिया (आरएनटीबीसीआई) के करीब होने के कारण यह एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में भी काम करेगा। रेनो ग्रुप के मुख्य डिजाइन अधिकारी लॉरेन्स वैन डेन एकर ने कहा कि भारत एक अनूठा और जीवंत देश है।

# खाद्य तेलों में टिकाव, चावल महंगा व अन्य जिंसों के भाव स्थिर

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकालने से चावल महंगा हो गया वहीं अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा आठ रिंगिट फिसलकर 4134 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.26 सेंट की बढ़त लेकर 48.60 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टीके रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 100 रुपए प्रति क्विंटल चढ़ गया। वहीं, गेहूं के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन :** चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपए प्रति क्विंटल रहे।


**अनाज :** (रुपए प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3550-3650 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

# वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों के लिए उच्च वृद्धि वाला बाजार बन रहा भारत

## उपभोक्ता उत्पादों की वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है भारत

**नई दिल्ली,** 24 अप्रैल (एजेंसियां)। भारत अब एक आकर्षक बाजार बनता जा रहा है, जो वैश्विक उपभोक्ता उत्पाद कंपनियों को अच्छा मुनाफा देते हुए अपनी पिछली छवि को बदल रहा है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई।

भारत की सहयोगी कंपनियां कुछ प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों (एमएनसी) के लिए अपने ग्लोबल पैरेंट कंपनियों की तुलना में दो से छह गुना के बीच कुल शेयरधारक रिटर्न देती हैं। बेन एंड कंपनी की रिपोर्ट के अनुसार, 100 मिलियन डॉलर के भारतीय राजस्व योगदान वाली कंपनियों पर ध्यान देने से जानकारी मिलती है कि 60 प्रतिशत भारतीय सहयोगी कंपनियों का राजस्व उनकी पैरेंट कंपनियों की वृद्धि दर से कम से कम दोगुना है। भारत में बेन के कंज्यूमर प्रोडक्ट प्रैक्टिस के प्रमुख रवि स्वरूप ने कहा कि



भारत में पहले से निवेश करने वाली कंपनियों को विकास, उच्च शेयरधारक रिटर्न और वैश्विक रूप से प्रासंगिक उत्पादों को आकार देने के अवसरों का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि जिन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने बाजार में प्रवेश नहीं किया है, उन्हें अभी कार्रवाई करनी चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं तो उन्हें विकास और लॉन्ग टर्म रणनीतिक लाभ से चूकना पड़ सकता है।

पिछले दशक में उभरते बाजारों में भारत उपभोक्ता उत्पादों की वृद्धि में तीसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता रहा है। अगले 5-6 वर्षों में देश वैश्विक स्तर पर कामकाजी आयु वर्ग की आबादी में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करेगा। साथ ही टॉप पांच उभरते उपभोक्ता उत्पादों के बाजारों में प्रति व्यक्ति आय में सबसे तेज वृद्धि देखेगा, जिसमें चीन, ब्राजील, मैक्सिको और रूस जैसे देशों के नाम भी शामिल होंगे।

भारत को पारंपरिक रूप से बहुराष्ट्रीय कंपनियों के लिए एक कठिन बाजार माना जाता रहा है। बावजूद इसके देश ने बाधाओं को दूर कर तेजी से सुधार किए हैं। तेजी से डिजिटल तकनीक अपनाने, स्मार्टफोन और इंटरनेट की व्यापक पहुंच ने कंपनियों को भारत की विविध आबादी तक प्रभावी ढंग से पहुंचने में सक्षम बनाया है। रिपोर्ट के अनुसार, ई-कॉमर्स और क्विक कॉमर्स पारंपरिक और आधुनिक व्यापार चैनलों की तुलना में 2-3 गुना तेजी से बढ़े हैं।

## प्रदेश में मोदी की एक और गारंटी पूरी

# डिजिटल सेवाओं की पहुंच अब गांव तक, ग्रामीणों को मिलेगी नकद भुगतान सहित नागरिक सुविधाएं

■ प्रदेश के 11 हजार से अधिक ग्राम पंचायतों में चलेगा जल संरक्षण अभियान



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। त्रि स्तरीय पंचायती राज संस्थाएं ग्रामीण विकास की मूल कड़ी हैं। मैं पांच साल पंच रहा और निर्विरोध रूप से सरपंच का दायित्व संभालने का अवसर भी मिला। अपनी ज़िम्मेदारी निभाते हुए यदि आप अच्छा काम करेंगे तो जनता का स्नेह हमेशा मिलेगा और गांव के विकास में आप बड़ी भूमिका निभा पाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर से 'अटल डिजिटल सुविधा केंद्र' का वर्चुअल शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए यह बातें कही। उन्होंने कहा कि पंचायती राज दिवस के खास मौके पर शुरू हुई इस योजना से छत्तीसगढ़ के ग्रामीण इलाकों में डिजिटल क्रांति आएगी और प्रदेश के सरकारी सेवाओं और योजनाओं की पहुंच आम लोगों तक सुगम होगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने जल संरक्षण के उद्देश्य से प्रदेश के 11 हजार 693 ग्राम पंचायतों में मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ कर पंचायत प्रतिनिधियों और नागरिकों से जल संरक्षण का आह्वान करते हुए शपथ दिलाई।

मुख्यमंत्री साय ने राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पंचायतें हमारे लोकतंत्र की जड़ें हैं और इन्हें मजबूत करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की जनता से वादा किया था कि ग्राम पंचायतों में नगद भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक न जाना पड़े। आज मोदी की इस गारंटी को पूरा करते हुए अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ किया गया है।

उन्होंने कहा कि हमारे बुजुर्ग पेंशनधारी, महतारी वंदन योजना से लाभान्वित माताएं बहनें, अन्नदाता किसानों को पीएम किसान निधि समेत डीबीटी से प्राप्त राशि के आहरण की सुविधा अब गांव में ही मिलने लगेगी। साय ने कहा कि ग्रामीणों को अब लंबी दूरी तय कर बैंक नहीं जाना पड़ेगा और समय के साथ-साथ उनके आने-जाने में खर्च होने वाली राशि की भी बचत होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जाति, निवास, जन्म, मृत्यु प्रमाणपत्र, पेंशन योजनाएं, राशन कार्ड जैसी सरकारी सेवाएं भी ग्रामीणों के लिए आसान और सुगम हो जाएंगी। साय ने विश्वास जताया कि यह योजना डिजिटल इंडिया मिशन को जमीनी स्तर पर मजबूती देगी और ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शी व उत्तरदायी शासन प्रणाली को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि आज 1460 ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था शुरू हुई है और आने वाले समय में इस योजना को विस्तार दिया जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में भू जल स्तर में लगातार कमी हो रही है और जल संचयन के उद्देश्य से मोर गांव मोर पानी महाअभियान का शुभारंभ किया गया है। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों से कहा कि जल संचयन की दिशा में आप सभी को गंभीरता के साथ कार्य करना है। वर्षा जल संचयन के साथ-साथ वाटर हार्वेस्टिंग जैसे उपायों को भी अपनाने की दिशा में आगे बढ़ना होगा। इन प्रयासों के माध्यम से ही हम आने वाले समय में प्रदेश में पानी की कमी को दूर कर पाएंगे।

### मुख्यमंत्री ने अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के हितग्राहियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के शुभारंभ के अवसर पर सूरजपुर, धमतरी, बस्तर, कबीरधाम, रायगढ़ और जशपुर जिले के विभिन्न हितग्राहियों से योजना को लेकर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह योजना ग्रामीणों की सुविधा की दृष्टि से प्रारंभ किया गया है और इसकी जानकारी अधिक से अधिक लोगों को दी जाए। बस्तर जिले के नानगुर ग्राम पंचायत की श्रीमती सुमनी बघेल ने मुख्यमंत्री को बताया कि महतारी वंदन से प्रति माह उन्हें 1 हजार रूपये की राशि मिलती है। जिसे वह पोस्ट ऑफिस में जमा कर रही हैं ताकि आठवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही बेटी को कम्प्यूटर क्लास के लिए लैपटॉप दिलवा सके। उनके पंचायत में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र खुल जाने से अब उन्हें पैसों के लेन-देन के लिए 18 से 20 किलोमीटर की दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और न ही बैंक की लम्बी कतारों में खड़ा होना पड़ेगा।

# जेईई मेंस-2025 में प्रयास के बच्चों का शानदार प्रदर्शन

### 371 बच्चों ने दी परीक्षा, 122 बच्चें हुए क्वालीफाई



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जेईई मेंस-2025 के घोषित परिणामों में प्रयास आवासीय विद्यालय के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन किया है। इस वर्ष जेईई मेंस परीक्षा में बैठे प्रयास आवासीय विद्यालय के कुल 371 बच्चों में से 122 ने क्वालीफाई किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से उनके परिवार के साथ-साथ उनके गांव एवं समाज में हर्ष का माहौल है।

वर्तमान में राज्य में कुल 15 प्रयास आवासीय विद्यालय संचालित हैं, जबकि वर्ष 2025-26 में राजनादंगावं एवं बलरामपुर में एक-एक नवीन प्रयास आवासीय विद्यालय प्रारंभ करने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इनके प्रारंभ होने से राज्य में प्रयास विद्यालयों की संख्या बढ़कर 17 हो जाएगी। ज्ञात हो कि अब तक प्रयास आवासीय विद्यालय के 122 विद्यार्थी आईआईटी एवं समकक्ष में, 356 विद्यार्थी एनआईटी एवं समकक्ष में, 960 समकक्ष में एवं 70 एमबीबीएस हेतु चयनित हो चुके हैं।

आदिम जाति कल्याण विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष जेईई मेंस के घोषित परिणामों में प्रयास, बालक आवासीय विद्यालय, रायपुर का परीक्षा परिणाम सबसे अच्छा रहा है, इसके जेईई एडवासं परीक्षा में बैठे कुल 153 बच्चों में से 69 ने मेंस क्वालीफाई किया है। इनकी सफलता का प्रतिशत लगभग 45 प्रतिशत रहा है, जो कि राष्ट्रीय स्तर की इतनी कठिन परीक्षा के हिसाब से उत्कृष्ट कहा जा सकता है।

इसी प्रकार प्रयास, जगदलपुर के परीक्षा में बैठे 37 बच्चों में से 07 ने जेईई मेंस क्वालीफाई किया है। प्रदेश के सुदूर नक्सल प्रभावित अंचल के बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की इस कठिन परीक्षा में सफल होना विभाग के साथ-साथ राज्य के लिए भी एक बड़ी उपलब्धि है। इस प्रकार इस वर्ष कुल मिलाकर 122 विद्यार्थियों का आईआईटी एवं आईआईटी प्रिपरेटरी में चयन होने की संभावना है।

## राजिम के हितेश यादव का अग्निवीर के लिए चयन, ट्रेनिंग के लिए बंगलौर रवाना

**राजिम,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर के युवा हितेश यादव का अग्निवीर के लिए चयन हुआ है।



रायगढ़ में आयोजित अग्निवीर परीक्षा में हितेश का चयन हुआ था। अब आगे अग्निवीर की ट्रेनिंग बंगलौर में आयोजित होगी। बता दे कि हितेश की स्कूली शिक्षा राजिम से हुई है। हितेश ने स्कूली पढ़ाई के साथ साथ शारीरिक दक्षता परीक्षा पास करने के लिए दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद एवं अन्य खेल मापदंड के लिए तैयारी शुरू कर दी थी। देश सेवा की भावना से प्रेरित हितेश ने अपने पहले ही प्रयास में सफ्लता हासिल की है। हितेश यादव के अग्निवीर में तैयारी के दौरान पिता अशोक यादव एवं माता अहिल्या यादव ,दो बहनों एवं परिवार के सभी सदस्यों ने भरपूर सहयोग एवं उत्साहवर्धन किया है। हितेश यादव राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव एवं अश्वनी यादव के भतीजे है। हितेश के अग्निवीर में चयन होने पर विधायक रोहित साहू , पूर्व सांसद चंदूलाल साहू , पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय नगर पंचायत राजिम के उपाध्यक्ष श्रीमती पुर्णिमा चंद्राकर पार्षद बलराम यादव, आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू, यशवंत निराला, सुरेश पटेल, तुषार कदम , नरोत्तम जुगू राजपूत , सोमनाथ पटेल , पुरन यादव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

# अनाज, दलहन एवं तिलहन बीजों का विक्रय दर निर्धारित

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कृषि विकास एवं किसान कल्याण मंत्री राम विचार नेताम के निर्देश पर राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम द्वारा खरीफ वर्ष 2025 के लिए अनाज, दलहन एवं तिलहन, आधार-प्रमाणित बीजों के विक्रय दर का निर्धारण किया गया है। गौरतलब है कि राज्य स्तरीय बीज विक्रय दर निर्धारण समिति की बठैक 11 अप्रैल को आयोजित की गई थी।

भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर बीज विक्रय दर निर्धारित किया गया है। राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अधिकारियों ने बताया कि आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से प्रति क्विंटल 100 रूपए अधिक होगी। कृषि विभाग द्वारा उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि प्रावधान अनुसार छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लि. को देय होगी।

अधिकारियों ने बताया कि निगम द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार धान मोटा, कृषकों के लिए 3,550 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 3,408 रूपए प्रति क्विंटल है। इसी प्रकार धान पतला कृषकों के लिए 4,030 रूपए प्रति क्विंटल और सहाकरी समितियों के लिए 3,869 रूपए प्रति क्विंटल है, धान सुगन्धित के लिए 4,650 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 4,464 रूपए प्रति क्विंटल है, कोदो के लिए 7,300 रूपए प्रति क्विंटलऔर सहकारी समितियों के लिए 7,008 रूपए प्रति क्विंटल है, रागी के लिए 4,500 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 4,320 रूपए प्रति क्विंटल, उड़द कृषकों लिए 11,300 रूपए प्रति क्विंटल और सहाकारी समितियों के लिए 10,848 रूपए प्रति क्विंटल, मूंग के कृषकों लिए 11,400 रूपए प्रति क्विंटल और सहाकारी समितियों के लिए 10,944 रूपए प्रति क्विंटल, कुल्थी के कृषकों लिए 7,750 रूपए प्रति क्विंटल और सहाकारी समितियों के लिए 7,440 रूपए प्रति क्विंटल हैं।

इसी प्रकार सोयाबीन कृषकों लिए 7,400 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 7,104 रूपए प्रति क्विंटल, मूंगफली के कृषकों लिए 11,900 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 11424 रूपए प्रति क्विंटल, तिल कृषकों लिए 19,300 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 18,528 रूपए प्रति क्विंटल, रामतिल कृषकों लिए 13,000 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 12,480 रूपए प्रति क्विंटल, ढेंचा कृषकों लिए 9,900 रूपए प्रति क्विंटल और सहाकारी समितियों के लिए 9,504 रूपए प्रति क्विंटल, सनई कृषकों लिए 11,600 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 11,136 रूपए प्रति क्विंटल है। इसी तरह अरहर 10 वर्ष के अन्दर 11,800 रूपए प्रति क्विंटल और सहकारी समितियों के लिए 12,500 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित हैं।

# 7 लाख के इनामी नक्सली दंपत्ति ने कबीरधाम पुलिस के समक्ष किया आत्मसमर्पण

■ शासन की नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति पर जताया विश्वास



**कवर्धा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नक्सलवाद की समाप्ति हेतु घोषित नई आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रेरित होकर 7 लाख रुपये के इनामी नक्सली दंपत्ति — रमेश उर्फ आटम गुड्डु एवं सविता उर्फ लच्छी पोयम — ने दिनांक 24 अप्रैल 2025 को कबीरधाम पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा में लौटने का निर्णय लिया है।

यह सफलता पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य के मार्गदर्शन तथा पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के अंतर्गत मिली है। इस अभियान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल, पंकज पटेल, डीएसपी नक्सल ऑप्स संजय ध्रुव कृष्ण कुमार चंद्राकर की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही।

आत्मसमर्पित नक्सली रमेश उर्फ आटम गुड्डु (29 वर्ष), प्लाटून नंबर 01, एमएमसी जोन, जीआरबी डिवीजन कमेटी का सक्रिय सदस्य था, वहीं उसकी पत्नी सविता उर्फ लच्छी पोयम (21 वर्ष) टांडा एरिया कमेटी की सदस्य के रूप में कार्यरत थी। दोनों बीते 8 वर्षों से एमएमसी क्षेत्र में सक्रिय रहकर नक्सली गतिविधियों में संलग्न थे। वर्ष 2019 में थाना भोरमदेव क्षेत्रांतर्गत बकोदा जंगल में हुई मुठभेड़ में रमेश घायल भी हुआ था।

संगठन में रहते हुए रमेश के पास 12 बोर बंदूक तथा सविता के पास 8 एमएम रायफल रही है। आत्मसमर्पण का निर्णय उन्होंने संगठन में व्याप्त आंतरिक संघर्ष, अमानवीय व्यवहार, स्थानीय आदिवासियों पर हो रहे अत्याचार, तथा जंगल में कठिन जीवन से त्रस्त होकर लिया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रस्तुत आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत नक्सली दंपत्ति को तत्काल प्रत्येक को ?25,000 की प्रोत्साहन राशि (कुल ?50,000) नगद प्रदान की गई है। अन्य सुविधाएं शासन की पुनर्वास नीति के अनुसार शीघ्र प्रदान की जाएंगी।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा आत्मसमर्पित नक्सलियों के समुचित पुनर्वास हेतु पुलिस एवं प्रशासन को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

अब तक जिला कबीरधाम में कुल 11 नक्सली आत्मसमर्पण कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ चुके हैं, जिनमें 10 इनामी नक्सली शामिल हैं। इस आत्मसमर्पण प्रक्रिया में जिला विशेष शाखा कबीरधाम में पदस्थ प्रधान आरक्षक 405 घनाराम सिन्हा, प्रधान आरक्षक 407 अभिजीत सिंह, आरक्षक 593 कृपाराम मेरावी, नव आरक्षक 255 लिब्रू उर्फ दिवाकर, नव आरक्षक 581 करन हेमला एवं आर. राय सिंह की सक्रिय भूमिका सराहनीय रही। कबीरधाम पुलिस का यह अभियान आगे भी नक्सलियों को समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए प्रेरित करता रहेगा।

## पेयजल संकट से जूझ रहा संयुक्त जिला कार्यालय

# विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारियों ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**बालोद,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी के साथ ही पेयजल संकट गहराने लगा है। प्राथमिक स्तर पर पेयजल समस्या के निदान हेतु संबंधित विभागों को उच्चाधिकारियों द्वारा सचेत किया जा रहा है वहीं संयुक्त जिला कार्यालय भी इन दिनों पेयजल संकट से जूझ रहा है। इस संदर्भ में बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को सौंपते हुए पेयजल समस्या के निराकरण की मांग की गई है। अन्यथा अधिकारी कर्मचारी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। उक्ताशय के मांगपत्र में बताया गया है कि संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कलेक्टर, पुलिस अधिक्षक, महिला एवं बाल विकास विभाग खाद्य, खनिज कोषालय इत्यादि लगभग 40 महत्वपूर्ण विभाग संचालित हैं। जहां लगभग 500 से 600 की संख्या में अधिकारी कर्मचारी कार्यरत हैं साथ ही संयुक्त जिला कार्यालय में प्रतिदिन लगभग 300 से 400 लोग अपने विभिन्न कार्यों के लिए आते हैं। संयुक्त जिला कार्यालय में गर्मी के दिनों में पानी की समस्या विगत 2-3 वर्षों से हो रही है। है। समस्या के निवारण के लिए पूर्व में भी ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन को अवगत् कराया गया परन्तु स्थाई समाधान नहीं हो पाया है। वर्तमान सत्र में माह अप्रैल से ही पानी की विकट समस्या प्रारंभ हो चुकी है। जिला संयुक्त कार्यालय परिसर के लगभग सभी बोर का जलस्तर नीचे चले जाने के कारण अधिकारी कर्मचारी सहित बाहर से आने वाले आम जनता को पेयजल से लेकर दैनिक दिनचर्या के लिए भी परेशानी उठानी पड़ रही है।



ज्ञात हो कि संयुक्त जिला कार्यालय के अधिकांश अधिकारियों के कक्ष में एसी है परन्तु कर्मचारियों के कक्ष में कूलर लगे हैं जिसके लिए पानी जरूरी है। जिसकी व्यवस्था नहीं हो पा रही है। ज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख किया गया है कि एक सप्ताह के भीतर स्थाई निराकरण नहीं होने पर संयुक्त जिला कार्यालय में कार्यरत समस्त अधिकारी व कर्मचारी धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। संयुक्त हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में समस्त विभागों के लगभग 120 अधिकारी कर्मचारियों के हस्ताक्षर है जिसमें प्रमुख रूप से अधिक्षक अश्वनी नायक, लोकेश मरकाम, तारेन्द्र ठाकुर, संजय चन्देल, केके रामटेके, योगेन्द्र खटकर, विकास सोनी, पायल ठाकुर, दीपक भट्ट उपस्थित रहे।

**NECC**

| 25.04.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 405 | 75 | 155 |
| चिल्हर | 6 | 95 | 180 |

डिलीवरी 420 सैकड़ा
दर्जन अंडा 70 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

पड़ोसन- फोन बहुत अच्छा है तुम्हारा।
श्रीमति- भाई ने लेकर दिया है। 40 हजार का पड़ा।
पड़ोसन- नेकलेस भी अच्छा है तुम्हारा
श्रीमति- उन्होंने लेकर दिया, डेढ़ लाख का पड़ा।
पड़ोसन- पति भी अच्छे हैं तुम्हारे।
श्रीमति- पिताजी ने लेकर दिया। 40 लाख में पड़े।

## संपादकीय

# छात्रों से काम न लें शिक्षक

अक्सर देखा जाता है कि शालाओं में शिक्षकगण छात्र-छात्राओं से कई तरह के कार्य कराते हैं। इनमें अपने से जूनियर बच्चों को पढ़ाने से लेकर स्कूल की साफ-सफाई तक और मध्यान्ह भोजन बनाने से लेकर कई तरह के काम होते हैं। स्कूल की स्टेशनरी को अलमारियों में लगाने, ब्लैक बोर्ड सफाई, पानी लाने ले जाने आदि जैसे अनेक काम उनसे कराये जाते हैं। ग्रामीण इलाकों में तो शिक्षक-शिक्षिकाएं घरों के कामों में भी मदद लेती हैं। बाजार से घरेलू उपयोग का सामान, जैसे चावल, दाल, सब्जियां, मसाले आदि ढोकर लाने के काम तक कराये जाते हैं। शिक्षकों के प्रति सम्मान और भय दोनों के ही चलते बच्चे काम करने से इंकार नहीं कर पाते। यह जहां बच्चों के समय को जाया करना है तो वहीं उनके आत्मसम्मान तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के व्यक्तिगत या अध्ययन से इतर काम करने वाले ज्यादातर बच्चे अपने मन से ये काम नहीं करते। इसके कारण उन्हें अपने सहपाठियों के सामने शर्मिंदा तक होना पड़ता है। कई बार उनसे स्कूली काम कर पैसे बचाये जाते हैं। गांवों में ईंधन खरीदने के लिये राशि मिलती है पर वह प्रधान पाठक या प्रभारी शिक्षकगण हजम कर जाते हैं। सामग्री ढुलाई के लिये भी पैसे मिलते हैं परन्तु वह काम छात्रों से कराकर उस राशि को जेब में डाल लिया जाता है।

सारंगढ़ के बिलाईगढ़ विकासखंड में जेवराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित किये जाने थे जिन्हें लाने के लिये प्रधान पाठक कीर्तिकेश्वर सिंह ने छोटे-छोटे बच्चों को भेजा जो अपनी साइकिलों से उसे लेकर आये। यह खबर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल को मिली जिन्होंने सिंह के अलावा बिलाईगढ़ के बीआरसीसी फणीन्द्र सिंह नेताम तथा सीएसी देवसर फिरतराम सायंतोड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कीर्तिकेश्वर सिंह के स्पष्टीकरण से असंतुष्ट बीईओ ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तथा फीरतराम को उनके मूल विद्यालय वापस भेज दिया। नेताम को चेतावनी दी गयी।

निश्चित ही यह अत्यंत प्रशंसनीय कार्रवाई बीईओ द्वारा की गयी है जिसका अनुसरण सभी शिक्षा अधिकारियों को करना चाहिये। विशेष रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी इस बात पर बेहतर तरीके से नज़र रख सकते हैं। सभी प्रधान पाठकों को इसकी सख्त ताकीद दी जानी चाहिये कि छात्र-छात्राओं से स्कूलों के अथवा निजी काम न कराये जायें। विद्यार्थियों को भी जानकारी दी जानी चाहिये कि वे शालाओं अथवा गुरुजनों के काम करने हेतु बाध्य नहीं हैं। इंकार करने पर अगर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है तो वे इसकी सूचना अपने पालकों-अभिभावकों को दें। उन्हें भी जानना चाहिये कि स्कूलों के या व्यक्तिगत काम करने कि लिये बच्चों को मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसा होता है तो इसकी शिकायत अवश्य की जानी चाहिये।

# राज्य के प्रथम नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत बड़ेसेट्टी के कार्यक्रम में शामिल हुए कलेक्टर

## जिले के सभी पंचायतों में मनाया गया राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस




**सुकमा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रति वर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। यह दिन भारत में ग्राम स्वराज की भावना को सशक्त करने और लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक पहुँचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जाता है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में आज जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव राज्य के प्रथम नक्सल सदस्य मुक्त पंचायत बड़ेसट्टी में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सुकमा विकासखंड के ग्राम पंचायत झापरा में जिलास्तरीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम जॉइंट कलेक्टर डॉ. सूरज कश्यप और जनपद सीईओ मधु तेता के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मधुबनी, बिहार से प्रसारित वर्चुअल संबोधन के साथ हुई, जिसे ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधियों, ग्रामीण जन, अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक साथ देखा और सुना। प्रधानमंत्री श्री मोदी के विचार ने ग्रामीण विकास की दिशा में नई प्रेरणा दी। ग्राम सभा के दौरान पंचायत सचिव द्वारा उपस्थित ग्रामीण जनों को एजेंडा बिंदुवार जानकारी दी गई, जिसमें विकास योजनाओं से लेकर पंचायत की भूमिका तक की विस्तृत जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा अटल पंचायत डिजिटल सुविधा केंद्र का उद्घाटन किया गया। इस सुविधा केंद्र के माध्यम से अब ग्रामीण जनों को बैंकिंग, सरकारी योजनाओं की जानकारी, दस्तावेजों की ऑनलाइन सेवाएं एवं अन्य डिजिटल सुविधाएं ग्राम पंचायत स्तर पर ही सुलभ होंगी। इस अवसर पर जल संरक्षण एवं जल संवर्धन, एक राष्ट्र-एक चुनाव जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूकता फैलाते हुए सभी उपस्थित जनों ने स्वच्छता की शपथ भी ली। छत्तीसगढ़ का सुकमा ज़िला, इस लोकतांत्रिक प्रक्रिया का एक सशक्त उदाहरण है। सुकमा ज़िले में कुल 160 ग्राम पंचायतें हैं, जो स्थानीय शासन की इकाइयों के रूप में कार्य करती हैं। इन पंचायतों का संचालन ग्रामीणों द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों के माध्यम से होता है। पंचायतें न केवल विकास कार्यों का संचालन करती हैं बल्कि ग्रामीणों की समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान भी करती हैं।

**सुकमा जिले में 70 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र प्रारंभ**

हाल ही में, फरवरी 2025 में सुकमा ज़िले में पंचायती चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुए। यह चुनाव प्रक्रिया लोकतंत्र की असली परीक्षा होती है क्योंकि इसमें आम नागरिक सीधे रूप से भाग लेते हैं। ग्राम पंचायत स्तर से लेकर जिला पंचायत तक, सभी स्तरों पर प्रतिनिधियों का चुनाव हुआ। इनमें पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत अध्यक्ष जैसे पद शामिल हैं। इस बार चुनाव में महिलाओं की भागीदारी उल्लेखनीय रही, जो सामाजिक समरसता और लैंगिक समानता की ओर एक सकारात्मक संकेत है। सुकमा ज़िले की पंचायतें राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के मूल संदेश च्गांव की सरकार, गांव के द्वारज्ज को साकार कर रही हैं। आने वाले समय में भी ये संस्थाएं लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ ग्रामीण विकास को मजबूती प्रदान करती रहेंगी।

# महापौर की उपस्थिति में राजस्व और जल कर वसूली को लेकर की गई महत्वपूर्ण बैठक



**नगर निगम द्वारा जलकर बकायादारों के खिलाफ वसूली को लेकर निगम ने शिकंजा कसना किया प्रारंभ**

**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका निगम जगदलपुर के पीएचई अमले द्वारा अभियान चलाकर जलकर वसूली की जाएगी, जिसके तहत गुरुवार महापौर संजय पांडे की उपस्थिति में एवं आयुक्त नगर निगम प्रवीण वर्मा के दिशा निर्देश पर नगर पालिका निगम जगदलपुर में जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा की उपस्थिति में पीएचई एवं राजस्व अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की गई, जिसकी तहत 2024-25 मे जलकर की मांग 7 करोड़ 67 लाख 45 हजार है अभी तक की जलकर वसूली 31 मार्च तक 2 करोड़ 91 लाख 73 हजार हो पाई है जिसका प्रतिशत 38.16 है। नगर पालिका निगम जगदलपुर के 48 वार्ड में जल कनेक्शन लेने वालों की संख्या 22311 है। जिसमें 3051 लोगो से 10000 से ऊपर जलकर बकाया है. जिसमें 4 करोड़ 12 लाख >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# जगदलपुर ब्लॉक के चिलकुटी में हुई एक युद्ध-नशे के विरुद्ध कार्यशाला



**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा गठित कोटपा टास्क फोर्स के द्वारा जगदलपुर ब्लॉक के ग्राम पंचायत चिलकुटी के प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला प्रांगण में एक युद्ध नशे के विरुद्ध की कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के बच्चों सहित पालकों को मादक पदार्थों जैसे तंबाकू, सिगरेट, आदि के सेवन से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में अवगत कराया गया और इन मादक पदार्थों से बचाव सम्बन्धी जानकारी दी गई। इस दौरान सरपंच धनमती पुजारी और अन्य पंचायत पदाधिकारी सहित समाज कल्याण विभाग से मुकेश वासनिक, स्वास्थ्य विभाग से उमाकांत साहू, आबकारी विभाग से सुरेश पुरैना, टास्क फोर्स के जिला नोडल अधिकारी कमलेश रामटेके, महिला बाल विकास विभाग से शैलेन्द्र श्रीवास्तव, नगरनार थाना से टीआई सतीश यदुराज तथा दोनों स्कूलों के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# साहू समाज तेतरकुटी ने मनाई दानवीर भामाशाह की जयंती



**पहलगाम आतंकी हमले में शहीद नागरिकों की दी गई श्रद्धांजलि**

**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। क्षेत्रीय साहू समाज तेतरकुटी के द्वारा दानवीर भामाशाह की जयंती पर्व गुरुवार को उल्लास के साथ मनाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सामाजिक बंधुओ ने भामाशाह की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दानवीर भामाशाह जी तेली-साहू परिवार में जन्मे राणा सांगा के शासन में अपनी सेवा दी थी। महाराणा प्रताप के मुगलों से युद्ध में परास्त हो जाने के बाद अपनी मोटी संपत्ति दान में दे दी। दान कि राशि इतनी अधिक थी कि उक्त राशि से लगभग 25 हजार सैनिकों की 11 वर्षों तक का खर्चा उठाया जा सकता था। साहू तेली समाज के ऐसे महापुरुषों का योगदान भारत निर्माण के लिये अग्रणी रहा है। इस दौरान कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए देश के >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मेंस्ट्रुअल हाइजीन पर छात्राओं के लिए विशेष सत्र



**मासिक धर्म स्वच्छता पर जागरूकता की दिशा में सार्थक पहल**

**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर, के महिला प्रकोष्ठ द्वारा दिनांक 23 अप्रैल 2025, बुधवार को 'मेंस्ट्रुअल हाईजीन और सेफ्टी फॉर अडोलेसेंट गर्ल्स' विषय पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बालिका छात्रावास, शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय एवं आत्मानंद बालिका छात्रावास में आयोजित किया गया, जिसमें छात्राओं को मासिक धर्म से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता अधिवक्ता श्रीमती हिलिना गिरिधरण रहीं, जो पिछले 15 वर्षों से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं और किशोरियों को मासिक धर्म के प्रति जागरूक करने हेतु लगातार कार्य कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं को मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली स्वच्छता की सावधानियों पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उन्होंने बाजार में मिलने वाले रासायनिक सेनेटरी पैड के दुष्परिणामों की जानकारी देते हुए इनके अधिक प्रयोग से होने वाले संक्रमण और गर्भाशय कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति सचेत किया। श्रीमती हिलिना ने छात्राओं को प्राकृतिक और रासायनमुक्त विकल्पों की जानकारी दी और एक विशेष रूप से तैयार किए गए हर्बल पैड का डेमो प्रस्तुत किया, जो स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है और पर्यावरण के प्रति भी जिम्मेदार विकल्प है। महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष डॉ. सुकृता तिर्की ने मासिक धर्म को नारी के अस्तित्व, सृजन और सामर्थ्य से जोड़ते हुए कहा कि यह केवल एक शारीरिक प्रक्रिया नहीं बल्कि स्त्री की जैविक शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने छात्राओं को अपने शरीर और उससे जुड़ी प्रक्रियाओं के प्रति सहज, जागरूक और गर्वित होने का संदेश दिया। कार्यक्रम में डॉ. तुलिका शर्मा, डॉ. गायत्री सोनी, डॉ. सुषमा, डॉ. प्रज्ञा गुप्ता, डॉ. रेखा जीवनानी, नीलम साहू, भूमिका साहू, दुर्गा साहू, पूजा ठाकुर, लीलावती पटेल सहित विश्वविद्यालय की शिक्षिकाएं एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम नारी स्वास्थ्य, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल सिद्ध हुआ।

# सीआरपीएफ 74वीं वाहिनी ने बुरकापाल हमले के शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि



**सुकमा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। 24 अप्रैल 2017 को सुकमा जिले के बुरकापाल क्षेत्र में सीआरपीएफ की 74वीं वाहिनी के 25 जवान शहीद हो गए थे। गुरुवार को उसी दिन को याद करते हुए 74 वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने अपने शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्यालय 74 वीं वाहिनी, दोरनापाल में एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि सभा में कमांडेंट हिमांशु पांडे के नेतृत्व में जवानों ने दो मिनट का मौन रखकर अपने शहीद साथियों को श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा, बुरकापाल स्थित शहीद स्मारक पर भी पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान कमांडेंट हिमांशु पांडे और अन्य अधिकारियों ने शहीदों की स्मृति में श्रद्धासुमन अर्पित किए।

**शहीदों की स्मृति में आयोजन:** 74 वीं वाहिनी सीआरपीएफ पिछले सात वर्षों से शहीद रघुवीर सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करती आ रही है, जिसमें अंदरूनी क्षेत्रों के युवा भाग लेते हैं। यह आयोजन शहीदों की स्मृति को जीवित रखने और युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया जाता है।

**जवानों के शहादत को सदैव स्मरण रखेंगे : हिमांशु पांडे, कमाण्डेण्ट 74**

कमांडेंट हिमांशु पांडे ने कहा कि सीआरपीएफ 74 वीं वाहिनी अपने शहीद जवानों की शहादत को सदैव स्मरण रखेगी और राष्ट्र सेवा में उनके बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा। शहीदों की स्मृति में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम और आयोजन उनकी शहादत को सम्मानित करने और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

# नियुक्ति और न्यायिक आचरण की निगरानी की प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाने की मांग



**अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद की जिला इकाई ने राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन**

**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की सभी जिला इकाई के द्वारा 24 अप्रैल गुरुवार को जिले के कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति एवं सम्मानीय मुख्य न्यायमूर्ति सर्वोच्च न्यायालय, दिल्ली को यह प्रस्ताव प्रेषित कर उस पर अग्रिम कार्यवाही की मांग करते हुए राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन अपर कलेक्टर सीआर बघेल को ज्ञापन सौंपा गया है। अधिवक्ता परिषद छत्तीसगढ़ प्रांत की जिला इकाई के द्वारा ज्ञापन के साथ अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद के पद द्वारा दिनांक 12 अप्रैल, 2025 को राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पारित प्रस्ताव की प्रति अंग्रेजी भाषा में एवं उसका हिंदी भाषा में अनुवाद की एक कॉपी सौंपी गई है >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# प्राणी शास्त्र विभाग के छात्रों ने मधुमक्खी पालन का लिया प्रशिक्षण




**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्राणी शास्त्र विभाग, शासकीय काकतीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय, जगदलपुर के छात्रों द्वारा मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण हेतु शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय जगदलपुर काई भ्रमण कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्राणी शास्त्र विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ सुशील कुमार दत्ता द्वारा छात्रों को कौशल विकास हेतु मधुमक्खी पालन को आवश्यक बताया गया। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ आर एस नेताम द्वारा छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा मैं मधुमक्खी पालन हेतु मार्गदर्शन दिया गया। डॉ एन सी मंडावी, वैज्ञानिक द्वारा, छात्रों को मधुमक्खी कॉलोनी में रानी, वर्कर, ड्रोन कार्यों की जानकारी दी। वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। राजेश पटेल, द्वारा छात्रों को प्रक्षेत्र में मधुमक्खी पालन हेतु मॉडर्न बॉक्स तकनीक से एपीकल्चर की जानकारी दी। मधुमक्खी की कॉलोनी की स्थापना की जाती है ।शहद उत्पादन, बी वैक्स, बी वेनम, उत्पादन की जानकारी छात्रों को दी गई। छात्रों द्वारा बायोकॉन्ट्रोल यूनिट का भी भ्रमण किया गया। डॉ चेतना खांडेकर, अतिथि व्याख्याता द्वारा छात्रों को बायोकॉन्ट्रोल लैब का विकसित करवाया एवं बायोकॉन्ट्रोल द्वारा किस प्रकार कीटों का नियंत्रण कर सकते हैं जिससे ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा मिले इस पर विस्तार से जानकारी ।मैक्सिकन बीटल द्वारा पार्थेनियम (गाजर घास) >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पेयजल व्यवस्था हेतु टोलफ्री नम्बर एवं प्रभारी अधिकारियों की तैनाती से जनता को हो रही सुविधा



**शिकायत प्राप्त होने पर निराकरण हेतु पहुंच रही पीएचई की टीम, अब तक 537 हेण्डपम्पों एवं 23 सोलर ड्यूल पम्पों का हुआ मरम्मत**

**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के ग्रामीण इलाकों से बोरिंग खराब होने की खबर मिलने पर उक्त ब्लॉक के प्रभारी अधिकारी तुरन्त सुधार कार्य हेतु कर्मचारियों के साथ पहुंच रहे हैं। साथ ही ग्रामीण अब टोलफ्री नम्बर से भी पेयजल की दिक्कत सम्बन्धी सूचना दे रहे हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में हैंडपंप संधारण एवं सोलर ड्यूल पम्पों के रखरखाव में आशाजनक प्रगति आयी है। इस कार्य को और प्रगति देने हेतु कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर एचएस मरकाम द्वारा गत दिवस सभी सहायक अभियंता सहित उप अभियंता एवं जल जीवन मिशन के जिला समन्वयकों की बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल की समुचित उपलब्धता के लिए सजग रहकर दायित्व निर्वहन किए जाने कहा। साथ ही हैंडपंप संधारण अभियान को निरंतर चलाए जाने के निर्देश दिए। उन्होने आवश्यकता के अनुसार नलकूपों में राइजिंग पाईप बढ़ाकर पेयजल सुलभ करवाने का भी निर्देश दिया। साथ ही नवीन हैंडपंप की आवश्यकता वाले गांवों एवं पारे-टोले में नए नलकूप खनन सहित हैंडपंप स्थापित करने के लिए प्राथमिकता देने कहा।

ज्ञात हो कि जिले के सभी विकासखण्डों में हैंडपंप एवं सोलर ड्यूल पम्प संधारण अभियान के तहत अब तक 537 हैण्डपंप एवं 23 सोलर डयूल पंपो को सुधारा जा चुका है। इस अभियान में सुधार कार्य हेतु आवश्यक स्पेयर पार्टस राईजिंग पाईप, कनेक्टिंग रॉड, वासर इत्यादि अन्य जरूरी सामग्रियों को उपलब्ध करवाया गया है। वहीं अभियान का नियमित तौर पर मॉनिटरिंग किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने सहित शिकायत निवारण के लिए प्रत्येक ब्लॉक में प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। साथ ही समस्या समाधान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा टोलफ्री नंबर 1800-233-0008 जारी किया गया है। इस बारे में कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड जगदलपुर एचएस मरकाम ने बताया कि उक्त टोलफ्री नम्बर द्वारा सीधे विभाग से संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के बारे में अवगत कराया जा सकता है। वर्तमान में जिले के ग्रामीण इलाकों में मरम्मत योग्य हैण्डपम्पों का सुधार किया जा रहा है। साथ ही क्रेडा के माध्यम से सोलर ड्यूल पम्पों का संधारण सुनिश्चित किया जा रहा है। पेयजल व्यवस्था के दृष्टिकोण से जिले के प्रत्येक विकासखण्ड में शिकायत निवारण के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी के तहत दरभा एवं लोहण्डीगुडा हेतु एसडीओ हिरेन्द्र बघेल मोबाइल नंबर 78289-57721, बास्तानार एवं तोकापाल के लिए उप अभियंता एसएस पैकरा मोबाइल नंबर 75873-62080, बकावण्ड एवं बस्तर हेतु >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# टेकनार में ग्रामीणों ने सुना सीएम विष्णु का संबोधन



- पंचायत दिवस पर अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र की सौगात
- ग्रामीणों को अब घर के पास मिलेगी समस्त बैंकिंग सेवाएं
- कलेक्टर ने व्यापक प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पंचायत दिवस पर के अवसर पर विकासखण्ड दंतेवाड़ा के ग्राम टेकनार में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर ग्राम पंचायत भवन में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का वर्चुअल संबोधन भी ग्रामीणों के मध्य हुआ। मुख्यमंत्री ने इस दौरान ग्रामीणों को पंचायती राज दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज प्रदेश में 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र का प्रारंभ किया गया है। इस सुविधा केंद्र के प्रारंभ होने से सभी ग्रामीण हितग्राहियों को शासन की समस्त योजनाओं के पंजीयन से लेकर बैंकिंग लेन देने के लिए ग्राम से शहर जाने की दिक्कत से मुक्ति मिलेगी। चाहे वह प्रधानमंत्री आवास महतारी वंदन योजना की राशि प्रदाय अथवा पेंशन प्रदान अथवा मनरेगा भुगतान हो किसी भी प्रकार अनावश्यक विलंब से ग्रामीण अब मुक्त होगें। इसके साथ ही उन्होंने अपने संबोधन में जल संरक्षण के उपायों को प्रभावी बनाने पर जोर देते हुए कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि घटते जल स्तर से बचाव हेतु हम वर्षा के जल का संरक्षण कर इसे एक महा अभियान का रूप दें।

इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कलेक्टर कुणाल दुदावत ने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा कि मेरी हालिया पदस्थापना के बाद मेरा यह पहला दौरा ग्राम टेकनार पंचायत में हुआ है, और यहां की मांगों और समस्याओं को उन्होंने संज्ञान में लिया है। उन्होंने आगे कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र के प्रारंभ होने से अब स्थानीय ग्रामीणों को अपनी बैंकिंग सेवाओं सहित अन्य योजनाओं से संबंधित भुगतान हेतु कार्यालय में जाना नहीं पड़ेगा। अत: ग्रामीण इसका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। ग्राम वासियों के किसी प्रकार की समस्याओं दिक्कतों के समाधान के लिए जिला प्रशासन तत्पर है उन्होंने ग्राम के सरपंच और पंचायत कर्मचारियों को अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में दी जा रही सुविधाओं को अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने हेतु आग्रह किया। इस दौरान जनपद सदस्य रामू राम नेताम, जिला पंचायत सीईओ जयंत नाहटा, उप संचालक जनपद पंचायत मिथिलेश किसान, ग्राम सरपंच मनीराम भोगामी, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन की मंशानुसार अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र में नागरिक सेवाओं को अधिकाधिक जन सुलभ बनाने के लिए पंचायत स्तर पर ही सभी लाभ दिए जाएगें। इसके तहत वित्तीय समावेशन सेवाएं जैसे नगद आहरण, फंड ट्रांसफर, बीमा ऑनलाइन, पैन कार्ड, पीएससी सेवा प्रदाय, विभिन्न सरकारी योजनाओं का पंजीयन, पासपोर्ट, आवेदन बिजली बिल भुगतान, के साथ-साथ जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन आय, निवास, जाति प्रमाण पत्र, ई-डिस्ट्रिक्ट सेवाएं भी पंचायत स्तर पर उपलब्ध होगी।

# भाजपा बचेली ने कैंडल मार्च निकालकर आतंकवाद का पुतला फूंका



**बचेली,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। आतंकी हमले के विरोध के स्वर पूरे भारतवर्ष में सुनाई दे रहे हैं। आक्रोशित जनता सड़कों पर प्रदर्शन के जरिए अपनी भावनाएं व्यक्त कर रही है। इस क्रम में बचेली भाजपा मंडल ने पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कैंडल मार्च निकालकर आतंकवाद का पुतला दहन किया। जिसमे भाजपा के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में नागरिक भी शामिल हुए। इस घटना को लेकर लोगो में पाकिस्तान व आतंकवाद के खिलाफ काफ़ी नाराजगी देखने को मिली लोगो ने जमकर पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए व भारत सरकार से इस घटना को अंजाम देने वाले लोगो के ऊपर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

# श्री सत्य साई आराधना महोत्सव आयोजित

**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। श्री सत्य साई आराधना महोत्सव 24 अप्रैल 2025 को भगवान की महासमाधि की 14वीं बरसी पर गहन भक्ति और पवित्रता की के साथ पूरे विश्व और भारत में भी मनाया गया। इस पवित्र अवसर पर भगवान को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए श्री सत्य साई सेवा समिति, जगदलपुर में प्रात: 5.45 बजे ओंकारम, सुप्रभातम कर नगर संकीर्तन किया गया, वापस साई मंदिर आकर संगठन का ध्वजारोहण कर भजन किया गया, इसमें बड़ी संख्या में साई भक्त महिला/पुरुषों ने भाग लिया। अपराहन 12 बजे से 3.30 बजे तक महा नारायण सेवा (भंडारा) की गई जिसमें लगभग सैकड़ो भक्तों ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। सांयकाल 6.30 से वेदपाठ, भजन, साई संदेश वाचन के साथ महामंगल आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ महोत्सव का समापन हुआ। कालीपुर जगदलपुर में अमृत कलश का (चावल, दाल, खाने का तेल, नहाने का साबुन, कपड़े धोने के साबुन, हल्दी, मिर्च, धनिया, बालों में लगाने का तेल, सर्प, आदि खाद्य सामग्री) का वितरण भी किया गया है। यह संपूर्ण कार्यक्रम बस्तर जिला की छप्पर भानपुरी, धनपूंजी, पालीभाटा एवं अन्य सभी समिति तथा भजन मंडली यह कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य समन्वयक के. एस.रमैया, जिला अध्यक्ष संजय वैष्णव, समिति संयोजक मुकेश रायकवार, पूर्व जिला अध्यक्ष सी. एल.साव, पूर्व समिति संयोजक डी. रामलू राव, आर.सी. खत्री विजय साई, कुणाल सूर्यवंशी, जयसिंह राठौड़ जीतेंद्र रायकवार, भोला मानिकपुरी, रोहन टांडे, बी नागेश, ईश्वर लाल सलाम, सबाजीत वर्मा, लेखराज हिरवानी एवं रमणा रमैया, राहुल रायकवार, कृष्णकांत बर्मन, श्रीमती रमा मीना मलगावकर, श्रीमती उषा सलाम, सुषमा साहू,कु. हर्ष यादव, प्रिया टांडे, शोभा रानी, बी.मंजू ,रेनू हिरवानी, गायत्री बर्मन, गीता विश्वास, एवम समिति के युवा सदस्य एवं वरिष्ठ भक्तगण ने अपनी सेवाएं दी।




# दंतेवाड़ा आगमन पर रामप्रताप सिंह का आत्मीय स्वागत



- भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल अध्यक्ष बनने के बाद प्रथम आगमन
- दंतेश्वरी दर्शन कर मांगा सुख-समृद्धि का आशीष

**दंतेवाड़ा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा आगमन पर छत्तीसगढ़ भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष रामप्रताप सिंह का भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ ने आत्मीय स्वागत किया।

रामप्रताप सिंह, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओ से रूबरू हुए एवं नगरीय निकाय व त्रि स्तरीय चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत की बधाई देते हुए स्थानीय पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ की प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। श्री सिंह ने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दर्शन कर, आशीर्वाद प्राप्त कर प्रदेश की खुशहाली,सुख व समृद्धि की कामना की। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष मुकेश शर्मा, जनपद अध्यक्ष सुनीता भास्कर, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीष सुराना, बीजापुर विधानसभा प्रभारी दीपक बाजपेयी, बंटी भदौरिया, जिला मंत्री जसवीर नेगी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष ममता गुप्ता, मंडल अध्यक्ष दंतेवाड़ा जय भंसाली, नगर पालिका दंतेवाड़ा अध्यक्ष पायल गुप्ता, नगर पालिका अध्यक्ष किरंदुल रूबी शैलेन्द्र सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष बारसूर सुभद्रा नेगी, पूर्व युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष महावीर महेश्वरी, सुमन प्रभा यादव, लता मरकाम, नगर पालिका दंतेवाड़ा उपाध्यक्ष गुप्त कैलाश मिश्रा, राजेश बोरबन, अजय अवस्थी, निखिल नाग, डे नारायण, गौतम भाठी, कुंती झरना, चंद्रकांत स्वाई, समेत समस्त भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# प्रेक्षा प्रणेता आचार्य महाप्रज्ञ के 16वें महाप्रयाण दिवस पर पांच दिवसीय प्रेक्षा ध्यान शिविर का आयोजन



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रकाश भवन देवेन्द्र नगर सेक्टर-1 में सफलतापूर्वक किया गया। प्रेक्षा प्रशिक्षक डॉक्टर वीर बाला छाजेड़ ने ध्यान की विभिन्न प्रयोग करवाए, जिसमें कायोत्सर्ग, अंतरयात्रा, दीर्घ श्वास प्रेक्षा, चेतन्य केंद्र प्रेक्षा आदि का प्रयोग किया गया। शिविर संयोजिका श्रीमती पुष्पा कोठारी ने आसन, प्राणायाम, मंत्र एवं मुद्राओं के बारे में विस्तार से चर्चा की श्रीनवरतन डागा, श्रीमती ललिता धारीवाल, श्रीमती पदमा जैन, श्री कैलाश नाहर द्वारा समापन पर अपने अनुभव प्रस्तुत किए गए। आचार्य श्री पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट का मौन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉक्टर वीर बाला को मंगल भावना स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

# कलेक्टर ने मरीजों से पूछा, कैसे मिल रहा उपचार



- जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण में देखी व्यवस्था
- मरीजों के ईलाज में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी
- निर्माण कार्य समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश

**दंतेवाड़ा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिला चिकित्सालय मे कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रथम औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय की सभी महत्वपूर्ण विभागों की जानकारी ली और चिकित्सकों को दिशा निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुदावत ने अस्थि रोग, शिशु रोग, नाक, कान गला, ब्रेन हेल्थ, स्त्री प्रसूति वार्ड, नवजात शिशु चिकित्सा वार्ड, सोनोग्राफी, ट्रामा, सेंटर, जनरल वार्ड, सीटी स्कैन, हमर लैब, ब्लड यूनिट वार्ड का जायजा लिया। सर्वप्रथम चिकित्सालय के प्रतिक्षा कक्ष का अवलोकन करते हुए उसे व्यवस्थित करने को कहा तत्पश्चात उन्होंने अभी हाल ही में प्रारम्भ हुए ब्रेन हेल्थ वार्ड में जाकर वहां उपस्थित चिकित्सक से आने वाले मरीजों की औसत ओपीडी जाननी चाही। इसके उत्तर में उपस्थित डाक्टरों ने बताया कि औसतन 30 से 35 ओपीडी चिकित्सकीय परामर्श के लिए आते हैं, इनमें से अधिकतर डिप्रेशन अनिद्रा, पार्किंसंस सहित अन्य मानसिक बीमारियां से ग्रसित रोगी रहते है जिनकी काउंसलिंग करके उनका उपचार किया जाता है। इस क्रम में आगे टीकाकरण कक्ष को देखा। इस दौरान उपस्थित महिला मरीज ग्राम बिंजाम निवासी ललिता से चर्चा कर उसके टीकारण कार्ड को देखा साथ ही स्टाफ से कहा कि आने वाली महिलाओं को महतारी वंदन जैसी महिला उन्मुखी योजनाओं के बारे में अवश्य बताएं।

इस मौके पर कलेक्टर सभी वार्डों में उपचारित नि:शुल्क दवाइयों की उपलब्धता, मरीजों को दिए जा रहे भोजन उसकी गुणवत्ता उनके डाइट और चिकित्सकों के नियमित रूप से मरीजों के देखने के समय के बारे में भी मरीजों और उनके परिजनों से फीड बैक लेते रहे। इस दौरान कलेक्टर ने चिकित्सालय के निर्माणाधीन रेनोवशन कार्यों को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल के वार्डो के प्रसाधन कक्षों में भी नियमित रूप से स्वच्छता को प्राथमिकता देने को कहा। कलेक्टर ने चिकित्सकों से यह भी कहा कि वे चिकित्सालय में मरीजों को दी जा रही चिकित्सा सेवाओं की नियमित रूप से निगरानी करें, और यदि कोई दिक्कत आ रही है तो उसका तत्काल निराकरण करें। इस दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, सीएमएचओ अजय रामटेके, सिविल सर्जन अभय तोमर, सहित चिकित्सकीय अमला उपस्थित था।

# किसानों और ग्रामीणों के आर्थिक उत्थान हेतु पशुपालन विभागीय योजनाओं का करें क्रियान्वयन : कलेक्टर



पशु चिकित्सा विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**जगदलपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि जिले के किसानों और ग्रामीणों को पशुपालन गतिविधियों के माध्यम से आर्थिक रूप से सक्षम बनाने के लिए विभागीय योजनाओं और गतिविधियों का कारगर क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। इस दिशा में राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजनांतर्गत गौ-पालन के लिए सहायता प्रदान करने सहित विभागीय योजनाओं के तहत सूकरत्रयी योजनांतर्गत सूकरपालन, बैकयार्ड कुक्कुटपालन योजना से कुक्कुटपालन एवं नर बकरापालन यूनिट के तहत बकरीपालन के लिए आवश्यक सहायता एवं प्रशिक्षण हितग्राहियों को प्रदान किया जाए। साथ ही नस्ल सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत किसानों एवं पशुपालकों के देशी नस्ल के गौवंशीय मवेशियों का कृत्रिम गर्भाधान करने के लिए व्यापक स्तर पर पहल किया जाए। कलेक्टर श्री हरिस एस गुरूवार को कलेक्टोरेट के प्रेरणा कक्ष में पशु चिकित्सा विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उक्त निर्देश दिए। उन्होंने किसानों एवं पशुपालकों के मवेशियों का नियमित रूप से उपचार और टीकाकरण सुनिश्चित किए जाने पर बल देते हुए उक्त कार्य को बारिश के पूर्व अभियान के रूप में चलाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले के अन्तर्गत पशु नस्ल सुधार कार्यक्रम अन्तर्गत कृत्रिम गर्भाधान की समीक्षा में अत्यंत धीमी प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुए आगामी वर्ष में लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने की चेतावनी दी। वहीं उन्होंने जिले में वर्ष 2024-25 में किए गए पशुओं में टीकाकरण एचएस, बीक्यू, एफएमडी, लम्पी स्किन डिसिज, ब्रसोलोसिस, पीपीआर, स्वाइन फिवर के टीकाकरण लक्ष्य के विरूद्ध अपेक्षित प्रगति नहीं होने के कारण सभी विकासखण्ड के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित किया कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले अधिकारी-कर्मचारी विशेषकर विकासखण्ड प्रभारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। बैठक के अंत में कलेक्टर के द्वारा उपस्थित समस्त विकासखण्ड प्रभारी पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लक्ष्य की शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ. देवेन्द्र नेताम ने आगामी तीन माह के भीतर लक्ष्य के अनुरूप विभागीय कार्यों में अपेक्षित उपलब्धि लाने के लिए आश्वस्त किया। बैठक में जिले में पदस्थ वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी, पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी तथा विभिन्न संस्थाओं एवं विकासखण्ड के प्रभारी के साथ ही मोबाईल वेटनरी यूनिट के पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञ एवं सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### महापौर की उपस्थिति में राजस्व...

08 हजार की जलकर वसूली बकाया है। सहायक राजस्व निरीक्षक एवं पंप ऑपरेटर मिलकर जलकर की वसूली करेंगे। अभी तक 31 टुल्लू पंप जप्त किए गए हैं। जगदलपुर के प्रवीर वार्ड मे 66 उपभोक्ताओं से 18 लाख 69 हजार 279 रूपये, विजय वार्ड 42 उपभोक्ताओं से 12 लाख 21 हजार 306, शिव मंदिर वार्ड 42 उपभोक्ताओं से 12 लाख 62 हजार 523 रुपये,भैरम देव वार्ड 72 उपभोक्ताओं से 18 लाख 40 हजार 785, वीर सावरकर वार्ड 42 उपभोक्ताओं से 11 लाख 72 हजार 654 रूपये जलकर वसूली किया जाना बाकी है। समस्त 48 वार्ड मिलाकर 3051 उपभोक्ताओं से जलकर वसूली लेना पाया गया है। महापौर संजय पांडे ने कहा कि जल कार्य सभापति सुरेश गुप्ता एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा एवं अधिकारियों के साथ हमारी आज बैठक हुई जिसमें जल्द से जल्द जलकर वसूली करने का निर्देश दिया है। 01 महीने के अंदर अधिकारियों को जलकर वसूलने कहा गया है। टुल्लू पंप जप्ती का भी निर्देश दिया है। जलकर अगर नहीं देते हैं तो चिन्हित करके नल कनेक्शन काटे जाएंगे। अवैध नल कनेक्शन को भी काटा जाएगा। जलकर सभापति सुरेश गुप्ता एवं राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा बकायादारों की जलकर की राशि जमा कराकर असुविधा से बचने की अपील की गई है। इस बैठक में मुख्य रूप से राजस्व निरीक्षक विनय श्रीवास्तव, कुलदीप पाणिग्रही,सब इंजीनियर संजीव कर्ण उपस्थित थे।

### जगदलपुर ब्लॉक के चिलकुटी...

समस्त स्टॉफ, पालक एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने शिक्षा विभाग से एपीसी राकेश खापर्डे और खंड शिक्षा अधिकारी जगदलपुर एमएस भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।

### साहू समाज तेतरकुटी ने...

नागरिकों को श्रद्धासुमन अर्पित किये तथा उन्हें मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुये आरोपियों पर भारत सरकार से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई। इस दौरान साहू समाज तेतरकुटी के अध्यक्ष गणेश राम साहू, देव नारायण साहू, लाल बहादुर साहू, हेमलाल साहू, जोहन साहू, उत्तम साहू, जोहित साहू, मलखन् राम सोनवानी, भुवनेश्वर, परमानंद साहू, नीलमणी साहू सहित स्वजातीय बंधु गण उपस्थित रहे।

### नियुक्ति और न्यायिक आचरण...

उप अभियंता आलोक मंडल मोबाइल नंबर 99936-99227 और जगदलपुर ब्लॉक के लिए एसडीओ के. सुनिता मोबाइल नंबर 94252-65225 को दायित्व सौंपा गया है। इन प्रभारी अधिकारियों से भी संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के सम्बंध में अवगत कराया जा सकता है।

### प्राणी शास्त्र विभाग...

के नियंत्रण पर भी जानकारी दी गई इस कार्यक्रम में पीजी कॉलेज के सहायक प्राध्यापक कल्पना मंडावी, किशन कुमार मरावी, होलेश कुमार साहू विद्यार्थियों के साथ उपस्थित रहे। छात्रों द्वारा प्रशिक्षण हेतु सभी शिक्षकों का आभार किया गया एवं भविष्य में भी इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण का आयोजन करने की बात रखी।

### पेयजल व्यवस्था हेतु टोलफ्री नम्बर...

उप अभियंता आलोक मंडल मोबाइल नंबर 99936-99227 और जगदलपुर ब्लॉक के लिए एसडीओ के. सुनिता मोबाइल नंबर 94252-65225 को दायित्व सौंपा गया है। इन प्रभारी अधिकारियों से भी संपर्क कर पेयजल सम्बन्धी समस्या के सम्बंध में अवगत कराया जा सकता है।

# जिपं अध्यक्ष नंदलाल ने किया राशन दुकान का उद्घाटन



- पेंटा के ग्रामीणों को नहीं तय करनी पड़ेगी 4 किमी की दूरी
- राशन दुकान के लिए ग्रामीणों ने प्रशासन को दिया धन्यवाद

**दंतेवाड़ा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कुआकोंडा के ग्राम पंचायत महाराहुरानार के अंतर्गत आने वाले ग्राम पेंटा के ग्रामीणों को अब राशन के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। आज यहां राशन दुकान की नई शाखा का विधिवत उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी, खाद्य अधिकारी कीर्ति कौशिक, सरपंच बुधनी बरसा सहित अनेक जनप्रतिनिधि व ग्रामीण उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि अब तक ग्राम पेंटा के ग्रामीणों को राशन लेने के लिए 4 किलोमीटर दूर महाराहुरानार जाना पड़ता था। यह दूरी विशेषकर महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगों के लिए काफी कठिनाईपूर्ण थी। ग्रामीणों की लगातार मांग के बाद शासन द्वारा इस समस्या का समाधान करते हुए ग्राम पेंटा में राशन दुकान की उपशाखा खोलने की स्वीकृति दी गई। उद्घाटन अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीबों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के दूसरे चरण का सर्वे 30 अप्रैल तक चलेगा, जिसमें सभी पात्र हितग्राही अपना नाम अवश्य दर्ज कराएं। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। जनपद अध्यक्ष सुकालू मुड़ामी ने भी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुँचे। राशन दुकान की यह नई शाखा ग्रामीणों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी। फूड ऑफिसर कौशिक ने खाद्य विभाग से संबंधित जानकारियां साझा करते हुए ग्रामीणों को राशन कार्ड, वितरण प्रक्रिया और पात्रता की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विभाग की कोशिश है कि किसी भी पात्र हितग्राही को खाद्यान्न से वंचित न रहना पड़े। इस अवसर पर सरपंच बुधनी बरसा, फूड इंस्पेक्टर कश्यप, हेमंत कश्यप, चैन सिंह ठाकुर, लच्छू सिन्हा, दिनेश ठाकुर, अनंत ठाकुर, देवेंद्र बरसा, राहुल कश्यप सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने इसे विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया और उम्मीद जताई कि इसी तरह अन्य मूलभूत सुविधाएं भी शीघ्र ही उनके गांव तक पहुँचेंगी।

# सुरक्षा बलों के लगातार प्रयासों से 4 ने किए आत्मसमर्पण

**नारायणपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नक्सल उन्मुलन अभियान और अति संवेदनशील अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार कैम्प स्थापित होने से पुलिस के बढ़ते प्रभाव व नक्सलियों के अमानवीय, आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों के द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर आज दिनांक 24.04.2025 को श्री प्रभात कुमार (भा.पु.से.) पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, श्री सुशील कुमार नायक अति. पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, श्री मो औबेदुल्लाह खान टूआई सी 41वी वाहनी आईटीबीपी, उप पुलिस अधीक्षक, डॉ. प्रशांत देंवागन, सुश्री अमृता पैकरा के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किये। आत्मसमर्पण करने पर सभी को प्रोत्साहन राशि 50 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया एवं उन्हें नक्सल उन्मूलन नीति के तहत् मिलने वाली सभी प्रकार की सुविधाएं दिलाया जायेगा। इस अवसर पर अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**आत्मसमर्पित के नाम/पद**

1. समीर कश्यप पिता पडरू उम्र 23 वर्ष निवासी भटनार थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.) पद- माड़ डिविजन कम्यूनिकेशन टीम कमाण्डर, ईनामी 3 लाख

2. बैसाखू नुरेटी उर्फ देवलाल उर्फ अमित पिता स्व. चैतू उम्र 30 निवासी सितरम थाना बांदे जिला कांकेर (छ.ग.) पद- प्रेस टीम कमाण्डर एसीएम, ईनामी 5 लाख

3. फुलमति उर्फ फूलो पिता बुधरू उम्र 30 वर्ष निवासी निवासी सितरम थाना बांदे जिला कांकेर (छ.ग.) पद- एलओसएस सदस्य व प्रेस टीम सदस्य ईनामी 1 लाख

4. कमल सिंह उर्फ कमलेश उसेण्डी उम्र 18 वर्ष निवासी उसेबेड़ा थाना कोहकामेटा जिला नारायणपुर (छ.ग.) पद- बिनागुण्डा जन मिलिशिया, पार्टी सदस्य, ईनामी 1 लाख। छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति नियद नेल्लानार



**प्रेस टीम कमाण्डर एवं माड़ डिविजन कम्यूनिकेशन कमाण्डर एलओएस सदस्य सहित अन्य सभी माओवादियों ने समाज की मुख्य धारा में जुड़ने की ली शपथ**

के वृहत प्रचार-प्रसार एवं बड़े कैडर के माओवादियों के आत्ससमर्पण पश्चात सरकार द्वारा उनको दी जा रही विभिन्न सुविधाओं से पुनर्वास की प्रक्रिया की सरलता से प्रभावित होकर ये सभी माओवादी आत्मसमर्पण किये है।

माओवादियों द्वारा आत्मसमर्पण के पीछे माड़ और नारायणपुर जिले में लगातार चलाये जा रहे विकास कार्य तेजी से बनती सड़कें, गावों तक पहुँचती विभिन्न सुविधाओं ने इन्हें प्रभावित किया है। संगठन के विचारों से मोहभंग एवं मिली निराशा, संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद इनके आत्मसमर्पण का बहुत बड़ा कारण है। छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति ने उन्हें नई उम्मीद दी है। आत्मसमर्पित माओवादी क्षेत्रान्तर्गत सक्रिय रूप से कार्यरत रहे है। आने वाले समय में और भी नक्सलियों के संगठन छोड़कर आत्मसमर्पण करने की गोपनीय आसूचना है। आत्मसमर्पण कराने में नाराणपुर पुलिस एवं आईटीबीपी, बीएसएफ का विशेष योगदान है। इस प्रकार नक्सलियों का हो रहे आत्मसर्पण से शीर्ष माओवादी कैडर के लिए बड़ा नुकसान हुआ है। नक्सल मुक्त माड़ बचाव अभियान की कल्पना साकार रूप ले रहा है।

एसपी नारायणपुर प्रभात कुमार (भा.पु.से.) ने बताया कि सरकार की पुनर्वास नीति के फायदे, घर, नौकरी ने इन्हें आकर्षित किया है। इन्होने आत्मसमर्पण माड़ एवं खुद की भलाई के लिए सोचा है, और ''माड़ बचाओ अभियानञ्ज ने उन्हें अब एक नई आस दी है। माओवादी की विचारधारा में भटके नक्सलियों को उनके घर वाले भी वापस लाना चाहते है। हम सभी नक्सली भाई-बहनों से अपील करते हैं कि उनका बाहरी लोगों की भ्रामक बातों और विचारधारा से बाहर निकलने का समय आ गया है। अब समय माड़ को वापस उसके मूलवासियों सौंप देने का है जहाँ वे निर्भीक रूप से सामान्य जीवन व्यतीत कर सके।

# सीएमएचओ कार्यालय में दस्तावेज किए गए जप्त

## रा.ग्रा.स्वा.मिशन में हुए भ्रष्टाचार की जांच के लिए

**कोण्डागांव,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन में भ्रष्टाचार की जांच किए जाने के लिए सीएमएचओ कार्यालय में दस्तावेजों को जप्त किए जाने का मामला सामने आया है।

ज्ञात हो कि कोंडागांव जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) के अंतर्गत वर्षों से जारी भ्रष्टाचार की शिकायतें हो रही है, जब विधान सभा सत्र में भाजपा विधायक लता उसेंडी द्वारा हो रही ऐसी शिकायतों के मुद्दों उठाया गया तब सरकार ने मामले को गंभीरतापुर्वक लिया और उसके बाद राज्य स्तर की विशेष जांच टीम ने मंगलवार को दोपहर 2 बजे अचानक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कार्यालय में छापा मारा और सीएमएचओ कार्यालय में दस्तावेजों को जप्त करने के लिए कार्यालय को सील कर दिया गया।



**कार्रवाई के प्रमुख पहलू**

सीएमएचओ कार्यालय को किया गया सील- कोण्डागांव पहुंचते ही जांच दल ने सीएमएचओ कार्यालय को सील कर दिया, ताकि किसी भी दस्तावेज़ से छेड़छाड़ न हो सके।

लगातार जांच जारी- चार घंटे से अधिक समय से अधिकारी अंदर मौजूद हैं और रिकॉर्ड खंगाले जा रहे हैं।

2021 से 2025 तक के रिकॉर्ड की हो रही जांच- 4 वर्ष तक की अवधि के दस्तावेजों की जांच की जानी है, जिससे अनुमान है कि जांच की प्रक्रिया लंबी चल सकती है।

**भ्रष्टाचार के प्रमुख आरोप -**

1. फर्जी बिल और ओवर रेटिंग- प्रिंटिंग टेंडर में तय दर से ज्यादा भुगतान किया गया-रु.7 के बजाय रु.17 प्रति यूनिट।

2. निजी वाहनों को किराए पर लेने की जांच- विभागीय कर्मचारियों ने स्वयं के वाहनों को विभाग को किराये पर देकर अनैतिक लाभ कमाया। 3. बिना ज़रूरत की वस्तुओं की खरीदारी- जैसे श्रृंगार दान और स्पोर्ट सायकलें, जिनकी उपयोगिता पर भी सवाल उठाए गए हैं।

**विधान सभा में उठा मामला-**

कोण्डागांव विधायक लता उसेंडी ने कहा कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसलिए उन्हें इस मुद्दे को सदन में उठाना पड़ा। उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री को दस्तावेज भी सौंपे थे, लेकिन च्एक्शनञ्ज के नाम पर अब तक सिर्फ पत्राचार ही हुआ।

**स्वास्थ्य मंत्री का रुख-**

मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सदन में कहा कि यदि पुख्ता प्रमाण हैं, तो नियमानुसार सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रक्रिया पारदर्शी होगी और किसी भी दोषी को नहीं बख्शा जाएगा।

# गरांजी बालक बुनियादी आदर्श विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक

**नारायणपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जिले के गरांजी में संचालित 500 सीटर शासकीय बालक बुनियादी आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षा सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में नवीन प्रवेश हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। कक्षा 6वीं में 70 सीटों पर तथा कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीटों पर छात्रों का चयन किया जाएगा। कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्रों को कक्षा 5वीं में ए एवं बी ग्रेड प्राप्त होना अनिवार्य है। इसी प्रकार, कक्षा 9वीं के लिए कक्षा 8वीं में ए एवं बी ग्रेड वाले छात्र पात्र होंगे। कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु आवेदन वही छात्र कर सकेंगे जिन्होंने कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हों। 11वीं में केवल गणित, जीवविज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के लिए ही आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

आवेदन पत्र 25 अप्रैल से 10 जून तक संस्था कार्यालय से कार्यालयीन समय में प्राप्त किए जा सकते हैं। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र 10 जून सायं 5 बजे तक संस्था में जमा करना अनिवार्य है। रिक्त सीटों की विस्तृत जानकारी संस्था के सूचना पटल पर उपलब्ध है।

प्रवेश चयन परीक्षा 17 जून को आयोजित किया जाएगा। कक्षा 6वीं की परीक्षा प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक एवं कक्षा 9वीं की परीक्षा दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक होगी। कक्षा 11वीं के छात्रों का चयन उनके बोर्ड परीक्षा के अंकों के आधार पर मेरिट सूची के माध्यम से किया जाएगा।

# कलेक्टर ने एसपी के साथ बायपास मार्ग का किया निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने 24 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार के साथ कोंडागांव में निर्माणाधीन बायपास मार्ग का निरीक्षण किया तथा शेष कार्य को समय सीमा निर्धारित करते हुए जल्द से जल्द पूर्ण करने हेतु लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया।



कलेक्टर ने कहा कि शहर में बढ़ते यातायात दबाव और सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए बायपास मार्ग का समय पर निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने ठेकेदार को निर्देश दिए कि सभी आवश्यक मशीनरी और मानव संसाधनों बढ़ाते हुए कार्य में तेजी लाएं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने लगभग 8.89 किलोमीटर लंबाई वाले बायपास मार्ग सहित सभी पुल-पुलियों का भी गहन अवलोकन किया और मजदूर की संख्या बढ़ाते हुए बचे हुए सभी कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के दिए निर्देश**

**नवीन बस स्टैंड का किया औचक निरीक्षण**

कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और एसपी वाय अक्षय कुमार ने 24 अप्रैल सुबह कोंडागांव के नवीन बस स्टैंड का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मूलभूत व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को बसों के नियमित आवाजाही और यात्रियों के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग को शहर में जो भी यात्री बसें अन्यत्र सड़कों पर रुकते हैं, उन सभी यात्री बसों को नए बस स्टैंड पर रुकवाने के निर्देश दिए। यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि यात्री बसों का नए बस स्टैंड पर आवाजाही निरंतर होती रहे। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चार्ली ठाकुर एसडीएम, अजय उरांव और मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेष डे उपस्थित रहे।

# कुआकोंडा के बच्चों ने जीत लिया कलेक्टर का दिल

**दंतेवाड़ा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज दंतेवाड़ा साइंस सेंटर का अवलोकन किया। जिले के युवा और बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से यहां विज्ञान केंद्र की स्थापना की गई है।



इस अवलोकन के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने यहां विभिन्न साइंटिफिक थीम पर आधारित कक्ष जैसे इंडस्ट्री रूम, फिजिक्स रूम, इमर्सिव रूम, मिनी वर्ल्ड रूम, हार्वेस्ट हब का भ्रमण करते हुए पोटाकेबिन कुआकोंडा के छात्रों से वैज्ञानिक माडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों के बारे में चर्चा की। उन्होंने विज्ञान संबंधित सिद्धांतों जैसे न्यूटन के उद्गम स्थल चुंबकीय उत्तोलन, वानडे ग्राफ जनरेटर, तरंग मंडल, लेज कानून, बैलिस्टिक पेंडुलम, टेस्ला कॉईल, प्लाज्मा बल, प्रकाशकिय गति, व्हिम्स हर्सट मशीन को समझाया। साथ ही उनसे प्रति प्रश्न भी किए और सही उत्तर देने पर उन्हें प्रोत्साहित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जयंत नाहटा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

- **साइंस सेंटर के अवलोकन के दौरान मुलाकात**
- **बच्चों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने किया प्रभावित**
- **पूछा सवाल तो मिला सही जवाब, फिर समझाया वैज्ञानिक सिद्धांत**

उल्लेखनीय है कि यह विज्ञान केंद्र जिले के सुदूर अंचलों से आने वाले विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा अवसर प्रदान करता है। प्रतिदिन विशेष रूप से संचालित बसों के माध्यम से विद्यार्थी यहाँ पहुँचते हैं और केंद्र में प्रदर्शित विभिन्न वैज्ञानिक माडलों, प्रयोगों और प्रदर्शनों को न केवल देखते हैं, बल्कि उन्हें प्रयोग कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी खोजते हैं।

इस साइंस सेंटर का उद्देश्य केवल विज्ञान की शिक्षा देना नहीं, बल्कि बच्चों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, प्रयोगधर्मी बनाने और उनके अंदर नए आविष्कारों की संभावनाओं को जागृत करना है। केंद्र में रखे गए इंटरएक्टिव मॉडल, डिजिटल डिस्प्ले, और प्रयोगशालाएं बच्चों को विज्ञान को केवल पाठ्य पुस्तकों तक सीमित न रखकर, उसे जीवंत रूप में समझने का अवसर प्रदान करते हैं।

# टेबल पर नेम प्लेट और दीवार पर हो विवरण : कलेक्टर

**दंतेवाड़ा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नव पदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आज संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उप पंजीयक, आदिवासी विकास, रोजगार, श्रम, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, खाद्य, पीएचई, राजस्व सहित अन्य विभागों की शाखाओं का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री दुदावत ने सभी विभागों में आवक-जावक रजिस्टर का सुव्यवस्थित संधारण, प्रत्येक कर्मचारी की टेबल पर नेम प्लेट तथा कार्य विवरण दीवार पर स्पष्ट रूप से अंकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आगंतुकों की सुविधा के लिए भवन में विभागों की दिशा सूचक तीर चिह्न लगाए जाएं, जिससे कोई भ्रम न हो। इसके अतिरिक्त, उन्होंने पुराने भंडारण सामग्री के निपटान (राइट-अप) की प्रक्रिया शीघ्रता से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

- **कलेक्टोरेट स्थित दफ्तरों का नए कलेक्टर ने लिया जायजा**
- **अनुपस्थित कर्मचारियों को थमाई नोटिस**
- **पहले खुद समय पर आएं, बाद में अधीनस्थ को समझाएं**

कलेक्टर ने कार्यालय निरीक्षण के दौरान विभाग प्रमुखों को निर्देश दिए कि वे स्वयं समय पर कार्यालय में उपस्थित हों और अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को भी समय पर आने हेतु निर्देशित करें। संयुक्त जिला कार्यालय में निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाए गए अधिकारी एवं कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। कलेक्टर श्री दुदावत ने कार्यालय परिसर की साफ-सफाई, कर्मचारियों की उपस्थिति, अभिलेखों के रखरखाव तथा नागरिकों को प्रदान की जा रही सेवाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को कार्य प्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुखी बनाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त कलेक्टर भरतराम ध्रुव, डिप्टी कलेक्टर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# नेशनल हाईवे 30 पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन सक्रिय, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**कोण्डागांव,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कोण्डागांव जिले से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन अब एक्शन मोड में आ गया है। कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देश पर नेशनल हाईवे विभाग, परिवहन विभाग एवं यातायात विभाग की संयुक्त टीम ने आज हाईवे के दुर्घटनाजन्य एवं संभावित दुर्घटना क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य इन क्षेत्रों में हो रही दुर्घटनाओं के कारणों की पहचान करना और उनमें आवश्यक सुधार कार्यों की अनुशंसा करना था। निरीक्षण दल ने चिखलपुटी, दूधगांव, बनियागांव, जोबा, घोड़ागांव, जुगानी पुल, सिंघनपुर और बेड़मा जैसे चिन्हित स्थलों पर जाकर स्थिति का जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सड़क पर मौजूद संभावित खतरों, तेज मोड़ों, अंधे स्थानों एवं अति गति वाले हिस्सों का विशेष रूप से अध्ययन किया। निरीक्षण के उपरांत संबंधित विभागों को रंबल स्ट्रिप, स्पीड ब्रेकर, चेवरन बोर्ड, दुर्घटना क्षेत्र का संकेतक बोर्ड, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था और रोड मार्किंग जैसे आवश्यक सुधार कार्यों को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए गए।प्रशासन की इस सक्रियता से उम्मीद की जा रही है कि, रा.रा.-30 में दुर्घटनाओं की संख्या में उल्लेखनीय कमी आएगी और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सकेगी।

## सार-संक्षेप

### चंदेरी में भक्त माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाया जाएगा

**सिमगा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम पंचायत चंदेरी में साहू समाज के द्वारा 25 अप्रैल दिन शुक्रवार को आराध्य देवी भक्त माता कर्मा की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा । जंहा संध्या 4 बजे कलशयात्रा निकाली जाएगी कलशयात्रा में साहू समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे वहीं पूजा अर्चना के उपरांत रात्रि में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकधारा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ग्राम पंचायत के सरपंच रमेश कौशल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी आशाराम साहू एवं भेखराम साहू ने दी।

# पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि

## कांग्रेस ने जताया शोक, आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना



**दंतेवाड़ा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अवधेश गौतम के नेतृत्व में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के शिकार लोगों की आत्मा की शांति के लिए जय स्तम्भ चौक में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस श्रद्धांजलि सभा में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री छविंद्र कर्मा, प्रदेश सचिव राजकुमार तामो, जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता, जिला पंचायत सदस्य, तूलिका कर्मा, सुलोचना कर्मा, जिला महामंत्री रितेश जैन, विमल सलाम, करण तामो, सुमित्रा सोरी, राधा नाग, राकेश कर्मा, चिंटु, अविनाश सरकार, जितेंद्र कश्यप, कमलु अतरा, राधा साहू, शिवकुमारी, रिंकी वैजाम, अनिल गावड़े, राजेंद्र मंडावी, जयदीप मालवीय, रामू अतरा, अन्य उपस्थित थे।

# 10 मई को आयोजित ने.लो. अदालत को लेकर समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक

**कोण्डागांव,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। 10 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत के संबंध में कोण्डागांव के समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक संपन्न होने के सम्बन्ध में जानकारी देते बताया गया है कि 24 अप्रैल 2025 को श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के अध्यक्षता एवं उनकी उपस्थिति में 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु कोण्डागांव न्यायालय के समस्त न्यायिक अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में विक्रम प्रताप चंद्रा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश कोण्डागांव, श्रीमती यशोदा नाग जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (एफ.टी.एस.सी.पॉक्सो) कोण्डागांव, श्रीमती रेशमा बैरागी पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोण्डागांव, शिव प्रकाश त्रिपाठी न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोण्डागांव एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव उपस्थित रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी '10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत' की तैयारी को मजबूत बनाना था, जिसमें समस्त न्यायिक अधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए साथ ही लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण की प्रक्रिया तथा लोक अदालत के माध्यम से न्यायालय प्रणाली में जन सहभागिता को बढ़ावा देने के संबंध में व्यापक चर्चा की गई।

इस दौरान प्रधान न्यायाधीश के द्वारा समस्त न्यायाशीगण को निर्देशित किया कि सभी न्यायालयों में अधिक से अधिक वादों का समाधान आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर निपटाया जाए, ताकि न्यायिक व्यवस्था पर भार कम हो और नागरिकों को शीघ्र न्याय प्राप्त हो।



अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी, नेशनल लोक अदालत, मॉनिटरिंग सेल एवं हिट एण्ड रन के संबंध में नारायणपुर जिले के अधिकारियों के साथ विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बैठक का आयोजन हुआ।

उपरोक्त तरह ही 23 अप्रैल 2025 को श्रीमती किरण चतुर्वेदी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव की अध्यक्षता एवं उनकी उपस्थिति में हिट एण्ड रन, नेशनल लोक अदालत, अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी एवं मॉनिटरिंग सेल की बैठक विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई।

बैठक में श्रीमती प्रतिष्ठा ममगाई कलेक्टर नारायणपुर, सुशील कुमार नायक उप पुलिस अधीक्षक नारायणपुर, कु.प्रतिभा मरकाम मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नारायणपुर, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव, जेल अधीक्षक उप जेल नारायणपुर सम्मलित रहे।

'अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी'- अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक में अनुशंसित बंदियों की समीक्षा की गई। विशेष रूप से ऐसे मामलों पर विचार किया गया, जिसमें आरोपी अधिक समय से न्यायिक हिरासत में है, जहां पर जमानत संभव है, अण्डर ट्रायल रिव्यू कमेटी की समीक्षा के अलावा सजायाफ्ता बंदियों की स्थिति पर भी चर्चा किया गया।

वहीं 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में राजस्व मामलों को अधिक से अधिक संख्या में रखकर मामलों को निपटारा करने हेतु न्यायाधीश द्वारा कलेक्टर नारायणपुर को निर्देश दिए। साथ ही पुलिस विभाग को ट्रेफिक चालान को नेशनल लोक अदालत में रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया।

मॉनिटरिंग सेल मॉनिटरिंग सेल की बैठक भी आयोजित की गई सिविल कोर्ट नारायणपुर में महिलाओं एवं दिव्यांगों हेतु पृथक से प्रसाधन कक्ष निर्माण, अधिवक्ताओं की बैठक कक्ष को पूर्ण करने, सिविल न्यायालय में पक्षकारों के लिए कक्ष के निर्माण कार्य प्रारंभ पूर्ण करने हेतु प्रधान न्यायाधीश द्वारा कलेक्टर नारायणपुर को निर्देश दिए गए।

हिट एण्ड रन के संबंध में बैठक ली गई, जिसमें अज्ञात वाहनों द्वारा सड़क दुर्घटनाओं से हुई मौतों और घायलों के क्रेम कम्पनसेशन की प्रक्रिया को सुनिश्चित करने की चर्चा की गई। पीड़ित पक्षकारों के लिए क्षतिपूर्ति आवेदन प्रक्रिया एक्सीडेंट के परिणामस्वरूप हुई मृत्यु या गंभीर चोटों हेतु मुआवजा निर्धारित करने पुलिस व परिवहन विभाग से संबंधित दस्तावेज तैयार कर एसडीएम को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

उल्टा पुल्टा

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?
आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।
भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।

संपादकीय

## छात्रों से काम न लें शिक्षक

अक्सर देखा जाता है कि शालाओं में शिक्षकगण छात्र-छात्राओं से कई तरह के कार्य कराते हैं। इनमें अपने से जूनियर बच्चों को पढ़ाने से लेकर स्कूल की साफ-सफाई तक और मध्यान्ह भोजन बनाने से लेकर कई तरह के काम होते हैं। स्कूल की स्टेशनरी को अलमारियों में लगाने, ब्लैक बोर्ड सफाई, पानी लाने ले जाने आदि जैसे अनेक काम उनसे कराये जाते हैं। ग्रामीण इलाकों में तो शिक्षक-शिक्षिकाएं घरों के कामों में भी मदद लेती हैं। बाजार से घरेलू उपयोग का सामान, जैसे चावल, दाल, सब्जियां, मसाले आदि ढोकर लाने के काम तक कराये जाते हैं। शिक्षकों के प्रति सम्मान और भय दोनों के ही चलते बच्चे काम करने से इंकार नहीं कर पाते। यह जहां बच्चों के समय को जाया करना है तो वहीं उनके आत्मसम्मान तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के व्यक्तिगत या अध्ययन से इतर काम करने वाले ज्यादातर बच्चे अपने मन से ये काम नहीं करते। इसके कारण उन्हें अपने सहपाठियों के सामने शर्मिंदा तक होना पड़ता है। कई बार उनसे स्कूली काम कर पैसे बचाये जाते हैं। गांवों में ईंधन खरीदने के लिये राशि मिलती है पर वह प्रधान पाठक या प्रभारी शिक्षकगण हजम कर जाते हैं। सामग्री ढुलाई के लिये भी पैसे मिलते हैं परन्तु वह काम छात्रों से कराकर उस राशि को जेब में डाल लिया जाता है।

सारंगढ़ के बिलाईगढ़ विकासखंड में जेवराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित किये जाने थे जिन्हें लाने के लिये प्रधान पाठक कीर्तिकेश्वर सिंह ने छोटे-छोटे बच्चों को भेजा जो अपनी साइकिलों से उसे लेकर आये। यह खबर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल को मिली जिन्होंने सिंह के अलावा बिलाईगढ़ के बीआरसीसी फणीन्द्र सिंह नेताम तथा सीएसी देवसर फिरतराम सायंतोड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कीर्तिकेश्वर सिंह के स्पष्टीकरण से असंतुष्ट बीईओ ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तथा फीरतराम को उनके मूल विद्यालय वापस भेज दिया। नेताम को चेतावनी दी गयी।

निश्चित ही यह अत्यंत प्रशंसनीय कार्रवाई बीईओ द्वारा की गयी है जिसका अनुसरण सभी शिक्षा अधिकारियों को करना चाहिये। विशेष रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी इस बात पर बेहतर तरीके से नज़र रख सकते हैं। सभी प्रधान पाठकों को इसकी सख्त ताकीद दी जानी चाहिये कि छात्र-छात्राओं से स्कूलों के अथवा निजी काम न कराये जायें। विद्यार्थियों को भी जानकारी दी जानी चाहिये कि वे शालाओं अथवा गुरुजनों के काम करने हेतु बाध्य नहीं हैं। इंकार करने पर अगर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है तो वे इसकी सूचना अपने पालकों-अभिभावकों को दें। उन्हें भी जानना चाहिये कि स्कूलों के या व्यक्तिगत काम करने कि लिये बच्चों को मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसा होता है तो इसकी शिकायत अवश्य की जानी चाहिये।

# राजधानी एक्सप्रेस से रायपुर लौट रहें श्रीनगर में फंसे पर्यटक



**रायपुर**, 24 अप्रैल(देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले के बाद श्रीनगर में फंसे छत्तीसगढ़ के पर्यटक सकुशल वापस आ रहे हैं।श्रीनगर में छत्तीसगढ़ के 64 पर्यटक फंसे थे। सभी को श्रीनगर के होटल में ठहराया गया था। इन पर्यटकों की सुरक्षित वापसी को लेकर राज्य सरकार की ओर से सतत प्रयास किया जा रहा। रायपुर लौटने वाले पर्यटक श्रीनगर से दिल्ली पहुंचेंगे। फिर दिल्ली से सभी राजधानी एक्सप्रेस से रायपुर लौटेंगे।

पर्यटकों ने बताया, मंगलवार को पहलगाम जा रहे थे कि इसी बीच आतंकी हमले की जानकारी आई और उन्हें बीच में ही रोक लिया गया और कहा गया कि वहां मत जाइए। हम सभी को वापस श्रीनगर भेजा गया। अब सभी वापस छत्तीसगढ़ लौट रहे हैं।पहलगाम आतंकी हमले के वक्त छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ पत्रकार रामअवतार श्रीनगर में मौजूद थे। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में अब हालात सामान्य है। पर्यटकों की श्रीनगर से सड़क मार्ग से वापसी जारी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ के लोगों से बातचीत की है। उप मुख्यमंत्री व गृहमंत्री विजय शर्मा भी लगातार छत्तीसगढ़ के पर्यटकों से संपर्क में है।जम्मू कश्मीर में फंसे छत्तीसगढ़ के पर्यटकों को लेकर विजय शर्मा ने कहा है कि सभी पर्यटकों से बातचीत चल रही है। उनके वापसी के लिए व्यवस्थाएं दुरुस्त की गई है। कुछ लोग दिल्ली में रुकना चाह रहे हैं तो कुछ जल्द से जल्द वापस आना चाहते हैं। पर्यटकों को जल्द से जल्द सही सलामत उन्हें वापस लाया जाएगा।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। आतंकी हमले में सबसे ज्यादा जान गंवाने वाले लोगों में महाराष्ट्र से हैं। महाराष्ट्र के 6 पर्यटकों की मौत हुई है।गुजरात-कर्नाटक के 3-3 लोगों को मौत हुई है।वहीं छत्तीसगढ़ के कारोबारी दिनेश मिरानिया की भी गोली मारकर हत्या कर दी गई।

## पाकिस्तान को इस दुस्साहस का खामियाजा भुगतना पड़ेगा : साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुंबई का कार्यक्रम रद्द कर रायपुर लौट आए है। एयरपोर्ट पर सीएम साय ने पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर कहा, पाकिस्तान ने जो दुस्साहस किया है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा। कल की बैठक में जो फैसला किया गया है, वो उनके मुंह पर तमाचा है।पाकिस्तान को हमारा देश सबक सिखाकर रहेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मुंबई दौरे को लेकर कहा, 2 दिन का मुंबई प्रवास था पर जम्मू कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में छत्तीसगढ़ के कारोबारी दिनेश दिवंगत हो गए. आज उनकी अंतिम यात्रा है इसलिए दौरा छोड़कर आ गए।उद्योग मंत्री मुंबई में मौजूद है. वे कर्यक्रम खत्म करके लौटेंगे।

सीसीएस की बैठक में पाकिस्तान को लेकर लिए गए 5 बड़े फैसलों को लेकर सीएम ने कहा, पिछले समय में भी पाकिस्तान द्वारा अटैक का करार जवाब दिया गया था, फिर भी पाकिस्तान बाज नहीं आया। जो दु:साहस किया है, उसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

# चूक कैसे हुई ? सरकार को तय करना चाहिए जवाबदेही : भूपेश बघेल



**रायपुर**, 24 अप्रैल(देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि अभी देश में जो हालात है पूरे चिंतित और पूरे विश्व को और देश को झकझोर कर देने वाली घटना पहलगाम में हुआ। पहलगाम के आतंकी हमला में 28 लोगो की जाने चली गयी और हंसता खेलता परिवार उजड़ गया।

यह बहुत बड़ी घटना है। आंतकवाद ने हम सब को झकझोर दिया है।दूसरी बात यह है कि इसमें धर्म पूछ-पूछकर हत्या की गयी, वहां जो पिट्ठू वाले, टट्टू घोड़े चला रहे थे और जो होटल वाले थे, जो टैक्सी वाले थे।उन्होंने मानवीयता का उत्कृष्ट उदाहरण दिया। अपने जान को जोखिम में डालते हुये सहायता की और उसमें दो लोगो की मौत हुयी। ऐसे ही झीरम घाटी की जो घटना घटी थी और पहलगाम की जो घटना है जिसमें दो समानताएं देखने को मिलता है। पहली समानता यह है कि दोनों जगह सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी, न ही पहलगाम सुरक्षा व्यवस्था थी और न ही झीरम घाटी में सुरक्षा व्यवस्था थी।

पहलगाम में भी 28 लोगों की मौतें हुयी और झीरम घाटी में भी 28 लोगों की मौतें हुई। इस घटना ने झीरम घाटी की घटना को ताजा कर दिया। देश में जो रिएक्शन आ रहा है बेहद दुखद है।

उन्होंने कहा भारतीय जनता पार्टी के लोग आपदा में अवसर तलाशने का काम कर रहे है। जितने भी राजनीतिक दल के नेता है सभी ने इस घटना की कड़ी निंदा की। क्षेत्रीय दल हो या राष्ट्रीय दल हो सबने इस घड़ी में शोक व्यक्त किया। सभी ने एकजुट होकर सरकार को समर्थन देने की बात ने कही। इस अवसर पर हम सब सरकार के साथ है।

दुर्भाग्यजनक है कि भारतीय जनता पार्टी सोशल मीडिया में जिस प्रकार की बातें कही, जिस प्रकार प्रचारित करने की कोशिश की। सभी मीडिया में धर्म पूछ-पूछकर हत्याएं की गयी, जाति नहीं पूछा। किसी ने भी सवाल नहीं उठाया कि इतनी बड़ी चूक कैसे हो गयी ? सुरक्षा वहां क्यों नहीं था ? इंटेलिजेंस की भूमिका क्या रही ? इसके पहले प्रधानमंत्री का दौरा था, स्थगित हुआ। उसके पहले गृह मंत्री ने कश्मीर के मामले में समीक्षा बैठक की। ये सब होने के बाद भी इतनी बड़ी घटना कैसे घट गयी, इसके लिए जिम्मेदार कौन है ? सरकार को जवाबदेही तय करना चाहिए। सवाल 28 जाने कहां है ? हमारे बीच में थे कहां है ? उनको न्याय कब मिलेगा ? चाहे कोई भी कार्यवाही करे, जवाबदारी तय करनी पड़ेगी। पूरे देश, सरकार के साथ है। लेकिन ये बताए इस चूक की जिम्मेदार कौन है ? इंटेलिजेंस फेलियर हुआ उसके लिए जिम्मेदार कौन है ? सहायता नहीं पहुंची उसके लिए जिम्मेदार कौन है ? इन सवालों का उत्तर कौन देगा ?

## नक्सलवाद की तरह आतंकवादियों के खात्मे का भी देना चाहिए समय : सिंहदेव



पूर्व उप मुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने अपने बिलासपुर प्रवास के दौरान मीडिया से कहा कि केंद्र सरकार ने जिस तरह छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद को समाप्त करने का टारगेट रखा है. सरकार को उसी तरह देश से आंतकवाद को खत्म करने का भी टारगेट देना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि पहलगांव में हुई घटना अत्यंत अमानवीय, वीभत्स और निंदनीय है। आतंकियों द्वारा प्रदेश और देश में अस्थिरता का वातावरण पैदा करने, आपसी भाईचारा को तोड़ने के लिए यह कुत्सित प्रयास किया गया है। इस मौके पर हम सब, पूरा देश सेना और सरकार के साथ खड़ा है।बड़े से बड़ा जवाब दिया जाए और आतंकवाद को समूल जड़ से समाप्त किया जाए। श्री सिंहदेव ने आगे कहा कि सीमा पर आतंकवादी संगठन इसी तरह की घटना को अंजाम देते रहे हैं।बीते वर्षों में इसमें कमी देखी गई है।आंकड़ों, घटनाओं में कमी आ रही है, लेकिन सिलसिला थम नहीं रहा है। इसलिए इसे जड़ से खत्म करने की दिशा में सरकार को जल्द निर्णय लेना चाहिए।

**राज्य सरकार पर साधा निशाना**- उन्होंने प्रदेश में कामकाज को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है।उन्होंने कहा कि मैंने राज्य सरकार को उनके कार्य के लिए पहले 4.5 अंक दिए थे।लेकिन अब घटाकर 4 करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि एक साल बाद भी सड़कों की हालत नहीं सुधरी है। सरगुजा से रामानुजगंज तक सड़कों की हालत बेहद बदहाल है। बदलाव को जनता उम्मीद से देख रही थी।लेकिन जमीन पर नतीजा निराशाजनक है।

# जमीन की बिक्री के साथ ही अब भूमि हस्तांतरण की होगी प्रक्रिया

### नामांतरण के लिए अब पंजीयन अधिकारी अधिकृत



**रायपुर**, 24 अप्रैल(देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में राजस्व प्रशासन पारदर्शी और भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। इसके तहत छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 24 की उप-धारा (1) के अधीन तहसीलदार को प्राप्त नामांतरण की शक्तियां जिले में पदस्थ रजिस्ट्रार, सब रजिस्ट्रार को दी गई है। ये अधिकारी अपने क्षेत्राधिकार में पंजीकृत विक्रय पत्र के निष्पादन हेतु अधिकृत होंगे। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंक राम वर्मा ने इसे एक जनहितैषी और दूरदर्शी निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि भूमि हस्तांतरण प्रक्रिया के सरलीकरण से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में भूमि से संबंधित विवादों में कमी आएगी। आम लोगों को सुविधा मिलेगी और भ्रष्टाचार की संभावना कम होगी। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग सचिव श्री अविनाश चंपावत ने बताया कि यह अधिसूचना 24 अप्रैल 2025 से प्रभाव में आ चुकी है और इसे सभी जिलों में लागू करने के निर्देश दिए गए हैं।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन द्वारा जारी अधिसूचना के तहत अब पंजीयन अधिकारी रजिस्ट्रार या सब-रजिस्ट्रार को उस क्षेत्र में पंजीकृत विक्रय पत्रों के आधार पर भूमि के हस्तांतरण का अधिकार सौंपा गया है। पूर्व में यह अधिकार तहसीलदार को प्राप्त था। जो कि भू-राजस्व संहिता की धारा 110 के तहत कार्य करते थे। अब इस बदलाव से भूमि क्रय-विक्रय प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगा और कम समय में नामांतरण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

## अरिहंत ज्वेलर्स से अज्ञात महिला ले भागी लॉकेट




**रायपुर**, 24 अप्रैल(देशबन्धु)।जेवर के डिजाइन देखने के बहाने अश्विनी नगर स्थित अरिहंत ज्वेलर्स में 21 अप्रैल की देर शाम को बूढ़ापारा निवासी सचिन जैन की दुकान में अज्ञात महिला जेवर खरीदने पहुंची।

सचिन ने उसे कई डिजाइन के जेवर दिखाए लेकिन कोई पसंद नहीं आया और चली गई। उसके जाने के बाद जब सचिन जेवर का मिलान कर शो रुम में जमा रहा था तो एक लॉकेट कम था। जिसे वह महिला छिपाकर ले भागी थी। इस लॉकेट की कीमत 55000 हजार बताई गई है। सचिन ने की रिपोर्ट पर पुरानी बस्ती पुलिस ने अज्ञात महिला के खिलाफधारा 305 के तहत मामला दर्ज कर दुकान के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला की पहचान और तलाश कर रही है।-

## मोहम्मद अकबर ने पहलगाम के मृतकों को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग



**रायपुर**, 24 अप्रैल(देशबन्धु)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पूर्व मंत्री व कांग्रेस नेता मोहम्मद अकबर ने कड़ी निंदा करते हुए मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने आतंकी हमले में प्राणों की आहुति देने वाले नागरिकों को शहीद का दर्जा दिए जाने की मांग की है। साथ ही मृतक परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।मोहम्मद अकबर ने कहा है कि आतंकवादियों की कायराना हरकत से देशवासियों में गुस्सा है। जम्मू कश्मीर में फंसे नागरिक देश के अलग अलग हिस्सों में अपने घर लौटने के लिए परेशान हैं क्योंकि विमानन कंपनियों ने किराए में बेतहाशा बढ़ोत्तरी कर दी है। सरकार इन परेशान लोगों को उनके घर भिजवाने के लिए तत्काल व्यवस्था कराए।

# विद्युत उपभोक्ताओं को लगेगा स्मार्ट मीटर का झटका, सरचार्ज के जरिए होगी वसूली!

### नियामक आयोग में पावर वितरण कंपनी ने लगाई याचिका



**रायपुर**, 24 अप्रैल(देशबन्धु)। सुविधा के नाम पर घरों-दफ्तरों में लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर अब ग्राहक पर भारी पड़ने वाले है। पावर वितरण कंपनी ने हाल ही में स्मार्ट मीटर सरचार्ज के नाम पर 367 करोड़ रुपए की मांग करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका लगाई है. इस याचिका पर आयोग नए टैरिफ के निर्धारण के दौरान निर्णय लेगा।

प्रदेश में घरेलू कनेक्शनों में पुराने इलेक्ट्रॉनिक मीटर के बदले स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से चल रहा है।अब तक साढ़े 11 लाख से अधिक घरेलू कनेक्शनों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वर्तमान में स्मार्ट मीटर लगाने पर उपभोक्ताओं से किसी भी प्रकार का चार्ज नहीं लिया जा रहा है। बताया गया कि यह नि:शुल्क लगेगा, परंतु पिछले दरवाजे से उपभोक्ताओं पर स्मार्ट मीटर लगाने का सरचार्ज वसूलने की तैयारी हो रही है।

हाल ही में वितरण कंपनी प्रबंधन की ओर से विद्युत नियामक आयोग में रिवाइज पिटिशन दाखिल किया गया है।इसमें स्मार्ट मीटर के नाम पर 367 करोड़ रुपए की मांग करते हुए नए टैरिफ में जोड़ने की बात कही गई है। प्रबंधन ने पूर्व में 4559 करोड़ रुपए का घाटा बताते हुए उसकी भरपाई टैरिफ से करने का आग्रह आयोग से किया था।अब 367 करोड़ रुपए जोड़ने के बाद 4926 करोड़ रुपए का अंतर आ गया है। इसकी भरवाई के लिए बिजली दर बढ़ाने पर सीधा भार उपभोक्ताओं पर आएगा।

जानकार बताते हैं कि वितरण कंपनी की याचिका पर सुनवाई करते हुए आयोग सीधे स्मार्ट मीटर के नाम से उपभोक्ताओं से भले ही सीधा पैसा नहीं ले, लेकिन सरचार्ज के नाम से यह वसूली हो सकती है।हालांकि, अभी नए टैरिफ के लागू होने में समय है।आयोग में रिक्त दो सदस्यों के पदों पर नियुक्ति के बाद नए टैरिफ को लेकर जनसुनवाई और फिर टैरिफ की घोषणा जून तक होने की संभावना है। स्मार्ट मीटर के प्री पैड होने में कुछ माह और वर्तमान में जिन उपभोक्ताओं के घरों अथवा दफ्तरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं, उसकी रीडिंग और बिलिंग वर्तमान व्यवस्था के तहत ही हो रही है।प्री पैड व्यवस्था के लिए कुछ माह और इंतजार करना होगा। प्री पैड सिस्टम प्रारंभ करने का निर्णय पावर वितरण कंपनी प्रबंधन को लेना होगा।स्मार्ट मीटर में मोबाइल की तरह उपभोक्ता बैलेंस डालकर बिजली का उपयोग कर सकेंगे। मोर बिजली एप के जरिए रोजाना खपत की जानकारी उपलब्ध रहती है।

**याचिका का परीक्षण कर निर्णय :चेयरमैन**

विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन हेमन्त वर्मा ने कहा कि वितरण कंपनी द्वारा पिछले दिनों रिवाइज पिटिशन दाखिल की गई है।इसमें स्मार्ट मीटर के सरचार्ज के लिए 367 करोड़ रुपए की मांग की गई है। याचिका का परीक्षण करने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा।अभी याचिकाओं पर जनसुनवाई भी होनी है।

## सीजीपीएससी भर्ती घोटाले पर अब ईडी की जाँच से हड़कंप

**रायपुर**, 24 अप्रैल(देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग भर्ती घोटाले में अब प्रवर्तन निदेशालय ने भी जांच का जिम्मा संभाल लिया है। इससे पहले मामले की जांच पुलिस आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो कर रही थी। सीबीआई की रिपोर्ट के आधार पर ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की है क्योंकि प्रारंभिक जांच में मनी लॉन्ड्रिंग के ठोस प्रमाण मिले हैं। मामले में ईडी की एंट्री से हड़कंप मच गया है। जांच में कई नेताओं की भूमिका भी सामने आई है। बता दें कि सीबीआई जांच में खुलासा हुआ कि बारनवापारा स्थित एक रिसॉर्ट में चयनित अभ्यर्थियों को पांच दिन तक परीक्षा की विशेष तैयारी कराई गई थी। यह रिसॉर्ट स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ एक महिला आईएएसअधिकारी के पति का बताया जा रहा है। अब इस महिला आईएएस और उनके पति को समन जारी करने की तैयारी चल रही है।

**गिरफ्तार हुए प्रमुख आरोपी**

सीबीआई ने इस मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया है तत्कालीन सीजीपीएससीचेयरमैन टामन सिंह सोनवानी उप परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर कारोबारी श्रवण गोयल नितेश सोनवानी साहिल सोनवानी शशांक गोयल और भूमिका कटियार गोयल। ये सभी फिलहाल रायपुर जेल में हैं। ईडी अब कोर्ट से अनुमति लेकर इनसे पूछताछ करेगी।




**हवाला के जरिए पहुँचा पैसा नेताओं और अधिकारियों तक**

ईडी की जांच का फोकस इस बात पर है कि अभ्यर्थियों के परिजनों और रिश्तेदारों ने परीक्षा पास कराने के लिए हवाला नेटवर्क के जरिए मोटी रकम चुकाई थी। यह पैसा नेताओं और अधिकारियों तक पहुंचा जिसकी कड़ियां अब दिल्ली और कोलकाता तक जुड़ रही हैं।

**जांच के घेरे में कई व्हीआईपी नाम**

इस मामले में जिन लोगों के नाम जांच में सामने आए ह उनमें कई प्रभावशाली लोगों के रिश्तेदार और परिवारजन शामिल हैं टामन सोनवानी के भतीजे नितेश भाई के बेटे साहिल बहू निशा कोसले और अन्य रिश्तेदार

तत्कालीन पीएससी सचिव जीवन किशोर का बेटा सुमित धुव्र, राज्यपाल के पूर्व सचिव अमृत खलखो की बेटी नेहा और बेटा निखिल डीआईजी धुव्र की बेटी साक्षी, कांग्रेस नेता की बेटी अनन्या अग्रवाल, उद्योगपति का बेटा शशांक गोयल, मंत्री के ओएसडी के साढ़ की बेटी खुशबू बिजौरा, कांग्रेस नेता राजेंद्र शुक्ला की बेटी स्वर्णिम, उप परीक्षा नियंत्रक ललित गनवीर की रिश्तेदार मीनाक्षी गनवीर।गौरतलब है कि ईडी जल्द ही महासमुंद रायपुर और बिलासपुर में कई ठिकानों पर छापेमारी कर सकती है। दस्तावेजों की गहन जांच चल रही है और इस घोटाले में शामिल अन्य बड़े नामों का भी जल्द खुलासा हो सकता है। यह मामला छत्तीसगढ़ में प्रशासनिक भर्तियों की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा करता हैए वहीं ईडी की एंट्री के बाद अब आर्थिक लेनदेन की परतें भी खुलने लगी हैं।

**कांग्रेस की संविधान बचाओ रैली स्थगित**

**रायपुर।** पहलगाम हमले के बाद देश की वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए भिलाई कोसानाला बौद्ध भूमि मे शुक्रवार 25 अप्रैल से होने वाली कांग्रेस की संबिधान बचाओ रैली स्थगित कर दी गयी है।



# अवैध प्लाटिंग पर लगाम, निर्माण की देनी होगी अब पूरी जानकारी

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। अवैध प्लॉटिंग को रोकने के लिए राज्य सरकार नए और सख्त नियम बनाने जा रही है। प्रस्ताव के अनुसार, अब बिल्डर या कॉलोनाइजर प्लाटिंग की अनुमति के लिए पहले से ही बताना होगा कि किस हिस्से में कौन सा निर्माण होगा। यही नहीं बाउंड्रीवॉल बनाकर बाकायदा इसकी जानकारी के लिए बोर्ड भी लगाना होगा। इसके साथ हर प्लाटिंग एरिया में पहले से सड़क की लंबाई-चौड़ाई भी तय की जाएगी, जिससे प्लाटिंग के बाद रोड ङ्क रास्ते की जमीन नहीं बेचा जा सके।

राज्य सरकार को मिलने वाली ज्यादातर शिकायतों में लोगों का दावा रहता है कि बिल्डर या कॉलोनाइजर ने उन्हें रोड + रास्ते की जमीन बेच दी है, या फिर प्लॉटिंग करने वाले जहां क्लब, गार्डन या सामुदायिक भवन बनाने का वादा किया था उस जमीन को भी दूसरे लोगों को बेच दियाद्य इस वजह से जमीन फर्जीवाड़े की शिकायतें भी बढ़ने लगी थी ।यही वजह है कि आवास एवं पर्यावरण विभाग के में अफसरों ने लगातार छह महीने तक इन नियमों को लेकर काम किया. इसके बाद ती ही नए नियम और आवेदन का प्रारूप तैयार किया गया ।जल्द कैबिनेट में रखेंगे।

**इस बदलाव से कॉलोनाइजर को लाभ**

नया प्रारूप लागू होने पर कॉलोनाइजर को सीधा फायदा होगा. वैसे इसमें प्रावधान रहेगा कि टाउन एंड प्लानिंग विभाग से नक्शा पास कराने के लिए कोई बिल्डर या कॉलोनाइजर गलत जानकारी देता है तो उस पर एफआईआर भी कराई जा सकती है। बिल्डर को नक्शे में बताना होगा कि उसने किस काम के लिए कौन सी जमीन कहां छोड़ी है। इसके फोटो भी जमा करने होंगे। आवेदन आने के बाद विभाग के अफसर इसका भौतिक सत्यापन भी करेंगे। किसी भी तरह की गड़बड़ी मिली तो कॉलोनाइजर का नक्शा पास नहीं किया जाएगा। नक्शा पास कराने के बाद तय निर्माण में गड़बड़ी की जाती है और इसकी शिकायत रेरा में की जाती है ।रेरा ऐसे बिल्डरों के प्रोजेक्ट की खरीदी-बिक्री में बैन लगा सकते हैं।

**अब तक यह होता था**

प्लाटिंग करने वाले प्लॉट की कटिंग कर बेच रहे हैं.

**प्रारूप तैयार कर जल्द कैबिनेट में रखा जाएगा**

प्लाटिंग एरिया में गार्डन, क्लब, स्वीमिंग पूल समेत कई निर्माण बताते हैं, पर बाद में उसी जमीन पर दूसरे काम करवा लेते हैं ।या इस खाली जमीन को भी लोगों को बेच देते हैं ।सड़क की चौड़ाई कम कर रोड- रास्ते की जगह भी लोगों को बेच देते हैं ।इससे अक्सर विवाद की स्थिति बनती है ।निगम वाले कार्रवाई भी कर देते, जिससे प्लॉट लेने वाला सबसे ज्यादा परेशान होता है ।अधिकतर बार एक एकड़ से भी कम जमीन पर प्लॉटिंग कर दी जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी होती थी. ।

करीब ढाई दशक के बाद आवास एवं पर्यावरण विभाग ने नियमों में संशोधन किया है ।अब कोई भी व्यक्ति, बिल्डर या कॉलोनाइजर प्लाटिंग करेगा तो उसे सभी निर्माण के लिए बाउंड्रीवॉल के साथ जमीन छोड़नी होगी ।प्लाटिंग कितने एरिया में होगी यह भी तय रहेगा ।सड़क की लंबाई-चौड़ाई भी पहले से तय रहेगी। इससे लोगों को पता चलेगा कि वे जहां प्लॉट खरीद रहे हैं वहां किस तरह के निर्माण किस दिशा में होंगे। इसके अलावा प्लॉटिंग एरिया में कृषि जमीन शामिल होगी तो उसे भी कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार शुल्क लेकर आवासीय कर दिया जाएगा।

**इन नियमों से भी होगा लोगों को फायदा**

प्लॉटिंग का एरिया 2 से 10 एकड़ तक का रहेगा। भूखंडीय विकास के लिए न्यूनतम क्षेत्रफल 3.25 एकड़ रहेगा। कम्यूनिटी हॉल, क्लब आदि के लिए प्लॉटिंग एरिया का 2 फीसदी और व्यावसायिक क्षेत्र में 3 फीसदी छोड़ना होगा ।जहां प्लाटिंग हो रही वहां पहुंच मार्ग की चौड़ाई न्यूनतम 9 मीटर और आंतरिक मार्ग की लंबाई न्यूनतम 8 मीटर होगी।

प्लाटिंग एरिया में कृषि जमीन शामिल है तो कलेक्टर गाइडलाइन से उसका शुल्क अदा कर आवासीय कराना होगा ।सामुदायिक कामों के लिए जगह पर न्यूनतम 5 फीसदी छोड़ना होगा. । सामुदायिक खुली जगह 250 वर्गमी से कम नहीं होगी ।प्लाटिंग एरिया में प्लॉट की साइज अधिकतम 150 वर्गमीटर तक ही होगी। नियमों के तहत एफएआर भी दिया जाएगा।

**अवैध प्लॉटिंग पर कसेंगे लगाम**

आवास एवं पर्यावरण विभाग मंत्री ओपी चौधरी ने बताया कि लोगों को किफायती आवास उपलब्ध कराने और अवैध प्लॉटिंग को पूरी तरह से खत्म करने के लिए ही नए आवास नियम बनाए गए हैं। इससे लोगों को सीधे तौर पर बड़े फायदे होंगे ।प्लॉट खरीदना आसान होगा। धोखाधड़ी खत्म होगी।

# पहलगांव में हुए आतंकी हमले में शहीदों को रविवि पेंशनर्स कल्याण समिति ने दी श्रद्धांजलि



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल वि वि के डा दिलीप धृतलहरे अध्यक्ष कर्मचारी संघ एवं छत्तीसगढ़ विश्वविद्यालयीन पेंशनर्स कल्याण समिति के अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्र ने बताया कि कल पहलगांव (कश्मीर) में हुए आतंकी हमले की हृदय विदारक घटना में शहीद हुए लगभग 27 हिन्दू भारतीयों और विदेशी नागरिकों के प्रति वि वि के सभी कर्मचारियों ने अपनी गहरी संवेदना के साथ आज दोपहर 1.30 बजे विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यालय के सामने विवेकानंद गार्डन में संवेदना प्रकट करते हुए अपने अपने विचार रखे उसके पश्चात दो मिनट का मौन रखते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किये।

उक्त श्रद्धांजलि सभा में वि वि के शिक्षक डा रविंद्र कुमार ब्रमहे, डा कमलेश शुक्ला, डा बी यल सोनेकर, चैत राम कवर सेक्शन आफिसर, डा सुधा शर्मा, डा मंजूषा डाली आशेर, श्रीमती सरोज शर्मा, प्रियंका ध्रुव, यामिनी टंडन, नरेंद्र गोस्वामी, अविरल धनगर, राजीव कुजु, सावन ध्रुव, दीपक नेताम अशोक, महेश, संजय ठाकुर , चेतन ठाकुर श्याम वर्मा, गजेंद्र वर्मा, चंद्र कुमार वर्मा , आदि कर्मचारीयों के साथ साथ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारीयों ने भी है अपने अपने विभाग में एक साथ एकत्रित होकर विवेकानंद गार्डन में आकर इस दुखद घटना के विरोध में अपनी संवेदना प्रकट करते हुए अपने अपने विचार रखते हुए शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किये।



**रायपुर।** विगत दिनों वीआईपी रोड स्थित रजवाड़ा होटल के दरबार हाल में डॉ. पीआर रामटेके के पीएचडी शोध ग्रंथ छत्तीसगढ़ के प्राचीन किलों की स्थापत्य कला का विमोचन छत्तीसगढ़ के पूर्व केबिनेट मंत्री एवं रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुशील त्रिवेदी, आचार्य रमेन्द्रनाथ मिश्र, डॉ. रतनलाल डांगी, डॉ. केके अग्रवाल, प्रो. आभा रूपेन्द्र पाल सहित अन्य विशिष्ठ गण उपस्थित थे। विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि यह महान शोध कार्य राज्य के भावी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शन का काम करेगा।

## जिला ग्रामीण युकां द्वारा आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान का पुतला दहन

**डोंगरगढ़**, 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष माननीय आकाश शर्मा के मार्गदर्शन मे राजनांदगाव ग्रामीण युवा कांग्रेस द्वारा आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया । राजनांदगाव युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन ने कहा युवा कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता आतंकवाद के खिलाफ है पहलगाम में हुए इस कायराना हरकत पे सुरक्षा में चूक हुई है सरकार को चाहिए ईट का जवाब पत्थर से दे ब्लाक कोंग्रस अध्यक्ष विजय राज चौहान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष महेश सेन युवा कांग्रेस विधानशभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ब्लाक शरह अध्यक्ष तरुण फुले कृष्णा गुप्ता पुखराज साहू (उपसरपंच अछोली) रूपेश वर्मा ,(युवा कांग्रेस महामंत्री,प्रकाशसाहू परख साहू भोलाराम सुभाष साहू रोशनआशीष नेताम टिक्की पटेल खिलाकन साहू अम्बादे प्रकाश जानू निषाद तमेश पटेल हिरा कवर अधिक संख्या मे युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता उपस्थित रही।




## प्रेक्षा प्रणेता आचार्य महाप्रज्ञ के 16वें महाप्रयाण दिवस पर पांच दिवसीय प्रेक्षा ध्यान शिविर का आयोजन



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रकाश भवन देवेन्द्र नगर सेक्टर-1 में सफलतापूर्वक किया गया। प्रेक्षा प्रशिक्षक डॉक्टर वीर बाला छाजेड़ ने ध्यान की विभिन्न प्रयोग करवाए, जिसमें कायोत्सर्ग, अंतरयात्रा, दीर्घ श्वास प्रेक्षा, चेतन्य केंद्र प्रेक्षा आदि का प्रयोग किया गया। शिविर संयोजिका श्रीमती पुष्पा कोठारी ने आसन, प्राणायाम, मंत्र एवं मुद्राओं के बारे में विस्तार से चर्चा की श्रीनवरतन डागा, श्रीमती ललिता धारीवाल, श्रीमती पदमा जैन, श्री कैलाश नाहर द्वारा समापन पर अपने अनुभव प्रस्तुत किए गए। आचार्य श्री पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट का मौन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉक्टर वीर बाला को मंगल भावना स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## जिला अध्यक्ष ने भवन के लिए दिए पांच लाख




**गंडई पंडरिया**, 24 अप्रैल। गुरूवार को ग्राम सड़क अतरिया में मुमुक्षु गौरव नाहटा का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार सामिल हुऐ। उन्हें वरघोड़ा में सामिल हुऐ तथा मंच को संबोधित करते हुऐ कहा कि यह नाहटा परिवार, समाज एवं क्षेत्र के गौरव की बात है। संयम पथ पर चलने का फैसला अविस्मरणीय है। जो हम सब के लिऐ बहुत बड़ी सिख है। इस मौके पर उन्होंने सड़क अतरिया में जैन भवन के लिऐ पांच लाख रूपये देने की घोषणा किया।

# अब एक ही भू-खंड पर उद्योग कर सकेंगे दोगुना निर्माण



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। राज्य सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 में किए सुधार के चलते अब उद्योग एक ही भू-खंड पर दोगुना निर्माण कर सकेंगे। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की विशेष पहल पर हुए इस संशोधन से राज्य में उद्योगों एवं व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन 24 दिसंबर 2024 को अधिसूचित किए गए हैं।

**छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 में सुधार**

फ्लैटेड इंडस्ट्रीज़ के लिए फ्लोर एरिया रेशियो (एफएआर) को 1.5 से बढ़ाकर 3.0 किया गया है, जिससे उद्योग एक ही भूखंड पर अब दोगुना निर्माण कर सकेंगे। इससे विशेष रूप से एमएसएमई और स्टार्टअप्स को कम लागत में अधिक उपयोग योग्य स्थान उपलब्ध होगा। औद्योगिक प्लॉट्स के लिए ग्राउंड कवरेज को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 70 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ ही सेटबैक में कमी की गई है, जिससे ज़मीन का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। नगर पालिका क्षेत्रों और विकास प्राधिकरण क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों के लिए न्यूनतम 5.0 एफएआर निर्धारित किया गया है। जिन भूखंडों का क्षेत्रफल 5 एकड़ या उससे अधिक है और जिन तक 100 मीटर चौड़ी सड़क की पहुँच है, उन पर एफएआर 5.0 लागू होगा। यदि ये भूखंड सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक (सीबीडी) या ट्रांजिट ओरिएंटेड डेवल्पमेंट (टीओडी) ज़ोन में आते हैं, तो उन्हें अतिरिक्त 2.0 एफएआर की अनुमति होगी, यानी कुल एफएआर 7.0 तक हो सकेगा।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का कहना है कि इन सुधारों से राज्य में आधुनिक औद्योगिक तथा व्यावसायिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। इससे निवेश में वृद्धि, रोजगार सृजन और राज्य की आर्थिक प्रगति को नई दिशा मिलेगी। नगर एवं ग्राम निवेश विभाग ने इन संशोधनों को उद्योग हितैषी नीति के तहत तैयार किया है, ताकि छत्तीसगढ़ में औद्योगिक एवं व्यावसायिक निवेश को बढ़ावा मिल सके।

## नेशनल लोक अदालत 10 मई को प्रधान जिला न्यायाधीश कवर्धा ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**कवर्धा,** 24 अप्रैल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) के निर्देशानुसार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा निरन्तर आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। 21 अप्रैल 2025 को समस्त न्यायाधीशगण की बैठक ली गई एवं दिनांक 22 अप्रैल 2025 को जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली गई वहीं 23 अप्रैल को सभी बीमा कॅम्पनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा पक्षकारों के अधिवक्ताओं के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर मोटर दावा दुर्घटना के लम्बित प्रकरणों को राजीनामा से निराकृत करने के संबंध में परिचर्चा की गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की जाकर अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के संबंध में कार्यवाही करने तथा नोटिस तामिली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में प्रमुख रूप से राजीनामा योग्य अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण तथा प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में रखा जाकर, निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नगर निगम, विद्युत विभाग, बीएसएनएल एवं बैंको को वसूली योग्य प्रकरणों को प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद) प्रकरण के रूप शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। नेशनल लोक अदालत दिनांक 10 मई 2025 में राजीनामा योग्य समस्त प्रकृति के प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसमें दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थात् 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात् प्री-लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, भरण पोषण एवं पारिवारिक विवाद प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, सम्पत्ति विवाद, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन बिल वसूली प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक विवाद समाधान के तहत नेशनल लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रीसिटिंग कर लम्बित प्रकरणों को चिन्हांकित करते हुए निराकरण हेतु रखे जाने के निर्देश न्यायिक अधिकारियों को भी दिया गया है।

## निधन

### जितेंद्र चंद्राकर

**महासमुंद,** 24 अप्रैल। ग्राम खरोरा निवासी जितेंद्र कुमार चंद्राकर 45 वर्ष का लंबी अस्वस्थता के चलते उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में 24 अप्रैल को किया गया। वे कौशिक चंद्राकर के छोटे भाई, रितिक व धीरज चंद्राकर के पिता थे।



### जानकीबाई ओडनलवार

**महासमुंद,** 24 अप्रैल। स्थानीय इमलीभाठा निवासी श्रीमती जानकी बाई ओडनलवार 84 वर्ष का 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आनंद टेलर्स के संचालक कमल, बसंत, आनंद, ओडनलवार की माता थी।



### फातिमा बी

**महासमुंद,** 24 अप्रैल। स्थानीय चांडक पेट्रोल पंप गली स्थित भुवन निषाद के मकान में रहने वाली 85 वर्षीय फातिमा बी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को किया गया।



### श्रीमती आसन बाई धीवर

**महासमुंद,** 24 अप्रैल। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी श्रीमती आसन बाई धीवर 70 वर्ष का गुरूवार 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे तेजराम धीवर की धर्मपत्नी व नारद धीवर की मां थी।



## मुख्यमंत्री निवास घेराव, युकां ने दिखाया दम, कानून व्यवस्था पर जताई चिंता



**फिंगेश्वर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजधानी रायपुर में आयोजित मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम में युवा कांग्रेस ने ज़ोरदार भागीदारी निभाई। राजिम विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू के साथ विधानसभा से दर्जनों युवाओं ने इस जंगी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। दुर्ग में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म जैसे अमानवीय अपराधों ने प्रदेश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। अपराधों पर नियंत्रण और पीड़ितों को न्याय दिलाने में शासन-प्रशासन की लापरवाही अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लगाए गए कड़े सुरक्षा घेरे और बैरिकेटिंग को तोड़कर युवाओं ने अपने आक्रोश का इज़हार किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, सहित प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे ।युवा कांग्रेस ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक पीड़ितों को न्याय और आम जनता को सुरक्षा की गारंटी नहीं मिलती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान युवा कांग्रेस के डोमन तारक, वाशिम, आकाश यादव, मिथलेश पटेल उपस्थित थे।

## मुमुक्षु गौरव नाहटा का हुआ भव्य अभिनंदन

**गंडई पंडरिया,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम सड़क अतरिया में गुरूवार को नाहटा परिवार, जैन समाज एवं ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर स्व. दिलीप नाहटा माता प्रमिला नाहटा का पुत्र मुमुक्षु गौरव नाहटा का अभिनंदन किया गया है। ज्ञात हो कि नाहटा परिवार की लाडली एवं मुमुक्षु गौरव की बहन छ माह पूर्व दीक्षा लेकर संयम के पथ पर अग्रसर हो चुकी है। गौरव भी गुरू के सानिध्य एवं बहन से प्रभावित होकर संयम पथ पर चलने निर्णय लिया है। नाहटा परिवार एवं समाज ने मुमुक्षु के इस निर्णय का सहर्ष स्वागत किया है। जानकारी अनुसार आचार्य रामलाल एवं राजेश मुनि के सानिध्य में मुमुक्षु गौरव नाहटा अगामी 30 अप्रैल को राजस्थान का गंगा शहर भीनासार में दीक्षा लेना संभावित है। दीक्षा पूर्व परिवार, समाज एवं ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर परंपरानुसार उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत सुबह भव्य दीक्षा वरघोड़ा निकाला गया। भजन कीर्तन के साथ सभी सामिल होकर निज निवास पहुंचे। तत्पश्चात अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। मुमुक्षु गौरव ने अपने अनुभव, निर्णय एवं संयम पथ पर चलने का कारण बताया। उपस्थित लोगों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात मेहंदी, गौतम प्रसादी, हाथ काम, वीरा बधाना, गुरू भक्ति डोरा बंधन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। बहन के बाद भाई भी संयम की राह पर- मुमुक्षु गौरव नाहटा अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटा है। जिसका बचपन से गुरू की भक्ति और भजन कीर्तन में लगाव रहा है। छ माह पहले उसकी बड़ी बहन राजस्थान के भीलवाड़ा में आचार्य रामेश के सानिध्य में दीक्षा लेकर संयम की मार्ग पर चल पडी है। इसके बाद मुमुक्षु गौरव नाहटा भी संसारिक मोह माया को त्याग कर संयम की मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है। गौरव के विचार एवं निर्णय से पुरा परिवार प्रभावित एवं गौरवांवित महसुस कर रहा है।



कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, डोमार सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद नामदेव, भंवर लाल नाहटा, केवल चंद नाहटा, झुमरलाल नाहटा, हमीर चंद नाहटा, राजेन्द्र नाहटा, राजेश बाफना, मुकेश कुमार, ललित नाहटा, चीकू, नवीन नाहटा, विजय नाहटा, महेश नाहटा, महावीर जैन, रोहित नाहटा मनीष नाहटा, संतोष नाहटा, मिथलेश नाहटालल्ला कन्हैया दास, प्रकाश जंघेल, रोहित देवांगन, नंदकिशोर साहू, रत्नेश कुलदीप, अवधेश मिश्रा, चन्द्रभान वैष्णव तथा साथ में जैन श्रीसंघ रायपुर, खैरागढ़, छुईखदान, गंड ?ई, उदयपुर, पंडरिया, बुंदेली के सभी सदस्य मौजूद रहें।

## पहलगाम आतंकी हमला, मानवता पर गहरी चोट : चोवाराम साहू



**कवर्धा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हमले में अपनी जान गवाने वाले निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर श्रद्धाजलि अर्पित की है। श्री साहू ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी सदस्य की हत्या उनके बाल बच्चों के सामने करना बेहद दुखद और पीड़ा दायक है।। उन्होने कहा कि इस मामले में पूरा देश एक जुट है और पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होने कहा कि हम केन्द्र सरकार से मांग करते है कि आतंकवाद के खिलाफ कठोर निर्णय लेते हुए पहलमाग की घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों और उन्हें संरक्षण देने वालों को मुहतोड़ जवाब दिया जाए। ताकि इस तरह की आतंकी घाटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो।

# पहलगाम आतंकी हमले के शहीदों को श्रद्धांजलि




**आतंकवाद के खिलाफ बुलंद हुई आवाज**

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में आज एक मार्मिक श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को याद किया गया। रायपुर नगर निगम के वाइट हाउस के सामने आयोजित इस समारोह में सैकड़ों लोग एकत्रित हुए और आतंकवाद के खिलाफ अपनी एकजुटता प्रदर्शित की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने न केवल शहीदों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग भी की।

इस श्रद्धांजलि समारोह में प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव, शारिक रईस खान, शहर जिला अध्यक्ष गिरीश दुबे, कामरान अंसारी, और सुरेश मसीह प्रमुख रूप से शामिल थे। टी एस सिंहदेव ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करते हुए सरकार से सीमा पार आतंकवाद को कुचलने के लिए निर्णायक कदम उठाने की अपील की जिसमें पूरा देश आज एक साथ आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है समारोह में उपस्थित लोगों ने कैंडल जलाकर और दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की।

शारिक रईस खान ने अपने संबोधन में कहा, च्पहलगाम में हुआ आतंकी हमला न केवल कश्मीर के लोगों, बल्कि पूरे देश के लिए एक गहरी चोट है। निर्दोष नागरिकों की हत्या करने वाले आतंकवादी मानवता के दुश्मन हैं। हम रायपुर से यह संदेश देना चाहते हैं कि हम एकजुट हैं और आतंकवाद के खिलाफ हमारी लड़ाई जारी रहेगी।ज्

श्रद्धांजलि समारोह में प्रमुख रूप से सूफी साहब, मनीष दयाल, रवि थॉमस, श्रीमती दीपा बग्गा, मो ताहिर, सुखदेव भामरा, मदन तालेड़ा, श्रीमती शाहना परवीन, शब्बीर खान, रिजवान खान, मुजाहिद फारूकी, सौरभ सिंह, आवेश हाशमी, अखलाक खान सहित सैकड़ों की संख्या में आम जन उपस्थित थे।

# कश्मीर में हमले का विरोध निकाली गई कैंडल यात्रा

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले का विरोध राजधानी रायपुर के कारोबारियों ने किया है। अपने गुस्से का इजहार करते हुए अरिहंत कंपलेक्स संजय गांधी चौक से एक विशाल श्रद्धांजलि कैंडल यात्रा निकाली गई। रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी के नेतृत्व में अरिहंत कंपलेक्स से कैंडल यात्रा निकलकर लायंस क्लब गुरु नानक चौक में इसका समापन किया गया।

इस श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित व्यापारी साथियों ने हमले में मारे गए निर्दोष नागरिक को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की एवं आतंकवादी हमले के प्रति अपना आक्रोश जताया।

इस यात्रा के दौरान रायपुर के व्यापारी दिनेश मिरयानी एवं समस्त पीड़ितों जो कि हमले में मारे गए उनको लायंस क्लब भवन में कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं घायलों के जल्द स्वास्थ्य की कामना की गई। रैली में रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी अनिल दुगड़ अमित अग्रवाल राम प्रजापति मनोज जैन, मनोज पंजवानी, हरसुख पटेल, टी श्रीनिवास रेड्डी, शंकर बजाज, विक्रम व्यास, पवन लूनिया, सुशील सराफ, गिरिश संघवी, मोहन खाटूजा, जय किशन मोहता, पवन मोहता, राजेन्द्र सोमानी हेमत राजपूत, इंद्रजीत सिंह, मनीष दुग्गल, परविंदर छाबड़ा, जयेश चावडा, विजय लालवानी, लीलाधर, अमित सुराणा पंकज सुराणा हेमंत जैन, शंकर अग्रवाल हरदीप भाई मनीष दूगड़ शामिल थे।

## शिव सैनिकों ने पहलगाम हमले के खिलाफ मौन प्रदर्शन




**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरूवार की शाम 7 बजे जय स्तंभ चौक पर पहलगाम हमले में मारे गये निर्दोष लोगो के नरसंहार पर मौन प्रदर्शन शिव सैनिकों द्वारा किया गया जिसमे मुख्य रूप से रेसम जांगड़े राधा रमन पांडेय कृष्ण यादव हिमांशु शर्मा लोकेश ठाकुर कमलाकर यादव लकी सोनी विक्की निर्मलकार यशराज ठाकुर विशाल सोनी आदि उपस्थित हुए उक्त जानकारी प्रदेश सचिव हिमांशु शर्मा द्वारा दी गई।

# बालिका से दुष्कर्म 20 साल व छेड़छाड़ के आरोपी को 3 साल की कैद

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में नाबालिग बालिका को भगाकर ले जाने और दुष्कर्म करने वाले युवक को 20 साल की कैद और 1500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। इसी तरह किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने वाले को 3 साल कैद और 1500 रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। दोनों ही प्रकरणों की सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश विनय कुमार प्रधान ने आरोपियों को दंडित किया।

अदालत ने 1500 रुपए का जुर्माना भी लगाया

विशेष लोक अभियोजक विमला तांडी ने बताया कि राखी थाना क्षेत्र में रहने वाले टीनू आनंद ;22 सालद्ध अपने ही गांव की 14 साल की बालिका को 20 नवंबर 2020 को भगाकर ले गया। शिकायत पर राखी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर बालिका को बरामद किया। साथ ही प्रकरण की जांच करने के बाद 25 दिसंबर 2020 को कोर्ट में चालान पेश किया था। इसी तरह मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में रहने वाली 16 वर्षीय किशोरी 14 नवंबर 2019 को घर पर अकेली थी। उसके माता.पिता मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। इस दौरान पड़ोस में रहने वाले ओकेश निषाद ;25 घर घुसकर किशोरी से जबरदस्ती छेड़छाड़ करने लगा। परिजनों के घर पर आने पर वह फरार हो गया। बालिका और उनके परिजनों की शिकायत पर राखी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर आरोपी को गिरतार किया। वहींए प्रकरण की विवेचना कर 29 नवंबर 2019 को चालान पेश किया। अपर सत्र न्यायाधीश ने प्रकरण की सुनवाई करते हुए 3 साल की कैद और 1500 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया।

# सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी, 2 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। राजधानी में पुलिस ने सूने मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले लिया है बताया गया कि प्रार्थी धनेश साहू ने थाना डी.डी नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह चंगोराभाठा अयोध्या नगर डी.डी नगर रायपुर में रहता है। प्रार्थी 11.04 25 को अपने मकान में ताला लगाकर सपरिवार दिल्ली गया था। इसी दौरान कोई अज्ञात प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर कमरे अंदर प्रवेश कर कमरे में रखें आलमारी व लॉकर को तोड़कर उसमें रखें सोने एवं चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम को चोरी कर ले गया था प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना डी.डी.नगर में धारा 305 331;4 बी एन एस का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना डी डी नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी से विस्तृत पूछताछ करने के साथ ही आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया। घटना स्थल व उसके आसपास लगे सी सी टी ही् कैमरों के फुटेजों का अवलोकन करने के साथ ही प्रकरण में मुखबीर भी लगाये गये। तरीका वारदात के आधार पर चोरी के पुराने आरोपियों की तस्दीक कर उनकी गतिविधियों पर नजर रखते हुये भी अज्ञात आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को अज्ञात आरोपी के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर आयोध्या नगर चंगोराभाठा डी डी नगर निवासी राजा देवांगन को पकड़कर प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने साथी लल्ला यादव उर्फसोमनाथ यादव के साथ मिलकर चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिस पर प्रकरण में संलिप्त आरोपी लल्ला यादव उर्फ सोमनाथ यादव की पतासाजी कर उसे भी पकड़ा गया।दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की सोने एवं चांदी के जेवरात तथा नगदी रकम जुमला कीमती लगभग 25 000ध् रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया। आरोपी राजा देवांगन पूर्व में भी थाना डी डी गर से बलवा, मारपीट एवं आर्म्स एक्ट के प्रकरणों में जेल निरूद्ध रह चुका है।



# सोना लूटने वाले गैंगस्टर का रायपुर कनेक्शन हुआ उजागर

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में देशभर में सोना लूटने वाले गैंग के सरगना सुबोध सिंह का रायपुर कनेक्शन उजागर हुआ है। उसकी पत्नी और भतीजा रायपुर में रह रहे हैं। रायपुर में देशभर में सोना लूटने वाले गैंग के सरगना सुबोध सिंह का रायपुर कनेक्शन उजागर हुआ है। उसकी पत्नी और भतीजा रायपुर में रह रहे हैं। गैंगस्टर सुबोध द्वारा लूटे और वसूली की रकम को उसकी पत्नी और भतीजा खपा रहे हैं। बिहार के नालंदा निवासी सुबोध का नाम आरा के चर्चित 25 करोड़ के सोना लूटकांड से भी जुड़ा है।

**पत्नी और भतीजा खपा रहे रकम :** इस मामले में पकड़े गए आरोपियों ने सुबोध द्वारा ही लूट कराने का खुलासा किया है। इससे पहले भी कई लूट और डकैती में सुबोध शामिल रहा है। रायपुर के भी सोना के कई मामलों में उसका नाम आ चुका है। फिलहाल उसकी पत्नी और भतीजा रायपुर में रहकर लूट और वसूली का माल खपा रहे हैं। सुबोध के खिलाफबिहारए ओड़िशाए झारखंडए पश्चिम बंगालए मध्यप्रदेशए राजस्थान गुजरात उत्तराखंड और महाराष्ट्र में आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**पत्नी और भतीजा खपा रहे रकम**

गैंगस्टर सुबोध इन दिनों ओडिशा की जेल में बंद है। बताया जाता है कि इसी के चलते उसकी पत्नी व अन्य करीबी रिश्तेदार रायपुर में रह रहे है ताकि उससे मुलाकात होती रहे। सूत्रों के मुताबिक सुबोध का भतीजा गौरव कुमार काफी समय से रायपुर में ही छिपा है। सुबोध का ओडिशा जेल में शिप्ट होने के बाद से उसकी पत्नी भी गौरव कुमार के साथ रह रही है।

**रकम नहीं भेजने पर हत्या करने जैसी धमकियां :** आरोपी सुबोध जेल से ही अपनी वसूली कर रहा है। अलग.अलग शहरों में फैले उसके गुर्गे ज्वैलरी कारोबारी और बिल्डरों को धमका रहे हैं। रकम नहीं भेजने पर हत्या करने जैसी धमकियां दे रहे हैं। वसूली की बड़ी राशि गौरव कुमार और सुबोध की पत्नी के खाते आ रहा है। इसी के चलते दोनों पॉश इलाके में रह रहे हैं।

## पश्चिम बंगाल में दर्ज मामले

पश्चिम बंगाल में भी गैंगस्टर के गुर्गे कारोबारियों को धमकाकर वसूली कर रहे हैं। कई कारोबारी लाखों रुपए दे चुके हैं। यह राशि सुबोध के रायपुर में रहने वाले भतीजे गौरव और उसकी पत्नी के बैंक खाते में आई है। इसकी जांच की जा रही है।

# रायपुर में एनआईए की दबिश कांग्रेस नेता को किया गिरफ्तार

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नारायणपुर जिले में भाजपा नेता रतन दुबे हत्याकांड मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। मामले में एनआईए की टीम ने कांग्रेस नेता शिवानंद नाग को गिरफ्तार किया है। टीम ने उसे रायपुर के मौहदापारा इलाके से पकड़ा है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की टीम इस मामले की लंबे समय से जांच कर रही थी। नारायणपुर जिले में विधानसभा चुनाव से ठीक 3 दिन पहले भाजपा के नारायणपुर जिला उपाध्यक्ष और जनपद पंचायत सदस्य रतन दुबे चुनाव प्रभार के लिए गांव गए थे। बाजार में वे नुक्कड़ सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उसकी हत्या कर दी गई थी। रतन दुबे पर किए गए हमले का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस पूरे हत्याकांड की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की टीम कर रही थी। इस हत्याकांड के संदर्भ में एनआईए की टीम ने कांग्रेस नेता शिवानंद नाग को रायपुर के मौदहापारा से गिरफ्तार किया है।

शिवानंद नाग अभी जिला युवा कांग्रेस का महासचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। बताया जा रहा है कि सुपारी किलिंग के चलते रतन दुबे की हत्या हुई थी।

# सोशल मीडिया गुप्र में जोड़कर ऑनलाइन ट्रेडिंग का झांसा

**32 लाख से अधिक ठगे**

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। रायपुर में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करने में भारी मुनाफा होने का झांसा देकर साइबर ठगों ने एक व्यक्ति से लाखों रुपए ठग लिए। जब मुनाफा नहीं मिला तो पीड़ित को शक हुआ। पीड़ित ने इसकी शिकायत तेलीबांधा थाना में की। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस के मुताबिक ऐश्यर्या एंपायर अवंति विहार निवासी सत्येंद्र श्रीवास्तव का सोशल मीडिया के जरिए कुछ लोगों से संपर्क हुआ। उन्होंने शेयर मार्केट में निवेश करने पर भारी मुनाफा होने का झांसा देकर सोशल मीडिया गुप्र में जोड़ा। सत्येंद्र उनकी बातों में आ गए। इसके बाद ठगों ने बृज गोल्ड कैपिटल ग्लोबल मार्केट का कर्मचारी बनकर उन्हें अलग.अलग कंपनियों में ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग करने को कहा। शुरुआत में कुछ शेयरों में निवेश करने पर उन्हें मुनाफा दिया गया।

**मुनाफा नहीं मिला तो थाने में की शिकायत:** इससे उनका भरोसा बढ़ गया। इसके बाद ठगों ने उन्हें अलग.अलग कंपनियों में प्रॉफिट बताकर 14 बार में कुल 32 लाख 10 हजार 460 रुपए निवेश कराया। निवेश की गई राशि पर मुनाफा वर्चुअल दिखा रहे थे। जैसे ही सत्येंद्र ने मुनाफा वाली राशि निकालने की कोशिश की तो आरोपियों ने उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया। मुनाफा की राशि वापस लेने के लिए और रकम मांगने लगे। शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफअपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। हर साल सैकड़ों लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। अब ज्यादातर मामले शेयर ट्रेडिंग और प्रॉफिट देने के नाम पर ठगे जाने के हैं। अलग.अलग थानों और नेशनल पोर्टल में पिछले साल ऑनलाइन ठगी की 14 हजार से अधिक शिकायतें सामने आई थी। साइबर ठगों को पकडना भी आसान नहीं होता है। दूसरी ओर ठगी की राशि को वापस पाना भी कठिन है।

## दूसरे के खाते से बडी रकम का लेनदेन

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। अमलीडीह निवासी गौरांक वलथरे ;19 ने अब्दुल नाम के व्यक्ति के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक अब्दुल ने गौरांक वलयरे और उसके भाई विनय से आधार कार्ड और अन्य कागजात लेकर बैंक में एकाउंट खुलवाया। ये एकाउंट महाराष्ट्र बैंक में खुलवाया और फिर खाते सिम कार्ड अपने पास रख लिया। इराके बाद 11 नवंबर 24 से 23 अप्रैल 25 तक इन खातों से बड़ी रकम का लेनदेन किया।

# भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भीषण गर्मी में राजधानी की कई कॉलोनियों में बिजली कटौती की समस्या आम हो गई है। गर्मी में बिजली सप्लाई बाधित होने से शहरवासी परेशान हैं। राजधानी के पॉश इलाकों में भी निरंतर बिजली कटौती हो रही है। गुढ़ियारीए सुंदरनगर इलाके कृष्णानगर रावणभांठा समेत कई इलाकों में बिजली 2.3 घंटे तक बाधित रहती है।

**आम उपभोक्ता रात में सो भी नहीं पा रहे :** बिजली कटौती की तो कई इलाकों में सूचना तक नहीं दी जा रही। 4 से 5 बार मेंटेनेंस के नाम पर बिजली सप्लाई बंद.चालू होती रहती है। कई उपभोक्ताओं ने बिजली बाधित होने की समस्या की जानकारी दी। रात में बिना सूचना बिजली सप्लाई बाधित हो रही हैए जिससे आम उपभोक्ता रात में सो भी नहीं पा रहे। थोड़ी सी आंधी.पानी में बिजली सप्लाई बाधित होना आम बात हो गई है। सीएसपीडीसीएल के अधिकारी बिजली सप्लाई जारी रखने की परमानेंट व्यवस्था करने में असफल हो रहे हैं।

**लगातार मेंटनेंस, फिर भी कटौती :** सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों के अनुसार मेंटेनेंस के लिए बिजली आपूर्ति प्रभावित होती है। जहां मेंटेनेंस हुआ है वहां भी बिजली समस्या बनी हुई है। करोड़ों खर्च कर हर साल मेंटेनेंस करने के बाद भी शहर की बिजली सप्लाई सामान्य नहीं हो रही है। इसलिए सवाल उठ रहा है कि किस तरह से रखरखाव कार्य किए जा रहे हैं।



**शहर में मेंटेनेंस के नाम पर हो रही मनमानी**

**मेन लाइन में गड़बड़ी :** कई इलाकों पर मेनलाइन में गड़बड़ी शुरू हो गई है। बुधवार को कोटा में साईनाथ कॉलोनी में फीडर में गड़बड़ी के कारण बिजली सप्लाई 2 घंटे से ज्यादा बाधित रही। इधर सुंदरनगर सदानंद नगर महादेव घाट में लो वोल्टेज की समस्या पिछले तीन दिनों से बनी हुई है। लोगों को अपने घरों के विद्युत उपकरण खराब होने की आशंका बनी रहती है।

1912 शिकायती नंबर रहता है बिजी

कई कॉलोनियों में रात के समय बिजली सप्लाई बाधित हो रही है। ऐसे में रात के समय उमस और गर्मी से कई घंटे लोग परेशान रहते हैं। मेंटेनेंस कर्मचारी भी समय पर नहीं पहुंचते। वहींए ट्रोल फ्री शिकायती नंबर 1912 भी रात में लगता नहीं है। रात में जब भी 1912 में कोई उपभोक्ता फोन करता हैए तो बिजी होने का संदेश आता है। साथ ही मोर बिजली ऐप में शिकायत का भी समय पर कोई निदान नहीं हो रहा है।

**ठीग करने में पूरा दिन लग रहा :** सीएसपीडीसीएल के अधिकारी भले ही सप्लाई बाधित होने की समस्या को तुरंत दूर करने का दावा कर रहे हो। लेकिन ट्रांसफार्मर खराब होने पर उसे बदलने और सुधारने में पूरा दिन लग रहा है। सोमवार को रावणभाठाए संतोषी नगर इलाके में ट्रांसफार्मर खराब हो गयाए जिसके कारण इन इलाकों की बिजली सप्लाई सुबह 5 से शाम 5 बजे तक बाधित रही। उपभोक्ता पूरे दिन परेशान रहे।

मनोज वर्माए एसई सीएसपीडीसीएल रायपुर शहर गर्मी में लोड बढ़ जाता है। इसलिए कहीं.कहीं सप्लाई में बाधित हो रही है। हालांकि व्यवधान को तुरंत ठीक करने का प्रयास किया जा रहा हैए जिससे उपभोक्ताओं को कम से कम बिजली कटौती का सामना करना पड़े।

# जप्त गांजे को नष्ट किया गया



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। एनडीपीएस एक्ट के मामलों में जप्त गांजे की पुलिस ने कल नष्ट किया। जिला स्तरीय ड्रग डिस्पोजल कमेटी के अध्यक्ष एसएसपी डॉ लाल उमेद सिंह एएसपी कीर्तन राठौर उपायुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा ने कुल 987.453 किलोग्राम गांजा को सिलतरा स्थित पावर प्लांट के भी फर्नेस में जलाकर नष्ट किया।

# दुष्कर्म, आरोपी युवक पकड़ाया

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रकरण में पीड़िता ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी संतोष कुमार तिवारी द्वारा पीड़िता से जान पहचान बनाकर दिनांक 10.08 2023 को थाना कबीर नगर क्षेत्र अंतर्गत स्थित पीड़िता के निवास स्थान में जाकर मौके का फायदा उठाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाया और उसके बाद आए दिन बार.बार फोन करके शादी का दबाव बनाया जाता था और शारीरिक संबंध बनाता था ना करने पर पोस्टर छाप कर पीड़िता एवं पीड़िता के परिवार को जान से मारने की धमकी देता था आरोपी द्वारा पीड़िता से शादी न करने व संबंध न बनने पर पैसों का डिमांड करता था और पीड़िता से लगभग 3,00,000 पए एवं पीड़िता की मां 80 000 रुपए एवं पीड़िता के भाई 10 000 रुपए डरा धमका कर ले लिया है प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना कबीर नगर में आरोपी संतोष तिवारी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण को श्रीमान उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय डॉ लाल उमेंद सिंह द्वारा गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए श्थाना टीम तैयार कर प्रकरण के आरोपी का पता तलाश घटना स्थल के आसपास के क्षेत्र में साक्ष्य एकत्रित करते हुए आरोपी संतोष तिवारी को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया आरोपी संतोष तिवारी पिता शिवकुमार तिवारी उम्र 38 साल को पकड़कर थाना लाकर प्रकरण में गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है।



# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी

**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख रूपए लेकर धोखाधड़ी करने वाले विजय कुमार यादव उर्फ विवेक एवं एनोस दास गिरफ्तार किए गए हैं। दोनों ने लोक निर्माण विभाग में नौकरी लगाने के नाम रूपए पर ऐठे थे। इनमें विजय खुद की पीडब्लूडी का एसडीओ बताकर लोगों को झांसे लेता था। और लाखों रुपए लेकर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देते थे। इसके कहने पर एनोस दास फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र बनाता था।

हीरालाल राजवाड़े ने 12 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराया था। इसके तहत विवेक कुमार यादव उर्फविवेक के द्वारा अपनी कार में पीडब्ल्यूडी छग शासन लिखवाकर स्वयं को पीडब्लूडी का एसडीओ बताकर ब्लाक पोड़ी कोरबा में एक स्कूल के निरीक्षण में पहुंचा था। निरीक्षण पश्चात लोक निर्माण विभाग पोड़ी ब्लाक में सब इंजीनियर वर्ग 1 एवं वर्ग 2 के आदिवासी व पिछड़ा वर्ग का सीट खाली है कहकर नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की ।

## संपादकीय

### छात्रों से काम न लें शिक्षक

*अक्सर देखा जाता है कि शालाओं में शिक्षकगण छात्र-छात्राओं से कई तरह के कार्य कराते हैं। इनमें अपने से जूनियर बच्चों को पढ़ाने से लेकर स्कूल की साफ-सफाई तक और मध्यान्ह भोजन बनाने से लेकर कई तरह के काम होते हैं। स्कूल की स्टेशनरी को अलमारियों में लगाने, ब्लैक बोर्ड सफाई, पानी लाने ले जाने आदि जैसे अनेक काम उनसे कराये जाते हैं। ग्रामीण इलाकों में तो शिक्षक-शिक्षिकाएं घरों के कामों में भी मदद लेती हैं। बाजार से घरेलू उपयोग का सामान, जैसे चावल, दाल, सब्जियां, मसाले आदि ढोकर लाने के काम तक कराये जाते हैं। शिक्षकों के प्रति सम्मान और भय दोनों के ही चलते बच्चे काम करने से इंकार नहीं कर पाते। यह जहां बच्चों के समय को जाया करना है तो वहीं उनके आत्मसम्मान तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के व्यक्तिगत या अध्ययन से इतर काम करने वाले ज्यादातर बच्चे अपने मन से ये काम नहीं करते। इसके कारण उन्हें अपने सहपाठियों के सामने शर्मिंदा तक होना पड़ता है। कई बार उनसे स्कूली काम कर पैसे बचाये जाते हैं। गांवों में ईंधन खरीदने के लिये राशि मिलती है पर वह प्रधान पाठक या प्रभारी शिक्षकगण हजम कर जाते हैं। सामग्री ढुलाई के लिये भी पैसे मिलते हैं परन्तु वह काम छात्रों से कराकर उस राशि को जेब में डाल लिया जाता है।*

*सारंगढ़ के बिलाईगढ़ विकासखंड में जेवराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित किये जाने थे जिन्हें लाने के लिये प्रधान पाठक कीर्तिकेश्वर सिंह ने छोटे-छोटे बच्चों को भेजा जो अपनी साइकिलों से उसे लेकर आये। यह खबर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल को मिली जिन्होंने सिंह के अलावा बिलाईगढ़ के बीआरसीसी फणीन्द्र सिंह नेताम तथा सीएसी देवसर फिरतराम सायंतोड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कीर्तिकेश्वर सिंह के स्पष्टीकरण से असंतुष्ट बीईओ ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तथा फीरतराम को उनके मूल विद्यालय वापस भेज दिया। नेताम को चेतावनी दी गयी।*

*निश्चित ही यह अत्यंत प्रशंसनीय कार्रवाई बीईओ द्वारा की गयी है जिसका अनुसरण सभी शिक्षा अधिकारियों को करना चाहिये। विशेष रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी इस बात पर बेहतर तरीके से नज़र रख सकते हैं। सभी प्रधान पाठकों को इसकी सख्त ताकीद दी जानी चाहिये कि छात्र-छात्राओं से स्कूलों के अथवा निजी काम न कराये जायें। विद्यार्थियों को भी जानकारी दी जानी चाहिये कि वे शालाओं अथवा गुरुजनों के काम करने हेतु बाध्य नहीं हैं। इंकार करने पर अगर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है तो वे इसकी सूचना अपने पालकों-अभिभावकों को दें। उन्हें भी जानना चाहिये कि स्कूलों के या व्यक्तिगत काम करने कि लिये बच्चों को मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसा होता है तो इसकी शिकायत अवश्य की जानी चाहिये।*

**उल्टा पुल्टा**

भगवान ने आदमी से पूछा-तुम्हारी इच्छा क्या है?
आदमी शादी के बाद- कृपया करके मेरे बैचलर वाले दिन वापस लौटा दें।
भगवान हंसे और बोले- बेटा, मन्नत मांगने कहा था जन्नत नहीं।

# इंदिरा मार्केट पार्किंग ठेका नहीं होने के कारण निगम को घाटा, बढ़ी अव्यवस्था



- **पार्किंग में कम बाहर ज्यादा वाहन, अवैध कब्जे भी बढ़े**
- **निगम के एक दो कर्मचारियों से नहीं संभल रही व्यवस्था**

**दुर्ग**, 24 अप्रेल (देशबन्धु)। इंदिरा मार्केट और नया बस स्टैंड के पार्किंग स्थल की बार बार नीलामी होने के बावजूद आफसेट प्राइज से काफी कम रकम का आफर आने से इनकी नीलामी बार बार टल रही है। फलत: इंदिरा मार्केट पार्किंग का संचालन स्वयं नगर निगम द्वारा विभागीय तौर पर किया जा रहा है वहीं नये बस स्टैंड की पार्किंग पुराने ठेकेदार द्वारा ही मासिक किराये पर चलाया जा रहा है। नतीजा यह है कि नये बस स्टैंड पार्किंग संचालन तो विधिवत रूप से किया जा रहा है। मगर इंदिरा मार्केट की हालत खराब है। यहां पर लोग जहां तहां वाहन खड़ी कर रहे है जिन्हें कोई देखने वाला नहीं है। इंदिरा मार्केट का पार्किंग काफी घाटे में चल रहा है। यहां पर कार्यरत नगर निगम के कर्मचारी का वेतन 40 हजार रूपये प्रतिमाह है जबकि नगर निगम को पार्किंग शुल्क के रूप में मात्र 15 से 18 हजार रूपये प्रतिमाह ही मिल रहे है।

उल्लेखनीय है कि गत दो दिन पूर्व हुई एमआईसी की बैठक में एक बार फिर उक्त पार्किंग ठेका के लिये आये ठेकेदारों के आफर को आगामी बैठक के लिये स्थगित कर दिया है। अधिकारिक सूत्रों की मानें तो नगर निगम द्वारा दोनों पार्किंग स्थल के लिये जो आफसेट प्राईज तय की गई है, उससे काफी कम में ठेकेदार लोग बोली लगा रहे है। वर्ष 23-24 के लिये इंदिरा मार्केट स्थल का ठेका साढ़े 14 लाख रूपये रखी गई थी। इतनी आफसेट प्राइज के आधार पर कोई आफर नहीं आ रहा है। इस बार ठेकेदारों ने मात्र साढ़े 9 लाख रूपयों तक का आफर पत्र भरा है। इतना कम आफर आने के कारण ही अभी तक किसी को ठेका नहीं दिया गया है। नगर निगम अपने स्टाफ से पार्किंग चलता रहा है। हालांकि इसमें और भी घाटा है। मात्र 6-7 सौ रूपये रोज की वसूली आ रही है जो निगम कर्मचारी की तनख्वाह से आधी से भी कम है।

नगर निगम की आय तो कम हुई है यहां पर व्यवस्था भी भारी अव्यवस्था में बदल चुकी है। लोग जहां तहां अपने दुपहिया, चौपहिया वाहन रख रहे है। यहां तक कि फल गुपचुप चाट इत्यादि के ठेले भी जहां तहां लगने लगे है। ठेले खोमचे वाले नगर निगम को किराया दे रहे है। इस बारे में पार्किंग में पदस्थ कर्मचारी ने बताया कि लोग पार्किंग स्थल पर वाहन लेकर आते ही नहीं इसलिए यहां पर खाली पड़ा रहता है। ज्यादातर लोग पार्किंग स्थल के बाहर की दूकानों के सामने अपने दुपहिया व चौपहिया वाहन खड़े कर देते है। उन्होंने बताया कि पार्किंग स्थल से बाहर वाहन रखने वालों से पार्किंग शुल्क लेने के मामले में उन्होंने बाजार अधिकारी से चर्चा की है। उनकी परमीशन मिलने पर ही कार्य करेगें।

इसी तरह न्यू बस स्टैंड में भी 1 अप्रेल 25 से पार्किंग स्थल किराये पर चल रहा है। इस वर्ष की आफसेट प्राईज 16 लाख 50 हजार निर्धारित की गई थी। 12 लाख रूपये तक ही का आफर रेट आया है। इसलिए इसका ठेका भी नहीं दिया गया है। पुराने ठेकेदार को ही 1 लाख 38 हजार 750 रूपये प्रतिमाह के किराये पर पार्किंग दिया गया है। यहां पूरा कार्य पहले की तरह ठेकेदार ही कर रहा है। इसलिए नगर निगम को फिलहाल कोई टेंशन नहीं है। आफसेट प्राईज आने पर ही पार्किंग का ठेका हो सकेगा। यहां पर ठेकेदार नगर निगम को निर्धारित किया देता है इसलिए वह बस स्टैंड में अनावश्यक पार्किंग नहीं होने दे रहा है। इधर उधर कहीं वाहन खड़ी होती भी है तो उन्हें पार्किंग स्थल पर लाकर रखने का प्रयास कराता है। इसलिए इंदिरा मार्केट की तुलना में स्थिति बेहतर कहीं जा सकती है।

## सुशासन तिहार

# जिले में प्राप्त आवेदनों के निराकरण के लिए कल से समीक्षा बैठक कार्यक्रम

- **कल दुर्ग निगम एवं उतई पंचायत से प्राप्त आवेदनों की लोनिवि के सभागार में समीक्षा**

**दुर्ग,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में सुशासन तिहार कार्यक्रम संचालित है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के मार्गदर्शन में जिले में सुशासन तिहार के तहत पहले चरण (8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक) में समाधान पेटी/ऑनलाइन माध्यम से आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। सुशासन तिहार अंतर्गत विभिन्न कार्यालयों निकायों में प्राप्त आवेदन पत्रों (मांग/शिकायत) के निराकरण की प्रगति की समीक्षा निर्धारित तिथियों एवं स्थानों में प्रात: 10 बजे से की जाएगी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 26 अप्रैल दिन शनिवार को नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र तथा नगर पंचायत उतई क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सभागार में की जाएगी। इसी प्रकार 27 अप्रैल दिन रविवार को नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र तथा नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा नगर पालिक निगम भिलाई के सभाकक्ष में, 29 अप्रैल दिन मंगलवार को नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा क्षेत्र, नगर पालिक परिषद् कुम्हारी क्षेत्र और नगर पालिक परिषद् जामुल क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा नगर पालिक निगम भिलाई चरौदा के सभाकक्ष में की जाएगी। 30 अप्रैल दिन बुधवार को जनपद पंचायत धमधा, नगर पंचायत धमधा एवं नगर पालिक परिषद् अहिवारा क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा जनपद पंचायत धमधा के सभाकक्ष में की जाएगी। 2 मई दिन शुक्रवार को जनपद पंचायत दुर्ग क्षेत्र के आवेदनों की समीक्षा लोक निर्माण विभाग दुर्ग के सभाकक्ष में तथा 3 मई दिन शनिवार को जनपद पंचायत पाटन, नगर पंचायत पाटन और नगर पालिक परिषद् अम्लेश्वर के आवेदनों की समीक्षा जनपद पंचायत पाटन के सभाकक्ष में की जाएगी। उक्त समीक्षा बैठकों में कुछ रैण्डम आधार पर चयनित शिकायत आवेदनों के निराकरण की गुणवत्ता की भी विस्तृत समीक्षा की जायेगी। प्रत्येक समीक्षा बैठक में समस्त विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी, संबंधित क्षेत्र के खण्ड स्तरीय अधिकारी एवं जिला नोडल अधिकारीध्सहायक नोडल अधिकारी (सुशासन तिहार) तथा सर्व संबंधित अनुविभाग अधिकारी (रा)/अनुविभागीय दण्डाधिकारी व सर्व संबंधित तहसीलदारध्अतिरिक्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार को अनिवार्य रूप से उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# पहलगाम कांड, जघन्य अपराध, मानवता के भी खिलाफ : रौनक जमाल

**दुर्ग,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। उर्दु साहित्यकार रौनक जमाल ने कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की तीखी भर्त्सना करते हुए कहा कि यह न केवल एक अपराध बल्कि मानवता के मूल्यों के खिलाफ सीधा हमला है। उन्होंने कहा कि ऐसी क्रूरता इस्लाम से कोई संबंध नहीं हो सकता। किसी निर्दोष की हत्या इस्लाम में एक गंभीर पाप है।

उन्होंने कहा कि भारत के मुसलमान स्पष्ट रूप से आतंक के इस स्वरूप के खिलाफ है। देश के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता। यह केवल हिंसा व डर फैलाने का साधन है।

डॉ. रौनक जमाल ने कहा है कि भारत सरकार ने स्थिति की की गंभीरता को देखते हुए आवश्यक कदम उठाये है और देशवासी आश्वस्त है कि इस बार आतंकियों को करारा जवाब भी मिलेगा। भारत शांतिप्रिय राष्ट्र है लेकिन अपनी जनता की सुरक्षा के लिये हर आवश्यक कदम उठाने कोई कसर नहीं छोड़ेगा। उन्होंने देश की 140 करोड़ जनता से इस घड़ी में एकजुट होकर खड़े रहने की अपील की है।

## निर्दोष पर्यटकों की हत्या पर आईएमए राज्य शाखा ने जताया आक्रोश, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

जम्मू कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरण घाटी में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष भारतीय नागरिकों की नृशंस हत्या की गूंज आज भी दुर्ग शहर में गूंजती रही। इस घटना को लेकर शहर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों से लेकर घरेलू बैठकों से लेकर चर्चा करते हुए कड़ी भर्त्सना करते रहे। लोग भारत सरकार से मांग कर रहे है कि आतंकवादियों को उन्हीं की भाषा में सबक सिखाया जाना चाहिए।

**आईएमए ने की निंदा :** पहलगाम की हृदय विदारक घटना को लेकर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रभात पाण्डेय एवं सचिव डॉ. नीरज शर्मा ने कहा है कि इस जघन्य कृत्य की सभी चिकित्सक घोर निंदा करते है। सभी चिकित्सक इसे लेकर काफी आक्रोशित है। राष्ट्रव्यापी शोक की इस घड़ी में सभी देशवासियों के साथ संपूर्ण निष्ठा के साथ हम अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते है। आईएमए छत्तीसगढ़ के सभी सदस्य राष्ट्रीय एकता के लिये समर्पित है। इस घटना में शहीद हुए लोगों के परिजनों के प्रति भी आईएमए में संवेदना व्यक्त की है। आईएमए ने भारत सरकार व राज्य सरकार से मांग की है इस दुदांत घटना के लिय जिम्मेदार आरोपियों को तत्काल कानून के दायरे में लेकर कठोर दंड दें।

# बिहान कैडरों ने मानदेय भुगतान सहित अन्य मांगों को लेकर रैली निकाल दिया धरना




- **मांगें पूरी होने पर अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी**

**दुर्ग,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। एन.आर.एल.एम.(बिहान) के कैडरों ने अपने 4 माह के मानदेय का भुगतान व अन्य समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर आज हिन्दी भवन के सामने एक दिवसीय धरना दिया। धरना के बाद कलेक्ट्रेट तक रैली निकाली। प्रदर्शन के बाद रैली जिला पंचायत पहुंची और नारेबाजी करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को ज्ञापन सौंपा।

एन.आर.एल.एम. (बिहान) की प्रांतीय संयोजक पद्मा पाटिल ने बताया कि विगत 4 माह के कैडरों को मानदेय नहीं मिला है। मानदेय का तत्काल भुगतान किया जायें। सभी कैडरों के मानदेय में जीने लायक सम्मानजनक वृद्धि की जाये। यह मानदेय प्रत्येक माह की 5 तारीख तक दे दी जानी चाहिए। सभी कैडरों को मोबाईल, नेट खर्च व यात्रा भत्ता दिया जाये। इसी प्रकार सभी कैडरों को नियमितीकरण का नियुक्ति पत्र देने की भी मांग की गई है।

➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# शिवनाथ नदी-मुक्तिधाम मार्ग चौड़ीकरण कार्य का महापौर बाघमार ने किया भूमिपूजन



**दुर्ग,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। शिवनाथ नदी मुक्तिधाम मार्ग के चौड़ीकरण और डामरीकरण कार्य के लिये आज महापौर अलका बाघमार ने अपने पार्षद साथियों के साथ मिलकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के बाद उन्होंने निर्माण स्थल का निरीक्षण किया तथा शिवनाथ नदी-गंजपारा महमरा मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण व डामरीकरण कार्य में तेजी लाने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

उन्होंने कहा कि मुक्तिधाम महमरा की इस उबड़खाबड़ सड़क में बारिश के दौरान पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में काफी असुविधाएं उठानी पड़ती है। इस मार्ग के चौड़ीकरण व डामरीकरण हो जाने से लोगों को काफी राहत मिलेगी। महापौर के साथ इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, देवनारायण चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, कांशीराम कोसरे, पार्षद कुलेश्वर साहू, गोविंद देवांगन, जेम्स साजन जोसेफ, संजय अग्रवाल, गुलशन साहू, लोकेश्वरी ठाकुर, सावित्री दमाहे, कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढवाले, उपअभियंता हरिशंकर साहू और ठेकेदार उपस्थित थे।

# ऋषभ अपार्टमेंट के ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट से समीप के एक घर तक आग पहुंची, फायर टीम ने बुझाई

**दुर्ग,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुन्दरा पारा दुर्ग में गत रात्रि ट्रांसफार्मर में विस्फोट के बाद समीपस्थ स्थित घर में आग लग गई। आपातकालीन एवं अग्नि शमन सेवा दुर्ग की फायर टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन कर बड़ी घटना होने की संभावनाओं को खत्म किया।

जिला सेनानी अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा दुर्गा नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ऋषभ अपार्टमेंट में लगे ट्रांसफार्मर पर ब्लास्ट होने पर लगी आग जो कि समीपस्थ स्थित नोहर मरकाम घर तक पहुँच गयी। घर के पीछे रखें लकड़ी एवं सामानों पर आग लगने पर तत्काल सूचना मिलते ही बिना विलंब किए अग्निशमन की टीमें मौके पर पहुंची। अग्निशमन कर्मियों ने ट्रान्सफार्मर और घर में फैले आग को कंट्रोल किया और आग को दूसरी तरफबढ़ने से रोक लिया गया। ट्रांसफार्मर में आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका है। अग्निशमन दल प्रभारी महेन्द्र चंदेल, अग्निशमन कर्मचारी मुख्तार अली, राजेश साहू, भीषम, धर्मेन्द्र, भोपेश द्वारा एक अच्छी टीम बना कर घटनास्था न पर समय पर पहुँच कर बड़ी घटना होने को नियंत्रित कर लिया एवं स्पॉट पर किसी भी प्रकार की घटना नहीं हुआ।

# सभापति श्याम शर्मा ने कानून व्यवस्था, यातायात जैसे मुद्दों पर एसपी से की चर्चा



**दुर्ग,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम के सभापति श्याम शर्मा ने आज एमआईसी प्रभारियों व पार्षदों के साथ एसपी कार्यालय जाकर नये एसपी विजय अग्रवाल से सौजन्य भेंट कर पुष्पगुच्छ भेंट किया। इस मुलाकात में उन्होंने एसपी श्री अग्रवाल से दुर्ग शहर में कानून व्यवस्था, यातायात और अन्य महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की।

नये एसपी श्री अग्रवाल से चर्चा के बाद सभापति श्री शर्मा ने बताया कि श्री अग्रवाल ने उनकी बातों को ध्यान से सुना और दुर्ग शहर में कानून एवं यातायात व्यवस्था में निरंतर सुधार की दिशा में आवश्यक कदम उठाने का आश्वासन दिया।

इस दौरान श्री शर्मा के साथ ही एमआईसी प्रभारी कांशीराम कोसरे, मनीष साहू, शिव नायक, पार्षद कुलेश्वर साहू, गुलाब वर्मा, कमल देवांगन, संजय अग्रवाल, मनीष कोठारी, गुलशन साहू, सरस निर्मलकर, खिलावन मटियारा, गुड्डू यादव के साथ ही ललित ढीमर, जितेन्द्र महोबिया, संभव जैन भी उपस्थित थे।

# सेल्फएम्प्लोएड टोईलर ट्रेड में नि:शुल्क प्रशिक्षण, आवेदन आमंत्रित

**दुर्ग**, 24 अप्रेल (देशबन्धु)। अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र औद्योगिक क्षेत्र जवाहर नगर गेट के पास धमधा नाका दुर्ग में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना अंतर्गत अनुसुचित जाति वर्ग के इच्छुक युवतियों को सेल्फएम्प्लोएड टोईलर ट्रेड में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण अवधि 3 माह की होगी। इच्छुक अभ्यर्थी 30 अप्रैल तक आवेदन कर सकते है। विस्तृत जानकारी हेतु संपर्क नंबर 9893825047, 8103830896 पर संपर्क कर सकते है। अंत्यावसायी व्यवसायिक प्रशिक्षण केन्द्र दुर्ग के प्रबंधक से मिली जानकारी अनुसार आवेदक की वार्षिक आय 15 हजार रूपए तक हो, उम्र 14 से 45 वर्ष हो। अनुसुचित जाति वर्ग के पात्र एवं इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर रैली, स्लोगन, पोस्टर प्रतियोगिता




**दुर्ग**, 24 अप्रेल (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग के वनस्पतिशास्त्र, भूगोल विभाग एवं प्राणीशास्त्र के संयुक्त तत्वाधान एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विश्व पृथ्वी दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विविध प्रतियोगिताओं के साथ अतिथि व्याख्यान का आयाजे न किया गया। कार्यक्रम की प्रारंभ में प्रात: 11 बजे विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई जिसमें पर्यावरण तथा पृथ्वी संरक्षण पर नारे लगाये गए। तत्पश्चात् विभिन्न प्रतियोगिताऐं आयोजित की गई जिसमें श्लोगन प्रतियोगिता में 22, पोस्टर प्रतियोगिता में 12 तथा भाषण प्रतियोगिता में 11 छात्राओं ने भाग लिया।

इस अवसर पर डॉ. मधुलिका रॉय, स. नि. विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र, शासकीय दानवीर तुलाराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उतई, जिला- दुर्ग अतिथि वक्ता के रूप में उपस्थित रही। विश्व पृथ्वी दिवस पर उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए ''हमारी शक्ति हमारी पृथ्वी है'' विषय पर व्याख्यान दिया। पर्यावरण के संतुलन को बनाये रखना हम सभी का दायित्व है साथ ही पर्यावरण का संरक्षण एवं समाधान पर व्यावहारिक सुझाव प्रस्तुत किए। स्लोगन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार विधि खरें, द्वितीय स्थान पर लिलेश्वरी साहू एवं जैनब निजामी तथा फरहाना परवीन तृतीय स्थान पर रही। पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम रोशनी गेन्ड्रे, द्वितीय स्थान पर वदंन कुंजाम एवं आरती निर्मलकर तथा येश्वर्या तृतीय स्थान पर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤




# लू से बचने के लिए कार्यशाला आयोजित



**भिलाईनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। देश में इस समय तापमान 46 डिग्री पार कर रहा गर्म लूं के थपेड़े से लोगों को हवाए झुलसा दे रही है। लू लगने से अस्पतालों में मरीज पहुंच रहे हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 में आज लूं प्रबंधन पर कार्यशाला आयोजित किया गया। बी ई ईटीओ व सुपरवाइजर सैय्यद असलम ने बताया कि गर्मी में हिट वे से बचाव रोकथाम ओर लूं प्रबंधन सभी को जानना चाहिए ताकि स्वयं अथवा परिवार के सदस्यों को बचाने में जानकारी सहायक हो। बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि गर्मियों के समय पूरी आस्तिन की कमीज पहनना चाहिए आंखों में गगल अथवा काले चश्मे का उपयोग करें कानों के छिद्रों से गर्म हवा के जाने से बचाने गमछा ओर सिर में हेड (टोपी) पहना चाहिए ओर चप्पल की जगह जूतों का उपयोग करना अच्छा है आर एम ए प्रज्ञा कुशवाहा ने बताया कि लूं के लक्षण में मुंह सूखना, सरदर्द, चक्कर आना, उल्टी होना ओर तेज बुखार शामिल हैं सीनियर कंसल्टेंट एल एच व्ही श्रीमती आर विश्वास ने लोगों से कहा कि ज्यादा तर तरल पदार्थ शर्बत बनाकर पीने ओर खाली पेट बाहर ना जाए बाहर के पेयपदार्थ से बचने घरेलू छाछ, नींबू शरबत, बेल शरबत ओर आम का पनाह ले सकते हैं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ भुनेश्वर कठौतिया व मेडिकल आफिसर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई 3 डा शिखर अग्रवाल ने लोगों से उल्टी ओर दस्त व चक्कर एंव बुखार आने पर अस्पताल आकर उपचार कराने कहा है पानी की कमी पर ओ आर एस घोल सबसे कारगर साबित होता है। बी ई ईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि सभी शासकीय अस्पतालों में ओ आर टी कार्नर बनाया गया है जहां ओ आर एस घोल बनाकर आने वाले मरीजों को पिलाने की व्यवस्था रखी गई है।

# आज से कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान



**भिलाइनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज पत्रकारों से चर्चा करते हुए कश्मीर पहलगाम में हुए 28 पर्यटक की हत्या आतंकवादियों द्वारा किया गया इस पर वे श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने परिवार के एक सदस्य को खोया है। उन्होनें इंटेलिजेंस एवं सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठाए और उन्होंने कहा कि जहां इतनी पर्यटक उपस्थित थे वहां किसी तरह का अर्धसैनिक अथवा सैनिक बल कैसे उपस्थित नहीं थे। यहां तक की क्या आप.पास कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं था। हम सोशल मीडिया व मीडिया के माध्यम से देखें आम जनमानस जिन्होंने अपने परिवार को खोया हुए सोशल मीडिया में फोटो डाल रहे थे। हमने भी छत्तीसगढ़ में अपने नेताओं को झीरम घाटी में खोया है। हम 28 नेताओं को खोया है। इसका हमे दर्द मामलू है। श्री बघेल ने आतंकी हमले कश्मीर पहलगाम के बाद कांग्रेसी सब देश के प्रधानमंत्री के निर्णय के साथ हैं पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लगातार भाजपा हमारे नेताओं को अपने निशाने पर ले रही है और नेशनल हेराल्ड हमारी शीर्ष नेता सोनिया गांधी, प्रियंका, राहुल गांधी से लेकर प्रदेश के नेताओं पर सरकारी तंत्रों का दुरुपयोग कर लगातार परेशान कर रही है एवं कांग्रेस को छवि धुमिल करने पर लगी हुई है या आम जनमानस अच्छी तरह से जानते हैं। इसी सिलसिले पर हम 25 अप्रैल से 30 दिन तक हम जिलेवार संविधान बचाओ अभियान चला रहे हैं। आज देश में मुख्य रूप से सुरक्षा व्यवस्था के साथ.साथ आम जनमानस के लिए रोटी कपड़ा और मकान मुख्य समस्या बनी हुई है। पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि इस मामले में न तो केंद्र सरकार और ना ही राज्य सरकार जनमानस को विश्वास में ले रही है। जनता को दो टाइम की रोटी कमाने में पसीना छूट जा रहा है। महंगाई चरम पर है लगातार गैस सिलेंडर के दाम बढ़ते जा रहे हैं। पेट्रोल व डीजल पर भी सरकार लोगों की जेब से पैसा निकाल रही है। कांग्रेस इन समस्याओं को लेकर आज 25 अप्रैल से संविधान बचाओ रैली निकालेगी। कोसाननगर से इसका अगाज किया जायेगा। शाम 6रू00 बजे कोसा नगर में सभा को कांग्रेसी नेता संबोधित करेंगे। आम कार्यकर्ता से लेकर पार्षद महापौर विधायक सांसद एवं प्रदेश के उच्च नेता इस कार्यक्रम में उपस्थित होंगे। आज की पत्रकारवार्ता में प्रदेश के प्रवक्ता आनंद शुक्ला, दुर्ग शहर के पूर्व विधायक अरुण बोरा, महापौर भिलाई नीरज पाल, पूर्व महापौर नीता लोधी, राजेंद्र साहू, धर्मेंद्र यादव, जितेंद्र वर्मा, अतुल चंद साहू, बृजमोहन सिंह, सीजु एंथोनी, एवं मुकेश चन्द्राकर सहित जितेन्द्र साहू भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# एनसीसी इकाई द्वारा विकसित भारत 2047 कार्यक्रम का आयोजन



**भिलाईनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। सेंट थॉमस कॉलेज भिलाई की एनसीसी इकाई द्वारा ष्विकसित भारत–2047 के अवसर पर तथा निर्धारित विषय के अनुरूप निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं समूह चर्चा का आयोजन किया गया। विषय था विकसित भारत–2047 एक भूमिका एक विकसित भारत के निर्माण में हमारी भूमिका इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कैडेट्स को उनके कर्तव्यों और राष्ट्र के भविष्य निर्माण में उनकी भूमिका के प्रति जागरूक करना था। कैडेट्स ने दोनों गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचारों, आकांक्षाओं एवं 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की प्रतिबद्धता को प्रभावशाली रूप से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्रशासक फादर डॉ. पी. एस. वर्गीस ने कैडेट्स के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्य डा. एम. जी. रोईमोन ने भी सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ दी। यह कार्यक्रम एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ. सुरेखा जवादे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। साथ हीए कैडेट्स ने विकसित भारत माई भारत पोर्टल पर अपना पंजीकरण कर इस राष्ट्रीय पहल में सक्रिय योगदान भी दर्ज कराया।

# लीजधारकों की बैठक 27 को

**भिलाईनगर।** लीज नवीनीकरण प्रकरण में स्टील सिटी चैंबर ऑफ़ कॉमर्स में पंजीकृत संस्थाओं के प्रतिनिधियो एवं पदाधिकारियों के साथ स्टील सिटी चेंबर के पदाधिकारी की संयुक्त बैठक 27 अप्रैल 4 बजे इंडियन कॉफी हाउस में आयोजित की गई है जिसमें भिलाई इस्पात संयंत्र के द्वारा लीज नवीनीकरण के पत्रों को निरस्त करने एवं अन्य भावी कार्यक्रमों पर रूपरेखा तैयार की जाएगी । स्टील सिटी चैंबर द्वारा बैठक में दुर्ग सांसद विजय बघेल के द्वारा किए जा रहे प्रयासों की जानकारी संस्थाओं को दी जाएगी और संस्थाओं के सुझाव उपरोक्त संदर्भ में लिए जाएंगे उक्ताशय की जानकारी चेंबर के अध्यक्ष ज्ञानचंद जैन ने दी है एवं सभी सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से समय पर उपस्थित के अपील की है ।

# सियान सदन में कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर



**भिलाईनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नवा रायपुर स्थित बाल्को मेडिकल सेंटर के सहयोग से संयंत्र के सियान सदन रिटायरमेंट होम परिसर में निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। यह एक दिवसीय शिविर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य कैंसर के लक्षणों, कारणों और उपचार के प्रति स्थानीय समुदाय में जागरूकता फैलाना था। शिविर में कुल 72 व्यक्तियों की जांच की गई। साथ ही रोगियों को आवश्यक दवाईयाँ भी वितरित की गईं। कैंसर के संभावित लक्षण पाए जाने वाले व्यक्तियों आगे की जांच हेतु बाल्को मेडिकल सेंटर रायपुर जाने की सलाह दी गई। उल्लेखनीय है कि इस श्रृंखला का यह तीसरा शिविर था। इससे पूर्व 20 जनवरी को तालपुरी ट्विन सिटी इंटरनेशनल कॉलोनी में पहला शिविर आयोजित किया गया थाए जिसमें 69 लोगों की जांच की गई थीए जबकि दूसरा शिविर 15 फरवरी में स्मृति नगर में आयोजित किया गया था। जहाँ 39 लोगों की जांच हुई थी। शिविर में वरिष्ठ ऑन्कोलॉजिस्ट, डॉ. प्रभाकर गुप्ता बाल्को मेडिकल सेंटर, मेडिसिन विभाग, जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र से डॉ. त्रिनाथ दास, , सुशील कामड़े, के.के. वर्मा, बुधेलाल तथा उपस्थित रहे और शिविर के सफल संचालन में योगदान दिया। शिविर के दौरान कैंसर संबंधी विभिन्न प्रकार की जांचों एवं परामर्श की व्यवस्थाएँ की गई थीं। जिनमें थर्मल स्क्रीनिंग, पैप टेस्ट मैमोग्राफी, मौखिक कैंसर स्क्रीनिंग सहित आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श व जागरूकता सत्र शामिल थे। कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों की पहचान एवं उससे बचाव हेतु इन प्रक्रियाओं के माध्यम से जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया।

# छग गतका एसोसिएशन के इंद्रजीत अध्यक्ष व मसकीत महासचिव बने



**भिलाईनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरुद्वारे हाल सुपेला में न्यू गतका स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की वार्षिक सामान्य सभा का आयोजन किया गया है। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय गतका चैम्पियनशिप , छग गतका एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का गठन, जोन अध्यक्षों की नियुक्ति, उप समितियों का गठन, रैफरी कौंसिल का गठन, खिलाड़ियों, रैफरी कोच के लिए समर कैंप जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में रायपुर, दुग, बिलासपुर, कोरबा, बेमेतरा, भाटपारा, मुंगेली, पेंड्रारोड़, सक्ती, धमतरी, सूरजपुर, अंबिकापुर के जिला गतका संघ के पदाधिकारी उपस्थित हुए। बैठक में इंदरजीत सिंघ छोटू अध्यक्ष, जसवन्त सिंघ खालसा महासचिव और मलकीत सिंह लल्लू को कोषाध्यक्ष बनाया गया। हरपाल सिंघ भामरा, जसबीर सिंघ चहल, अकलेश दुबे संरक्षक बनाए गए। पृथ्वी पाल सिंघ एसोसिएशन का मुख्य कोच बनाया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदरजीत सिंघ छोटू ने कहा कि शीघ्र ही पूरे प्रदेश की कार्यकारिणी बनाई जायेगी और गतके के प्रचार प्रसार के लिए सभी जिलों के सहयोग से योजना बनाई जायेगी।

# अग्नि सुरक्षा प्रणाली का लोकार्पण




**भिलाइनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता द्वारा सेक्टर–9 अस्पताल में दो महत्त्वपूर्ण अधोसंरचनात्मक सुविधाए–300 केएलडी एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट एवं अत्याधुनिक ड्यूल फायर डिटेक्शन एंड सप्रेशन सिस्टम का लोकार्पण किया गया। ये दोनों नवस्थापित व्यवस्थाएं न केवल चिकित्सालय की परिचालन क्षमता को सुदृढ़ करेंगी, बल्कि सुरक्षा मानकों को भी उल्लेखनीय रूप से ऊंचा उठाएंगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक परियोजनाएं एस. मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक वित्त एवं लेखा प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक माइन्स, बी.के. गिरि, तथा कार्यपालक निदेशक डॉ. रवीन्द्रनाथ एम. की उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक परियोजनाएं अनुराग उपाध्याय, मुख्य महाप्रबंधक उमेश भारद्वाज, मुख्य महाप्रबंधक प्रणय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनीता द्विवेदी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ सौरव मुखर्जी, महाप्रबंधक एसएम शाहिद अहमद, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.उदय कुमार. महाप्रबंधक संजय दव. महाप्रबंधक अतुल नौटियाल. महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी नर्सिंग स्टाफ भी उपस्थित थे। श्री अनिर्बान दासगुप्ता ने दीप प्रज्वलन कर इन सुविधाओं का विधिवत शुभारंभ किया एवं जेएलएन चिकित्सालय सामूहिक टीम को बधाई दी। उन्होंने टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए नवस्थापित प्रणालियों के दक्ष एवं विवेकपूर्ण उपयोग की शुभकामनाएं दीं। 300 केएलडी क्षमता वाला एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट चिकित्सालय के 860 बेड युक्त संकुल से उत्पन्न अपशिष्ट जल का उपचार करेगा। यह संयंत्र भौतिक विधियों जैसे स्क्रीनिंग एवं सेडीमेंटेशन व लमेल्ला क्लैरिफायर, जैविक उपचार हेतु मूविंग बेड बायोफिल्म रिएक्टर तकनीक तथा रासायनिक प्रक्रियाओं जैसे कोएग्युलेशन एवं पीएच स्थिरीकरण की मिश्रित विधि अपनाता है। क्लीन एजेंट गैस सप्रेशन सिस्टम जो 1,025 वर्ग मीटर अतिरिक्त क्षेत्र को सुरक्षा प्रदान करता है। यह प्रणाली भूमिगत व मुख्य पाइपलाइन नेटवर्क द्वारा सशक्त की गई है।

# भाकपा माले ने मनाई अपनी सालगिरह

**भिलाईनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। भाकपा माले लिबरेशन द्वारा पार्टी की 56वीं सालगिरह तथा लेनिन की जयंती के अवसर पर एक बैठक का आयोजन सेक्टर 6 में किया गया। बैठक की शुरुआत भाकपा माले केंद्रीय कमेटी के आव्हान के पाठ से हुई। बैठक में पार्टी के दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि दी गई । बैठक में वासुकी प्रसाद उन्मत ने लेनिन पर लिखी कविता सुनाई। बैठक में कहा गया कि केन्द्र सरकार मौजूदा सभी श्रम कानून को चार लेबर कोड से बदलने की तैयारी में है जो भारत के मेहनत कश तबके के संघर्षों से हासिल अधिकारों को समाप्त कर देंगे। सूचना का अधिकार कानून में ऐसे बदलाव किए जा रहे हैं जिससे नागरिकों का पारदर्शिता और जवाबदेही मांगने का हक छीना जा सके। सरकार ने वक्फ संशोधन कानून और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे कानूनों को पारित कर लिया है। कैंपस लोकतंत्र और शैक्षणिक आजादी पर नए सिरे से हमले हो रहे है। बैठक में कहा गया कि छत्तीसगढ़ में जल, जंगल, जमीन, खनिज संसाधन आदि को बचाने का प्रयास किया जावेग। बैठक में भाकपा माले को और ज्यादा मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में बृजेंद्र तिवारी, अशोक मिरी, श्याम लाल साहू, आर पी गजेंद्र, दीनानाथ प्रसाद, आर पी चौधरी, ए बी सिंह, शेखर राव आदि लोगों ने अपने विचार रखें।



# सुशासन तिहार में दर्ज शिकायत का निराकरण घर-घर जाकर



**भिलाईनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत नगर निगम भिलाई में लगभग 1307 आवेदन में मांग 969 एवं शिकायत 338 प्राप्त हुए है। शासन के निर्देशानुसार सभी प्रकरणों में शीघ्र निराकरण करना है। पहले अधिकारी, कर्मचारी मौके का निरीक्षण करें, शिकायतकर्ता एवं मांगकर्ता से संपर्क करें। मौके पर जाकर अवलोकन करे। यदि कार्यो का निराकरण त्वरित किया जा सकता है, तो निगम की टीम तुरंत निराकरण करें। यदि उसका मांग एवं शिकायत के अनुसार प्रपोजल बनाकर शासन को भेजना है, तो उसे भी बनाकर शीघ्र भेजा जाए। जिससे सुशासन तिहार 2025 का उददेश्य सफल हो सके। इसी तारतम्य में कलेक्टर अभीजित सिंह के निर्देशानुसार आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में निगम के जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी, जल विभाग, उद्यान विभाग, प्रधानमंत्री आवास विभाग, राशनकार्ड, गुमशता लाईसेंस, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, निगम के स्थापना विभाग, डाटा सेंटर आदि सभी विभाग से संबंधित जो भी आवेदन प्राप्त हुए है। उसको लेकर अधिकारी, कर्मचारी मौके पर जा रहे है और उसका निराकरण कर रहे है। प्रमुख आवेदन इस प्रकार से है सड़क सुधार, बोर खनन, नल की समस्या, स्ट्रीट लाईट, सड़क, नाली निर्माण, प्रधानमंत्री आवास, तालाब का पुर्ननिर्माण, पटटे का नवीनीकरण, महतारी वंदन योजना का लाभ, बच्चो के खेलने के लिए गार्डन, नया राशन कार्ड, वाहन पार्किंग, नाली की समस्या, नाली, पुलिया, ढक्कन निर्माण, जल निकासी, कच्ची नाली पक्की करने, उज्जवला योजना का लाभ, भूमिहीन को लाभ, डोम शेड, पेवर ब्लाक लगाना, जलकुम्भी सफाई, क्षतिग्रस्त सिवरेज लाईन, पुलिया मरम्मत कार्य, सड़क से कब्जा हटाना आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए है। इस कार्य में उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत, येशा लहरे, सतीश यादव, रवि सिन्हा, कुलदीप गुप्ता, अखिलेश चंद्राकर, अरविंद शर्मा, संजय अग्रवाल, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अंकित सक्सेना, अनिल मिश्रा, बीरेन्द्र बंजारे, हेमंत मांझी, व्ही के सेमुवल, राजस्व अधिकारी जे.पी.तिवारी, प्रशन्न तिवारी, शरद दुबे, बसंत देवांगन, बालकृष्ण नायडू, सागर दुबे, वीनिता वर्मा, दीपक देवांगन, अर्पित बंजारे, नितेश मेश्राम, सुनील जैन, बृजेश श्रीवास्तव, आर.एस.राजपूत, रीता चतुर्वेदी कार्यो को संपादित करवा रहे है।

# पलहगांव में आतंकी हमले की हर तरफ निंदा, फूंका पुतला



**भिलाईनगर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा की है। साथ ही उन्होंने कहा कि वहां फंसे छत्तीसगढ़ के 65 पर्यटकों को मैं विश्वास दिलाना चाहता हूँ कि डरने की कोई आवश्यकता नहीं है। हमारी सुरक्षा सेनाएँ पूरी मुस्तैदी से मोर्चा संभाल चुकी हैं। घटना में जो क्षति हुई है, उसकी भरपाई संभव नहीं, लेकिन आतंकवादियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में पूरे घटनाक्रम की निगरानी की जा रही है और ठोस रणनीति पर काम हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और राज्य सरकार लगातार प्रयासरत हैं कि फंसे हुए सभी लोग सकुशल घर लौट सकें। उन्होनें लोगों से अपील की है, कि धैर्य और साहस बनाए रखें। श्री पाण्डेय ने कहा कि रायपुर निवासी स्टील कारोबारी दिनेश मिरानीया की दुखद मृत्यु हम सभी के लिए गहरा आघात है। इस हादसे में शहीद हुए समस्त पर्यटकों को मैं अपनी ओर से भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति मिले और शोकाकुल परिवारों को यह असहनीय दुःख सहने की शक्ति प्राप्त हो। श्री पाण्डेय ने कहा कि भारत सरकार ने जो निर्णय लिया है, उससे पाकिस्तान को मूंह तोड़ जवाब दिया गया है।

## भाजपा ने फूंका पुतला

भिलाईनगर। कश्मीर के पहलगांव मे हुए कातिलाना हमले के विरोध में भाजपा ने सिविक सेन्टर में पाकिस्तान का पुतला फूंक कर



आतंकी हमले का किया विरोध किया व विरोध आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाये। पाकिस्तान का पुतला जलाते हिंदू संगठन के लोग। जम्मू.कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन बुधवार रात सिविक सेंटर में बड़ी संख्या में भाजपा और हिंदू संगठन के लोग जमा हुए। उन्होंने इस दौरान जुलूस निकालकर पाकिस्तान का पुतला दहन किया। आतंकवादियों द्वारा निहत्थे हिन्दू पर्यटकों की बेरहमी से हत्या की निंदा करते हुए इसे मानवता की दुशमन करार दिया। इस नृशंस घटना से पूरे देश में आक्रोश है। इसके विरोध में देश के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। लोग इस घटना की घोर निंदा कर रहे हैं। इसी कड़ी में भिलाई में भी जम्मू.कश्मीर अध्ययन केंद्र और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा सिविक सेंटर में विरोध प्रदर्शन किया गया है। विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। उन्होंने पूरे सिविक सेंटर मार्केट में आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। इस दौरान प्रदर्शनकारियों में काफी आक्रोश देखे। उन्होनें आरोप लगाया कि ये पाकिस्तान के द्वारा एक सोची समझी साजिश के तहत किया गया है। इसे भारत कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रदर्शनकारियों ने कहा. पाकिस्तान को मिलेगा इसका करारा जवाब। भाजपा नेताओं ने कहा हिंदुस्तान के कोने.कोने से पर्यटक शांति और सुकून की तलाश में पहलगाम गए थे, उन्हें आतंकवादियों ने जानबूझकर निशाना बनाकर मार डाला। अब बहुत हो चुका। पाकिस्तान को इसका करारा जवाब मिलेगा। आज हम सभी ने इस कायरतापूर्ण कृत्य के विरोध में पाकिस्तानियों का पुतला फूंका है और हमले में मारे गए पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी है। तथा इस घटना में घायल लोगों को शीध्र स्वास्थ्य की कामना की। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि इस तरह का हमला करना पाकिस्तान की पुराना चल रही है। जिसका भारत मूंह तोड़ जवाब देने में सक्षम है।

## आतंकी हमला निंदनीय कृत्य–मेश्राम



भिलाईनगर। दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय संगठन सचिव अनिल मेश्राम ने जम्मू कश्मीर के प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने गये पर्यटको की आतंकवादियो द्वारा हत्या कर दिये जाने की निर्मम घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे मानवता को शर्मसार करने वाली घिनौनी हरकत करार दिया है। यह एक सुनियोजित साजिश है कि भारत के श्रीनगर और जम्मू.कश्मीर जिसे जन्नत का दर्जा दिया जाता है और देश के सभी राज्यो के अनेक लोग पर्यटन पर इन वादियो व घाटियो का नजारा देखने जाते है और लाखो करोड़ो का पर्यटन उद्योग संचालित होता है, इससे हजारो लाखो स्थानीय बड़े व छोटे व्यापारियो व उनके परिवारो का लालन पालन होता है, इस व्यवस्था पर प्रहार कर भारत के पर्यटन उद्योग को नुकसान पहुंचाने का षड्यंत्र आतंकवादियो और पड़ोसी देश पाकिस्तान द्वारा किया जा रहा है जो इनकी घृणित सोच को उजागर करता है। श्री मेश्राम द्वारा इस आतंकवादी हमले मे कालकवलित हुए छत्तीसगढ़ सहित भारत के अन्य राज्यो के दिवंगत पर्यटको को श्रद्धाजंलि अर्पित कर उनके परिजनो के प्रति सहानुभूति व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से जम्मू.कश्मीर सहित देश के सभी पर्यटन स्थलो एवं पर्यटको को पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था प्रदान किये जाने का आग्रह किया गया है। उन्होने इस आतंकी हमले के दौरान अनेक पर्यटको की मदद कर उनके प्राणो की रक्षा करने वाले कश्मीर के मुस्लिम भाईयो परिवारो के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## छत्तीसगढ़ ग्राम पटेल संघ की बैठक कल

**डोंगरगढ़,** 24 अप्रैल। छग ग्राम पटेल संघ की बैठक आगामी 26 मार्च को रखी गई है इस संदर्भ में प्रदेश सचिव छ. ग. ग्राम पटेल संघ रायपुर (छ. ग.) बीआर. साहू ने बताया कि 26 अप्रैल दिन शनिवार को स्थान –माँ बम्लेश्वरी मंदिर स्थित प्रांगण हाल में डोंगरगढ़ मे समय 12 बजे से कार्यकारिणी समिति का बैठक आयोजित कि गयी है। f



# करवारी रोड अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी, तीन गिरफ्तार

**डोंगरगढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। 20 अप्रैल को ग्राम लतमर्रा से करवारी जाने वाले रोड मुख्य मार्ग ग्राम लतमर्रा में एक अज्ञात व्यक्ति की खुन से लथपथ शव मिलने पर थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0– 165/2025 धारा– 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर घटना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया जिस पर घटना की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग एवं अति0 पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा अज्ञात आरोपी पता तलाश हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया जिस पर एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्ग–दर्शन पर डोंगरगढ़ पुलिस एवं ओ0पी0 मोहारा की पुलिस टीम अज्ञात आरोपी के पता तलाश हेतु जूट गये। प्रकरण के विवेचना दौरान अज्ञात मृतक का देवलाल मण्डावी पिता स्व0 रामहू मण्डावी उम्र– 35 साल निवासी कन्हारगांव ओ0पी0 मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव छ0ग0 के रूप में पहचान किया गया। अज्ञात आरोपी के पता तलाश दौरान घटना दिनांक को मृतक देवलाल मण्डावी को ग्राम करवारी निवासी योगेश चौरे के साथ स्कूटी में जाते देखना पता चला। सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्य आधार पर संदेही 01. योगेश चौरे पिता राकेश चौरे उम्र– 19 साल जाति महार निवासी वार्ड न0– 02 ग्राम करवारी, 02. महेन्द्र नेताम पिता अगर सिंह नेताम उम्र– 25 साल निवासी ग्राम करवारी थाना डोंगरगढ़, 03. ओमकार मण्डावी पिता घासीराम मण्डावी उम्र– 44 साल निवासी ग्राम कन्हारगांव



ओ0पी0 मोहारा जिला राजनांदगांव छ0ग0 को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया। पुछताछ पर पता चला कि आज से एक साल पहले मृतक देवलाल मण्डावी आरोपी ओमकार मण्डावी जो ईट भट्ठा का ठेकेदारी का काम करता है जिससे करीबन दो लाख पचास हजार रू0 उधार लिया था आारोपी ओमकार मण्डावी द्वारा पैसा वापस मांगने पर देवलाल मण्डावी हमेशा झगड़ा लड़ाई करते थे एवं धमकी भी देते थे। दिनांक– 20.04.2025 को आरोपी महेन्द्र नेताम अपने दोस्त करवारी निवासी योगेश चौरे के साथ लेकर कटली शराब भट्ठी गये दोनों शराब पिये बाद महेन्द्र नेताम अपने मामा को ग्राम कलकसा बुलाये जहां आरोपी ओमकार मण्डावी द्वारा देवलाल मण्डावी को आज से मारना है जितना खर्चा लगेगा मैं दुंगा कहा तब योगेश चौरे 5–6 लाख रूपये लगेगा कहा तो ओमकार मण्डावी तैयार हो गया। और प्लालिंग बनाकर योगेश चौरे को 5000/–रू0 देकर ग्राम कन्हारगांव भेजा दिये। मृतक देवलाल मण्डावी को आरोपी योगेश चौरे डोंगरगढ़ लेकर आये। और साथ शराब पिलाकर देवलाल मण्डावी को ज्यादा नशा हो गया था जिसे अकेले छोड़कर योगेश चौरे घर चला गया। तब ओरोपी महेन्द्र नेताम और आरोपी योगेश चौरे दोनों मोटर सायकल में बैठकर डण्डा से पैदल जा रहे देवलाल मण्डावी के चेहरे में वार कर दिया जिससे देवलाल मण्डावी नीचे जमीन में गिर गया गिरने के बाद योगेश चौरे उसके बाद महेन्द्र नेताम सागौन के डण्डे से देवलाल मण्डावी के सिर एवं चेहरे मार कर हत्या कर मौके से फरार हो गये। उक्त कार्यवाही में तत्कालीन प्रभारी उप निरीक्षक भुषण चन्द्राकर, ओ0पी0 मोहारा प्रभारी निरीक्षक ढाल सिंह साहू एवं आरक्षक प्रंयास सिंह, वीर बहादुर, ऋषिदास, मनीष सोनकर एवं सायबर सेल राजनांदगांव से सउनि द्वारिका आरक्षक परिवेश वर्मा, आदित्य सिंह का विशेष योगदान रहा है।

# जिले में 42 अटल डिजिटल सुविधा केंद्रों का शुभारंभ

**कवर्धा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस के अवसर पर जिले के सभी ग्राम पंचायतो में ग्राम सभा के दौरान वर्चुअल रूप से जुड़कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्रामीणों को पंचायती राज स्थापना दिवस की बधाई देते हुए सभा को संबोधित किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर से पंचायत राज दिवस के अवसर पर ज़िले के 42 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का वर्चुअल शुभारंभ किया। इसके बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं उपमुख्यमंत्री एवं मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग विजय शर्मा ने ग्राम भांदा के ग्रामवासियों से चर्चा की। कबीरधाम जिले के बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोंदा में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, कलेक्टर गोपाल वर्मा और जिला पंचायत सहित जनप्रतिनिधि ग्रामीण वचुअर्ल रूप से जुड़े रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने ग्रामसभा को संबोधित करते हुए जल संरक्षण करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने रेनवाटर हार्वेस्टिंग पर जोर देते हुए जागरूकता लाने की बात कही। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने ज़िले के जनपद पंचायत बोड़ला के ग्राम पंचायत भोदा की सरपंच श्रीमती कुंज बाई पटेल, महतारी वंदन योजना की हितग्राही श्रीमती कविता पटेल एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री ईश्वरी साहू से वर्चुअल चर्चा की गई। अटल डिजिटल सुविधा केंद्र के संबंध सरपंच ने मुख्यमंत्री को बताया कि गांव के ग्रामीण शासन की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं महतारी वंदन योजना पेंशन योजना की राशि का नगद भुगतान अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से प्राप्त कर रहे हैं। महतारी वंदन योजना की लाभार्थी से मुख्यमंत्री द्वारा राशि मिलने के संबंध में पूछा गया जिस पर लाभार्थी श्रीमती कविता पटेल ने बताया कि वह आज ही अपने ग्राम पंचायत भोंदा के अटल डिजिटल सुविधा केंद्र से आधार बेस्ड पेमेंट के माध्यम से अपने बैंक खाते से 1000 का आहरण की है। लाभार्थी द्वारा बताया गया कि इन पैसों से वह अपने घर का निर्माण कार्य एवं बच्चों के स्कूल व दैनिक जरूरतो की पूर्ति कर रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष ईशवरी साहू द्वारा मुख्यमंत्री को जिले के 42 ग्राम पंचायतों में डिजिटल सेवा केंद्र प्रारंभ करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जल संरक्षण की दिशा में काम करने का भरोसा जताया।



उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पंचायत दिवस के अवसर पर सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए जल संरक्षण के कार्य में सबकी भागीदारी की अपील की। 24 अप्रैल से पूरे प्रदेश में मोर गांव मोर पानी महा अभियान प्रारंभ किया जाएगा जिसके तहत जल संरक्षण अंतर्गत तालाबों रेनवाटर हार्वेस्टिंग सहित विभिन्न संरचनाओं के निर्माण करने तथा पानी रोकने के अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया। प्रत्येक ग्राम पंचायत में इस वर्ष का भू–जल स्तर एवं आगामी समय के भू–जल स्तर को दर्ज करने कहा गया। इसके साथ ही एक देश एक चुनाव पर जोर देते हुए देश की प्रगति एवं जन कल्याणकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए एक देश एक चुनाव के अभियान का प्रस्ताव रखा गया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि अटल डिजिटल सुविधा केद्रो का विस्तार अन्य ग्राम पंचायतो में यथाशीघ्र किया जाएगा। जिससे ग्रामीण जनता को उनके अपने गांव में ही वित्तीय लेनदेन एवं अन्य शासकीय दस्तावेजों को प्राप्त करने की सुविधा मिलेगी।

## जिला ग्रामीण युकां द्वारा आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान का पुतला दहन




**डोंगरगढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष माननीय आकाश शर्मा के मार्गदर्शन मे राजनांदगाव ग्रामीण युवा कांग्रेस द्वारा आतंकवाद के खिलाफ पाकिस्तान का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया गया। राजनांदगाव युवा कांग्रेस अध्यक्ष महेश सेन ने कहा युवा कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता आतंकवाद के खिलाफ है पहलगाम में हुए इस कायराना हरकत पे सुरक्षा में चूक हुई है सरकार को चाहिए ईट का जवाब पत्थर से दे ब्लाक कोंग्रेस अध्यक्ष विजय राज चौहान युवा कांग्रेस के अध्यक्ष महेश सेन युवा कांग्रेस विधानशभा अध्यक्ष सौरभ वैष्णव ब्लाक शरह अध्यक्ष तरुण फुले कृष्णा गुप्ता पुखराज साहू (उपसरपंच अछोली) रूपेश वर्मा, (युवा कांग्रेस महामंत्री, प्रकाशसाहू परख साहू भोलाराम सुभाष साहू रोशनआशीष नेताम टिक्की पटेल खिलाकन साहू अम्बादे प्रकाश जानू निषाद तमेश पटेल हिरा कवर अधिक संख्या मे युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ता उपस्थित रही।

## दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल जप्त

**डोंगरगढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। 13 अप्रैल को पीडिता द्वारा थाना खैरागढ़ जिला केसीजी में रिपोर्ट दर्ज करायी कि आरोपी गजेंद्र वर्मा पिता रेवा राम वर्मा उम्र 26 साल निवासी पुरैना पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव शादी का झांसा देकर अपने घर पुरैना ले जाकर दिनांक 01.03 .2022 से 17.12 .2024 के मध्य अलग–अलग जगह पर ले जाकर जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाकर यौन शोषण किया है कि रिपोर्ट पर थाना खैरागढ़ जिला केसीजी में देहाती नालसी पर अपराध पंजीकृत कर घटना क्षेत्र पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव का होना से अग्रिम विवेचना हेतु पुलिस चौकी मोहारा को प्राप्त होने पर दिनांक 22.04.2025 असल अपराध क्रमांक 167/2025 धारा 69 बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया मामला गंभीर एवं अति संवेदनशील प्रकृति का होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमान राहुलदेव शर्मा के दिशा निर्देश एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी श्री आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में चौकी प्रभारी मोहारा निरीक्षक ढाल सिंह साहू मामले में अग्रिम विवेचना करते हुए आरोपी का पता तलाश कर पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा पीड़िता के साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाये जाने एवं पीड़िता, परिजन के कथन व घटना स्थल निरीक्षण पर



अभियुक्त द्वारा धारा 69 बीएनएस का अपराध घटना घटित होना पाए जाने से, आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को जप्त कर अभियुक्त गजेंद्र वर्मा पिता रेवा राम वर्मा उम्र 26 साल निवासी पुरैना पुलिस चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश करने बाद माननीय न्यायालय के आदेश से जेल दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी मोहारा निरीक्षक ढाल सिंह साहू, उप निरीक्षक बिलकीश बेगम (जिला केसीजी), आरक्षक, मनीष सोनकर, आनंद देवाले, ऋषि मानिकपुरी, मनी ठाकुर का महत्वपूर्ण योगदान एवं सराहनीय भूमिका रहा है।

## प्रेक्षा प्रणेता आचार्य महाप्रज्ञ के 16वें महाप्रयाण दिवस पर पांच दिवसीय प्रेक्षा ध्यान शिविर का आयोजन



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रकाश भवन देवेन्द्र नगर सेक्टर–1 में सफलतापूर्वक किया गया। प्रेक्षा प्रशिक्षक डॉक्टर वीर बाला छाजेड़ ने ध्यान की विभिन्न प्रयोग करवाए, जिसमें कायोत्सर्ग, अंतरयात्रा, दीर्घ श्वास प्रेक्षा, चेतन्य केंद्र प्रेक्षा आदि का प्रयोग किया गया। शिविर संयोजिका श्रीमती पुष्पा कोठारी ने आसन, प्राणायाम, मंत्र एवं मुद्राओं के बारे में विस्तार से चर्चा की श्रीनवरतन डागा, श्रीमती ललिता धारीवाल, श्रीमती पदमा जैन, श्री कैलाश नाहर द्वारा समापन पर अपने अनुभव प्रस्तुत किए गए। आचार्य श्री पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट का मौन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉक्टर वीर बाला को मंगल भावना स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## जिला अध्यक्ष ने भवन के लिए दिए पांच लाख




**गंडई पंडरिया,** 24 अप्रैल। गुरूवार को ग्राम सड़क अतरिया में मुमुक्षु गौरव नाहटा का अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया था। जिसमें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार सामिल हुऐ। उन्हें वरघोड़ा में सामिल हुऐ तथा मंच को संबोधित करते हुऐ कहा कि यह नाहटा परिवार, समाज एवं क्षेत्र के गौरव की बात है। संयम पथ पर चलने का फैसला अविस्मरणीय है। जो हम सब के लिऐ बहुत बड़ी सिख है। इस मौके पर उन्होंने सड़क अतरिया में जैन भवन के लिऐ पांच लाख रूपये देने की घोषणा किया।

# मीरा चौक में तोड़फोड़ को लेकर कांग्रेस करेगा चरणबद्ध आंदोलन

**खैरागढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान मीरा चौक में बिना किसी प्रस्ताव और जनप्रतिनिधियों की जानकारी के बैगर नगर पालिका द्वारा की गई तोड़फोड़ को लेकर कांग्रेस अब चरणबद्ध आंदोलन की तैयारी में है। मीरा चौक की प्रतिमा को हटाए जाने और चौक के स्वरूप से छेड़छाड़ किए जाने के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। पिछले सप्ताह हुए इस घटनाक्रम के बाद कांग्रेस की ओर से विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में तीखा विरोध दर्ज किया गया। कांग्रेस पार्षदों के साथ विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने प्रेस वार्ता कर नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर नियम विरुद्ध कार्य और संत कवियित्री मीरा बाई का अपमान करने का आरोप लगाया। वार्ता के माध्यम से दस्तावेज़ जारी कर यह बताया गया कि बिना किसी वैधानिक प्रक्रिया के चौक की संरचना बदली गई जो कि छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके साथ ही प्रशासन की चुप्पी को लेकर भी गहरा असंतोष जताया गया और चरणबद्ध जन आंदोलन की घोषणा की गई। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने आरोप लगाया कि नगर प्रशासन और सत्ताधारी भाजपा की सरकार इस विषय पर गूंगी और बहरी बनी हुई है। जनता की भावनाओं से जुड़े इस मामले में ना तो कोई जांच बैठाई गई और ना ही दोषियों पर कार्रवाई हुई जिससे लोगों में आक्रोश है। श्री देवांगन ने स्पष्ट किया है कि यह सिर्फ राजनीतिक मुद्दा नहीं बल्कि जनभावनाओं का अपमान और सांस्कृतिक धरोहर के साथ छेड़छाड़ का मामला है। चौक की सौंदर्यता को वर्षों से संजोए रखने वाले खड़े पेड़ों को हाल ही में नगर प्रशासन द्वारा उखाड़ दिया गया है जिससे स्थानीय नागरिकों में नाराज़गी देखी जा रही है। ये पेड़ न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण था बल्कि चौक की पहचान का भी हिस्सा था। चरणबद्ध आंदोलन के तहत कांग्रेसी 25, 26 और 27 अप्रैल को कांग्रेस की छात्र इकाई द्वारा पूरे शहर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जाएगा। इसमें नागरिकों से समर्थन लिया जाएगा कि वे मीराबाई चौक में हुई तोड़फोड़ के विरोध में सीएमओ के खिलाफ कार्रवाई और मीरा बाई की प्रतिमा की पुन: स्थापना की मांग करें।



हस्ताक्षरित ज्ञापन को 28 अप्रैल को कलेक्टर को सौंपा जाएगा। यदि इसके बाद भी कोई कदम नहीं उठाया गया तो आंदोलन को अगले चरण में ले जाया जाएगा। महिला कांग्रेस नगर पालिका परिषद कार्यालय के सामने घंटी बजाकर और कांच की चूड़ियां सौंपकर प्रशासन की नींद तोड़ने का प्रयास करेगी। इसके बाद युवा कांग्रेस द्वारा शीतला मंदिर ईतवारी बाजार से मशाल रैली निकाली जाएगी जो शहर भर में प्रशासन की असंवेदनशीलता के खिलाफ जनजागरण करेगी। आंदोलन के अंतिम चरण में कांग्रेस के प्रदेश स्तरीय नेताओं की उपस्थिति में विधायक यशोदा वर्मा के नेतृत्व में एक विशाल जन आंदोलन किया जाएगा जिसकी तिथि शीघ्र घोषित की जाएगी।

## नेशनल लोक अदालत 10 मई को प्रधान जिला न्यायाधीश कवर्धा ने बैठक लेकर अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश

**कवर्धा,** 24 अप्रैल। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली (नालसा) के निर्देशानुसार 10 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कबीरधाम श्रीमती सत्यभामा अजय दुबे द्वारा निरन्तर आवश्यक बैठक आयोजित की जा रही है। 21 अप्रैल 2025 को समस्त न्यायाधीशगण की बैठक ली गई एवं दिनांक 22 अप्रैल 2025 को जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक ली गई वहीं 23 अप्रैल को सभी बीमा कॅम्पनियों के अधिकारियों, अधिवक्ताओं तथा पक्षकारों के अधिवक्ताओं के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक कर मोटर दावा दुर्घटना के लम्बित प्रकरणों को राजीनामा से निराकृत करने के संबंध में परिचर्चा की गई। जिला प्रशासन एवं पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की जाकर अधिकाधिक राजीनामा योग्य प्रकरणों के संबंध में कार्यवाही करने तथा नोटिस तामिली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गये। बैठक में प्रमुख रूप से राजीनामा योग्य अधिकाधिक प्रकरणों का निराकरण तथा प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद प्रकरण) प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में रखा जाकर, निराकरण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नगर निगम, विद्युत विभाग, बीएसएनएल एवं बैंको को वसूली योग्य प्रकरणों को प्रीलिटिगेशन (मुकदमा पूर्व वाद) प्रकरण के रूप शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया है। नेशनल लोक अदालत दिनांक 10 मई 2025 में राजीनामा योग्य समस्त प्रकृति के प्रकरणों का निराकरण किया जाना है, जिसमें दाण्डिक प्रकरण, चेक बाउन्स अर्थात् 138 वाले मामले, बैंक रिकवरी अर्थात् प्री–लिटिगेशन प्रकरण, मोटरयान अधिनियम से संबंधित प्रकरण, भरण पोषण एवं पारिवारिक विवाद प्रकरण, श्रमिक प्रकरण, जमीन विवाद प्रकरण, सम्पत्ति विवाद, विद्युत प्रकरण, जलकर प्रकरण, सम्पत्ति कर, टेलीफोन बिल वसूली प्रकरण तथा राजस्व प्रकरणों को नियत किया गया है। पक्षकारगण के मध्य उपजे विवाद को वैकल्पिक विवाद समाधान के तहत नेशनल लोक अदालत में उनके मध्य राजीनामा की सम्भावनाओं को तलाश करते हुए, उक्त नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन हेतु अधिक से अधिक प्रीसिटिंग कर लम्बित प्रकरणों को चिन्हांकित करते हुए निराकरण हेतु रखे जाने के निर्देश न्यायिक अधिकारियों को भी दिया गया है।



## निधन

### जितेंद्र चंद्राकर

**महासमुंद,** 24 अप्रैल। ग्राम खरोरा निवासी जितेंद्र कुमार चंद्राकर 45 वर्ष का लंबी अस्वस्थता के चलते उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में 24 अप्रैल को किया गया। वे कौशिक चंद्राकर के छोटे भाई, रितिक व धीरज चंद्राकर के पिता थे।



### जानकीबाई ओडनलवार

**महासमुंद,** 24 अप्रैल। स्थानीय इमलीभाठा निवासी श्रीमती जानकी बाई ओडनलवार 84 वर्ष का 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आनंद टेलर्स के संचालक कमल, बसंत, आनंद, ओडनलवार की माता थी।



### फातिमा बी

**महासमुंद,** 24 अप्रैल। स्थानीय चांडक पेट्रोल पंप गली स्थित भुवन निषाद के मकान में रहने वाली 85 वर्षीय फातिमा बी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को किया गया।



### श्रीमती आसन बाई धीवर

**महासमुंद,** 24 अप्रैल। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी श्रीमती आसन बाई धीवर 70 वर्ष का गुरूवार 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे तेजराम धीवर की धर्मपत्नी व नारद धीवर की मां थी।



## खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफएक्सीलेंस में प्रवेश के लिए ट्रायल बिलासपुर में आयोजित

**दुर्ग,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। खेल एवं युवा कल्याण विभाग छ्ग्ग्ण् शासन द्वारा बिलासपुर जिले में संचालित खेलों इंडिया स्टेट सेंटर ऑफएक्सीलेंस अंतर्गत तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक/बालिका आवासीय खेल अकादमी एवं राज्य शासन द्वारा बालिका आवासीय कबड्डी अकादमी में सत्र 2025–26 हेतु नवीन खिलाड़ियों के प्रवेश दिया जा रहा है। आवासीय अकादमियों में प्रवेश हेतु तीरंदाजी, हॉकी एवं एथलेटिक बालक–बालिकाओं एवं बालिका कबड्डी हेतु चयन ट्रायल का आयोजन 29 एवं 30 अप्रैल को स्व.बी.आर.यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केन्द्र बहरतराई जिला बिलासपुर में किया जायेगा। चयन ट्रायल के अकादमी संचालन नियमानुसार 13 से 17 आयु वर्ग के बालक.बालिका भाग ले सकते है। जिले के इच्छुक खिलाड़ी अधिक जानकारी के लिए जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के रविशंकर स्टेडियम दुर्ग स्थित कार्यालय मे संपर्क कर सकते है।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बिहान कैडरों ने ...

रैली को संबोधित करते हुए एन.आर.एल.एम, की राज्य संयोजक पद्मा पाटिल, प्रांतीय सलाहकार विश्वजीत हारोडे ने कहा कि यदि उनकी मांगें पूरी न की गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल की जायेगी।

### विश्व पृथ्वी दिवस पर...

रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम लिलेश्वरी साहू द्वितीय स्थान पर आर्या अवस्थी एवं कुसुम देशमुख तथा अंकिता पॉल तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर डॉ. एम. लक्ष्मी प्रसूना, विभागाध्यक्ष, वनस्पतिशास्त्र, डा. सुषमा यादव, विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग एवं डॉ. लता मेश्राम, विभागाध्यक्ष, प्राणीशास्त्र, डॉ. शाऐ ब सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चांदनी अफ्साना, अतिथि व्याख्याता एवं आभार प्रदर्शन कु. दीक्षा जोशी, अतिथि व्याख्याता ने किया। इस अवसर पर कविता वैष्णव, कु. प्रीति चन्द्राकर, नितिन देवांगन के साथ महाविद्यालयीन छात्राऐं उपस्थित रही।

# मुमुक्षु गौरव नाहटा का हुआ भव्य अभिनंदन

**गंडई पंडरिया,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम सड़क अतरिया में गुरूवार को नाहटा परिवार, जैन समाज एवं ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर स्व. दिलीप नाहटा माता प्रमिला नाहटा का पुत्र मुमुक्षु गौरव नाहटा का अभिनंदन किया गया है। ज्ञात हो कि नाहटा परिवार की लाडली एवं मुमुक्षु गौरव की बहन छ माह पूर्व दीक्षा लेकर संयम के पथ पर अग्रसर हो चुकी है। गौरव भी गुरू के सानिध्य एवं बहन से प्रभावित होकर संयम पथ पर चलने निर्णय लिया है। नाहटा परिवार एवं समाज ने मुमुक्षु के इस निर्णय का सहर्ष स्वागत किया है।

जानकारी अनुसार आचार्य रामलाल एवं राजेश मुनि के सानिध्य में मुमुक्षु गौरव नाहटा अगामी 30 अप्रैल को राजस्थान का गंगा शहर भीनासार में दीक्षा लेना संभावित है। दीक्षा पूर्व परिवार, समाज एवं ग्रामीणों द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर परंपरानुसार उनका अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत सुबह भव्य दीक्षा वरघोड़ा निकाला गया। भजन कीर्तन के साथ सभी सामिल होकर निज निवास पहुंचे। तत्पश्चात अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। मुमुक्षु गौरव ने अपने अनुभव, निर्णय एवं संयम पथ पर चलने का कारण बताया। उपस्थित लोगों ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। इसके पश्चात मेहंदी, गौतम प्रसादी, हाथ काम, वीरा बधाना, गुरू भक्ति डोरा बंधन सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बहन के बाद भाई भी संयम की राह पर– मुमुक्षु गौरव नाहटा अपने तीन भाई बहनों में सबसे छोटा है। जिसका बचपन से गुरू की भक्ति और भजन कीर्तन में लगाव रहा है। छ माह पहले उसकी बड़ी बहन राजस्थान के भीलवाड़ा में आचार्य रामेश के सानिध्य में दीक्षा लेकर संयम की मार्ग पर चल पडी है। इसके बाद मुमुक्षु गौरव नाहटा भी संसारिक मोह माया को त्याग कर संयम की मार्ग पर चलने का निर्णय लिया है। गौरव के विचार एवं निर्णय से पुरा परिवार प्रभावित एवं गौरवांवित महसुस कर रहा है।



कार्यक्रम में पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका खम्हन ताम्रकार, उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जनपद सदस्य ज्योति जंघेल, डोमार सिंह, प्रेस क्लब अध्यक्ष विनोद नामदेव, भंवर लाल नाहटा, केवल चंद नाहटा, झुमरलाल नाहटा, हमीर चंद नाहटा, राजेन्द्र नाहटा, राजेश बाफना, मुकेश कुमार, ललित नाहटा, चीकू, नवीन नाहटा, विजय नाहटा, महेश नाहटा, महावीर जैन, रोहित नाहटा मनीष नाहटा, संतोष नाहटा, मिथलेश नाहटा, महावीर नाहटा, चंदू बैद, निलेश चंद बैद, कपिल बैद, श्रेयांश नाहटा, रेखचंद नाहटा, अभय लोढ़ा, मनोज बाफना, नितीश बैद, मंगल चंद, ज्ञानू चंद, ललित चोपड़ा, सुभाष जैन, उत्तम चंद, नरेश ? चोपडा, अशोक सुराना, गौतम चंद सुराना, संतोष चौरड़िया, सुभम गोलछा, अशोक जंघेल, राधे मोहन वैष्णव, लल्ला कन्हैया दास, प्रकाश जंघेल, रोहित देवांगन, नंदकिशोर साहू, रत्नेश कुलदीप, अवधेश मिश्रा, चन्द्रभान वैष्णव तथा साथ में जैन श्रीसंघ रायपुर, खैरागढ़, छुईखदान, गंड ?ई, उदयपुर, पंडरिया, बुंदेली के सभी सदस्य मौजूद रहें। कार्यक्रम का संचालन पायल नाहटा ने किया।

## पहलगाम आतंकी हमला, मानवता पर गहरी चोट : चोवाराम साहू



**कवर्धा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए हमले में अपनी जान गवाने वाले निर्दोष पर्यटकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट कर श्रद्धाजलि अर्पित की है। श्री साहू ने कहा कि जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष नागरिकों पर किया गया कायरतापूर्ण हमला अत्यंत निंदनीय है। यह आतंकवादी हमला न सिर्फ कायरता की पराकाष्ठा है, बल्कि मानवता पर भी गहरा आघात है। किसी सदस्य की हत्या उनके बाल बच्चों के सामने करना बेहद दुखद और पीड़ा दायक है।। उन्होने कहा कि इस मामले में पूरा देश एक जुट है और पीड़ित परिवार के साथ है। उन्होने कहा कि हम केन्द्र सरकार से मांग करते है कि आतंकवाद के खिलाफ कठोर निर्णय लेते हुए पहलमाग की घटना को अंजाम देने वाले आतंकियों और उन्हें संरक्षण देने वालों को मुहतोड़ जवाब दिया जाए। ताकि इस तरह की आतंकी घाटनाओं की पुर्नावृत्ति न हो।

# सुशासन तिहार में किए गए आवेदन व मांगो पर होने लगा अमल

**बालोद,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्राम जगन्नाथपुर की निवासी क्षेत्र क्रमांक एक की जनपद सदस्य व जल एवं स्वच्छता विभाग सभापति दमयंती सुभाष हरदेल द्वारा विगत दिनों सुराज तिहार के तहत अपने क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में जाकर शिक्षा, सड़क सहित विभिन्न मूलभूत समस्याओं के मुद्दों को लेकर आवेदन दिया गया था। जिन पर कार्रवाई शुरू हो गई है। संबंधित विभागों के द्वारा उन्हें कार्रवाई से संबंधित पत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें प्रमुख रूप से उनके गृहग्राम जगन्नाथपुर में महाविद्यालय खोले जाने की मांग उन्होंने प्रमुखता से की थी। जिस पर शासन के हवाले से एक पत्र प्राप्त हुआ है। जिसमें कहा गया है कि जगन्नाथपुर और करहीभदर दोनों ही जगह महाविद्यालय खोला जाना प्रस्तावित है। इस संबंध में अग्रणी शासकीय महाविद्यालय बालोद के प्राचार्य द्वारा संयुक्त संचालक (जे), कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय को लिखे गए पत्र की प्रतिलिपि भी उन्हें प्रेषित की गई है। जिसमें कहा गया है कि संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जगन्नाथपुर में महाविद्यालय खोलने के लिए याचिका क्रमांक 70 लगाई गई है। जिस पर अभिमत सहित प्रस्ताव निर्धारित प्रपत्र में संलग्न कर जानकारी आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित की गई है। इस पत्र के साथ ही दमयंती हरदेल को अलग से कॉलेज प्राचार्य के द्वारा पत्र भेज कर



बताया गया है कि कार्यालय आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय नया रायपुर अटल नगर को ग्राम जगन्नाथपुर का स्थल निरीक्षण कर औचित्य पूर्ण अभिमत सहित प्रस्ताव प्रेषित किया गया है। इस पत्र की प्राप्ति पर जनपद सदस्य दमयंती सुभाष हरदेल ने कहा है कि उनका प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द गांव में महाविद्यालय खुले ताकि गांव के युवाओं को जो 12वीं की पढ़ाई के बाद आगे की उच्च शिक्षा की पढ़ाई के लिए भटकने के मजबूर होते हैं। उन्हें गांव में ही उच्च शिक्षा की सुविधा मिले। उन्होंने कहा कि हमारे गांव में पर्याप्त सरकारी जमीन है। जिस पर महाविद्यालय खोला जा सकता है। उन्होंने इस संबंध में अग्रणी महाविद्यालय बालोद कॉलेज के प्राचार्य से मुलाकात कर जल्द ही इस पूरी प्रक्रिया की जानकारी लेने प्रस्तावित जगह के संबंध में जानकारी लेने और शासन स्तर पर वही जनपद सदस्य दमयंती द्वारा जगन्नाथपुर से परसदा पापरा और दरबारी नवागांव सड़क मार्ग को लेकर अलग-अलग पंचायत में जाकर सुराज तिहार के जरिए आवेदन दिया गया था। जिस पर उन्हें संबंधित लोक निर्माण विभाग बालोद संभाग कार्यपालन अभियंता द्वारा पत्र भेजकर जानकारी दी गई है कि जगन्नाथपुर से परसदा होते हुए पापरा तक 6 किलोमीटर सड़क के निर्माण कार्य की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। शासन के वित्त निर्देश 42/ 2023 के परिपालन में निविदा की कार्यवाही लंबित रखी गई है। शासन से अनुमति उपरांत कार्य किया जाना संभव होगा। तो वही जगन्नाथपुर से दरबारी नवागांव डेंगरापार मार्ग मार्ग कुल लंबाई 6 किलोमीटर पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य हेतु स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। वर्तमान में निविदा की कार्यवाही प्रक्रियाधिन है। निविदा उपरांत कार्य प्रारंभकिया जाएगा। उक्त पत्र प्राप्ति पर जनपद सदस्य दमयंती सुभाष हरदेल ने कहा कि जगन्नाथपुर से परसदा पापरा मार्ग के लिए भी जल्द से जल्द टेंडर की प्रक्रिया हो और कार्य शुरू हो, इसके लिए भी प्रयास करेंगे। ताकि जल्द से जल्द उक्त क्षेत्र की दोनों प्रमुख सड़कों का निर्माण हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके। वर्तमान में इन सड़कों की हालत काफी बद्तर है। लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन खराब सड़क के कारण हादसे होते रहते हैं। वहीं निर्माण के समय गुणवत्ता का भी ध्यान रहे इसको लेकर भी विभाग को पत्र लिखेंगे।

# खाद्य मंत्री ने ग्राम टेमरी में किया अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द का शुभारंभ

**बेमेतरा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत टेमरी में अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया। इस सुविधा केन्द्र के शुरू होने से ग्रामीणों को बैंकिंग और अन्य डिजिटल सेवाओं के लिए अब दूर विकासखंड या जिला मुख्यालय नहीं जाना पड़ेगा।




शुभारंभ अवसर पर दो महिला हितग्राहियों, श्रीमती शशि कुर्रे और श्रीमती कजला ने महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 1000-1000 रुपये की राशि इस केन्द्र से निकाली। मंत्री बघेल ने दोनों को नगद राशि भी सौंपते हुए योजना की सफलता की सराहना की।

खाद्य मंत्री ने इस बघेल ने कहा कि इस योजना के माध्यम से ग्रामीण अब अपने खातों से नकद राशि निकाल सकेंगे, जमा कर सकेंगे, बिजली-पानी के बिल भर सकेंगे और पेंशन व बीमा जैसी सुविधाओं का लाभ ले सकेंगे। उन्होंने कहा कि अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र ग्रामीणों की सुविधा और सशक्तिकरण की दिशा में एक बड़ा कदम है। खाद्य मंत्री बघेल ने उपस्थित लोगों को जल संरक्षण की शपथ दिलायी ।

बेमेतरा जिले में अब तक 48 अटल पंचायत डिजीटल सुविधा केन्द्र शुरू किए जा चुके हैं। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ रजककार विकास बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलाद रजक, जिला पंचायत सभा पति अंजू बघेल, अजय साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी टेकचंद्र अग्रवाल, एसडीएम श्रीमती दिव्या पोटाई, ई-जिला प्रबन्धक चिप्स , जिला प्रबन्धक सी.एस. सी. युगल किशोर आडिल, डी. पी.एम. ग्राम पंचायत ष्ह्यष्/1द्यद्ग मयंक शुक्ला, डी. पी.एम. ग्राम पंचायत ष्ह्यष्/1द्यद्ग अकलाख कुर्रे सहित पंच-सरपंच और ग्रामीणजन उपस्थित थे।यह पहल डिजिटल इंडिया की दिशा में ग्रामीण छत्तीसगढ़ को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगी।

# रुद्र महायज्ञ में सुश्री विद्या जी ने दी ज्ञान और उपासना की अनुपम व्याख्या



**थानखम्हरिया,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पलान सरी ग्राम में आयोजित श्री रुद्र महायज्ञ के अंतर्गत चल रही श्रीराम कथा के अंतिम दिवस पर सुप्रसिद्ध कथा वाचिका सुश्री विद्या जी ने भक्तों को श्रीरामचरितमानस के माध्यम से जीवन को दिशा देने वाली अद्भुत शिक्षाएं प्रदान कीं।

उन्होंने कहा कि श्रीराम धैर्य, संयम और गंभीरता के प्रतीक हैं। जब चित्रकूट की लीला के बाद वे पंचवटी में माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ निवास कर रहे थे, तब सूपनखा रूप बदलकर उनके पास आई। लेकिन श्रीराम ने उसकी ओर देखा तक नहीं, क्योंकि वह वासना का रूप थी और श्रीराम ज्ञानस्वरूप हैं।

ज्ञान अखंड एक सीता वर- इस चौपाई के माध्यम से विद्या जी ने समझाया कि जहां ज्ञान है, वहां वासना के लिए कोई स्थान नहीं होता।

उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य को वासना की नहीं, बल्कि उपासना की ओर ध्यान देना चाहिए। वासना जीवन को बर्बाद करती है, जबकि उपासना हमें भगवान के साक्षात्कार तक पहुँचा देती है। भक्तों से खचाखच भरे पंडाल में विद्या जी की कथा ने श्रद्धालुओं के हृदय को भावविभोर कर दिया। समापन के इस विशेष अवसर पर भक्ति, भजन और मंत्रोच्चार से वातावरण पूर्णत: आध्यात्मिक हो उठा।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ने अधिवक्ता संघ के साथ ली बैठक

**बेमेतरा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई, 2025 को आयोजित किया जाना है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व श्रीमती निधि शर्मा, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा की उपस्थिति में जिलें के अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रणीश चौबे एवं अन्य अधिवक्तागण साथीयों के साथ बैठक ली गई। प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में ना किसी की हार, ना किसी की जीत होती है। उक्त बैठक में प्रधान न्यायाधीश द्वारा धारा 138 एनआई एक्ट, एमएसीटी व आर्बिट्रेशन प्रकरणों में पैरवी करने वाले अधिवक्तागणों को सौहाद्रपूर्ण तरीके से पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण करने में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अधिवक्ताओं से सतत् रूप से प्रकरणों का पर्यवेक्षण कर अधिक से अधिक राजीनामा प्रकरणों का निराकरण करने में सहयोग करने को कहा गया। नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय बेमेतरा के साथ-साथ तालुका न्यायालय साजा में भी आयोजित की जायेगी।



# विश्व मलेरिया दिवस, सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

**बेमेतरा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। हर वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य इस जानलेवा बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और इसके उन्मूलन के लिए वैश्विक स्तर पर प्रयास करना है। इस वर्ष की थीम अर्थात् मलेरिया हमारे साथ समाप्त हो जाये - पुन: निवेश करें, पुन: कल्पना करें, पुन: प्रज्वलित करें पर आधारित है। यह संदेश देता है कि मलेरिया को समाप्त करने की जिम्मेदारी हम सभी की है।

बेमेतरा जिले में इस अवसर पर जिला चिकित्सालय, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, सभी सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश में वर्ष 2027 तक शून्य स्थानीय संक्रमण तथा 2030 तक मलेरिया मुक्त राज्य का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे सामूहिक प्रयासों से ही संभव बनाया जा सकता है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि मलेरिया संक्रमित मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलता है। इसके लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, बदन दर्द, सिरदर्द, उल्टी आदि शामिल हैं। यदि कोई व्यक्ति इन लक्षणों से पीड़ित है, तो उसे तुरंत नजदीकी शासकीय स्वास्थ्य संस्था में जाकर जांच करवानी चाहिए। मलेरिया की जांच और इलाज सभी शासकीय संस्थानों में नि:शुल्क उपलब्ध है।

रोकथाम के लिए आवश्यक है कि मच्छरों के प्रजनन को रोका जाए। घर के आसपास पानी जमा न होने दें। जमे हुए पानी में मिट्टी का तेल या जला हुआ मोबिल ऑयल डालें। मच्छरदानी का उपयोग करें और यदि संभव हो, कीटनाशक-उपचारित मच्छरदानी अपनाएं।

जिला नोडल अधिकारी डॉ. अशोक बसोड ने जानकारी दी कि विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में जिले के सभी विकासखंडों एवं गांवों में प्रचार-प्रसार एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

आइए, हम सभी मिलकर मलेरिया के खिलाफ इस लड़ाई में भागीदार बनें और अपने घर, समाज और प्रदेश को मलेरिया मुक्त बनाने में सहयोग दें। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

# पहलगॉव में सैलानियों की निर्मम हत्या की घोर निंदा

**थानखम्हरिया,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगॉव में सैलानियों की निर्मम हत्या किये जाने की नगर में घोर निंदा की गयी। अपराधियों को खोजकर उन पर सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की गयी है।



पर्यटकों का नाम पूछकर उनकी पहचान धर्म जानकर हिंदू होने पर अंधाधुंध गोली चलाकर उनकी कायरतापूर्वक बर्बर हत्या किये जाने की नगर के अनेक संगठनों ने निंदा की है। रायपुर के अग्रवाल समाज के एक व्यवसायी दिनेश मिरानिया के भी इसमें शामिल होने पर अग्रवाल समाज में शोक है। अग्रवाल युवा संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष आशीष बंसल, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष पुरूषोत्तम अग्रवाल, अनिल सिंघानिया, हितेश कागलीवाल, साकेत अग्रवाल, अतुल सिंघानिया, रौनक मुरारका, साकेत सिंघानिया, निखिल अग्रवाल, हरिश्चंद्र डोकानिया, पंकज अग्रवाल, यशेष अग्रवाल, सुरेश सिंघानिया, अभिषेक सिंघानिया, प्रतीक अग्रवाल, विकास बंसल आदि ने आतंकवादियों के इस जघन्य अपराध की तीव्र निंदा की है।

# जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद भारतीयों को भाजपा ने कैंडल जलाकर दी श्रद्धांजलि

**बेमेतरा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस बर्बर आतंकी हमले में 28 निर्दोष भारतीयों की जघन्य हत्या की गई पाकिस्तानी आतंकीयों ने हिन्दू धर्म के लोगों की पहचान पूछ कर यहाँ तक पुरुषों के पेंट उतरवाकर गैर मुस्लिमों की ही गोली मारकर अंधाधुंध गोलीबारी कर 28 हिंदुओं की निर्मम हत्या की जिससे यह क्रूर घटना और भी दुखद बन गई देशभर में शोक की लहर है भारत के बहुसंख्यक हिंदुओं में गुस्सा है इस भीषण त्रासदी पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले मे स्थित जयस्तंभ चौक में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई मोमबत्तियां जलाकर शहीदों को नमन किया गया और दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। समाज के सभी वर्गों से अपील की गई कि वे एकजुट होकर आतंक के खिलाफ आवाज उठाएं और देश की एकता व अखंडता को बनाये रखें।



इस दौरान पूर्व सांसद राजनांदगांव अभिषेक सिंह ,प्रेम प्रकाश पांडे पूर्व कैबिनेट मंत्री, दयालदास बघेल जी कैबिनेट मंत्री छ:ग शासन विधायक दीपेश साहू विधायक ईश्वर साहू भाजपा प्रदेश मंत्री अवधेश सिह चंदेल भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू, अध्यक्ष रजककार बोर्ड छत्तीसगढ़ प्रहलाद रजक ,पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ,जिला पंचायत अध्यक्ष बेमेतरा कल्पना योगेश तिवारी ,नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा ,भाजपा जिला महामंत्री नरेन्द्र वर्मा ,जिला संयोजक संजीव तिवारी पार्षद विकाश तम्बोली गौरव साहू निखिल साहू चांदनी दत्ता सिमरन ताम्रकार लक्की साहू धर्मेंद्र साहू सहींत भारी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कवर्धा के 6 गांवों में सीसी रोड से लेकर सामुदायिक भवन तक के निर्माण का भूमिपूजन

**कवर्धा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व एवं अनुशंसा पर कवर्धा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में विभिन्न ग्रामों में कुल 35 लाख 20 हजार रुपए की लागत से 6 निर्माण कार्यों का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों की उपस्थिति से आयोजन में उत्साह और जनसमर्थन की झलक देखने को मिली। श्री शर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत महराटोला, सुहागपुर, सिंघनपुरी, दूंधकौरा, मोटियारी एवं मंजगांव में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों की भूमिपूजन की गई है। इस विकासात्मक पहल से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखा गया। नागरिकों ने उपमुख्यमंत्री के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उनके प्रयासों से अब क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का सशक्त ढांचा तैयार हो रहा है, जिससे गांवों का समग्र विकास संभव होगा।



उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के अनुशंसा पर ग्राम पंचायत महराटोला में 5 लाख 20 हजार रुपए की लागत से सीसी रोड का निर्माण, ग्राम सुहागपुर में 4 लाख रुपए की लागत से किचन शेड का निर्माण, ग्राम सिंघनपुरी में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण, दूंधकौरा यादव समाज के लिए 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम मोटियारी में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन, ग्राम पंचायत मंजगांव में 6 लाख 50 हजार रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। इन सभी कार्यों का भूमिपूजन पारंपरिक विधि-विधान एवं ग्रामीण जनसमुदाय की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती सुमित्रा विजय पटेल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा गनपत बघेल, सभापति श्रीमती स्वीटी पवन बंजारे, श्रीमती इंदू पटेल, वीरसिंह पटेल, आनंद मिश्रा, नरेन्द्र मानिकपुरी, श्री पंचराम कोसले, चंदन पटेल, नागेश्वर जायसवाल, भूनेश्वर पटेल, दुर्गेश श्रीवास, सुरेश पटेल, ग्राम सिंघनपुरी की सरपंच श्रीमती मालती मनोहर धुर्वे, मनटोरा के सरपंच रतन पटेल, शिलिप यादव, देव प्रसाद पटेल सहित जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की साय सरकार की प्राथमिकता गांव, गरीब और किसानों का सशक्तिकरण है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा के नेतृत्व में कवर्धा विधानसभा निरंतर विकास की दिशा में अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं अब जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से उतर रही हैं। हम सभी जनप्रतिनिधि मिलकर इस कार्य में सहयोग करेंगे, ताकि सभी गांवों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में कवर्धा विधानसभा के और भी गांवों में इसी तरह के निर्माण कार्य किए जाएंगे। पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली और सड़क जैसी आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।

# कुसुमकसा व्यापारी संघ ने श्रद्धांजलि सभा रखकर आतंकवाद किया विरोध

- आंतकवाद का कोई मजहब नहीं होता इसे भी झूठला दिये: अनिल सुथार
- अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हुं,यह घटना नृशंस और अमानवीय कृत्य: संजय बैस

**कुसुमकसा/डौण्डी,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कुसुमकसा व्यापारी संघ के द्वारा पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि दी गई व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिल सुधार के नेतृत्व श्रद्धांजलि सभा रखा गया और आतंकवाद का विरोध किया गया इस घटना में कुसुमकसा में व्यापार करने वाले मिरानिया ट्रेडिंग कंपनी के संचालक दिनेश मिरानिया सहित 27 लोग आतंकवादियों के अंधाधुंध गोलीबारी के शिकार हो गए।शहिद वीरानियां व 27 लोग अपने परिवार के साथ काश्मीर के पहलगांव में घूमने गए थे व्यापारी साथियों के द्वारा स्व दिनेश मिरानिया के छायाचित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर सभी व्यापारी आतंकवाद का विरोध किए इस अवसर पर व्यापारी संघ के अध्यक्ष अनिल सुथार जी ने कहा कि आज हम अपने व्यापारी साथी दिनेश मिरानीया व कुल 28 शहिद भाइयों को खोया है आतंकवादियों का कोई मजहब नहीं होता इसे भी ये झूठाला दिये और 28 निर्दोष हिन्दू को उनका धर्म पुछ कर आतंकी दर्दनाक हत्या कर दिये ऐसे आतंकवाद के घटनाओं को रोक लगाने के लिए एक बार आर पार की लड़ाई की जरूरत है हम सभी आतंकवाद का विरोध कर सभी शहीद हुए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते है व्यापारी संघ के संरक्षक पूर्व जनपद सदस्य संजय बैंस ने कहा कि ऐसे घटनाओं से देश का हर व्यक्ति स्तंभ है में अविश्वसनीय रूप से स्तब्ध हु यह एक नृशंस और अमानवीय कृत्य है जिसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। आज हमने अपने व्यापारी साथी के साथ 27 निर्दोषों को खोया है। हम उन सभी शहिदों को नमन करते हुए ऐसे आतंकवादी घटनाओं को पुरजोर विरोध करते है इस श्रद्धांजलि सभा में कवर लाल कुचेरिया मनीष जैन वीरेंद्र सिन्हा देवराज जैन दिनेश जैन मोती कुचेरिया मोनू गुप्ता कोमल धुर्वे संतोष जैन कमलकांत साहू गोपाल डडसेना पुष्पजीत बैंस अहमद खान शमशेर खान नसीम खान डाक्टर भूपेंद्र मिश्रा प्रेमचंद जैन गौरीशंकर साहू नितिन जैन मुरली जेठवानी सेवक जेठवानी विनोद सोनी मनीष जेठवानी सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।



# संस्था प्रमुख,प्राचार्य एवं शिक्षक नही रहते है मुख्यालय में: स्वाधीन जैन

- डीईओ की संलिप्तता संदिग्ध, साथी को ही बना दिये जांचकर्ता

**डौण्डी,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासखण्ड डौण्डी आदीवासी बाहुल्य क्षेत्र है। शासन द्वारा कई सरकारी योजना के तहत-अध्यापन कार्य कराया जाता है किंतु कई शालाओं के संस्था प्रमुख रायपुर, दुर्ग, धमतरी, भिलाई से आना जाना करते है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है । भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा के स्वाधीन जैन ने जिला कलेक्टर को शिकायत पत्र देकर अवगत कराया है कि विगत दिनो इसी प्रकार शा कन्या पूर्व मा. शाला पथराटोला के प्रधानपाठक की शिकायत हुई थी जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी बालोद द्वारा रायपुर, दुर्ग भिलाई से ही आने वाले प्राचार्या को जांचकर्ता बनाया गया जिनके द्वारा 22 अप्रैल में शाला की संस्था प्रमुख की कुछ बिदुओ से जांच की गयी किंतु इस जांच में जनपद सदस्य, संरपंच एव पंचगण का कोई भी अभिमत नहीं लिया गया। यह जांच दायरे मे आश्चर्य का विषय है कि उक्त संस्था-प्रमुख को बचाने की कोशिश की जा रही है। ऐसे संस्था प्रमुखों को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा क्यों संरक्षण दिया जा रहा है जो कि अपना मुख्यालय कार्य स्थल में ही दिखाकर गृह ?भाड़ा भी वे लेते है और अपना आवेदन अपने करीबी साथी शिक्षा को देकर वापिस आकर शिक्षक-पंजी में हस्ताक्षर कर अपनी उपस्थिति दर्ज कर लेते हैं। उक्त प्रधान पाठक को कई बार कारण बताओ नोटिस जारी हो चुका है किंतु जांच कर्ता द्वारा लीपापोती करना, ग्रामीणों का अभिमत नहीं लेना जिला शिक्षा अधिकारी बालोद की संलिप्तता को दर्शाता है।डौण्डी ब्लाक के कई कर्मचारी जैसे पथराटोला हाइस्कूल की प्राचार्य और भी कई शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रतिदिन बाहर से ही आना जाना करते है और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए शासन से गृह भत्ता भी लेते हैं। जबकि प्रदेश में छत्तीसगढ़ शासन विष्णु देव की सुशासन एक तरफ शिक्षा स्तर को मजबूत करने में लगी है मगर वहीं बालोद जिला के डीईओ द्वारा मंसूबे को पानी फेरते नजर आ रही है। छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार मुख्यालय कार्यस्थल मे ही रखा जाये इसकी धज्जियां उड़ाते डौण्डी ब्लाक के कर्मचारीयों को देखा जा सकता है। शासन का एक बड़ा अर्थ का हिस्सा ऐसे ही कर्मचारियों में उड़ जाता है। और जनता देखते रह जाती है। गौरतलब बात यह है कि शिक्षा विभाग के अधिकारी द्वारा ऐसे व्यक्ति को जांच अधिकारी को जांच हेतु नियुक्त किया गया। इन जांच अधिकारी के खिलाफ शिकायत हुई है की उनके साथ ही रोज वह भी आना-जाना करते हैं। दुर्ग भिलाई ,रायपुर से साथ मे एक ही वाहन क्रमांक सीजी 07 एमबी 1051 सूमो वाहन से आना जाना करते है। ऐसे में जांच निष्पक्ष किस प्रकार माना जाए। जिला शिक्षा अधिकारी बालोद के संरक्षण में पलने वाले शिक्षा विभाग के कर्मचारीयो की तो बल्ले-बल्ले हो जाती है और रोज समय पर आने वाले कर्मचारीयो का हाल बेहाल है। स्वाधीन जैन ने ऐसे अधिकारी व कर्मचारीयों पर सख्ती करने की मांग की है। शिकायतों पर जांच करने की भी मांग किये है।



# निर्दोष सैलानियों पर आतंकवादी हमला, बर्दाश्त नहीं: कांग्रेस

## शहर जिला व ग्रामीण कांग्रेस ने जयस्तंभ चौक में मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि



**राजनांदगांव,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। आतंकवादियों द्वारा मंगलवार को जम्मु कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की देश् के नागरिकों ने में कड़ी निंदा की है। पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा गोलीबारी कर 26 निर्दोष सैलानियों की हत्या कर दी एवं कई घायल हुए इस कायराना हमले की कांग्रेस घोर निंदा करती है। बुधवार 23 अप्रैल की शाम स्थानीय जयस्तंभ चौक पर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा मारे गए 26 निर्दोष नागरिकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि देते हुए आतंकवादियों को कड़ी से कड़ी सजा देने मांग कर मौन श्रद्धांजलि अर्पित की।

शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि जम्मु कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को दोपहर आतंकवादियों द्वारा घुमने आए निर्दोष सैलानियों पर अंधाधुध फायरिंग कर मारे दिए। इस फायरिंग में 26 नागरिकों की मौत हो गई एवं कई घायल हुए। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय जयस्तंभ चौक में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर मोमबत्ती जलाकर आतंकवादी विरोधी नारे लगाकर श्रद्धांजलि दी।

श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा इस तरह की घटना करना कायराना हरकत है। निर्दोष पर्यटकों को गोली मारना निंदनीय है। मारे गए सैलानियों के परिवार के साथ इस दुखद घड़ी में पूरा देश उनके साथ है। यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर कायराना हमला है। जिसकी कांग्रेस घोर निंदा करती है और इस आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में हम सभी एकजुट होकर खड़े है।

ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू ने मारे गए 26 सैलानियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि निर्दोष देशवासियों की हत्या बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हम सरकार से मांग करते है कि आतंकवादियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें।

श्रद्धांजलि सभा में प्रमुख रूप से पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, श्रीकिशन खंडेलवाल, आफताब आलम, पीसीसी महासचिव थानेश्वर पाटिला, पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, सुदेश देशमुख, हेमा देशमुख, विवेक वासनिक, पंकज बांधव, कमलजीत सिंह पिन्टू, दिनेश शर्मा, मेहुल मारू, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, नासिर जिंदरान, मोहनी सिन्हा, जयनारायण सिंह, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, मानव देशमुख, पार्षद राजा तिवारी, प्रज्ञा गुप्ता, बबलू कसार, मामराज अग्रवाल, मनीष साहू, महेश साहू, सुरेन्द्र देवांगन, साधना ठाकुर, प्रमोद बागड़ी, चेतन सिन्हा, नीरज कन्नौजे, राहुल देवांगन, अर्जुन सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

# कश्मीर में हुए आतंकी हमले को लेकर शिवसेना ने आतंकवाद का पुतला फूंका




**राजनांदगांव,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। शिवसेना छत्तीसगढ़ (शिंदे) ने कश्मीर में हुवे हिन्दुओ की निर्मम हत्या से आक्रोशित शिवसैनिको ने आतंकवाद के पुतले को फांसी पर लटकाकर नारेबाजी करते रैली निकाल कर शहर के गुरुनानक चौक में पुतला फूंका।

शिवसेना जिलाध्यक्ष आकाश सोनी ने बताया कश्मीर में हिन्दुओ को धर्म पूछ कर हत्या की शिवसेना कठोर शब्दो मे निंदा करती है। हिंदुस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ शक्त कार्यवाही की मांग करती है। शिवसेना छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार जी के आदेशानुसार पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में आतंकवादियों का पुतला शिवसैनिकों द्वारा फूंका जा रहा है। इसी कार्यक्रम के तहत आज राजनांदगांव के आतंकवाद के पुतले को फांसी पर लटकाकर नारेबाजी करते हुवे गुरुनानक चौक में पुतला फूंका गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, शिवसेना प्रदेश सचिव कमल सोनी, जिला महासचिव माखन यादव, विक्की सेन, मनीष तिवारी, मुकेश साहू, तरुण प्रजापति, बादल यादव, यशवंत साहू, अशोक सिन्हा, संजय निषाद, बॉबी, छम्मन साहू, मोनू भारद्वाज सहित शिवसैनिक शामिल रहे।

# कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



**राजनांदगांव,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमला के विरोध में राजनांदगांव मुस्लिम समाज कलेक्ट्रेट पहुंचकर महामहिम राष्टपति के नाम ज्ञापन सौंपा।

22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम के पास 26 भारतीय पर्यटकों को आंतकी घटना के तहत कत्ल किया गया है, इस घटना से राजनांदगांव का मुस्लिम समाज आहत है और जिस कायरता से बेकसूर पर्यटकों को निशाना बनाया गया है उसकी कडी शब्दों में निंदा करते हुए घोर विरोध व्यक्त किया है आतंकवादियों का उददेश्य शायद भारत के सामाजिक समरता को नुकसान पहुंचाने का था, लेकिन उनके इन नापाक इरादों को भारतीय जनमानस कभी पूरा नही होने देगा, मुस्लिम समाज शासन से अपेक्षा करता है कि इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराई जावे और दोषियों को कठोर सजा दिलाई जाय। सांथ ही भविष्य में दुबारा ऐसी घटना की पुनर्रावृत्ति न हो इसके लिए उचित कदम उठाया जाय तथा आतंकवाद के जड़ से खात्में के लिए केन्द्र सरकार ठोस कार्यवाही को अंजाम दें ।जामा मस्जिद मुस्लिम समाज के सदर रईस अहमद शकील, सेक्रेटरी रिटायर एडिशनल एसपी अब्दुल रशीद, जॉइंट सेक्रेटरी मोहम्मद इब्राहिम मुन्ना ,कन्हारपुरी मुतवल्ली सैयद असगर अली एडवोकेट मोहम्मद हसन एडवोकेट मोहम्मद अनीस खिदमत फाउंडेशन के सदर मोहम्मद आदिल रजा मोहम्मद दिलदार खान मोहम्मद मन्ना खान सैयद जाकिर हुसैन हाजी हमिद अंसारी अल्ताफ रिजवी अहमद रजा अब्दुल इसराईल आदि उपस्थित थे।

# हिंदुओं पर कायराना हमला किसी शर्त पर बर्दाश्त नहीं : अभाविप



**डोंगरगढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन क्षेत्र में मंगलवार को हिंदू पर्यटकों को पर हुए बर्बर आतंकी हमले में धर्म पूछ कर निर्दोष हिंदू सैलानियों को गोली मार कर हत्या कर दिया गया, जिसमें 26 नागरिकों की निर्मम हत्या कर दी गई, जिसके विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई डोंगरगढ़ द्वारा पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, जैसे नारे के साथ बड़ी संख्या में नगर के जयस्तंभ चौक में उपस्थित हो कर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही मृत सैलानियों को कैंडल जलाकर मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। साथ ही घायल पर्यटकों के स्वस्थ लाभ की कामना की।

उक्त सभा में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत सह संयोजक सामाजिक समरसता विभाग प्रकाश यादव ने कहा यह घटना सामाजिक समरसता और सभ्यतागत मूल्यों पर कुठाराघात है, जिसे किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक व प्रदेश महामंत्री रामजी भारती ने श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारत माता का मुकुट है कश्मीर और भारत माता की मुकुट पर यह जो दाग आतंकियों द्वारा लगाया गया है, वह बहुत ही निंदनीय है निहत्थे सैलानियों पर किया गया अत्याचार की मैं कड़ी निंदा करता हूं, यह प्रहार केवल मारे गए हिंदुओं पर नहीं, बल्कि देश के 130 करोड़ हिंदुओं पर प्रहार है, जिसका जवाब देने का समय आ गया है, हम हिंदुओं को दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक होने की आवश्यकता है, हमले में शहीद हुए सैलानियों को मैं सच्ची श्रद्धांजलि देता हूं और घायल जन सामान्य और सैलानियों के जल्द स्वस्थ लाभ की कामना करता हूं।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ के प्रदेश सहमंत्री व राजनांदगांव विभाग संयोजक अमन बृज नामदेव ने कहा ये कायराना आतंकी हमला सिर्फ पर्यटकों पर नहींए बल्कि पूरे भारत पर हमला है। इन आतंकियों और उनके सरपरस्तों को ऐसा जवाब मिलना चाहिए कि फिर कभी हिंदुस्तान की तरफ आंख उठाने की हिम्मत न हो। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद केंद्र सरकार से यह मांग करता है कि हमले में संलिपित आतंकियों और उनके स्थाई सहयोगियों की पहचान कर कठोर से कठोर दंड सुनिश्चित किया जाए। हमले में शहीद हुए निहत्थे हिंदू सैलानियों को मैं अभाविप की ओर से श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं और घायल सैलानियों के लिए मां बम्लेश्वरी देवी से जल्द स्वस्थ लाभ की कामना करता हूं।

मुस्लिम समाज से उपस्थित शेख सरफारज ने मारे गए हिंदू सैलानियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसी घटना मानव समाज को शर्मशार करने वाली घटना है, जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है, जिसका मैं कड़ी से कड़ी शब्दों में निंदा करता हू और हमले में शहीद हुए सैलानियों को अपनी ओर से अपने परिवार व समाज को ओर से श्रद्धांजलि देता हूं।

उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के खंड संघचालक जागेश्वर निषाद सहित सभी स्वयंसेवक बंधु व भाजपा से पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता अमित जैन, वर्तमान मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, नगर के प्रथम नागरिक नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश व पूरा शहर मंडल व सभी मोर्चा के कार्यकर्ता, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्वा समर्थ कुश मालेकर, दिव्या ठाकुर, दीपेश, ओम, लवकुश, निखिल अन्य कार्यकर्ता सहित विश्व हिंदू परिषद से जिला अध्यक्ष तरुण हथेल, नगर अध्यक्ष बालमुकुल तराने, बजरंग दल नगर संयोजक ऋषभ डकहा एकल अभियान संच प्रमुख विनीत यादव, मातृ प्रमुख अचला सिंह ठाकुर, सभी धार्मिक सामाजिक संगठनों के प्रमुख कार्यकर्ता, मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के ट्रस्टी संग सर्व सामाजिक प्रबुद्धजन, सभी पत्रकारगण नगर भर के जन सामान्य बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

# पहलगाम आतंकी हमला केंद्र की नाकामी का नतीजा: भीखमचंद



**खैरागढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले को केंद्र की नाकामी का नतीजा बताते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़ ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन में हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार जिम्मेदार है। उन्होंने कहा कि एक ओर केंद्र की भाजपा सरकार यह दावा करती है कि देश सुरक्षित हाथों में है जबकि जमीनी हकीकत इससे अलग है। आज देश का आम नागरिक अपने को असहाय और असुरक्षित महसूस कर रहा है। श्री छाजेड़ ने कहा कि गर्मियों के मौसम में हजारों पर्यटक प्राकृतिक स्थलों की ओर रुख करते हैं लेकिन मंगलवार को पहलगाम के बैसरन में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इस हमले में अब तक 27 लोगों की मौत की खबर है। हालांकि आधिकारिक पुष्टि 26 मृतकों की हुई है। घायल लोगों की संख्या 17 बताई जा रही है। मृतकों में इजराइल और इटली के दो विदेशी नागरिक, देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे पर्यटक और स्थानीय निवासी शामिल हैं। श्री

छाजेड़ ने आगे कहा कि यह हमला केंद्र सरकार की सुरक्षा विफलताओं का सीधा परिणाम है। उन्होंने आरोप लगाया कि घटनास्थल पर आवश्यक सुरक्षाबल तैनात नहीं थे जिससे आतंकियों को खुली छूट मिल गई। यह हमला इस भ्रम को भी तोड़ता है कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के बाद आतंकवाद खत्म हो गया है।उन्होंने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना की जितनी भी निंदा की जाए कम है। आज पूरा देश इस घटना को लेकर आक्रोशित है और एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है। यह भी जरूरी है कि सरकार से सवाल किए जाएं—क्या वाकई देश सुरक्षित है? क्या आम नागरिक चैन से यात्रा कर सकता है?भीखम छाजेड़ ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस हमले की उच्च स्तरीय जांच कराए और दोषियों को कठोरतम सजा दिलाए और देशभर के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करे।

# आयुष्मान कार्ड शिविर का मोहारा में सफल आयोजन

■ वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर 123 हितग्राहियों का बना आयुष्मान कार्ड



**राजनांदगांव,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। नगर निगम के वार्ड क्रमांक 47 मोहारा में शिक्षा विभाग के चेयरमैन व वार्ड पार्षद आलोक श्रोती की पहल पर आयुष्मान कार्ड बनवाने आज शिविर लगाया गया । शिविर में सुबह से शाम तक बड़ी संख्या में लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाने दस्तक दी है। शिविर सुबह 10ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक आयोजित रहा। जिसमें वार्ड के नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शिविर में लगभग 123 नागरिकों ने अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया है। वार्ड में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य विभाग से कौशल शर्मा, वासुदेव साहू स्वास्थ्य मितान, दिलीप साहू आर एच् ओ और मीना दुबे मितानी ने अपने सेवाए दी है।

श्री श्रोती ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना,प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना द्वारा शुरू किया गया है जो समाज के आर्थिक रूप से वंचित क्षेत्रों को हेल्थकेयर लाभ प्रदान करने की दिशा में तैयार किया गया है। आयुष्मान भारत योजना प्रति वर्ष प्रति पंजीकृत परिवार को 5 लाख रुपये तक के कैश लेस हेल्थकेयर लाभ प्रदान करती है। देश भर में पैनल में शामिल हॉस्पिटल्स और हेल्थकेयर प्रोवाइडर पर लाभ प्राप्त किए जा सकता हैं। उन्होंने अपने वार्ड के लोगों को आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए लगातार अपील की जिसकी वजह से आज शिविर में वार्ड के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ता परशु प्रजापति, देवकी देवांगन,मीना सोनकर,लक्ष्मी प्रजापति,मोहन तिवारी,सोहन प्रजापति,लक्ष्मण प्रजापति, दुबेश प्रजापति,कीर्ति प्रजापति, भुवनेश्वरी सिंहा,सुरेश सिन्हा,रूपेंद्र शर्मा आदि की दिनभर सक्रिय भागीदारी रही। उपरोक्त जानकारी पार्षद कार्यालय प्रभारी आरती देवांगन ने दी है।

# महाविद्यालय में मनाया गया विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस



**खैरागढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय खैरागढ़ में विश्व पुस्तक एवं कॉपीराइट दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता और सहायक प्राध्यापक डॉ. जितेंद्र कुमार साखरे के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्रंथालय प्रभारी सतीश कुमार माहला ने किताबों को पढ़ने का बढ़ावा दिया। सहायक ग्रंथपाल विनय कुमार चौहान द्वारा बच्चों को पुस्तकों के अध्ययन का विश्लेषण करना तथा कॉपीराइट संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने की जानकारी दी गई। इस दौरान सहायक प्राध्यापक यशपाल जंघेल, मोनिका जत्ती, अतिथि व्याख्याता डॉ.उमेंद चंदेल,अंजली सिंह, डॉ.परमेश्वरी टांडिया व नरेंद्र कुमार वर्मा, महाविद्यालय की छात्राएं डॉली सिंह, रीना वर्मा, निशा साहू, मोना साहू, कीर्ति साहू, अखिल नामदेव, वासु सिंह, टिकेश्वरी वर्मा, कल्याणी वर्मा के अलावा अन्य छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने उपमुख्यमंत्री से की मांग

**सहसपुर लोहारा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। विकासखंड सहसपुर लोहारा के ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री मंत्री को आवेदन के माध्यम से मांग की है की ग्राम नवागांव चौक के कवर्धा-सहसपुर लोहारा मुख्य मार्ग के पास गिरवर झारिया, विष्णु झारिया, इश्वरी झारिया, रामझुल झारिया, भागवत झारिया, ललित झारिया जीवन झारिया, गोविंद झारिया एवं पुनीत झारिया के द्वारा अतिक्रमण किया गया हैं। जबकि उक्त जगह में ग्राम पंचायत नवागांव के द्वारा सर्वसमाज हेतु व्यवसायिक परिसर बनाने हेतु स्थान प्रस्तावित किया गया हैं जिससे सभी समाज के युवा बेरोजगारों को स्वरोजगार मिल सके जो की पीछे की जगह ख.न.235 हैं जो स्कूल परिसर के लिए सुरक्षित हैं जिसमे इन्ही लोगो के द्वारा स्कूल परिसर की सुरक्षित जगह को भी अतिक्रमण किया जा रहा हैं एवं इनके द्वारा अपने जॉन डिअर ट्रेक्टर के द्वारा अन्य समाज के रखे हुए गिट्टी, रेत, (50 हजार) को पूरा फैलाकर नष्ट कर दिया गया है जिससे गाँव के बाकी 9 समाज मरार, यादव, सोनी, योगी, गोंड, मानिकपुरी, गुप्ता, श्रीवास, नट, इनके क्रियाकलापों से नाराज हैं अतः उक्त स्थल को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग ग्रामीणों ने की है।

# सत्यानंद आश्रम मे आज से बच्चों के लिए विशेष बाल योग शिविर

**राजनांदगांव,** 24 अप्रेल (देशबन्धु)। शहर के जी ई रोड स्थित सत्यानंद योग आश्रम में आज 25 अप्रैल से बच्चों के लिए विशेष तौर पर बाल योग शिविर का शुभारंभ किया जा रहा है। सत्यानंद योगाश्रम में बच्चों के लिए उक्त विशेष योग शिविर लगाए जाने का उद्देश्य उनकी शारीरिक, मानसिंक क्षमता, एकाग्रता तथा बौद्धिक विकास करना है। जिससे उनमें विवेक व आत्मविश्वास जागृत किए जाने की बात कही जा रही है।




योग आश्रम के गुरुजी ने बताया कि सत्यानंद योगाश्रम बिहार योग विद्यालय -मुंगेर की सत्यानंद योग पद्धति की योग शिक्षा व प्रशिक्षण से संलग्न होकर आज शुक्रवार से प्रारंभ होने जा रहे उक्त बाल योग शिविर में 7 वर्ष से लेकर 18 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते हैं। योग शिविर का समय रोजाना प्रातः 7 बजे से लेकर 12 बजे तक निर्धारित है। इसका शुल्क 500 / रुपए है। बाल योग शिविर में भाग लेने के लिए योग आश्रम के आत्मचैतन्य जी , तारिणी जी से मो0 बा0 नंबर 93552,39596 व 84353,00333 नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। बताया जाता कि शारीरिक स्वस्थता, सौष्ठवता व मानसिक क्षमता एवं एकाग्रता बढ़ाने सहित बौद्धिक विकास व विवेक के अलावा बच्चों के आत्म विश्वास जागृत सहित आध्यात्मिक उन्नति के लिए आयोजित किए जा रहे इस शिविर का अवश्य लाभ उठाया जाना चाहिए।

# इंसानियत को दागदार करने वाले हैवान नीच दरिंदों को उनके घर में घुसकर मारे सरकार: मुस्लिम समाज

■ मुस्लिम समाज ने दिल दहला देने वाली घटना की कड़ी निंदा की, भारत सरकार से सेना को खुली छूट देने की मांग की



**खैरागढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगाम में हुये नरसंहार पर मुस्लिम समाज ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इंसानियत को दागदार करने वाले हैवान नीच दरिंदों को उनके घर में घुसकर मारे सरकार, क्योंकि अब वक्त आ गया है ऐसे घटिया मानसिकता के खूनी दरिंदों को कड़ा सबक सिखाया जाएं मुस्लिम समाज के वरिष्ठ और खैरागढ़ नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, जिला मुस्लिम समाज अध्यक्ष सज्जाक खान, जिला मुस्लिम समाज के सचिव मो. याहिया नियाज़ी, खैरागढ़ मुस्लिम समाज के सदर अरशद हुसैन, गंडई मुस्लिम समाज के सदर ज़ाबिद खान, छुईखदान के मुस्लिम समाज के सदर शेख निजामुद्दीन, मुस्लिम समाज खैरागढ़ फाउंडेशन के संरक्षक जफर हुसैन खान, जिला मुस्लिम समाज के संरक्षक शमशुल होदा खान और इकरा फाउंडेशन के अध्यक्ष खलील कुरैशी ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर इस दिल दहला देने वाली घटना की कड़ी निंदा करते हुये कहा कि हमारी भारत सरकार से गुज़ारिश है कि हमारे देश की जाबांज लड़ाकों से परिपूर्ण सेना को खुली छूट दी जाएं ताकि हमारी सेना आतंकियों के घर में घुसकर उन्हें मारे और हमारे देश और विदेश से आएं हुये पर्यटकों को जो नीच दरिंदों की कायराना हरकत की वज़ह से शहीद हो चुके है उनकी आत्मा को शांति मिले और उनके पीड़ित परिवार को इंसाफ मिल सके मुस्लिम समाज ने कहा कि इस दुखद घटना की जितनी निंदा की जाएं वो कम पड़ेगी मुस्लिम समाज के जिम्मेदार पदाधिकारियों एवं वरिष्ठों ने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता और उन्हें पनाह देने वाले गद्दार देश पाक को हमारी भारत सरकार कड़ा सबक सिखाएं ताकि आइंदा वो ऐसी घटिया हरकत करने की हिम्मत भी ना कर सकें इस दुखद घटना को इंसानियत पर पड़ोसी मुल्क पाक के आकाओं की शह पर किया गया हमला बताते हुये मुस्लिम समाज ने कहा कि 14 फरवरी सन 2019 में पुलवामा में हुए आतंकी हमले में 40 जवान शहीद हो गये थे और इस काले दिन को अभी 6 साल 2 माह ही पूरे हुये हैं और फिर 20 अक्टूबर गांधार बल टनल में, जम्मू-कश्मीर के गांदरबल जिले में एक आतंकी हमला हुआ था। इस हमले में एक डॉक्टर सहित 7 मजदूरों की मौत हो गई थी।यह हमला जेड-मोड़ टनल प्रोजेक्ट पर काम कर रहे मजदूरों पर किया गया था. मुस्लिम समाज ने कहा कि लगातार आतंकियों की हिम्मत बढ़ते जा रही है इसलिए उन्हें बड़ा सबक सिखाया जाना बहुत जरूरी हो गया है और पुलवामा हमले के बाद ये सबसे बड़ा हमला है जो आतंकवादियों की बहुत ही कायराना हरकत है. मुस्लिम समाज ने इस दुखद घटना में शहीद हुये लोगो को श्रद्धांजलि देते हुये उनके परिजनों को ईश्वर से प्रार्थना की है कि इस दुख को सहने की उन्हें ताक़त और सब्र मिले एवं भारत सरकार से इन आतंकी और उनके पड़ोसी देश पाक के आकाओ के ख़िलाफ़ अतिशीघ्र बड़ी और सख्त जवाबी कारवाई करने की मांग की है ताकि उन्हें कड़ा सबक सिखाया जा सके मुस्लिम समाज ने इस हमले में मारे गये निर्दोष शहीदों की आत्मा को शांति मिलने और उनके पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने के लिये भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मांग की है कि अतिशीघ्र नीच दरिंदों और उनके मददगार गद्दार देश पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाएं ताकि भविष्य में ऐसी कायराना हरकत करने की आतंकी जरा भी हिम्मत ना कर सकें और हमारा देश और यहां के वासी पूरी तरह से सुरक्षित रहें समाज ने भारत सरकार से मांग की है कि आतंकियों के घर में घुसकर उन्हें ऐसी कड़ी और बड़ी सजा दी जाएं ताकि भविष्य में किसी भी आतंकवादी की ऐसी नीच हरकत करने की हिम्मत ना हो और कुछ भी गलत करने से पहले ही उनके हाथ थर कांपे

उल्टा पुल्टा

पड़ोसन- फोन बहुत अच्छा है तुम्हारा।
श्रीमति- भाई ने लेकर दिया है। 40 हजार का पड़ा।
पड़ोसन- नेकलेस भी अच्छा है तुम्हारा
श्रीमति- उन्होंने लेकर दिया, डेढ़ लाख का पड़ा।
पड़ोसन- पति भी अच्छे हैं तुम्हारे।
श्रीमति- पिताजी ने लेकर दिया। 40 लाख में पड़े।

संपादकीय

## छात्रों से काम न लें शिक्षक

अक्सर देखा जाता है कि शालाओं में शिक्षकगण छात्र-छात्राओं से कई तरह के कार्य कराते हैं। इनमें अपने से जूनियर बच्चों को पढ़ाने से लेकर स्कूल की साफ-सफाई तक और मध्यान्ह भोजन बनाने से लेकर कई तरह के काम होते हैं। स्कूल की स्टेशनरी को अलमारियों में लगाने, ब्लैक बोर्ड सफाई, पानी लाने ले जाने आदि जैसे अनेक काम उनसे कराये जाते हैं। ग्रामीण इलाकों में तो शिक्षक-शिक्षिकाएं घरों के कामों में भी मदद लेती हैं। बाजार से घरेलू उपयोग का सामान, जैसे चावल, दाल, सब्जियां, मसाले आदि ढोकर लाने के काम तक कराये जाते हैं। शिक्षकों के प्रति सम्मान और भय दोनों के ही चलते बच्चे काम करने से इंकार नहीं कर पाते। यह जहां बच्चों के समय को जाया करना है तो वहीं उनके आत्मसम्मान तथा गरिमा को ठेस पहुंचाने जैसा है। शिक्षक-शिक्षिकाओं के व्यक्तिगत या अध्ययन से इतर काम करने वाले ज्यादातर बच्चे अपने मन से ये काम नहीं करते। इसके कारण उन्हें अपने सहपाठियों के सामने शर्मिंदा तक होना पड़ता है। कई बार उनसे स्कूली काम कर पैसे बचाये जाते हैं। गांवों में ईंधन खरीदने के लिये राशि मिलती है पर वह प्रधान पाठक या प्रभारी शिक्षकगण हजम कर जाते हैं। सामग्री ढुलाई के लिये भी पैसे मिलते हैं परन्तु वह काम छात्रों से कराकर उस राशि को जेब में डाल लिया जाता है।

सारंगढ़ के बिलाईगढ़ विकासखंड में जेवराडीह के शासकीय प्राथमिक शाला में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। यहां बच्चों को यूनिफॉर्म वितरित किये जाने थे जिन्हें लाने के लिये प्रधान पाठक कीर्तिकेश्वर सिंह ने छोटे-छोटे बच्चों को भेजा जो अपनी साइकिलों से उसे लेकर आये। यह खबर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एलपी पटेल को मिली जिन्होंने सिंह के अलावा बिलाईगढ़ के बीआरसीसी फणीन्द्र सिंह नेताम तथा सीएसी देवसर फिरतराम सायंतोड़े को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। कीर्तिकेश्वर सिंह के स्पष्टीकरण से असंतुष्ट बीईओ ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया तथा फीरतराम को उनके मूल विद्यालय वापस भेज दिया। नेताम को चेतावनी दी गयी।

निश्चित ही यह अत्यंत प्रशंसनीय कार्रवाई बीईओ द्वारा की गयी है जिसका अनुसरण सभी शिक्षा अधिकारियों को करना चाहिये। विशेष रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी इस बात पर बेहतर तरीके से नज़र रख सकते हैं। सभी प्रधान पाठकों को इसकी सख्त ताकीद दी जानी चाहिये कि छात्र-छात्राओं से स्कूलों के अथवा निजी काम न कराये जायें। विद्यार्थियों को भी जानकारी दी जानी चाहिये कि वे शालाओं अथवा गुरुजनों के काम करने हेतु बाध्य नहीं हैं। इंकार करने पर अगर उन्हें प्रताड़ित किया जाता है तो वे इसकी सूचना अपने पालकों-अभिभावकों को दें। उन्हें भी जानना चाहिये कि स्कूलों के या व्यक्तिगत काम करने कि लिये बच्चों को मजबूर नहीं किया जा सकता। ऐसा होता है तो इसकी शिकायत अवश्य की जानी चाहिये।

# ग्राम पंचायत रवान में हुआ अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ



**रवान/अर्जुनी/बलौदाबाजार,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। बलौदाबाजार जनपद पंचायत के औद्योगिक नगरी ग्राम पंचायत रवान में अटल डिजिटल सेवा केंद्र सीएससी का शुभारंभ किया गया। साथ ही वर्तमान सरपंच श्रीमती निकिता अक्षय भारती का पदभार ग्रहण भी हुआ। निवर्तमान जनपद सदस्य सरपंच पंचगणों का विदाई कार्यक्रम के अलावा स्थानीय ग्राम के सभी समाज प्रमुखों, विभिन्न संस्था के प्रमुखों का सम्मान का भी आयोजन किया गया।

इस ग्राम पंचायत का यह पहला कार्यक्रम एक महिला सरपंच जो की देवार समाज से आती है जिसको रवान की जनता ने जनमत देकर पूर्ण बहुमत के साथ विजई बनाया है। एक नई सोच और नई उम्मीद के साथ पूर्व में 5 साल जो जनप्रतिनिधि बन के कार्य किया उसको पूर्ण सम्मान के साथ विदाई का कार्यक्रम आयोजन सभी समाज के प्रमुखों का सम्मान विभिन्न संस्था से जुड़े अध्यक्ष को सम्मान व वर्तमान में जनता ने जिसको चुनकर भेजा है उसका अभिवादन वंदन का कार्यक्रम वर्तमान सरपंच के नेतृत्व में रखा गया था। स्वागत भाषण में सरपंच श्रीमती निकिता अक्षय भारती ने सभी ग्राम वासियों को सम्मानित नागरिको मतदाताओं समर्थकों को प्रणाम करते हुए पंचायती राज में साथ देने के लिए गांव के विकास के लिए सभी से सहयोग की अपेक्षा करते हुए आभार व्यक्त की है। इन्होने कहा कि मैं एक पिछडे वर्ग से देवार समाज की महिला हूं और आप सभी ने मुझे इतनी बड़ी पंचायत की जिम्मेदारी दी है और सरपंच बनाया, निश्चित तौर पर ग्राम के विकास में कोई कमी नहीं होगा। शासन की योजनाओं की लाभ दिलाने के लिए जिम्मेदारी हम सभी पंचायत के जनप्रतिनिधियों का है और मैं आपकी जीवन भर ऋणी रहूंगी। उक्त अटल डिजिटल कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम की सराहना करते हुए बलौदा बाजार जिला कलेक्टर महोदय के द्वारा स्वीकृत राशि सीएससी सेवा केंद्र हेतु तत्काल 5 लाख की राशि ग्राम पंचायत रवान को जारी की गई। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पंचायत सदस्य गीता डोमन वर्मा, जनपद सदस्य शीतल घनश्याम वर्मा उपस्थि थे।

**पूर्व जनप्रतिनिधियों की विदाई एवं वर्तमान का सम्मान भी किया गया**

उल्लेखनीय है कि रवान पंचायत की सौभाग्य रहा कि इस विदाई समारोह में निवर्तमान जनपद सदस्य रहे ईशान वैष्णव जो अब क्षेत्र क्रमांक 4 से जिला पंचायत सदस्य हैं वहीं वार्ड क्रमांक 13 निवर्तमान पंच रहे रविशंकर वर्मा जो वर्तमान में भाजपा बलौदाबाजार ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष हैं दोनों चेहरे रवान की चर्चित लोगों में से है इनका विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच विजय वर्मा, उप सरपंच रोहित वर्मा, जनपद प्रतिनिधि घनश्याम वर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अक्षय भारती, सचिव प्रहलाद श्रीवास, पंचगढ राकेश्वरी साहू, टिकेश्वरी वर्मा, रुकेश निषाद, मुकेश साहू, धनेश्वर साहू, रूबी वर्मा, उमा साहू, हेमलता निषाद, उषा ध्रुव, सीमा वर्मा, भुनेश्वरी लहरी, हरिशंकर पांडेय, टिकेश्वर वर्मा, गणेशी सोनी, सोनू साहू, शुभम वर्मा, श्रीमती थापा राधा चौबे, रंभा वर्मा, निवर्तमान पंचगण रोजगार सहायक मनीषा ध्रुव, आंगनबाड़ी के कार्यकर्ता सहायिका मितानिन स्व सहायता समूह की महिला ग्राम की प्रतिष्ठित महिलाएं प्रतिष्ठित नागरिक सभी संस्थाओं के अध्यक्ष सभी समाजों की प्रमुखों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# यूपीएससी में चयनित राजिम के अंकित थवानी को विधायक रोहित साहू ने दी बधाई



**राजिम,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। संघ लोक आयोग के घोषित परिणाम में छग के प्रयागराज धर्मनगरी राजिम के होनहार युवा अंकित थवानी का भी चयन हुआ। वे नगर के मुरली मनोहर थवानी एवं पूर्व पार्षद कमला थवानी के पुत्र हैं। उन्हें इस प्रतिष्ठित परीक्षा में 273 वीं रैंक प्राप्त हुई है। उनके चयन पर प्रसन्नता व्यक्त कर राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने उनके घर जाकर उन्हें बधाई व उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दीं। विधायक रोहित साहू ने कहा कि यह उनकी यह सफलता राजिम नगर को गौरवान्वित करने वाली है। उन्होंने शासकीय सेवा के माध्यम से राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया है। यह राजिम नगर के लिए गर्व की बात है कि यहाँ के युवा ने संघ लोकसेवा आयोग की प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित होकर राजिम नगर सहित जिले और प्रदेश का नाम रौशन किया है। उन्होंने कहा कि सिविल सेवक के रूप में अंकित थवानी जन कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि वे राष्ट्र सेवा के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करेंगे

**पालिका अध्यक्ष महेश यदव, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव नेवी की बधाई**



इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव एवं जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव ने उनके इस सफलता पर बधाई दी और कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम, धैर्य एवं समर्पण का प्रतिफल है। उनकी इस सफलता से अन्य युवाओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इस अवसर पर राजिम नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, जनपद उपाध्यक्ष सतीश यादव भी मौजूद रहे।

# पहलगाम के मृतकों को प्रेस क्लब ने दी श्रद्धांजलि



**धमतरी,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों एवं विदेशी सैलानियों पर हमला के मामले में देश भर में आक्रोश है। मृतकों का शव उनके गृह क्षेत्र में पहुंचने के बाद अंतिम संस्कार भी किया जा रहा है। इधर भारत सरकार कड़ा रुख अपना रही है। मृतकों को श्रद्धांजलि देने का सिलसिला भी लगातार जारी है।

गुरुवार को धमतरी प्रेस क्लब में पत्रकारों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी। कहा कि बारूद का जवाब बारूद से देना चाहिए। अब आर पार की लड़ाई होनी चाहिए। आतंकी भारत की धैर्य की परीक्षा ना ले। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# पहलगाम आतंकी हमला देश की एकता और अखंडता पर हमला : हितेन्द्र



**बलौदाबाजार,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की देश का हर नागरिक, पक्ष-विपक्ष कड़ी आलोचना कर रहा है। बलौदाबाजार जिला कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने भी आतंकवादियों के इस कायरना हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या से हर भारतीय को गहरा दुख पहुँचा है। उन्होंने कड़े से कड़े शब्दों में इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला है। जो निर्दोष और निहत्थे लोगों को मारते हैं वो इंसान नहीं हो सकते। यह हमला कश्मीर के लोगों के शांतिपूर्ण जीवन और पर्यटन पर हमला है।

कांग्रेस नेता हितेन्द्र ठाकुर ने पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकवादियों की हमला को क्रूरता की चरमसीमा बताते हुए कहा कि यह शांति भंग करने की नापाक कोशिश है। आम लोगों को निशाना बनाना एक घिनौना और अक्षम्य अपराध है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। इस घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। छत्तीसगढ़ की जनता विशेष रूप से रायपुर के नागरिक जो अपनी शादी के सालगिरह के दिन हमले में शहीद हुए हैं उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। पूरा देश इस संकट की घड़ी में एकजुट है और केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। उन्होंने माँग की है कि केंद्र सरकार भारत विरोधी ताकतों और आतंकी संगठनों को नेस्तनाबूद करने के लिए तत्काल और कठोर कार्यवाही करे। पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद और इससे सहयोग प्राप्त संगठनों का एकमात्र उद्देश भारत में अशांति और भय >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन



**महासमुंद,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय, जामगॉव में 22 अप्रैल को बी.एड. के सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष के छात्र अध्यापकों ने अंतिम वर्ष के सत्र 2023-25 के छात्राध्यापकों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया। जुनियर छात्र अध्यापकों ने अपने सीनियर छात्राध्यापकों का स्वागत टीका व बेच लगाकर किया। जुनियर छात्र अध्यापकों ने गीत, लोकगीत, भांगड़ा, आधुनिक नृत्य-संगीत जैसे रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन कर अध्यापकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूसरी तरफ सीनियर छात्र अध्यापकों ने अपने दो वर्ष के अनुभव नये जुनीयर छात्र अध्यापकों के साथ साझा और भविष्य की योजना हेतु मार्गदर्शन दिये। तत्पश्चात् मिस फेयरवेल, मिस्टर फेयरवेल, आउट स्टैन्डींग परफॉर्मर ऑफद ईयर, स्टार परफार्मर ऑफद ईयर, सोशल मीडिया क्रियेटर वितरण किये गये। स्टूडेंट ऑफद ईयर बी.एड. से तेजश्वी सिन्हा एवं खीलेश्वर नागेश को दिया गया। आउट स्टैंडिंग परफारर्मर ऑफद ईयर में आकाश दुबे व स्मृती शास्त्री को दिया गया। स्टार परफार्मर ऑफद ईयर में सृष्टी सोनकर, निधी बघेल व सीमरण ठाकुर को दिये गये। सोशल मिडिया क्रियेटर में लक्ष्मीनारायण व खिलेश्वर नागेश को दिया गया। मिस्टर फेयरवेल नूतन कुमार सिन्हा व मिस फेयरवेल नेहा राधेश्याम साहू को दिया गया। महाविद्यालय के संचालिका श्रीमति ऊषा शर्मा व प्राचार्य डॉ. लखन बोहने ने सभी छात्र अध्यापकों को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। साथ ही जुनियर को भविष्य में उन्नति के नये पायदानों पर चढ़ने के लिए कई तरह के टिप्स दिये। इस मौके पर आईक्यूएसी समन्वयक श्रीमति शांति बारले ने कहा कि यहा से निकलने के बाद अगर पढ़ाई-लिखाई से संबंधित किसी भी तरह की मदद की आवश्यकता पड़े तो आप बेहिचक अपने प्राध्यापकों से संपर्क कर सकते है। कोई भी छात्र अध्यापक यह न सोचे कि बीरेन्द्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय से उसकी विदाई हो रही है, बल्कि सभी छात्र अध्यापक बीरेन्द्र दीपक महाविद्यालय के सदस्य है। समारोह को सफल बनाने में श्रीमति आस्था तिवारी, विजय कुमार साहू, देवकांत कश्यप सहित सभी शिक्षकों का योगदान रहा।

**सीनियरों ने जूनियरों से किया अनुभव साझा**

# बजट को नपा उपाध्यक्ष समेत भाजपा पार्षदों ने नीरस बताया

**महासमुंद,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष द्वारा 2025 .26 के पेश किये गये बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नगर पलिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षद गण पवन पटेल, हरबंशसिंग ढिल्लो नानूभाई, श्रीमती शुभ्राशर्मा, श्रीमती भारती चंद्राकर, श्रीमती सुनैना ठाकुर, श्रीमती सीता डोण्डेकर, श्रीमती जरीना कुरैशी, माखन पटेल, श्रीमती कल्पना सुर्यवंशी, श्रीमती माधुरी यदु, श्रीमती जसप्रीत प्रीति मक्कड़, निश्चय चन्द्राकर, चन्द्रशेखर बेलदार, भाउराम साहू, पियुश साहू, सुश्री धनेश्वरी सोनवानी एवं विधायक प्रतिनिधि हाफिज कुरैशी ने संयुक्त रूप से नीरस कपोल कल्पित एवं गरीब जनता विरोधी बताया। उक्त बजट में केन्द्र एवं राज्य सरकार की महती योजना प्रधान मंत्री आवास योजना को पुरी तरह गायब कर दिया गया है जबकि नपा में आवेदन आ चुके है स्वीकृत होने राज्य सरकार को भेजा जाना है मई माह के लगभग 700 लाख रू नगर पालिका को गरीबो के आवास निर्माण के लिये प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत राज्य सरकार से मिलना है जिससे शहर मे गरीबों का आवास बनाया जावेगा जिसे बजट मे नही जोडा गया ईसी तरहा डव्ल्यू एई एएस योजना के तहत नगर पालिका के पास 4 जगहो में लगभग चार एकड़ जमीन है उस पर मलटी स्टोरी मकान बनाकर गरीबों को दिये जाने का प्रावधान किया जाना था उसे भी नही किया गया, जलवायू परिवर्तन हो रहा है जल को बढावा देने के लिए वृक्षा रोपण संबंधी कोइ प्रवधान बजट मे नही है, बहूत सी पुरानी योजनाओ को जो लम्बे समय से लंबित है उसे ही इसमे जोड़ा गया हैं। परिषद की बैठक मे ऐजेंड़ा लाया गया की सम्पत्ती कर बढाने का जिसका सभी ने विरोध करके वापस किया गया पुराने दर पर ही सम्पत्ती व समेकीत कर लिया जावे शहर के जनता पार अतिरिक्त बोझ नही डाला जावे अगर नये दर से समेकित कर लगता है तो व्यवसायिक परिसर की सम्पत्ती में लगभग 65रू की वृद्धि हो रही थी अध्यक्ष के इस प्रस्ताव को वापस किया गया

**संपत्ति कर वृद्धि को वापस लेने बनाया गया दबाव**

# कश्मीर में आतंकी हमला पाकिस्तान प्रायोजित षड्यंत्र, भारत इसका कड़ा जवाब देगा : रोहित



**राजिम,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में सब तरफआक्रोश देखा जा रहा है। राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने इस हमले को पाकिस्तान प्रायोजित षड्यंत्र बताया। उन्होंने आतंकियों की इस करतूत को कायराना हरकत बताते हुए कहा कि यह हमला भारत की ताकत को कमतर आंकने की नाकाम कोशिश है। हमें हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर पूरा भरोसा है, भारत इसका करारा जवाब देगा। विधायक ने इस पूरे हमले को सुनियोजित षड्यंत्र बताते हुए कहा कि जल्द ही पाकिस्तान वैश्विक अलगाव की स्थिति में पहुंच जाएगा। भाजपा विधायक रोहित साहू ने कहा कि जो कुछ कश्मीर में हुआ, वह सिर्फएक आतंकी हमला नहीं, बल्कि जिहाद की रणनीति का हिस्सा है, जो देश को बांटने और कश्मीर की शांति को भंग करने का प्रयास है। उन्होंने आगे कहा कि यह वही साजिश है जो पहले पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश में देखी गई थी, लेकिन यह मोदी का भारत है, हम चुप नहीं बैठेंगे। >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने किया आंगनबाड़ी का निरीक्षण



**धमतरी,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रदेश की महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े ने आज सुबह धमतरी जिले के ग्राम तेलिनसत्ती में आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्र में फर्श पर बैठकर बच्चों के साथ खेल-खेल में परिचय प्राप्त किया। बच्चों के नाम पूछे और उन्हें चॉकलेट बांटीं। इस दौरान श्रीमती रजवाड़े ने बच्चों से नाश्ता करने और भोजन के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और अधिकारी, कर्मचारियों को बच्चों को निर्धारित समय पर नाश्ता और भोजन कराने के निर्देश दिए। महिला एवं बाल विकास मंत्री ने पोषक आहार की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। श्रीमती रजवाड़े ने तेज गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के लिए पीने का पानी के साथ-साथ ओआरएस घोल आदि की व्यवस्था भी रखने को कहा। उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक ही खोलने के निर्देश दिए। मंत्री ने आंगनबाड़ी केन्द्र के बच्चों को अच्छे से पढ़ाने, उन्हें खेल-खेल में व्यवहारिक ज्ञान कराने और साफ-सफाई का महत्व बताने के भी निर्देश दिए।

**छोटे बच्चों को बांटी चॉकलेट**

# आम जनता के हिस्से की बिजली उद्योगों को बेच रही है सरकार: विनोद



**महासमुंद,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि भाजपा से न तो सरकार संभल पा रही है और न ही प्रदेश की व्यवस्थाएं। भाजपा सरकार प्रदेश में बिजली पूर्ति नहीं कर पा रही है। यह सरकार आम जनता के हिस्से की बिजली काटकर बड़े उद्योगपतियों को बेच रही है। इसके लिए ग्रामीण अंचल के साथ . साथ शहरी इलाकों में लगातार विद्युत कटौती की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्र में रबी धान फसल लेने वाले किसानों की चिंता बिजली कटौती ने बढ़ा दी है। अनेक ऐसे किसान हैं जो कर्ज लेकर रबी धान फसल लगाए हैंए वर्तमान में धान में बाली आना शुरू हो गया है, कहीं.कहीं गभौत स्थिति में है। ऐसे में धान को पानी की सख्त आवश्यकता है। लेकिन लगातार बिजली कटौती के चलते फसल बर्बाद होने की स्थिति में पहुंच गई है।

श्री चंद्राकर ने कहा कि सुशासन की ढोल पीटने वाली भाजपा की सरकार लगातार जनता को छलने का काम कर रही है। प्रदेश के किसानों सहित आम उपभोक्ताओं को भी अब बिजली विभाग द्वारा बड़ा झटका देने की तैयारी की जा रही है। स्मार्ट मीटर को नि: शुल्क बताकर इसे अनिवार्य रूप से लगाने की बात कही गई। लेकिनए अब स्मार्ट मीटर की वसूली जनता से करने की तैयारी हो रही है। इसके लिए वितरण कंपनी प्रबंधन की ओर से विद्युत नियामक आयोग में रिवाइज पिटिशन दाखिल किया गया है। इसमें स्मार्ट मीटर सरचार्ज के नाम पर 367 करोड़ रूपए की मांग करते हुए नए टैरिफमें जोड़ने की बात कही गई है। जिसकी वसूली आम उपभोक्ताओं से करने की तैयारी सरकार कर रही है। श्री चंद्राकर ने कहा कि पूर्ववर्ती भूपेश सरकार के 5 साल के कार्यकाल में कभी आम उपभोक्ताओं व किसानों पर अतिरिक्त बोझ नहीं डाला गया। वहींए हाफ बिजली बिल योजना का लाभ देकर आम जनता को राहत प्रदान की गई। वर्तमान में भारी भरकम बिजली बिल भेजा जा रहा है। गरीब तबके के लोग बिल देखकर चिंता में पड़ गए हैं। अनेक उपभोक्ता ऐसे हैं जिनका प्रतिमाह बिजली बिल 200 से 250 रुपए आता था। लेकिन पिछले माह मार्च में ही इन उपभोक्ताओं को 1500 से 1700 रुपए का बिजली बिल थमा दिया गया है।

रोजी.मजदूरी कर जीवन यापन करने वाले गरीब तबके के लोग भारी भरकम बिल देखकर चिंता में पड़ गए हैं।

# ग्राम पंचायत भिनोदा में अटल डिजिटल सेवा केंद्र का शुभारंभ

**बिलाईगढ़,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। बिलाईगढ़ जनपद के ग्राम पंचायत भिनोदा में एक ऐतिहासिक पहल के तहत अटल डिजिटल सेवा केंद्र का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर निर्वाचित सरपंच, पंचगण, पंचायत सचिव, सीएससी वी.एल.ई. गुरुदेव अजगल्ले एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गांव के विकास व डिजिटल सुविधा विस्तार की दिशा में कई महत्वपूर्ण बातें सामने आईं।



**अब सरकारी सेवाएं सीधे गांव में घर डोरस्टेप सेवा बनी प्रेरणा**

**ग्रामवासियों ने रखी मांगें**

गांव के नागरिकों ने अटल सेवा केंद्र के शुभारंभ के दौरान दो बड़ी मांगें रखीं, जिनमें जिला सहकारी बैंक की जमा-निकासी सुविधा गांव में शुरू की जाए और स्थायी आधार सेवा केंद्र की स्थापना हो ताकि लोगों को आधार कार्ड अपडेट या नए बनाने के लिए शहर न जाना पड़े।

**घर पहुंच सेवा बनी मिसाल**

गांव के वी.एल.ई. गुरुदेव अजगल्ले द्वारा दी जा रही घर पहुंच सेवा अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गई है।

सोनकुंवर निषाद, जो पिछले एक वर्ष से लकवा से ग्रसित हैं, को हर माह उनके घर जाकर पेंशन की राशि प्रदान की जाती है। चांदराम लहरे, एक बुजुर्ग नागरिक, को भी बैंक जाने की आवश्यकता नहीं—उन्हें उनकी पेंशन राशि घर पर ही दी जाती है।

**सेवा केंद्र से मिलेंगी ये महत्वपूर्ण सेवाएं-**

अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से अब ग्रामवासियों को निम्नलिखित सुविधाएं गांव में ही उपलब्ध होंगी-

**बैंकिंग सेवाएं—** रुपए जमा व निकासी, बैलेंस जानकारी, मिनी स्टेटमेंट। **पेंशन संबंधित सेवाएं—** सामाजिक सुरक्षा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन आदि की निकासी। **आधार कार्ड सेवाएं—** ई-आधार डाउनलोड, मोबाइल नंबर अपडेट, बायोमेट्रिक सत्यापन। **सरकारी योजनाओं का पंजीयन** — जैसे पीएम किसान योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान कार्ड, श्रमिक पंजीयन। **डिजिटल दस्तावेज़ सेवाएं** — जाति, निवास, आय प्रमाण पत्र का आवेदन व प्रिंट। बिजली-पानी बिल भुगतान। मोबाइल/डीटीएच रिचार्ज, ऑनलाइन बुकिंग। पैन कार्ड, पासपोर्ट आवेदन सहायता। ऑनलाइन शिक्षा, कोर्स पंजीयन। बेरोजगारी भत्ता, रोजगार पंजीयन आदि सेवाएं।

**गांव में डिजिटल युग की शुरुआत**

यह सेवा केंद्र ना केवल भिनोदा गांव को डिजिटल इंडिया की मुख्यधारा से जोड़ता है, बल्कि ग्रामीणों की सुविधा, समय और संसाधन की भी बचत करता है। गुरुदेव अजगल्ले जैसे सेवा भावी वी.एल.ई. के नेतृत्व में यह केंद्र ग्रामीणों के लिए एक डिजिटल सुविधा हब बनकर उभरेगा। शासन-प्रशासन से अपेक्षा है कि वे गांववासियों की मांगों को जल्द स्वीकारें और सुविधाओं का और भी विस्तार करें।

## पोते को तेंदुए से बचाने वाले दादा को कलेक्टर ने किया सम्मानित



**गरियाबंद,** 24 अप्रैल। चार साल के बच्चें को अपनी जान में जोखिम में डालकर तेंदुए से बचाने वाले दादा को कलेक्टर ने किया सम्मानित। उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया। ज्ञात हो कि विकासखंड छुरा के कोठीगांव में 4 साल के प्रदीप नेताम पर तेंदुए ने हमला कर दिया। वह आंगन में खेल रहा था। अचानक तेंदुआ झपट्टा मारकर उसे जंगल की ओर ले जाने लगा। यह देख उसके दादा दर्शन नेताम ने जान की परवाह किए बिना तेंदुए का पीछा किया। कुछ ही दूरी पर तेंदुए की पीठ पर कूदकर पोते को उसके जबड़े से छुड़ाया। इसके बाद तेंदुआ जंगल की ओर भाग गया। हमले में बालक प्रदीप को पंजे से हल्की चोट आई। लेकिन उसकी जान बच गई। बुजुर्ग दर्शन नेताम की बहादुरी की सराहना करते हुए कलेक्टर भगवान सिंह उइके ने 24 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर डीएफओ लक्ष्मण सिंह भी मौजूद रहे। कलेक्टर ने बालक प्रदीप का हालचाल जाना। उसके अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। उन्होंने दर्शन नेताम के साहस को सलाम किया। कहा, उन्होंने पोते को नई जिंदगी दी। साथ ही जंगल के पास रहने वाले ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। कहा, अंधेरे में या बिना सुरक्षा के जंगल में न जाएं। जंगली जानवर दिखें तो तुरंत वन विभाग को सूचना दें। डीएफओ लक्ष्मण सिंह ने भी दर्शन नेताम की वीरता की प्रशंसा की। ग्रामीणों से जंगली जानवरों से सतर्क रहने को कहा।

# दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा

**कुरूद,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। तहसील साहू समाज कुरूद के तत्वाधान में दानवीर भामाशाह जयंती महोत्सव एवं भव्य शोभायात्रा का आयोजन पुराना कृषि उपज मंडी प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव थे। शोभायात्रा नगर के चंडी मंदिर से निकलकर नगर भ्रमण करते हुए पुराना कृषि उपज मंडी प्रांगण पहुंची। कार्यक्रम की शुरुआत साहू समाज की कुलदेवी भक्त शिरोमणि माता कर्मा एवं दानवीर भामाशाह के पूजा-अर्चना एवं आरती से हुई। तत्पश्चात अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत भाषण देते हुए तहसील संघ के अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने कहा कि हम सब सौभाग्यशाली है कि हमारा जन्म तेली वंश में हुआ है। जहाँ भक्त माता कर्मा और दानवीर भामाशाह की गौरव गाथा है। इस गौरव को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। आज समाज की दिशा और सोच बदलने की जरूरत है।साहू समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। हमारी समाज की विशेषता है कि हम मेहनत और ईमानदारी की रोटी खाते है। हम किसी से छीनते नही। इसलिए समाज की पूरे प्रदेश में एक अलग पहचान है।




कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि चंदूलाल साहू अध्यक्ष छग राज्य भंडार निगम ने कहा कि दानवीर भामाशाह साहू समाज के गौरव है। हमें उनसे प्रेरणा लेकर समाज के कल्याण के लिए यथाशक्ति दान करना चाहिए। पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि विचार बड़ा होना चाहिए, संख्या बड़ा होने से कोई महान नही होता। सामाजिक समरसता हमारा मूल होना चाहिए, दूसरे समाज से हमारे रिश्ते कैसे है यह बड़ी बात है। समाज मे अनुशासन बहुत जरूरी है, अनुशासन भंग होती है तो विकृति पैदा होती है।हमें साथ मिलकर अनुशासन का पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम को साहू समाज धमतरी के जिला अध्यक्ष अवनेंद्र साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, जनपद पंचायत अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू ने भी संबोधित किया। तहसील साहू संघ अध्यक्ष राधेश्याम साहू की मांग पर उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने छात्रावास भवन के लिए 25 लाख देने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन हरिनारायण साहू एवं आभार प्रदर्शन रघुनंदन साहू ने किया।कार्यक्रम में मालक राम साहू, देवव्रत साहू, चितरंजन साहू, तोरण लाल साहू, केकती साहू, शारदा साहू, रामेशर साहू, मनीष साहू, डुमेश साहू, कृष्णकांत साहू, उत्तम साहू, टिकेश साहू, श्रवण साहू, भुवनेश्वर साहू, तुकेश साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक जन शामिल हुए।

## मुख्यमंत्री निवास घेराव, युकां ने दिखाया दम, कानून व्यवस्था पर जताई चिंता



**फिंगेश्वर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में बढ़ते अपराध और बिगड़ती कानून व्यवस्था के खिलाफ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर राजधानी रायपुर में आयोजित मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम में युवा कांग्रेस ने ज़ोरदार भागीदारी निभाई। राजिम विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष योगेश साहू के साथ विधानसभा से दर्जनों युवाओं ने इस जंगी प्रदर्शन में हिस्सा लिया। दुर्ग में 6 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ हुए जघन्य दुष्कर्म जैसे अमानवीय अपराधों ने प्रदेश की आत्मा को झकझोर कर रख दिया है। अपराधों पर नियंत्रण और पीड़ितों को न्याय दिलाने में शासन-प्रशासन की लापरवाही अब बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। प्रदर्शन के दौरान पुलिस द्वारा लगाए गए कड़े सुरक्षा घेरे और बैरिकेटिंग को तोड़कर युवाओं ने अपने आक्रोश का इज़हार किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष आकाश शर्मा, सहित प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।युवा कांग्रेस ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि जब तक पीड़ितों को न्याय और आम जनता को सुरक्षा की गारंटी नहीं मिलती, तब तक यह संघर्ष जारी रहेगा। इस दौरान युवा कांग्रेस के डोमन तारक, वाशिम, आकाश यादव, मिथलेश पटेल उपस्थित थे।

## माइनिंग विभाग द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कंप

**भारी तादाद में रेत से भरी हाईवा, ट्रैक्टर जब्त**



**देशबन्धु के खबर का असर**

**सिमगा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पिछले शनिवार को सबसे पहले दैनिक देशबन्धु में विकास खण्ड सिमगा क्षेत्र के नदी तट में बसे ग्रामों से रेत माफियाओं द्वारा जे, बी, सी, मशीन से रेत उत्खनन कर हाईवा एवं ट्रेक्टरों में अवैध रेत परिवहन करने एवं रेत माफियाओं द्वारा शासन को लाखों रुपये राजस्व की क्षति पहुंचाए जाने संबंधित समाचार प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था और हमारे प्रतिनिधि द्वारा उक्त खबर को जिलाधीश महोदय बलौदाबाजार के संज्ञान में लाया गया था जिस पर आज जिलाधीश के निर्देशानुसार आज दोपहर बाद से बलौदाबाजार-भाटापारा माइनिंग विभाग द्वारा रेत माफियाओं के विरुद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही कर माइनिंग एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है,समाचार लिखे जाने तक अभी भी कार्रवाई की सूचना है। माइनिंग विभाग एवं राजस्व विभाग सिमगा द्वारा संयुक्त रूप से की जा रही इस कार्यवाही में प्रमुख रुप से जिले के माइनिंग अधिकारी, कर्मचारी, अंशुल वर्मा अनुविभागीय आधिकारी राजस्व सिमगा, अनिरुद्ध मिश्रा तहसीलदार सिमगा एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। उक्त बाबत जब हमारे प्रतिनिधि द्वारा माइनिंग इंसपेक्टर भगत से मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया।

## प्रेक्षा प्रणेता आचार्य महाप्रज्ञ के 16वें महाप्रयाण दिवस पर पांच दिवसीय प्रेक्षा ध्यान शिविर का आयोजन



**रायपुर,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। प्रकाश भवन देवेन्द्र नगर सेक्टर-1 में सफलतापूर्वक किया गया। प्रेक्षा प्रशिक्षक डॉक्टर वीर बाला छाजेड़ ने ध्यान की विभिन्न प्रयोग करवाए, जिसमें कायोत्सर्ग, अंतरयात्रा, दीर्घ श्वास प्रेक्षा, चेतन्य केंद्र प्रेक्षा आदि का प्रयोग किया गया। शिविर संयोजिका श्रीमती पुष्पा कोठारी ने आसन, प्राणायाम, मंत्र एवं मुद्राओं के बारे में विस्तार से चर्चा की श्रीनवरतन डागा, श्रीमती ललिता धारीवाल, श्रीमती पदमा जैन, श्री कैलाश नाहर द्वारा समापन पर अपने अनुभव प्रस्तुत किए गए। आचार्य श्री पुण्यतिथि के अवसर पर 2 मिनट का मौन कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। डॉक्टर वीर बाला को मंगल भावना स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

## मधु किरण साहू डॉक्टर बनी



**लवन,** 24 अप्रैल। लवननगर के प्रतिष्ठित नागरिक पिता राघो राम साहू प्रधान पाठक प्राथमिक शाला अमल कुंडा एवं माता श्रीमती राजकुमारी साहू प्रधानपाठिका शासकीय प्राथमिक शाला मिश्राइनडीह की पुत्री मधु किरण साहू एमबीबीएस की डिग्री हासिल कर डॉक्टर बन गई है यह लवन नगर का गौरव है नगर वासी मधु किरन साहू के डॉक्टर बनने पर बधाई दिए हैं मधु किरण की प्रारंभिक शिक्षा लवन के ही संत थॉमस स्कूल एवं सेक्रेट हार्ट स्कूल के बाद जवाहर नवोदय विद्यालय रायपुर से ग्रहण की है इसके बाद एमबीबीएस की डिग्री पंडित जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय रायपुर से डिग्री हासिल की है इनके डॉक्टर बनने पर परिवार के दादा पंचराम साहू नरेंद्र कुमार साहू टेक राज साहू मधुकर साहू तेज मित्र साहू कैलाश साहू पंकज साहू ओम प्रकाश साहू ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दिए हैं।

## श्रीमद् देवी भागवत कथा विश्राम पर निकली भव्य शोभायात्रा



**पिथौरा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। स्थानीय मंदिर चौक में 15 से 23 अप्रैल नव दिवसीय श्रीमद देवी भागवत ज्ञान यज्ञ कथा का कथा विश्राम दिवस पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु शामिल होकर नगर भ्रमण किया। मंदिर चौक में आयोजित श्रीमद देवी भागवत कथा, कथा विश्राम अवसर पर सुपरिचित कथा वाचक प. अभिनव शुक्ला सहित आतिशबाजी और बैंड की धुनों में भव्य शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया साथ ही ठंडे जल, मीठे पेयजल का वितरण किया गया। इस अवसर पर कथा विश्राम के दौरान यज्ञ अनुष्ठान के साथ कन्या भोज का आयोजन किया गया नन्हें नन्हें बालिकाओ के पैरों को धोकर आल्ता लगाकर, आरती उतार, विशेष भेंट देते खीर पुड़ी का भोग लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किये। आयोजन को सफल बनाने में प. ऋषिकेश शुक्ला, राजा शुक्ला, हिमांशु दीक्षित, हिमांशु दीवान, विक्की दुबे, धारेंद्र शुक्ला, वासुदेव पांडेय, पुरेन्द्र नारायण, जितेंद्र शर्मा, दिवाकर पांडेय, राममनोहर गौतम, अनिल शर्मा, सुखनंदन तिवारी, सोहन तिवारी, जवाहर मिश्रा, प्रबल शुक्ला, मोहन पांडेय, सुंदर कांड महिला समिति से शिल्पा सोनी, ज्योति शुक्ला, राखी शर्मा, गुंजा तिवारी, रेखा शुक्ला, ममता गोयल, विनीता गोयल, इंदु गोयल, संगीता, सुनीता, पूजा अग्रवाल, नंदिनी सिन्हा, प्रतिभा, मिश्रा, सरला शर्मा, शकुन अग्रवाल, चेतना वर्मा, संतोषी ठाकुर, मंजू अग्रवाल, सरोज साव, सुषमा तिवारी, प्रेमा अग्रवाल, नेहा सोनी सहित नगर वासियों का सहयोग रहा।

## पहलगाम हमले के विरोध में गरियाबंद में आज आक्रोश रैली

**गरियाबंद,** 24 अप्रैल। पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल आज गरियाबंद में आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। वीएचपी के ज़िलाध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर ने बताया कि यह प्रदर्शन इस्लामी आतंकवाद के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है जब पाकिस्तान और कश्मीर में सक्रिय स्लीपर सेल के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। घाटी में फिर से सिर उठाने की कोशिश कर रहे मज़हबी आतंकवाद का पूरी तरह से खात्मा जरूरी है। प्रदर्शन 25 अप्रैल को गांधी मैदान गरियाबंद में शाम 4 बजे से शुरू होगा। वहां से तिरंगा चौक तक आक्रोश रैली निकाली जाएगी। इसके बाद पुतला दहन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा। निर्मलकर ने सर्व हिंदू समाज से इस कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

## सुशासन तिहार के तहत आरंग में नपा अध्यक्ष ने हितग्राहियों को बांटे राशन कार्ड

**आरंग,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार के माध्यम से प्रदेशवासियों के लिए संवाद से समाधान की पहल की है। तीन चरणों में आयोजित सुशासन तिहार का दूसरा चरण शुरू हो चुका है इसमें लोगों से मिले आवेदनों का मिशन मोड में निराकरण किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह सरकार की पारदर्शिता, जवाबदेही और जनसहभागिता को प्रोत्साहित करने की सार्थक पहल है। यह न केवल सरकारी सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह नागरिकों और सरकार के बीच विश्वास की मजबूत नींव भी रखता है। सुशासन तिहार में डिजिटल तकनीकों का उपयोग नागरिकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरल, त्वरित और प्रभावशाली बना रहा है।इसी तारतम्य में आज नगर पालिका परिषद आरंग में सुशासन तिहार में आये राशन कार्ड संबंधित आये आवेदनो की अतिशीघ्र निराकरण किया गया व कार्ड संबंधित लोगों को डॉ संदीप जैन अध्यक्ष नगर पालिका परिषद द्वारा राशन कार्ड वितरित किया गया। साथ ही जनपद पंचायत आरंग के अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली साहू को उनके पुत्री दाक्षि साहू का जन्म प्रमाण पत्र बना कर प्रदान किया गया।इस अवसर पर नगर पालिका आरंग के उपाध्यक्ष हिरामन कोसले एवं पार्षद नरेन्द्र लोधी, संतोष लोधी, पार्षद प्रतिनिधि राकेश सोनकर, विक्रम परमार खिलेश धुरंधर सहित नगरपालिका के स्टाफ उपस्थित थे।



## निधन

### जितेंद्र चंद्राकर



**महासमुंद,** 24 अप्रैल। ग्राम खरोरा निवासी जितेंद्र कुमार चंद्राकर 45 वर्ष का लंबी अस्वस्थता के चलते उपचार के दौरान रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में 24 अप्रैल को किया गया। वे कौशिक चंद्राकर के छोटे भाई, रितिक व धीरज चंद्राकर के पिता थे।

### जानकीबाई ओडनलवार



**महासमुंद,** 24 अप्रैल। स्थानीय इमलीभाठा निवासी श्रीमती जानकी बाई ओडनलवार 84 वर्ष का 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार 25 अप्रैल को सुबह 10 बजे भलेसर रोड स्थित मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे आनंद टेलर्स के संचालक कमल, बसंत, आनंद, ओडनलवार की माता थी।

### फातिमा बी



**महासमुंद,** 24 अप्रैल। स्थानीय चांडक पेट्रोल पंप गली स्थित भुवन निषाद के मकान में रहने वाली 85 वर्षीय फातिमा बी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 अप्रैल को किया गया।

### श्रीमती आसन बाई धीवर



**महासमुंद,** 24 अप्रैल। जिला मुख्यालय से लगे ग्राम खरोरा निवासी श्रीमती आसन बाई धीवर 70 वर्ष का गुरूवार 24 अप्रैल को निधन हो गया। अंतिम संस्कार गृह ग्राम खरोरा में किया गया। वे तेजराम धीवर की धर्मपत्नी व नारद धीवर की मां थी।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पहलगाम के मृतकों को...

भारतीय सेवा मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। श्रद्धांजलि सभा में दीपक लखोटिया, सुधीर गुप्ता, एम.ए. फहीम, मेघराज ठाकुर, मोहम्मद शाह अहमद, नरेश श्रोती,प्रेम मगेंद्र, विशाल ठाकुर, सुनील शर्मा, नरेश राखेचा, राजेश रायचुरा, उमेश वशिष्ठ, पवन तिवारी, डॉ. भूपेंद्र साहू, पवन साहू, विक्रांत शर्मा आदि मौजूद थे

### पहलगाम आतंकी हमला...

का माहौल पैदा करना है। पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष हितेन्द्र ठाकुर ने हमले में हताहत हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि देते हुए केंद्र सरकार से माँग की है कि वह इस हमले के पीछे की ताकतों का पता लगाये और उनके खिलाफत्वरित कार्रवाई करें।

### कश्मीर में आतंकी हमला...

उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा तत्काल अटारी चेक पोस्ट बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा समाप्त करने, सिंधु जल समझौरा रद्द करने जैसे तात्कालिक निर्णय के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया तथा कहा कि इस घटना के बाद हमारी संवेदनाएं मृतक परिवार के साथ है। इस आतंकी हमले में देश एकजुटता के साथ सरकार के साथ खड़ी है।

## धरती के स्वर्ग को लहूलुहान कर गए दरिंदे, पहलगाम आतंकी हमले के मृतकों को विहिप ने दी श्रद्धांजलि



**गरियाबंद,** 24 अप्रैल। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर दिया है। पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने धरती का स्वर्ग कहे जाने वाले कश्मीर ही हरभरी वादियों को खून से लहूलुहान कर दिया। मानवता को शर्मसार करने वाली इस कायरतापूर्ण जघन्य घटना और आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को जिला मुख्यालय गरियाबंद में हिंदू संगठनों ने घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए सभी मृतकों को मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी। तिरंगा चौक पर हुए इस कार्यक्रम स्थानीय नागरिक, व्यापारी, विद्यार्थी, महिलाएं और सामाजिक कार्यकर्ता सहित सैकड़ों लोग हाथों में मोमबत्तियां लेकर शामिल हुए। नम आंखों से मृतकों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता दिखाई। विहिप ने इस हमले की कड़ी निंदा की। लोगों ने कहा, जो लोग सुकून के लिए पहलगाम गए थे, उन्हें धर्म के आधार पर मार दिया गया। यह धार्मिक असहिष्णुता और आतंक की घृणित मानसिकता को दिखाता है। सरकार से मांग की गई कि दोषियों को जल्द सज़ा दी जाए। घाटी में हिन्दू यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता मिले। मंडल अध्यक्ष सुमित पारख ने कहा मैं एक पिता हूं। जब सुना कि एक मासूम बच्चे ने अपनी मां को मरते देखा, तो दिल कांप गया। हम यहां सिर्फ मोमबत्तियां जलाने नहीं आए हैं। हम यह संदेश देने आए हैं कि हिन्दू समाज अब जाग चुका है। अब हर आंसू का हिसाब लिया जाएगा। यह श्रद्धांजलि उन निर्दोषों को समर्पित है, जिन्होंने बिना कसूर जान गंवाई। उनके परिवार अब कभी पहले जैसे नहीं रह सकेंगे।

## भाकपा ( माले ) लिबरेशन जिला लीडिंग टीम ने की 56वीं वर्षगांठ मनाया



**खरोरा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। इस अवसर पर कामरेड कार्ल मार्क्स, कामरेड एंगेल्स, कामरेड लेनिन सहित कामरेड चारु मजूमदार, कामरेड जौहर, कामरेड विनोद मिश्र और भारत के तमाम क्रांतिकारी शहीदों को याद किया गया। 22 अप्रैल को भाकपा (माले)पार्टी की 56 वीं वर्षगांठ और कामरेड लेनिन के 155 वें जयंति पर पार्टी जिला समिति द्वारा भारतीय क्रांति के तमाम शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।इस अवसर पर पार्टी केन्द्रीय कमेटी के आव्हान का पाठ किया गया और तमाम शहीदों के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।आज जब भारतीय पूंजीपति वर्ग के वर्चस्वशाली हिस्सा फासीवादी प्रोजेक्ट के इर्द-गिर्द जमा हो रहे हैं तब जनता के लोकतंत्र और राष्ट्रीय तरक्की का परचम ऊंचे उठाकर मेहनतकश जनता को फासीवादी और सम्राज्यवादी शिकंजे से मुक्ति दिलाने के संघर्ष में हमारी पार्टी के हर सदस्य को अगुवाई करना होगा।हमारी पार्टी अपनी स्थापना काल से ही उपनिवेशवाद और सामन्तवाद विरोधी जन- संघर्षों की विरासत के वारिस रही है और आज हमें ही संकल्प लेना है कि फासीवाद विरोधी जनउभार में सबसे मजबूत ताकत बनकर उभरना है।आज भाकपा (माले)को ज्यादा मजबूत, जोशीला पार्टी बनाने की जरूरत है।इसलिए हमें जिला के किसान, मजदूर, छात्र,नौजवान, आदिवासियों और महिलाओं के अधिकारों पर हो रहे हमलों के खिलाफ़ निर्भीकता पूर्वक दृढ़ता से खड़े हों यही शहीदों के प्रति सही श्रद्धांजलि होगी।संकल्प सभा मे नरोत्तम शर्मा, बीसहत कुर्रे, धर्मेंद्र बैरागी, खंझन रातरे, धनेश वर्मा, दाऊ लाल वर्मा, पूर्णिमा, वंदना, उर्मिला आदि शामिल रहे हैं।

## अटल पंचायत डिजिटल केंद्र का शुभारंभ



**बागबाहरा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पंचायती राज दिवस के शुभ अवसर पर अटल पंचायत डिजिटल केंद्र का शुभारंभ किया गया जिसमें हमारे मुख्य अतिथि जनपद पंचायत बागबाहरा महिला विकास सभापति मधुलिका गणेश चंद्राकर जी सरपंच गोवर्धन पटेल जी जनपद सदस्य प्रतिनिधि गणेश चंद्राकर जी सचिव टेकराम दीवान जी पूर्व सरपंच तुलसीराम बरिहा जी रोजगार सहायक लोकनाथ मरकाम जी एवं पंच सुशीला ठाकुर जी, मदन ठाकुर जी, इन्दू बरिहा जी, डिगम्बर बरिहा जी, रीना पटेल जी पुष्पा ठाकुर जी बागबाहरा कला, कल्याणपुर, करमापटपर के गणमान्य जन उपस्थित थे।

# सेजेस राजिम के विद्यार्थियों ने पुलिस थाना की कार्यप्रणाली को देखा

**राजिम,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के प्रतिष्ठित शास. राम बिशाल पांडेय उत्कृष्ट इंग्लिश मीडियम स्कूल (सेजेस) राजिम के विद्यार्थियों को आज विशेष कार्यक्रम के तहत पुलिस थाना राजिम का भ्रमण कराया गया। यह आयोजन पुलिस थाना राजिम के सौजन्य से आयोजित किया गया था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों के मन से पुलिस थाना की नकारात्मकता एवं डर दूर करना, साइबर क्राइम के प्रति जागरूक करना, विभिन्न कानूनों, यातायात के नियमों आदि की जानकारी देना, पुलिस थाना की कार्यप्रणाली को दिखाकर समझाना आदि था। स्वयं नगर निरीक्षक अमृतलाल साहू ने प्राचार्य संजय एक्का, शिक्षकों एवं थाना स्टाफकी उपस्थिति में विद्यार्थियों को सामान्य कानून के बारे में जानकारी दिया।



स्कूटी मोटरसाइकिल और अन्य चार पहिया वाहन से ऊपर चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस आवश्यक , जिसे 18 वर्ष की उम्र के पश्चात ही प्रदान किया जाता है उन्होंने ने यातायात के नियमों को भी सविस्तार जानकारी देते हुए बताया कि स्कूटी मोटरसाइकिल या अन्य चार पहिया वाहन चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस आवश्यक है जो 18 वर्ष की उम्र के पश्चात ही प्रदान किया जाता है। गाड़ी के कागजात और इंश्योरेंस के पेपर होना अनिवार्य है। 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के द्वारा यदि वाहन चलाते हुए कोई दुर्घटना हो जाती है तो बच्चों के पालक के विरुद्ध कार्यवाही की जाती है।

**18 वर्ष के कम उम्र के बच्चे गैर आरटीओ वाहन चला सकते हैं जिसकी स्पीड अधिकतम लगभग 25 किलोमीटर प्रति घंटे से उपर नहीं होनी चाहिए:** इंस्पेक्टर अमृतलाल साहू ने सुझाव दिया कि 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चे गैर आरटीओ वाहन चला सकते हैं जिसकी स्पीड अधिकतम लगभग 25 किलोमीटर प्रति घंटे तक की होती है जिसके लिए ड्राइविंग लाइसेंस की आवश्यकता नहीं होती है। उन्होंने जानकारी दिया कि पैदल चलने वालों को हमेशा सड़क के दाहिनी ओर के फुटपाथ पर चलना चाहिए क्योंकि बाई ओर सभी प्रकार के तेज वाहन चलते हैं इससे पीछे से आते हुई तेज वाहन से दुर्घटना का खतरा बना रहता है जबकि दाहिनी ओर के फुटपाथ पर चलने से सामने से आती हुई वाहनों को सामने देख कर दुर्घटना से स्वयं को बचाया जा सकता है। नगर निरीक्षक ने साइबर क्राइम और उससे बचने के उपाय भी सविस्तर बताया। उन्होंने बच्चों से प्रश्न भी किया जिसका जवाब बच्चों ने दिया। इसके बाद बच्चों को 10-10 की संख्या में ग्रुप बनाकर पुलिस थाना के अलग-अलग कक्षों में पुलिस थाने की कार्यप्रणाली को निकट से देखने के लिए भेजा गया। विद्यार्थियों ने एफआईआर लिखने की प्रक्रिया, अपराध के इन्वेस्टिगेशन की प्रक्रिया, बंदीगृह, शस्त्रागार, पोस्टमार्टम की प्रक्रिया एवं विभिन्न रैंक के पुलिस अधिकारियों की जिम्मेदारियों को बहुत करीब से देख कर समझा।

**ये थे उपस्थित:** पुलिस थाना राजिम के उपनिरीक्षक जी.एस.नाग, सहायक उप निरीक्षक जीवन साहू सहित थाना के सभी हवलदार सिपाही आदि स्टाफने बच्चों को बहुत ही आत्मीयता के साथ थाना की कार्यप्रणाली को दिखाया और समझाया। नगर निरीक्षक ने विद्यार्थियों को थाना लेकर आने और इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सेजेस राजिम के प्राचार्य संजय एक्का और शिक्षकों को हृदय से धन्यवाद दिया। पुलिस थाने में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षक द्वय विक्रम सिंह ठाकुर, कमल सोनकर, समीक्षा गायकवाड, पूजा मिश्रा, मधु गुप्ता, शिखा महाडिक, अंजू मारकंडेय, अंगेश गंगेले, कैलाश साहू, नारायण लाल साहू, साक्षी चंद्राकर, जितेन्द्र साहू आदि भी उपस्थित थे। इंस्पेक्टर अमृत लाल साहू ने प्राचार्य से वादा किया कि नए सत्र में विद्यार्थियों के लिए पुनः ऐसे शिक्षाप्रद कार्यक्रम आयोजित करेंगे।

# कांग्रेस द्वारा कश्मीर पहलगाम में हुए शहीद मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि



**बलौदाबाजार,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। बलौदाबाजार कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में आज कश्मीर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। यह हमला मानवता के ऊपर एक करारा प्रहार है, जिसने देश को झकझोर कर दिया है। हमारे दिलों में असहनीय पीड़ा है। हम इस दुखद घड़ी में शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं'। हम पूरी मजबूती के साथ आतंक के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे। कांग्रेसजनों ने नेहरू चौंक से कैंडल मार्च निकालकर मेन रोड होते हुए गांधी चौंक पहुचकर 2 मिनट का मौन रखकर मृत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गई।

इस अवसर पर अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी बलौदाबाजार भाटापारा सुश्री सुमित्रा घृतलहरे, पूर्व विधायक जनक राम वर्मा, पूर्व पाठ्य पुस्तक निगम अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी, पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश यदु, पूर्व जिला अध्यक्ष हितेंद्र ठाकुर, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, पलारी नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विक्रम पटेल, प्रभाकर मिश्रा, संदीप पांडे, राजा तिवारी, संतोष यादव, मनोज प्रजापति, जिला पंचायत सदस्य शैलेंद्र बंजारे, पार्षदगण सलमान शेख, श्रीमती श्रद्धा वर्मा, डिगेश्वरी रविंद्र नामदेव, ललिता यदु, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पद्मेश्वरी साहू, कालिंद्री वर्मा, अनिल साहू, लखेश साहू, अविनाश मिश्रा, गोविन्द पात्रे, सुनील कुर्रे, गोल्डी मरैया, दिगंबर साहू, धर्मेन्द्र वर्मा, सूर्यकांत वर्मा, संदीप साहू, प्रवीण सेन, योगेश गर्ग, सुखदेव साहू, जय ठाकुर, पुलकित वर्मा, दिवाकर मिश्रा, वैभव केसरवानी, अंबु पंजवानी, हेमंत ठाकुर, शुभम वर्मा, लक्ष्मी नारायण साहू, सुभाष राव, भेनू साहू, आयुष भतपहरी, चेतेश्वर साहू, कृष्णा टंडन, राजू रजक, सहित कांग्रेसजनों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वार्ड 9 में बोर खनन कार्य कराया गया



**बागबाहरा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। वार्ड क्रमांक 9 में आज दिनांक अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी छोटू बघेल द्वारा अध्यक्ष निधि से बोर खनन का कार्य कराया गया। शहर में वाटर लेवल गिरने के कारण जल आपूर्ति नहीं हो पा रही थी और पानी की टंकियाँ भर नहीं पा रही थीं। इस वजह से मोहल्ले के निवासियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। वार्ड में पानी की इस गंभीर समस्या को ध्यान में रखते हुए निवासियों की समस्याओं के समाधान हेतु यह कदम उठाया गया।

इस अवसर पर वार्ड 7 की पार्षद श्री मंता यादव, वार्ड 9 के पार्षद मिथुन अमीर एवम वार्ड के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। यह कार्य वार्डवासियों की सुविधा और बेहतर जल प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है।

# इमली सौ रुपए पार, बीज में डिमांड जोरदार

**भाटापारा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। मजबूत हैं औद्योगिक जरूरतें और फास्ट फूड काउंटरों की डिमांड। यह तब, जब इमली की फसल में 25 से 30 फ़ीसदी की गिरावट की खबर है। इसलिए खुदरा बाजार में इमली 100 रुपए किलो से आगे जा चुकी है।

भविष्य तेजी का देखकर स्टॉकिस्ट सक्रिय हैं। प्रतिस्पर्धी खरीदी के बाद पहली बार इमली खुदरा बाजार में सैकड़ा पार कर चुकी है। असर उस इमली बीज पर भी देखा जाने लगा है, जिसने 35 से 36 रुपए किलो जैसी ऊंची कीमत अपने नाम कर ली है। बढ़ने की धारणा बीज में भी बनी हुई है क्योंकि स्टार्च बनाने वाली इकाइयों की खरीदी निकली हुई है।



**4 साल बाद सैकड़ा पर:** इमली में 2021 में भी ऐसी ही तेजी आई थी। अब एक बार फिर से कीमतों में तूफानी तेजी आ चुकी है। होलसेल में बीज वाली इमली भले ही 45 से 50 रुपए किलो बोली जा रही हो लेकिन रिटेल काउंटर 60 से 100 रुपए किलो की दर तय किए हुए हैं। बिना बीज वाली इमली थोक बाजार में 85 रुपए किलो पर है लेकिन खुदरा बाजार में यह 100 से 140 रुपए किलो पर पहुंचने के बाद भी तेजी की धारणा को स्पष्ट कर रहा है।

**दोगुना के करीब बीज:** जा चुका है 40 से 50 रुपए किलो जैसी कीमत पर इमली का बीज। फिलहाल 35 से 36 रुपए किलो पर चल रहा इमली बीज भी तेजी की राह पर है क्योंकि इसमें स्टार्च पाउडर बनाने वाली इकाइयों की प्रतिस्पर्धी खरीदी निकली हुई है। तेजी की धारणा को इसलिए भी बल मिल रहा है क्योंकि इमली और इमली बीज में स्टॉकिस्टों की भी खरीदी निकली हुई है।

**हल्की बढ़त यहां भी:** फास्ट फूड काउंटर और चाट कॉर्नर तो परंपरागत मांग क्षेत्र रहे हैं। यहां से भी इमली की डिमांड बढ़त लेती नजर आती है क्योंकि यह कारोबारी क्षेत्र तेजी से विस्तार ले रहा है। शादी-ब्याह जैसे आयोजनों की तैयारी ने भी इमली में मांग को बढ़ाया हुआ है। इसलिए तेजी का यह दौर दीर्घ अवधि तक बने रहने की धारणा को मजबूत किए हुए है।

# कानाकोट स्कूल में पढ़ई तिहार सत्र का हुआ समापन

**रोहांसी/बलौदाबाजार,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। गुरुवार को शासकीय प्राथमिक शाला कानाकोट में मुख्य अतिथि सरपंच चांदनी बांधे, विशेष अतिथि उपसरपंच संतोषी ध्रुव, पंचगण, उमा पैकरा अध्यक्ष शाला समिति, उपाध्यक्ष हरिराम बघेल, अध्यक्षता भूमिता कुर्रे प्रधान पाठक, शाला समिति सदस्यों पालकों माताओं की उपस्थिति में पढ़ई तिहार अंगना म शिक्षा का आयोजन शाला प्रांगण में किया गया।



सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा किया गया। तत् पश्चात शाला परिवार द्वारा गुलाल लगाकर और बच्चों द्वारा स्वागत गीत नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया गया। शिक्षिका संध्या पैकरा, सुनीता साहू द्वारा विभिन्न गतिविधियों द्वारा बालवाड़ी और कक्षा पहिली पढ़ने वाले बच्चों की माताओं को घर में ही अपने बच्चों को आकृति पहचान मौखिक भाषा विकास बालगीत आदि के माध्यम से पढ़ाई कराने हेतु प्रशिक्षित किया गया। बालवाड़ी के कुशाग्र सेन की माता को स्मार्ट माता के रूप में चयनित कर सम्मानित किया गया। समर कैंप में बच्चों द्वारा निर्मित क्राफ्ट की प्रदर्शनी लगाई गई जिसका अवलोकन महिलाओं व पालकों द्वारा किया गया और प्रशंसा किया गया। बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कक्षा पहिली से चौथी वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा कर सभी कक्षा में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों का सरपंच उपसरपंच शाला समिति अध्यक्ष द्वारा गुलाल लगाकर सम्मान किया गया और सभी पालकों को अपने बच्चों के शिक्षा में सक्रिय योगदान करने की अपील किया गया। कार्यक्रम में सरपंच चांदनी बांधे, उपसरपंच संतोषी ध्रुव, शाला समिति अध्यक्ष उमा पैकरा, प्रधान पाठक भूमिता कुर्रे, शाला के शिक्षक कान्हा साहू, मनीराम पैकरा, संध्या पैकरा, सुनीता साहू, उपाध्यक्ष हरिराम बघेल पंच काजल बांधे, परमिला बंजारे, अमरीका ध्रुव, बिंदिया पैकरा, लुरबाई भारती, सेवानिवृत प्रधान पाठक अंगदराम ध्रुव, कन्हैया बंजारे, चंदन धृतलहरे, हेमंत बांधे आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पार्वती ध्रुव, सहायिका श्याम कुंवर बांधे एवं महिलाओ की उपस्थिति।

# भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाता नपं का प्याऊ घर

**राजिम,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर पंचायत राजिम द्वारा संचालित शुद्ध पेयजल प्याऊ में प्रतिदिन सैकड़ो लोग ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। आज दोपहर 1रू00 बजे नगर पंचायत राजिम के सब इंजीनियर नीतेश कुमार कंवर पवन धृतलहरे केसाथ प्याऊ घर पहुंच कर निरीक्षण किया तथा कुछ देर लोगों को पानी भी पिलाया। सामाजिक नेता लाला साहू एवं पार्षद बलराम यादव युवा नेता ओमन चौहान भी शुद्ध पेयजल पीने के लिए कतार में खड़े थे। राहगीरों के लिए नगर पंचायत राजिम के द्वारा पानी पीने के लिए प्यास बुझाने के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था की गई है जहां पर 8-10 मटकी में ठंडा पानी भरा रहता है लोग प्यास बुझा कर शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने के लिए नगर पंचायत के प्रति आभार व्यक्त भी कर रहे हैं।




# पहलगाम में हुए आतंकी हमला पर शहीद हुए लोगों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित किए

**नवापारा राजिम,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की, जिसमें 27 लोगों की मौत हो गई। जम्मू-कश्मीर में 2019 के पुलवामा अटैक के बाद यह सबसे बड़ा आतंकी हमला है। आतंकियों ने पर्यटकों से नाम पुछ पुछ कर गोली मारी। आतंकी हमला पर शहीद हुए लोगो को दीप जलाकर विजय गोयल, परदेशी साहू, डॉ के. आर सिन्हा, योगिता सिन्हा, पारसराय सोनी, नेमीचंद डागा, मनीष चौधरी, अशोक नागवानी, जनक कंसारी, मुकुंद मेश्राम, टिंकू सोनी, सिंटू जैन, पार्षद सचिन सचदेव, नम्मू ध्रुव, सुनीत निषाद, कैलाश तिवारी, प्रदीप मिश्रा, राजू रजक, अनुज राजपूत, कमल कंसारी, अनिमेष जैन, गोविंद साहू, प्रेम साधवानी, ईश्वरी देवांगन, अम्बे कंसारी, शत्रुहन हिरवानी, सहित अनेकों लोग श्रधंजलि अर्पित किए



# मानव एकता दिवस पर रक्तदान शिविर

**भाटापारा,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। नगर के महासती वार्ड स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में संत निरंकारी मिशन के तत्वावधान में मानव एकता दिवस के अवसर पर एक दिवसीय रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री अश्वनी शर्मा जी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

रक्तदान शिविर में नगर के युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं मिशन के स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया। शिविर का उद्देश्य न केवल मानव सेवा को बढ़ावा देना था, बल्कि समाज में एकता, भाईचारे और सहयोग की भावना को भी प्रोत्साहित करना था।



इस अवसर पर सभी रक्तदाताओं से आत्मीय संवाद कर उनके सेवा-भाव की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है और रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है, जिससे अनगिनत जीवनों को बचाया जा सकता है।

संत निरंकारी मिशन वर्षों से सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक जागरूकता और सेवा कार्यों के लिए समर्पित भाव से कार्य करता आ रहा है। इस आयोजन ने एक बार फिर यह साबित किया कि मिशन न केवल आध्यात्मिक अपलिफ्टमेंट में बल्कि सामाजिक दायित्वों के निर्वहन में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

शिविर की व्यवस्था अत्यंत सुचारु रही, जहाँ स्वास्थ्य परीक्षण से लेकर रक्त संग्रह तक की सभी प्रक्रियाएँ व्यवस्थित रूप से संचालित की गईं।

# नवाचार की नई उड़ान, शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय की जीवंत प्रस्तुति को सभी ने सराहा

**बलौदाबाजार,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। मिनीमाता कन्या महाविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पर एक ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी का आयोजन किया। जिसमें भारतीय शिक्षा प्रणाली के लिए इसके परिवर्तनकारी दृष्टिकोण को प्रदर्शित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर मिथलेश डोंडे, नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन, उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, एवं श्रीमती रंजना आहूजा की गरिमामय उपस्थिति रही। साथ ही शैक्षणिक और प्रशासनिक क्षेत्रों के अन्य विशिष्ट अतिथि भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राजगीत के साथ किया गया। प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया गया।

प्रदर्शनी में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए अनेक विषयों पर आधारित सुव्यवस्थित स्टॉल लगाए गए। इनस्टॉल्स में बहु-विषयक शिक्षा, लचीला पाठ्यक्रम, व्यावसायिक शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण, कौशल आधारित शिक्षण तथा समग्र विकास जैसे पहलुओं को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में हस्तशिल्प, टाई-डाई (बंधेज) साड़ियाँ, हैंडलूम उत्पाद, पारंपरिक कढ़ाई, क्रोशियाकार्य, तथा सजावटी वस्तुएँ भी प्रदर्शित की गईं। गृहविज्ञान विभाग द्वारा पोषण युक्त खाद्य प्रदर्शनी, बच्चों के लिए खेल-खिलौने, तथा शिशु विकास पर आधारित माडल प्रस्तुत किए गए। कला संकाय द्वारा 'इतिहास में छत्तीसगढ़ की साहित्यिक धरोहर' पर आधारित साहित्यिक एवं ऐतिहासिक पोस्टर, जबकि विज्ञान संकाय द्वारा मॉडल्स, मेडिकलप्लांट्स, जैवविविधता, जल वायु परिवर्तन आदि पर शैक्षणिक प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई। गणित एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा गणनाओं के नवीन दृष्टिकोण, चार्ट व इन्फोग्राफिक्स के माध्यम से विषयों को रोचक रूप में प्रस्तुत किया गया।



गृह विज्ञान विभाग द्वारा बेकिंग कला पर विशेष स्टॉल लगाया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने हाथों से तैयार किए गए विविध प्रकार के केक, कुकीज, पेस्ट्री, ब्राउनी और अन्य बेकरी उत्पादों को आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया। इनस्वादिष्ट और सजावटी बेक्ड आइटम्स ने दर्शकों का ध्यान आकर्षित किया और विद्यार्थियों की पाक कौशल और नवाचार क्षमता को उजागर किया। डिजिटल संकाय द्वारा डिजिटल स्किल्स व भविष्य की संभावनाओं पर आधारित पोस्टर एवं प्रेजेंटेशन दर्शकों का विशेष आकर्षण बने। मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों की मेहनत, रचनात्मकता और प्रस्तुतिकरण की सराहना करते हुए कहा किज्ञ यह आयोजन न केवल राष्ट्रीय शिक्षा नीतिको समझने का सशक्त माध्यम है, बल्कि यह छात्रों के नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरक कदम है। प्राचार्या डॉ. वासुवर्मा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएँ देते हुए इस प्रयास को महाविद्यालय की शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रतिप्रतिबद्धता का प्रतीक बताया।

# कब तक हम अपने ही देश में ऐसे ही मारे जाएंगे : राजू काबरा



**नवापारा राजिम,** 24 अप्रैल (देशबन्धु)। पहलगाम आतंकी हमले में निर्दोष भारतीयों की दुखद हत्या पर आक्रोश व्यक्त करते हुवे सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा जनकल्याण समिति के संस्थापक राजू काबरा ने कहा कि कब तक हम अपने ही देश मे मारे जावेंगे।कब तक सहेंगे कहाँ गया वो मेरा हिंदुस्तान जब 1965 में हम सप्ताह में एक बार भूखे सोते थे उसके बावजूद हमारी सेना लाहौर तक घुस गई थी। अब तो हमारा हिंदुस्तान विश्व की चौथी बड़ी आर्मी वाला देश है हमे सीखना होगा इजराइल से बहुत ही छोटा सा देश है पर उस पर हमला करने से पहले 100 बार सोचना पड़ता है। ये 6 से 8 आतंगवादी तो मोहरे है।इनको जो प्रायोजित कर रहा शह दे रहा पड़ोसी मुल्क अब समय आ गया है कि उसे मुहँ तोड़ जवाब दिया जांवे,जो शहीद हो गए वो वापस तो नही आ सकते पर उनकी आत्मा को उनके परिवार को शांति तो मिलेगी किसी का भाई, किसी का बेटा,किसी का पति,किसी के पिता का साया ही सिर से उठ गया । आज हर भारतीय आक्रोश से भरा है,उसका लहू उबाल मार रहा और चीख चीख कर कह रहा अब बहुत हो गया,इसका बदला लेना ही होगा, उस पड़ोसी देश को बताना होगा कि हिंदुस्तान क्या है।